स्तंभक पित्तशामक दवाएं. ...	... ३१२
गरम दवाएं ...	... ३१३
सब बदनमें गरमी लानेवाली दवाएं	... ३१३
शरीरके खिलीसी अंगे गरमी लानेवाली	... ३१३
दीपन पाचन दवाएं ...	... ३१३
वादीहरता दवाएं. ..	... ३१३
कफहरता दवाएं ...	... ३१३
भारी दवाएं ..	... ३१४
स्तंभन दवाएं ...	... ३१४
स्नेहमिलेवाली दवाएं ...	... ३१४
शोषक दवाएं. ...	... ३१५
पुरुषा पित्तशामक पौष्टिक शोषक दवाएं.	... ३१५
दस्तावर शीतल शोषक दवाएं.	... ३१५
गरम धर्म पौष्टिक शोषक दवाए	.. ३१५
दस्तावर शोषक दवाएं ...	... ३१०
मूत्र लाक वगेरेकी दवाएं	... ३१५
उष्णवीर्य (गरमी) शोषक दवाएं.	.. ३१५
[illegible] दवाएं ...	.. ३१५
[illegible] ..	.. ३१०
[illegible] ..	... ३१०
[illegible] ...	... ३१५
[illegible] ...	... ३१५
[illegible] ...	.. ३१५
[illegible]	३१५

विषय.	पृष्ठ.
जखमके जीवोंकी दवाइये. ...	... ३१६
स्त्रीकी ऋतुलाणेवाली दवाइयें.	... ३१७
छीकलाणेवाली दवाइये. ...	. . ३१७
नसोंकों टीलीकर्त्ता दवाये. ...	... ३१७
नींद लाणेवाली दवाइयें. ...	... ३१७
कडवी पौष्टिक दवाइये. ...	... ३१७
ताकतवर दवाइयें. .	... ३१७
मगजकू ताकत देणेवाली दवाइये.	... ३१७
खूनकूं ताकत देणेवाली दवाइये.	... ३१७
पेटकू (जठर) कूपुष्टि देणेवाली दवाइये .	३१८
रसायण वुढापा तथा रोगनासक दवाइये. ...	३१८
धातू वढाणेवाली दवाइयें ...	... ३१८
मर्दमीकी (वाजी करण) दवाइये.	... ३१८
कामकू वढाणेवाली दवाइयें. ...	३१८
जीदगी (जीवनीय) वढाणेवाली दवाइयें. ...	३१९
स्तनोमें दूध वटाणेवाली दवाइये.	... ३१९
देशी दवा शुद्ध करणेकी विधि.	... ३१९
उपयुक्त इलाजोका संग्रह. ...	... ३२०
सर्व रोगोंपर काढा अलग २.	... ३२०
सर्व रोगोंपर चूर्ण अलग २.	. . ३२३
सव रोगोंपर गोली अलग २	३२६
सर्व रोगोंपर अवलेही अलग २.	... ३२८
सर्व रोगोंपर आसव अलग २.	... ३३२
सर्व रोगोंपर घी अलग २. . .	. ३३३
सर्व रोगोंपर तेल अलग २.	... ३३५
जखम खुजली मस्सेपर मलम लेप वगेरे. ...	३३६
४ रोगोंपर सिरका. .	. . ३४०
रस प्रकरण अलग २ रोगोंपर.	... ३४०

किरण ३ री अंग्रेजी दवा.

अंग्रेजी दवायोंका निघट. ...	... ३४३
दस्तावर अंग्रेजी दवा ...	... ३७०
ताकतवर अंग्रेजी दवा. ...	... ३७१
कफ हरता श्वासनलीकूं फायदेवंद दवा.	... ३७३
धीरे २ फायदा करणेवाली दवा.	... ३७३
वमन अंग्रेजी दवा. ...	... ३७६
उत्तेजक तथा शांत अंग्रेजी दवा.	... ३७७
पेशाव लाणेवाली दवा. ...	. ३७७
नींद लाणेवाली अंग्रेजी दवा.	... ३७८
उलटी कराणेवाली अंग्रेजी दवा.	... ३७८
स्थानिक अंग्रेजी इलाज. ...	... ३७९
गरम अंग्रेजी इलाज. ...	... ३७९
ठंटा अंग्रेजी इलाज. ..	... ३८०
शातक अंग्रेजी इलाज. ...	... ३८०
भेदक मलमोंका अंग्रेजी इलाज	. ३८१
स्तभक रोपण कुरले. ...	... ३८२
पिचकारी अंग्रेजी इलाज. ...	... ३८२
चमडीपर फफोला उठाणा दवा.	. . ३८२
चोट लगणेपर वाहरका इलाज.	... ३८३
गरम पाणीमें वैठाणेका इलाज.	... ३८३
कपिंग (पयाला) धरणेकी क्रिया.	... ३८५
गंदकी दूर करणेवाली चीजों.	... ३८५
सव रोगोंपर अंग्रेजी मिकूश्चर जुदे. २	... ३८६
यूनानी इलाज सव रोगोंपर ...	. ३९८
होमियोपथी क्रोमोपथी सव रोगोपर इलाज.	४०६
सिद्धचक्र यत्रकै शातिक जलसैं रोग मिटाणा.	४१०
काचोके रगसें तथा रोसनीसैं रोग मिटाणा.	४१०

प्रकाश ६ ठा वुखारके सहचारी रोग.

रोग परिक्षा इलाज पथ्य देशी अंग्रेजी होमि०	४१५

१४ किरणोंकी तपसील किरण १.

वुखार लक्षण इलाज पथ्य. ...	. ४१५
वुखारमें दुसरे फेलोका इलाज	... ४३२
फूटकर निकलणेवाले वुखार लक्षण इ० पथ्य.	४३६
शीतला लक्षण इलाज पथ्य....	. . ४३७
ओरी लक्षण इलाज पथ्य. ...	... ४४१
अचपडा लक्षण इलाज पथ्य.	... ४४२
विसर्प (रतवादी) लक्षण इलाज पथ्य.	. ४४२
गाठोवाला वुखार. (प्लेग) लक्षण इ० पथ्य.	४४४
विसूचिका (हैजा) लक्षण इ० पथ्य.	... ४४५
वादीके रोगोंका लक्षण इ० पथ्य.	.. ४५०
गठिया लक्षण इलाज पथ्य. ...	... ४५१
आमवात लक्षण इलाज पथ्य.	... ४५२
वातरक्त (गलत कोट) लक्षण इलाज पथ्य.	४५८
रक्तपित्त लक्षण इलाज पथ्य.	. . ४६२
कठवेल लक्षण इलाज पथ्य. ...	... ४६४

विषय.	पृष्ठ.
...या) लक्षण इलाज पथ्य	... ४६६
...क्षण इलाज पथ्य.	... ४६७
...ताम लक्षण इलाज.	... ४७४
...ा सोजा लक्षण इलाज पथ्य.	... ४७५
...म) लक्षण इलाज पथ्य	... ४७८
...क्षण इलाज पथ्य ...	... ४७८
...ण) लक्षण इलाज पथ्य.	... ४८८

किरण ३ री रक्ताशयसंबंधी रोग.

...ग लक्षण इलाज पथ्य.	... ४८७

किरण ४ थी पक्वाशयसंबंधी रोग.

...रोग लक्षण इलाज पथ्य.	... ४८९
...ा सोजा पचोरिया लक्षण इलाज पथ्य.	४९०
...साल लक्षण इलाज पथ्य.	... ४९१
...रीरा लक्षण इलाज पथ्य.	... ४९१
...नके रोग अजीर्ण लक्षण इलाज पथ्य.	.. ४९२
...णा अजीर्ण (बदहजमी) लक्षण इ० पथ्य.	४९५
...ा कुष्ट कब्जी लक्षण इलाज पथ्य.	.. ४९७
...दावर्त्त (आफरा) नलबंध लक्षण इलाज पथ्य.	५००
...ल पेटकी (चूक) लक्षण इलाज पथ्य.	... ५०१
...ायगोला लक्षण इलाज पथ्य.	... ५०३
...अतीसार (दस्त) लक्षण इलाज पथ्य.	... ५०४
...ग्रहणी (मरोड़ा) लक्षण इलाज पथ्य.	.. ५०८
...ग्रहणि लक्षण इलाज पथ्य. ...	... ५११
...छर्दि (उलटी) लक्षण इलाज पथ्य.	... ५११
...आम्लपित्त लक्षण इलाज पथ्य.	... ५१३
...यकृत् (कलेजे) का रोग लक्षण इलाज पथ्य.	५१४
...प्लीहा (पसली) रोग लक्षण इलाज पथ्य.	... ५१८
...शूल (पेशाकोर) लक्षण इलाज पथ्य	... ५२१

किरण ५ मी मूत्राशय संबंधी रोग.

...मूत्रका निरोध लक्षण इलाज पथ्य.	... ५२४
...मूत्रौका सोजा लक्षण इलाज पथ्य.	... ५२५
...मधुमेह (पेशाब मीठा) लक्षण इलाज पथ्य	५२७
...मूत्र कृच्छ्र लक्षण इलाज पथ्य.	५३०
...मूत्राघात (पेशाब रुकना) लक्षण इलाज पथ्य.	५३३
...अश्मरी पथरी लक्षण इलाज पथ्य.	... ५३४
...प्रमेह मूत्राघात (निरोध) लक्षण इलाज पथ्य.	५३६
...उपदंश (गरमी सोटा) लक्षण इलाज पथ्य.	५३८

विषय.	पृष्ठ.
...बदका रोग लक्षण इलाज पथ्य	... ५४१

किरण ६ ठी मगज संबंधी रोग.

...एपोप्लेक्षी सन्यास. ...	... ५४१
...पक्षाघात (लकवा) लक्षण इलाज पथ्य.	... ५४३
...अर्दित (मूटेदा) लक्षण इलाज पथ्य	.. ५४४
...धनकि वा रोग लक्षण इलाज पथ्य.	.. ५४५
...शिरका रोग लक्षण इलाज पथ्य.	... ५४५
...शूल (चसका) लक्षण इलाज पथ्य.	... ५४८
...मिरगी रोग लक्षण इलाज पथ्य.	... ५४९
...सन्ताप (बाइटे) लक्षण इलाज पथ्य.	... ५५१
...उन्माद (पागल) लक्षण इलाज पथ्य.	... ५५२
...नराप पीणेका रोग लक्षण इलाज पथ्य.	... ५५४

किरण ७ मी.

...आंख कान नाक दांत रोग लक्षण इलाज पथ्य.	५५५

किरण ८ मी चमडीके रोग.

...खुजली रोग लक्षण इलाज पथ्य.	... ५६८
...फुनसी रोग लक्षण इलाज पथ्य.	... ५६०
...कुलथपना सूखी खुजली व्योंसे लक्षण इ० पथ्य	५६०
...सोरा सील करोडिया लक्षण इलाज पथ्य.	... ५६९
...कोढ श्वेत पित्ती चकाता लक्षण इलाज.	... ५७०
...कार्टिंग झामरे कफवायू विस्फोटक लक्षण इ०.	५७१
...मस्से कफामिसे जू नाइ लक्षण इलाज पथ्य.	५७२
...व्याउरणी विचर्चिका लक्षण इलाज पथ्य	५७३
...पिलीकोट.	... ५७४

किरण ९ मी क्षुद्रक रोग.

...[illegible]	... ५७५
...[illegible]	५७७
...[illegible]	५७८
...[illegible]	५७९
...[illegible]	... ५८०
...[illegible]	५८१
...[illegible]	५८२
...[illegible]	५८३
...[illegible]	... ५८४
...[illegible]	५८५
...[illegible]	५८६
...[illegible]	... ५८७

विषय.	पृष्ठ.
कूंच आत वढणा अडवृद्धि लक्षण इलाज. ..	५८६
शस्त्रका जखम हड्डीका टूटणा लक्षण इलाज.	५८८
लचक चोट धोरीरग कटणा लक्षण इलाज.	५८९
पाणीमे डूवणा लक्षण इलाज. ...	५९०
नाकमेसे खून गिरणा फफोला लक्षण इलाज.	५९१
नाकमे घुसे पदार्थ निकालणा कान होजरीं वगेरेका.	५९२
किरण १० मी औरतोंका रोग.	
गर्भाधान गर्भणीका नियम.	५९३
प्रदरश्वेत तथा लाल लक्षण इलाज. ...	५९७
हिस्टीरीया रोग लक्षण इलाज पथ्य. ...	६०१
गर्भवती रोग लक्षण इलाज पथ्य. ...	६०५
सू आरोग लक्षण इलाज.	६०७
जापेवालीका इलाज.	६११
कष्टीका इलाज.	६१२
जखम अधूरा गिरणा.	६१३
वाझडी रोग लक्षण इलाज.	६१४
गर्भ पैदा करणेका इलाज.	६१५
किरण ११ मी बच्चोंके रोग.	
जन्म घूंटी.	६१६

विषय.	पृष्ठ.
बुखार दस्त आमका दस्त खूनका दस्त. ...	६१७
खुल खुलिया खासी सास.	६१९
दूधकी उलटी गालपचोरा पारगलावांईटे. ..	६१९
सूगी फूटणेवाले बुखार पेट फूलणा इलाज. ...	६१९
कृमिभार दात आणा इलाज. ...	६२०
चूचा मूंपकणा सूडी पकणा गुदपाक खुजली	
मूत निकलणा मूत अटकणा रोणा नलवृद्धि....	६२१
मिट्टीखाणी बच्चोंको जुलाब दुवला नाताकत.	६२१
किरण १२ मी जानवरोंका इलाज.	
दयाधर्मका वयान तथा इलाज. ...	६२१
किरण १३ मी जगमथावर जहरोका इलाज.	६३१
किरण १४ मी.	
धातुपुष्ट मरदमीकी दवा ताकतवर. ..	६४१
ब्राह्मी गोली.	
मोहरेकी गोली.	
भेरुरस.	
दातका मजन	
खासी गोली.	
दस्तवध गोली.	६४९

अथ वैद्यदीपक ग्रन्थ ॥

श्रीसरस्वत्यैनमः—अथ वैद्यदीपक ग्रन्थस्य प्रस्तावना ॥ युगादौव्यहाराद्ध्वा सर्वोयेनप्रकाशितः स श्री वृषभयोगींद्रो दद्याद्वोव्यय संपदं १ वंदेहं लोकनाथाय आयुधर्मप्रकाशके धन्वंतरीं युगादीशं श्री नाभि नृप सूनवे२ अविद्यांध मनुष्याणां विद्यादानशलाकया चक्षुरुद्घाटितंयेन तस्मै श्री गुरुवे नमः ३ वैद्यदीपक ग्रन्थोयं द्योतकृत्हृदिमंदिरं रोग शत्रु प्रणाशाय रामबाणावलीमिव ४ ॥

प्रकाश पहिला ॥

सृष्टिक्रम ॥

जब अपने आस पास की निजीवी चीजों का ज्ञान धराते हैं तो अपने आप क्या हैं, अपना शरीर काहे का बना हुवा है तैसे ही उस में कैसी २ शक्ति कैसा २ काम करती है, इतना ज्ञान जो

अपने में नहीं तो बड़ी शर्मिन्दगी की बात है. जगत् में जो अज्ञान हैं सो ही दुःख की जड़ हैं उस में भी शरीर संबन्धी अज्ञान तो बड़े ही क्लेश का कारण है, सूक्ष्म नज़र से देखे तो जगत् में जितनी जानने योग्य वस्तु है उसका सम्पूर्ण ज्ञान भी शरीर में से मिल सकता है शरीर की रचना नाम कर्म की एक सौ तीन प्रकृति से जीव और कर्म दोनों शामिल होके शरीर के संबन्ध में रचना रचता है सर्व चौरासी लाख जीवायोनि में मनुष्य जैसी कोई योनि नहीं है क्योंकि अनेक संसारिक अद्भुत कार्यों का करने वाला है सो तो विद्या बुद्धि बल से रेल, तार, अग्निबोट, बिजली, विमान आदि अनेक पूरावे प्रत्यक्ष पने मनुष्य कृत हैं तैसे ही जप, तप, इन्द्रियदमन, अष्टांग योग का पारंगामी होकर अनंत ज्ञान रूप केवल लक्ष्मी प्राप्त करके जन्म मरण से रहित होकर पूर्ण ब्रह्म परमेश्वर यह पुरुष हो जाता है बस सर्वोपरि मनुष्य जन्म है द्रव्यार्थिकनय की अपेक्षा यह संसार नित्य है १ तीनों काल में पर्यायार्थिकनय की अपेक्षा संसार अनित्य है २ द्रव्य ६ हैं. धर्मास्तिकाय १, अधर्मास्तिकाय २, आकासास्तिकाय ३, जीवास्तिकाय ४, पुद्गलास्तिकाय ५, और काल ६. जीव और पुद्गल को चलने का सहाय देवे सो धर्मास्तिकाय १ जीव और पुद्गल को थिर रहने का सहाय देवे सो अधर्मास्तिकाय २ जीव और पुद्गल को रहने को अवकाश देवे सो आकासास्तिकाय ३ चेतन शक्ति ज्ञान १ दर्शन २ कर्म काटने की शक्ति सोचारित्र ३ और तप ४ यह स्वरूप वाला चर्म चक्षु से अरूपी कर्म के संबन्ध से जीव कहलाता है और कर्म जड़ से रहित होने से ईश्वर होने वाला अनंत शक्ति वाला

जीवास्तिकाय है ४ पूर्ण और गलन अर्थात् कभी भर जाय कभी बिखर जाय फिर रूप १ स्पर्श २ गंध ३ और रस ४ परमाणुओं करके शोभित सो पुद्गलास्तिकाय है ५ वर्त्तने का स्वभाव है नई को पुरानी करे पुरानी को नई करे समय १ काष्ठा २ लव ३ मुहुर्त्त ४ दिन ५ रात पक्ष मास वर्ष इत्यादिक पहचान करके काल द्रव्य है ६ यह सब द्रव्य जहां है सो लोग है वही संसार है जिस में चार गति हैं नरक गति १ तिर्यंच गति २ मनुष्य गति ३ देव गति ४ इस में नीचे पृथ्वी के सात नरक हैं बहुत पाप करने वाला जीव नरक जाता है इसी तरह कर्मों के शुभ अशुभ योग से जीव पूर्वोक्त चारों गति में भटकता है जैसे डोर में बंधी चकरी लेकिन डोर अलग वस्तु है और चकरी अलग वस्तु है जीव अशुभ उद्यम से बांधता है जीव शुभ उद्यम से खोल सकता है ऐसे जीव और कर्म जुदे २ द्रव्य हैं और अशुभ योग से बंधा हुवा भी है इस वास्ते जीव और कर्म का संबन्ध आदि भी है और अनादी भी है क्योंकि किसी भी मत वादी ने जीव बनने की आदि नहीं लिखी आत्रेय महर्षि अग्निवेशचरक वृद्धवागभट्ट और सुश्रुतादिकों ने अपनी रची संहिता में जीव द्रव्यको अजर अमर अविनाशी अक्षय ही लिखा है जब संसार में जीव की आदि नहीं तो कर्म के संबन्ध विना अकेला जीव तो संसार में रह ही नहीं सकता अकेला भया फिर तो मुक्ति होकर अचल पद में ही लोकाग्र पर जाके ठहरेगा निर्मल भये बाद कर्म नहीं लगेगा जब कर्म रहित होगा तो जन्म मरण से भी बचेगा इस वास्ते जीव बनने की आदि नहीं तो कर्म भी अनादि

रहित है ये दोनों इस अपेक्षा आदि करके रहित हैं और सहचारी हैं जिस वस्तु की आदि नहीं उसका अंत भी नहीं है इतना विशेष है भवो भव में जीव अशुभ क्रिया अठारे पाप स्थानकों से मन १ वचन २ काया ३ इन में करना १ कराना २ और पाप करते २ को अच्छा समझना ३ इस से जीव समय २ कर्म बांधता है और शुभ क्रिया दान शील तप और भावना इन शुभ कारणों से अथवा अकामनिर्जरा अज्ञान पने कष्ट सहने से जीव समय २ कर्म तोड़ता भी है इस तरह कर्मों का आदि भी है और अंत भी है जैसे सोना जीवों के उद्यम से धूड़ में से जुदा भी होता है और फिर परमाणु बिखरता २ मिट्टी में ही मिल जाता है लेकिन धुर में कोई नहीं बता सकता कि मिट्टी और सोना कब शामिल भये थे ऐसे जीव और कर्म का संबन्ध नित्यानित्य जानना जो वस्तु अकृत्रिम है उसका नाश भी नहीं है जैसे आकाश, और कृत्रिम वस्तु घट है तो उसका नाश भी है, तैसै कर्म जीव करता है वह नाश भी हो जाता है, जीव अकृत्रिम है तो वह नाश भी नहीं होता कर्म आठ हैं ज्ञानावरणी १ दर्शनावरणी २ वेदनी ३ मोहनी कर्म ४ नाम कर्म ५ गोत्र कर्म ६ आयु कर्म ७ अंतराय कर्म ८ जीव में सर्व पदार्थ जानने की शक्ति है उसको नहीं जानने देवे सो ज्ञानावरणी कर्म आंख के ऊपर पाटे समान १ जैसे २ उस कर्म का क्षयोपशम होता है वैसे २ ज्ञान शक्ति बढ़े है १ दर्शनावरणी कर्म २ सो देखने की शक्ति जीव में सर्व वस्तु की है लेकिन इस कर्म के वश देख नहीं सकता जैसे कोई आदमी राजा का

दर्शन कर सकता है लेकिन पहरेदार दर्शन नहीं करने देता २ वेदनी कर्म से सुख और दुःख जीव भोगता है यह कर्म शहद लगी-तलवार के चाटने समान है चाटते मीठा पीछे जीभ कट जाती है ३ मोहनी कर्म मदिरा के नशे समान है जैसे नशे में सुध नहीं रहे ऐसे मोह के वश सब सुध बुध भूल जाता है ४ नाम कर्म चितारे जैसा है जैसे चितारा अच्छी बुरी शकल बनाता है इस वजह देव मनुष्य का सुन्दर रूप नरक तिर्यंचका कुरूप इस कर्म के वश बनता है ५ गोत्र कर्म कुंभार जैसा है जैसे कुंभार एक चीज ऐसी बनाता है सो पूजने योग्य दूसरी अपूज्य इस तरह इस कर्म से ऊंच नीच गोत्र होता है ६ आयु कर्म कैदी के खोड़े जैसा अर्थात बेड़ी समान है जिस २ योनि का आयु कर्म बांधा है वह भोगने से छुट-कारा होता है ७ अंतराय कर्म राजा के भंडारी समान है राजा हुक्म देता है इस को फलानी चीज देदो लेकिन भंडारी दे नहीं इस तरह जीव दान दिये चाहता लाभ लिये चाहता भोग उप भोग भोगे चाहता वीर्य शक्ति फिराये चाहता लेकिन अंतराय इन बातों को रोके सो अंतराय कर्म है ज्ञानावरणी की ५ प्रकृति है मति ज्ञानाव-रणी १ श्रुति ज्ञानावरणी २ अवधि ज्ञानावरणी ३ मन पर्यव ज्ञाना-वरणी ४ केवल ज्ञानावरणी ५ ऐसे पांच ज्ञान हैं जिसको जो ढके सो ज्ञानावरणी कर्म है जैसा २ आवरण ज्ञान के बहुमान करने से अलग होता जाता है तैसे २ प्रकाश होता जाता है जैसे पूर्ण मासी के चन्द्र का उजाला है तैसे जीव शक्ति में लोका लोक जानने का उजाला है लेकिन बादलों की तरह कर्म का आवरण

रहित है ये दोनों इस अपेक्षा आदि करके रहित हैं और सहचारी हैं जिस वस्तु की आदि नहीं उसका अंत भी नहीं है इतना विशेष है भवो भव में जीव अशुभ क्रिया अठारे पाप स्थानकों से मन १ वचन २ काया ३ इन में करना १ कराना २ और पाप करते २ को अच्छा समझना ३ इस से जीव समय २ कर्म बांधता है और शुभ क्रिया दान शील तप और भावना इन शुभ कारणों से अथवा अकामनिर्जरा अज्ञान पने कष्ट सहने से जीव समय २ कर्म तोड़ता भी है इस तरह कर्मों का आदि भी है और अंत भी है जैसे सोना जीवों के उद्यम से धूड़ में से जुदा भी होता है और फिर परमाणु बिखरता २ मिट्टी में ही मिल जाता है लेकिन धुर में कोई नहीं बता सकता कि मिट्टी और सोना कब शामिल भये थे ऐसे जीव और कर्म का संबन्ध नित्यानित्य जानना जो वस्तु अकृत्रिम है उसका नाश भी नहीं है जैसे आकाश, और कृत्रिम वस्तु घट है तो उसका नाश भी है, तैसै कर्म जीव करता है वह नाश भी हो जाता है, जीव अकृत्रिम है तो वह नाश भी नहीं होता कर्म आठ हैं ज्ञानावरणी १ दर्शनावरणी २ वेदनी ३ मोहनी कर्म ४ नाम कर्म ५ गोत्र कर्म ६ आयु कर्म ७ अंतराय कर्म ८ जीव में सर्व पदार्थ जानने की शक्ति है उसको नहीं जानने देवे सो ज्ञानावरणी कर्म आंख के ऊपर पाटे समान १ जैसे २ उस कर्म का क्षयोपशम होता है वैसे २ ज्ञान शक्ति बढ़े है १ दर्शनावरणी कर्म २ सो देखने की शक्ति जीव में सर्व वस्तु की है लेकिन इस कर्म के वश देख नहीं सकता जैसे कोई आदमी राजा का

दर्शन कर सकता है लेकिन पहरेदार दर्शन नहीं करने देता २ वेदनी कर्म से सुख और दुःख जीव भोगता है वह कर्म शहद लगी-तलवार के चाटने समान है चाटते मीठा पीछे जीभ कट जाती है ३ मोहनी कर्म मदिरा के नशे समान है जैसे नशे में सुध नहीं रहे ऐसे मोह के वश सब सुध बुध भूल जाता है ४ नाम कर्म चितारे जैसा है जैसे चितारा अच्छी बुरी शकल बनाता है इस वजह देव मनुष्य का सुन्दर रूप नरक तिर्यंचका कुरूप इस कर्म के वश बनता है ५ गोत्र कर्म कुंभार जैसा है जैसे कुंभार एक चीज ऐसी बनाता है सो पूजने योग्य दूसरी अपूज्य इस तरह इस कर्म से ऊंच नीच गोत्र होता है ६ आयु कर्म कैदी के खोड़े जैसा अर्थात बेड़ी समान है जिस २ योनि का आयु कर्म बांधा है वह भोगने से छुट-कारा होता है ७ अंतराय कर्म राजा के भंडारी समान है राजा हुक्म देता है इस को फलानी चीज देदो लेकिन भंडारी दे नहीं इस तरह जीव दान दिये चाहता लाभ लिये चाहता भोग उप भोग भोगे चाहता वीर्य शक्ति फिराये चाहता लेकिन अंतराय इन बातों को रोके सो अंतराय कर्म है ज्ञानावरणी की ५ प्रकृति हैं मति ज्ञानाव-रणी १ श्रुति ज्ञानावरणी २ अवधि ज्ञानावरणी ३ मन पर्यव ज्ञाना-वरणी ४ केवल ज्ञानावरणी ५ ऐसे पांच ज्ञान हैं जिसको जो ढके सो ज्ञानावरणी कर्म है जैसा २ आवरण ज्ञान के बहुमान करने से अलग होता जाता है तैसे २ प्रकाश होता जाता है जैसे पूर्ण मासी के चन्द्र का उजाला है तैसे जीव शक्ति में लोका लोक जानने का उजाला है लेकिन बादलों की तरह कर्म का आवरण

जानना ज्यों २ वायु से बद्दल अलग होते हैं त्यों २ प्रकाश दिखाई देता है ऐसे शुभ क्रिया और शुभ भाव उस आवरणों को दूर करता है दर्शनावरणी की नव प्रकृति है निद्रा १ निद्रानिद्रा २ प्रचला ३ प्रचलाप्रचला ४ स्त्यानर्धि ५ चक्षु दर्शनावरणी ६ अचक्षु दर्शनावरणी ७ अवधि दर्शनावरणी ८ केवल दर्शनावरणी ९ वेदनी की २ प्रकृति, सुख वेदनी १ दुःख वेदनी २ मोहनी कर्म की २८ प्रकृति क्रोध १ मान २ माया ३ लोभ ४ इन ऐकेक को चार गुणा करना सो इस तरह अनंतानुबंधी क्रोध १ प्रत्याख्यानी क्रोध २ अप्रत्याख्यानी क्रोध ३ संज्वलना क्रोध ४ इस तरह मान के ४ भेद माया कपटाई के ४ भेद लोभ के ४ भेद यह तो शोलेकपाय है अनंतानुबंधी क्रोध वज्र पर लकीर जैसा है सो जावज्जीव क्रोध जीव से जाता ही नहीं यह क्रोध १ और मान और माया और लोभ वाला निश्चय नरक गति जाता है प्रत्याख्यानी क्रोध तलाव का पानी सूखे बाद जमीन फटे जैसा सो पीछा बरसात होने से सब लकीरें मिट जाती है इसी तरह कोई संवत्सरीपर्वादि कारण बनने से क्रोध दिल से मिटा देता है इस की अवधि वर्ष दिन की है यह मोहनी कर्म वाला तिर्यच गति में जाता है २ अप्रत्याख्यानी क्रोध वेलू पर हवा से लकीरें पड़ने जैसा है इस क्रोध की अवधि पन्द्रह दिनों की है जब दूसरी हवा जोर से चली तब वह वेलू की लकीरें मिट जाती हैं इस तरह यह कषाय वाला पन्द्रह दिनों के पीछे निशल्प हो जाता है यह जीव मर के मनुष्य गति में जाता है ३ संज्वलना क्रोध १ मान २ माया ३ और लोभ ४ वाले की थिति बहुत थोड़ी है संज्वलना क्रोध पानी

के लकीर जैसा है ऐसा मोहनी कर्म वाला देव गति में जाता है इसी तरह मान के १ माया के २ लोभ के ३ वज्र के थंभा जैसा आदि दृष्टांत उत्तराध्यन प्रमुख सूत्रों से जानना नवनोपायक है हास्य १ रति २ अरति ३ भय ४ शोक ५ दुगंछा ६ स्त्री वेद १ पुरुष की इच्छा करे सो, पुरुष वेद ८ स्त्री की इच्छा करे सो, नपुंसक वेद ९ दोनों की इच्छा करे सो, सम्यक्त मोहनी १० मिश्र मोहनी ११ मिथ्यात्व मोहनी १२ सम्यक्त जो शुद्ध देव शुद्ध गुरु शुद्ध धर्म इस में जीव को मूर्छित कर देवे सो सम्यक्त मोहनी, मिथ्यात्व और सम्यक्त इन दोनों में जीव को मूर्छा देवे अर्थात नहीं पहचानने देवे सो मिश्र मोहनी इसी तरह कुदेव कुगुरु कुधर्म में मूर्छा देवे सो मिथ्यात्व मोहनी यह २८ प्रकृति मोहनी कर्म की है यह कर्म सब कर्मों का राजा है इन्हों का अर्थ विस्तार कर्मग्रन्थ पंचसंग्रह गोमठसार सूत्रादिकों से जानना सूचना मात्र यहां लिखा है अब सब अंगोपांग की रचना करने वाला नाम कर्म की एक सो तीन प्रकृति सो संक्षेप करके नाम मात्र यहां लिखता हूं इस कर्म का सहचारी होकर जीव तरह २ का शरीर रचता है बहुत ईश्वर कर्त्ता मानने वाले गर्भादि रचना में ईश्वर की कारीगरी बतलाते हैं सो तत्व के अजान हैं कर्मों की प्रकृति के अजान हैं जीव और कर्मों की कारीगरी है ईश्वर ऐसे गलीच स्थान में क्यों प्रवेश कर रचना की कारीगरी पना करता है (प्रश्न) ईश्वर और माया इन दोनों ने मिलके रचना रची है (उत्तर) तुम्हारे समझ में आई सो बात एक नय से सच्ची भी है, जीव है सो निज रूप शक्ति करके ईश्वर ही है, माया कपट छद्म यह नाम सब कर्म

ही है पूर्ण ब्रह्म परमेश्वर माया कर्म से रहित है वह माया से अलग है इस वास्ते हम जो जीव और कर्म की कुदरत लिखते हैं वह न्याय संपन्न है ईश्वर की शक्ति से सृष्टि की रचना मानना यह सब बात वन्ध्या पुत्रवत् खकुसुमवत् है एक अशुद्ध नैगमनय की अपेक्षा करके ईश्वर कर्त्ता मानने वालों के वाक्य सच्चे हैं, जैसे एक सुथार पायली बनाने वास्ते जंगल में लकड़ी लेने को चला किसी ने पूछा कहां जाते हो सुथार बोला पायली लाने को इसी तरह जीव ईश्वर सत्ता करके है लेकिन अभी कर्म सहचारी होने से भया नहीं, हो गया तो फिर सृष्टि में रचना करेगा नहीं इस वास्ते ईश्वर तत्व निर्णय हमारा बनाया भाषा ग्रन्थ देखो संसार की बहुत सी रचना घट पटादिक मनुष्य कृत है पांच समवायों के मिलने से सो हम आगे लिखेंगे और कई एक स्वसत्ता रूप ६ द्रव्य है सो पहली लिखा ही है, अथ नाम कर्म की प्रकृति १०३ लिखते हैं नरक गति नाम कर्म १ तिर्यंच गति नाम कर्म २ मनुष्य गति नाम कर्म ३ देव गति नाम कर्म ४ एकेन्द्री जाति ५ बेन्द्री जाति ६ तेंद्री जाति ७ चोरेंद्री जाति ८ पंचेंद्री जाति ९ उदारिक शरीर १० वैक्रिय शरीर ११ आहारक शरीर १२ तेजस शरीर १३ कार्मण शरीर १४ औदारिक अंगोपांग १५ वैक्रिय अंगोपांग १६ आहारक अंगोपांग १७ औदारिक औदारिक बंधन १८ औदारिक तेजस बंधन १९ औदारिक कार्मण बंधन २० औदारिक तेजस कार्मण बंधन २१ वैक्रिय बंधन २२ वैक्रिय तेजस बंधन २३ वैक्रिय कार्मण बंधन २४ वैक्रय तेजस कार्मण बंधन २५ आहारक आहारक बंधन २६

आहारक तैजस बंधन २७ आहारक कार्मण बंधन २८ आहारक तैजस कार्मण बंधन २९ तैजस, तैजस बंधन ३० तैजस कार्मण बंधन ३१ कार्मण कार्मण बंधन ३२ औदारिक संघातन ३३ वैक्रियसंघातन ३४ आहारकसंघातन ३५ तैजससंघातन ३६ कार्मणसंघातन ३७ वज्रऋषभनाराचसंघयण ३८ ऋषभनाराचसंघयण ३९ नाराचसंघयण ४० अर्द्धनाराचसंघयण ४१ कीलिकासंघयण ४२ छेवट्ठासंघयण ४३ समचोरससंस्थान ४४ न्यग्रोधसंस्थान ४५ सादिसंस्थान ४६ वामनसंस्थान ४७ कुब्जसंस्थान ४८ हुंडकसंस्थान ४९ कृष्णवर्ण ५० नीलवर्ण ५१ लोहितवर्ण ५२ हारिद्रवर्ण ५३ श्वेतवर्ण ५४ सुरभिगंध ५५ दुरभिगंध ५६ तिक्तरस ५७ कटुकरस ५८ कषायरस ५९ आम्लरस ६० मधुररस ६१ कर्कशस्पर्श ६२ मृदुस्पर्श ६३ गुरुस्पर्श ६४ लघुस्पर्श ६५ शीतस्पर्श ६६ उष्णस्पर्श ६७ स्निग्धस्पर्श ६८ रूक्षस्पर्श ६९ नरकानुपूर्वी ७० तिर्यगानुपूर्वी ७१ मनुष्यानुपूर्वी ७२ देवानुपूर्वी ७३ शुभविहायोगति ७४ अशुभविहायोगति ७५ पराघात ७६ उच्छ्वासनामकर्म ७७ आतपनामकर्म ७८ उद्योतनामकर्म ७९ अगुरुलघुनामकर्म ८० तीर्थंकरनामकर्म ८१ निर्माणनामकर्म ८२ उपघातनामकर्म ८३ त्रसनामकर्म ८४ बादरनामकर्म ८५ पर्याप्तनामकर्म ८६ प्रत्येकनामकर्म ८७ स्थिरनामकर्म ८८ शुभनामकर्म ८९ सौभाग्यनामकर्म ९० सुस्वरनामकर्म ९१ आदेयनामकर्म ९२ यशःकीर्तिनामकर्म ९३ स्थावरनामकर्म ९४ सूक्ष्मनामकर्म ९५ अपर्याप्तनामकर्म ९६ साधारणनामकर्म ९७ अस्थिरनामकर्म ९८ अशुभनामकर्म ९९

दुर्भगनामकर्म १०० दुःस्वरनामकर्म १०१ अनादेयनामकर्म १०२ अपयशःअकीर्तिनामकर्म १०३ इस तरह इस नामकर्म ने शरीर संबन्धी रचना रची है औदारिक शरीर एकेन्द्री पृथ्वी १ पानी २ अग्नि ३ हवा ४ और वनस्पति ५ इन पांचों से लेकर वेंद्रीय २ तेंद्रीय ३ चोरेंद्रीय ४ और तिर्यंच पंचेन्द्रीय और मनुष्यों का जानना देवता और नारकियों का शरीर वैक्रिय जानना चौदेपूर्वधारी साधू आहारक शरीर रचता है खाये पीये को हजम करे सो तेजस शरीर ४ कार्मण शरीर से काया रची जाती ५ यह दोय शरीर सूक्ष्म है जीव चारों गति वालों के संग में रहता है संघयण हाड़ों की मजबूती का नाम है संस्थान शरीर के शकल का नाम है बाकी शब्द पर अर्थ जानना विस्तार इन्हों का गुरु गम जैन पंडितों से सीखना, आयु कर्म की चार प्रकृति है, देवायु १ नरकायु २ तिर्यंचायु ३ मनुष्यायु ४ अंतरायकर्म की ५ प्रकृति है दानांतराय १ लाभांतराय २ भोगांतराय ३ उपभोगांतराय ४ वीर्यांतराय ५ इस तरह इन आठो कर्मों की एक सो अट्ठावन मूल प्रकृति है, सांख्यमत कर्त्ता कपिल देवजी ने प्रकृति और पुरुष से सृष्टि मानी है सो प्रकृति याने स्वभाव कर्मों का पुरुष सो जीव इन दोनों से संसार नित्य है ऐसा माना है सो पूर्वोक्त कहने से मिलता है कपिल देवजी ने २५ तत्व माने हैं सर्वज्ञ के उपदेश में नव तत्व हैं जो चीज विस्तार वाली होती है उसका नाम तत्व है जैसे जीव तत्व १ अजीव तत्व २ पुण्य तत्व ३ पाप तत्व ४ आश्रव तत्व ५ संवर तत्व ६ निर्जरा तत्व ७ बन्धतत्व ८ मोक्ष तत्व ९ जीव

अजीव का वर्णन पहली छव द्रव्य में कर ही दिया है नवप्रकार से जीव शुभ कर्म सहचारी होकर पुण्य बांधता है ४२ प्रकार से सुख भोगता है पाप ८२ प्रकार से जीव भोगता है मिथ्यात्व और अव्रत से अठारे पाप स्थानक से जीव पाप बांधता है पाप आने का द्वार सो आश्रव ५ उस द्वार को रोकना सो संवर ६ सत्ता में बंधे भये कर्मों को जलावे सो निर्जरा १२ भेद का तप, बंध जीव कर्मों का ४ तरह से, मोक्ष जीव कर्मों से रहित होना सो, नव भेद से, इसका विस्तार नव तत्व प्रकरण से समझना, कपिल देवजी रज १ सत २ तम ३ ऐसे तीन पुरुष का मन परिणाम कहते हैं, सर्वज्ञ देव छव कहते हैं कृष्ण लेस्या १ नील लेस्या २ कापोत लेस्या ३ तेजो लेस्या ४ पद्म लेस्या ५ शुक्ल लेस्या ६ कपिल देवजी पांच ज्ञान इन्द्रिय पांच कर्म इन्द्रिय हाथ पांव गुदा आदि को कर्मेंद्रिया कहते हैं सर्वज्ञ देव दश प्राणों को धारने वाला पुरुष अथवा पंचेंद्रिय तिर्यंच कहते हैं इन प्राणों से रहित होना उस को मरण कहते हैं, स्पर्शन इन्द्रिय इसके आठ विषय हैं १ रसना इन्द्रिय इनके पांच विषय हैं २ घ्राण इन्द्रिय इस के दो विषय हैं ३ चक्षु इन्द्रिय इस के पांच विषय हैं ४ श्रोत्र इन्द्रिय इस के तीन विषय हैं ५ एवं ५ श्वासो श्वास ६ आयु ७ मनोबल ८ वचनबल ९ कायबल १० इत्यादि सृष्टि का क्रम संक्षेप कर बतलाया. (प्रश्न) तुम ने जो कर्मों का स्वरूप लिखा सो हमने किसी भी वैद्यकशास्त्र में देखा नहीं. (उत्तर) तुम ने देखा है लेकिन उन बातों को समझने नहीं. जगह २ प्रकृति और पुरुष लिखा है उस प्रकृति का विस्तार सर्वज्ञकथित शास्त्रों में है

औरों में नहीं, इस वास्ते प्रकृतिबंध है सो ही ८ कर्मों की मूल प्रकृति का स्वरूप है. (प्रश्न) कर्म तो जड़ है वह जीव को सुख दुःख कैसे भुगा सकता. (उत्तर) जड़ पदार्थ मदिरा और जहर दिक है सो खाने पीने से चेतन की कहो क्या गति होती है, प्रत्यक्ष पने परवश होकर सुध बुध भूल दुःख पाता है, और प्रत्यक्ष देखते हो संसार में सर्व वस्तुओं का बनना जीव के उद्यम से जड़ पदार्थ लोह पत्थर लकड़ी के औजारों से अनेक पदार्थों की सिद्धि होती है. (प्रश्न) जीव तो सर्व सुख चाहता है फिर दुःख का काम कैसे करता है. (उत्तर) जैसे मक्खी शहद घी में सुख की अभिलाष कर प्रवेश करती है फिर तो जो हाल है सो तुम हम देखते हैं (प्रश्न) मक्खी में तो ज्ञान नहीं है मनुष्य में तो ज्ञान है फिर दुःख का काम कैसे करता है. (उत्तर) मक्खी के क्षयोपशम माफक मक्खी में भी ज्ञान है मनुष्यों के क्षयोपशम माफक मनुष्य में भी ज्ञान है उन्हों में भी आपस में तरतमता है तो आप को विचार करना चाहिये चोरी जुआ, रंडीबाजी रोगों पर कुपथ्य करने आदि से दुःख क्यों पाता है, कहोगे कि अज्ञान से, तो विचार लो अज्ञान कर्म उस ने पहले बांधा है तभी तो उस को आगे कष्टकारी वस्तुओं की बुद्धि पैदा होती है, सो कहा भी है " दोहा—को सुख को दुःख देत है कर्म देत झकझोर, उलझत सुलझत आप ही धजा पवन के जोर." " बुद्धिः कर्मानुसारिणी " फिर कृष्ण ने अर्जुन से कहा है. " यतः अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभं, कृतकर्मस्य क्षयो नास्ति, कल्पकोटिशतैरपि. " अर्थ इस का प्रकट है

(प्रश्न) हम तो यों जानते हैं कि परमेश्वर ही जीवों को सुख दुःख देता है, हुक्म बगैर कुछ नहीं होता. (उत्तर) तुम को अज्ञान का उदय है इस वास्ते ऐसा कहते हो. भला तुम को हम पूछते हैं. एक ने एक आदमी को मारा, एक ने चोरी करी, ये तुम्हारी समझ मूजिब तो ईश्वर के हुक्म से ही ठहरेगा तो फिर इनकी राजा राजा वा ईश्वर देगा या नहीं, तो कहोगे, देगा. भला पहले तो उस को हुक्म दिया फिर सजा क्यों, तो कहोगे ईश्वर ने हुक्म ऐसे कामों का नहीं दिया उसने शैतान के बहकाने से किया, बरा सोच लो वह कर्म जो है उसी को तुम शैतान कहते हो, बोली का फर्क है राजा तो सर्वशक्तिमान् है नहीं और न उसको त्रिकालदर्शी ज्ञान है इस वास्ते पुलिस आदि महकमे बनाकर गवाह (साक्षी) पर अन्याय को रोक चाहता है जिस पर भी अन्यायी तो लगह २ से अन्याय करने से बंद नहीं होते, ईश्वर सर्वशक्तिमान् है और परम कृपावंत है, तो फिर प्रथम पाप करते प्राणियों को रोक ही क्यों नहीं देता फिर सजा देने में तत्परी लेता है, तुम बुद्धि खर्चो न तो ईश्वर पाप वा पुण्य कराता न सजा देता सब कर्मों की रचना है, (प्रश्न) हम को इस पर ईश्वर की रचना मालूम देती है, दिन रात ऋतु वगैरः मर्यादी किस ने बांधी है इत्यादि अनेक बातें हैं. (उत्तर) यह संसार में पांच समवायों का संबन्ध है सो हम तुम को समझाते हैं. इस संसार में छव दर्शन हैं. कालवादी १, स्वभाववादी २, भवितव्यतावादी ३, कर्मवादी ४, पुरुषकृत उद्यमवादी ५ और छठ्ठा दर्शन सर्वेश्वरवादी ६. (प्रश्न) हम समझे नहीं, यह

क्या बात है. (उत्तर) कालवादी कहता है, काल ही से सब कुछ होता है, जैसे काल से ही सृष्टि की उत्पत्ति होती है, काल से ही नाश होता है, ऋतुकाल पर औरत गर्भ धारती है, काल से पुत्र जनती है, काल से बोलना, काल से चलना, काल से दूध का दही होता है, काल से दरख्त के फल लगना है, काल से तरह २ के पदार्थ होते है, काल से चौबीस तीर्थंकर, बारह चक्रवर्त्त, नवनारायण, नव प्रतिवासुदेव, नव बलदेव, नव नारद, ग्यारह रुद्र होते हैं, काल से उत्सर्पणी अवसर्प्पणी के छः आरे होते हैं. सतयुग, द्वापर, त्रेता, कलियुग दिन, रात, पक्ष, मास, ऋतुधर्म होता है. काल से बालक विलास, काल से यौवन में काले केश होते हैं, काल से बुढ़ापे में इन्द्रियों का शिथिल होना इत्यादिक बातें सब कालवादी काल से ही बतलाता है, काल को ही ईश्वर मानता है १, तब स्वभाववादी कहने लगा अरे ! काल से क्या होता है, सब वस्तु स्वभाव से ही पैदा होती है और स्वभाव से ही विनाश होती है, देखो छतेयोग यौवनवती स्त्री वांझनी के सन्तान नहीं होता औरत के मुंह पर तथा हथेली पगथली में बाल नहीं उगते, नीम के दरख्त के आम नहीं लगते, वसंत में बागों की हरियाली होती है मोर पंखों में चित्राम कौन करता है, सांझ की वक्त बद्दलों में रंग कौन करता है, जीवायोनि में तरह २ की अंगोपांग की रचना, हिरनों के सुंदर नेत्र, बोर बबूल आदि के तीखे कांटे, रूप और रंग गुण जुदे २ वस्तुओं में, जुदे २ साप में जहर, उसके मस्तक की मणि जहर उतार देवे, पहाड़ थिर, हवा का चलना, अग्नि की झाल ऊंची

जाना मछली और तूंबा जल में तिरे, कौआ ऊंट पत्थर डूब जावे. पांखों वाले जानवर उड़ें, सूंठ से वाय मिटे, हरड़े आदि से दस्त लगे, कोरड़ू सीजे नहीं, देश की तासीर से जमीन में लकड़ी का पत्थर हो जाय, सूर्य गरम चन्द्रमा ठंडा भव्य जीव मोक्ष जाय, छओं द्रव्य अपना २ स्वभाव नहीं छोड़ें, ऐसे स्वभाववादिओं का कहना है २, तब भवितव्यतावादी कहने लगा, अरे ! काल और स्वभाव से क्या होता है, भवितव्यता वगैर कोई काम सिद्ध नहीं होता, दरियाव में तिरे चाहे जंगल में भटके क्रोड़ों भी यत्न करे अनहुई होय नहीं भवितव्यता होती है सो ही होता है, आम के वसंत में मांजर लगती है, कोई हवा से अथवा मनुष्य जानवर खंखेर भी देवे तो भी आम लगने हैं सो लगे ही जिधर की तरफ भवितव्यता होती है, प्राणी का मन उधर ही दौड़ता है सौ वर्ष उद्यम करे वह वस्तु नहीं मिले भवितव्यता के वश वगैर विचारे आय मिलती है, आठवां चक्रवर्त्ति सभूम दरियाव में डूबा, ब्रह्मदत्त बारमें चक्रवर्त्ति की आंख गोवाल ने फोड़ी, कृष्ण नारायण की द्वारिका जली, पांवों में बाण लगा, कोयल पर शिकारी ने बाण तका ऊपर से सिकरा तक रहा है, कोयल कूक रही है, हाय प्राण कैसे बचेंगे अकस्मात् बाण छूटा सो सिकरे के लगा, शिकारी को सांपने डंक मारा, कोयल के प्राण बचे यहां भी नियति बलवती रही शस्त्र से मारे आदमी भी जी जाते हैं और हजारों यत्न करने वाले मकानों में बैठे भी मर जाते हैं, इत्यादि बातों से नियतिवादी भवितव्यता सिद्ध करता है ३, तब कर्मवादी बोला—काल स्वभाव भवितव्यता से क्या होना

मिथ्यात्व है. धन्य है सर्वज्ञस्याद्वादी अरिहंत भगवंत जिसने यथार्थ न्याय सर्वांगनय से ठहराया. जैसे पांच अंधों ने एक हाथी के एक २ अंग पकड़ा सूंड, पकड़ने वाला लोह की डांतरडी घास काटने की उसकी शंकल वाला यह जानवर है. दूसरे अंधे ने कान पकड़ा सो बोला यह जानवर छाज जैसा है. तीसरे अंधे ने पांव पकड़ा सो बोला जाड़े मूसल जैसा यह जानवर है. पूंछ पकड़ने वाला अंधा बोला यह जानवर बुहारी जैसा है. पांचवां अंधा पीठ पर हाथ फेर के बोला यह जानवर मांचे जैसा है इत्यादि अपने २ हठ से पकड़े हुवे बाद से आपस में लड़ने लगे. यह अंधे कुल ग्राम के वासिंदे थे, पहलें इन्हों ने हाथी देखा नहीं था, इतने में हाथी का जानने वाला सूझता हुवा पुरुष आया उसने कहा क्यों लड़ते हो यह पांचों ही अंग का धारणे वाला एक यह हाथी नाम का जानवर है जो २ अंग तुमने पकड़ा है सो एक पक्ष सच्चा ही है बाद उन पांचों को पांचों ही अंग समझाय एक हाथी सिद्ध किया. इस दृष्टान्त मूजब संसार में पांच दर्शन हैं छट्ठादर्शन जैन सर्वज्ञस्याद्वादी का है, इसका न्याय सर्वांगसंपन्न अखंडित है. (प्रश्न) मनुष्य सर्वज्ञ होता ही नहीं, तुमने मताभिमान से अरिहंत को सर्वज्ञ लिखा है तुम्हारे तीर्थंकर थे तो मनुष्य ही हां विशेष बुद्धिमान कहो, सर्वज्ञ मत कहो. (उत्तर) अगर तुम प्रेक्षावान हो, और न्यायवंत हो तब तो समझ ही लोगे मैं न्याय वाक्यों से उनकी सर्वज्ञता तुम्हें सिद्ध कर देता हूं, सच्चा सदैव सच्चा ही है. कोई रागी द्वेषी न मानें तो क्या उनकी सचाई जाती है, सो कभी नहीं, प्रथम तो उन

पुरुष की मूर्त्ति ही सर्वज्ञ पना सिद्ध करती है कि ऐसी योग मुद्रा धारण करने वाला पुरुष अल्पज्ञ नहीं था तदउपरांत उन्हों के जीवन चरित्र से सर्वज्ञ पना सिद्ध है, संसार में भटकने की जड़ राग द्वेषादिक अठारह दूषण सो उन्हों का लेष भी केवल ज्ञान प्राप्त भये बाद उन्हों में नहीं था क्रोड़ानकोड़ इन्द्रादिक देवता जिस की सेवा करते थे. चौंतीस अतिशय, पैंतीस वाणी के गुण, आकाश में छत्र चमर देव दुंदभि आदि गुण और किसी देवों में नहीं था इस वास्ते तीर्थंकर केवली सर्वज्ञ थे. (प्रश्न) हम क्योंकर प्रतीत करें कि तीर्थंकर केवली सर्वज्ञ थे, न मालूम पीछे से तुम लोगों ने ऐसे अपूर्व गुण उन्हों के लिख लिये होंगे. (उत्तर) क्यों जी हमने लिख लिया होगा तो हम पूछते हैं और २ मतवादियों का हाथ किसने पकड़ा था कि तुम अपने इष्ट देवों का ऐसे गुण मत लिखो लिखा वही है कि जैसा २ गुण उन्हों में था और जैसा २ काम उन्हों ने किया था बस उन्हीं कामों के करने से उन्हों को ईश्वर माना है (प्रश्न) तुम को क्या खबर भई कि अर्हत सर्वज्ञ थे. (उत्तर) हम सम्प्रदाय परम्परा से सुनते आये हैं कि मन में जो कुछ जिसने विचारा उसको तीनों कालों की बात अर्हत परमेश्वर कहते थे इस उपरांत और यह आगम जो सिद्धांत है सो उन्हों का सर्वज्ञ वीतरागी पना सिद्ध करता है. उन्हों के कहे शास्त्र में किसी भी जगह स्वार्थ सिद्ध पना अथवा अपने शिष्य प्रशिष्यों की आजीविका सिद्धि नहीं लिखी है. केवल सर्व मोहादिक त्यागने से मुक्ति होती है ऐसा त्याग वैराग्य और दया की बारीकी का विचार विना जैन आगम

टाल और किसी मत के ग्रन्थों में नहीं है, न्याय इसका ऐसा मजबूत है सो किसी भी प्रतिवादी से खंडित नहीं हो सकता जैसे व्याकरण पढ़ा, व्याकरण पढ़ने वाले की परिक्षा कर सकता है. तैसे ही प्रेक्षावान न्याय वेत्ता उस सर्वज्ञ के आगम को सुन के पढ़के अर्हत परमेश्वर सर्वज्ञ थे ऐसा जान सकता है जिस परमेश्वर के वचन पूर्वा पर विरोध कर के रहित है बुद्धिमान डाक्टर बुहलर ऐसा लिखता है. जैन के तीर्थंकर श्री महावीर तो दूर रहा लेकिन जैन धर्म का एक आचार्य श्री हेमचंद्र के साढ़े तीन क्रोड़ श्लोकों की रचना शब्दानुशासन देख के मेरी कलम सर्वज्ञ लिख सकती है ऐसा बहुत से अंगरेजों ने निश्चय किया है. नाम कहां तक लिखें और विद्या से हीन हैं तथा पक्षपाती हैं, उन्हों को तो क्या खबर होय. (प्रश्न) दूसरे धर्मों में क्या पण्डित हुये नहीं, या हैं नहीं उन्हों ने तो अर्हत को सर्वज्ञ नहीं लिखा. (उत्तर) जो वे अर्हत को सर्वज्ञ माने तो दूसरा धर्म ही उनके क्यों रहे. मिथ्यात्व मोहनी के उदय से उन्हों को यथार्थ सूझा नहीं जैसे सन्निपात रोगी को पांडु रोगी को सफेद वस्तु भी अन्य रूप से दिखाई देती है और फिर मत पक्ष से इतना विरोध जाहिर किया कि जैन मन्दिर में नहीं जाना, हाथी से मरना कबूल, ऐसे द्वेषी अर्हतागम कब सुने और बांचे जिन २ पुरुषों ने देखा वा सुना उन्हों ने तो समझ ही लिया गौतमादिक चौदासौ तेतालीस सौ ब्राह्मण, शय्यंभवभट्ट हरिभद्रमलयगिरि गुसांई आदिक अनेकों ने, वगैर जाने बूझे किसी को झूठा नहीं कहना और निन्दा तो किसी मत की भी नहीं करना. निन्दा महा पाप

सृष्टिक्रम ॥

का हेतु है जैसे हरि भद्राचार्य ने लिखा है. " यतः पक्षपात नमेवारे, न द्वेष कपिलादिषु, युक्ति मद्वचनंयस्य, तस्यकार्यः परिग्रहः " १ हमने तो सर्वांग संपन्न सर्वज्ञ का शास्त्र देखा और उस में जो २ कथन हैं सो मात्र सिद्धांत है, संसार में सर्वोत्तर ज्ञान उस ने ही प्रकट करा उस में ही यह आयुर्वेद है, यद्यपि वीत रागी हुये बाद फिर संसार कथा नहीं विचारते पूछे जिसका प्रत्युत्तर सर्वज्ञ निश्चय देवे बाकी तो षट शास्त्र आठ निमित्त उन्हों के उपदेशित मोक्ष मार्ग साधक धर्मोपदेश में मिला हुवा है, " किंहुना " इस बात को समझना यह समझना चाहिये जीव और शरीर का आरोग्य संबन्ध है व तक सब काम चलता है सो अपने देखते हैं. जीव शरीर में निकल के जाता है और क्या २ कार्य करता है. सो नहीं दी इस वास्ते सारी मुदारडीला सुं छे यह लिखावट सच्ची है. और प्रकृति से बुद्धि और मन का सहचारी पना है. पांच इन्द्री, है जैसे चमडी से स्पर्श का, १ नेत्र से रूप का २ पांचों का ज्ञान प्रकट है, कर्मेंद्रिय से बोलना, पकड़ना. चल करना, और मल त्याग करना सो. वाणी १, हाथ २, लिंगेंद्री ४, गुदा ५. यह जानना. जल १, अग्नि २ पृथ्वी ४. और आकाश ५, इन पांचों में जो २ गुण रहे इस शरीर में मालूम देता है. बाहिर जो इन्द्रियों की देती है, सो ज्ञान इन्द्री नहीं है इन्हों के अन्दर जो २ काम करती है ज्ञान इंद्रिय वगैरह

जो अन्दर ज्ञान इन्द्रियों और कर्म इन्द्रियों कुदरत का काम देने वाली ज्ञान तंतु और गति तंतु है सो ज्ञान इन्द्रियों और कर्मेंद्रियों का काम देती है ऐसे शरीर में जो आत्मा ने निवास किया है, इस जीव के बाबत अनेक मतांतरियों ने संकल्प विकल्प किया है. जीव है सो क्या चीज है. इसका प्रत्यक्ष प्रमाण तो कुछ नहीं. कोई तो कहता है शरीर में से चलती रसायणिक क्रिया में से उत्पन्न भया चेतन है. इस प्रश्न के करने वाले चार्वाक् बृहस्पति नाम के आदि में भये हैं. यह प्रश्न बहुत कठिन है इसका शंका समाधान नन्दी सूत्र की टीका में बहुत है, पदार्थ वादियों के मत में भी यही बात है शरीर और चेतन जुदा २ नहीं है. शरीर में खून है सो जीवन है और इस खून का फिरना दूसरा जो चेतन वाला पदार्थ उसके ऊपर आधार रक्खे है, वह पदार्थ प्राणवायु है. अंगरेजी में उसको आक्सिजन कहते हैं, यह प्राणवायु खून को साफ करती है. इस से प्राण धारण रहता है, इस वास्ते वैद्यक में इस वायु का नाम सार्थक धरा है. यह प्राणवायु शरीर की क्रिया वास्ते जितनी चाहिये इतनी नहीं मिले, तब शरीर का चेतन कम पड़ जाता है, और बिलकुल नहीं मिले तब शरीर की सब क्रिया बंद हो जाती है, उसको मौत कहते हैं, जिस में जीवित तत्व कम होता है, उस में चेतन वाला खून कम होता है. शुद्ध और प्रमाण वाले खून से मनुष्य में चेतन और बल जियादा होता है जो आदमी नाताकत और दुबले होते हैं, उसका भी यही कारण है. लम्बी उमर और कम उमर भी इसी खून से तासीर रखती है, कितनेक आदमियों का

जीव एकाएक कोई भी बीमारी बनते ही निकल जाता है और कितनेक रोगों में जिंदगी का अंश क्रम २ से कम होता जाता है और चेतन कम होता २ आखिर बंद हो जाता है. आत्मवादी कहता है जीव शरीर जुदे २ हैं, आत्मा परमात्मा रूप है, लेकिन प्रकृति से बंधा भया वीर्य और स्त्री के आर्त्तव का आहार पर्याप्ति करता शरीर पर्याप्ति बांधता है, इस वास्ते जीव कहलाता है पीछे इन्द्रिय पर्याप्ति ३ फिर सासोश्वास पर्याप्ति बांधता है ४, मन पर्याप्ति ५, और भाषा पर्याप्ति ६: ऐसे छः पर्याप्ति मनुष्य बांधता है. ६ कई एक पदार्थवादी ऐसा कहते हैं, जीव कहां से आय के प्रवेश नहीं करता है. वीर्य में और स्त्री के आर्त्तव में रहे भये जीव हैं सो ही प्रवेश करते हैं उस पर ऐसा दृष्टांत देते हैं जैसे सूरज की किरणों में अग्नि है और सूर्य कांतमणी में भी अग्नि हैं ये दोनों अलग २ होय जहां तक बादर (थूल) अग्नि पैदा नहीं होती इस दृष्टांत मूजब रज और वीर्य में रहे जीव ही पैदा होता है इति. वह जीवात्मा सर्व विषयों को जानता है क्योंकि ज्ञानानंद पूर्ण पवित्र है इस वास्ते जीभ से पांच रस. अथवा छः रस जानता है. आंख से पांच रंग, नाक से सुर भी गंध १ दुर्भी गंध २. कान से जीव शब्द १ अजीव शब्द २ और इन दोनों से मिल के निकले सो मिश्र शब्द ३ जानता है. स्पर्श ८ ठंडा १, गर्म २, हलका ३, भारी ४, सुंहाला ५, सरधरा ६, लुखा ७ और चुपड़ा ८ इत्यादि इन्द्रियों द्वारा इन स्वरूपों का भोक्ता बन रहा है. अब पुरुषों स्वभाव ३ तरह होता है और ६ तरह का भी होता है लेकिन यहां तीन का स्वरूप दिखाते हैं. सत्वगुणी प्रकृति, धर्म दयावंत

आस्तिक पना नव तत्वों पर, उदारता सम्भावना क्रोध रहित पना सत्यवचन बुद्धिवान् धीरज क्षमा ज्ञान सरलपणा निंदा बिकथा अशुभ कर्म करता शंके इच्छा रहित करे बड़ा विनयवान १, रजोगुणी प्रकृति, क्रोधी दूसरे को मारने की इच्छा सुख की अधिक २ इच्छा करे, कपटी कामी बुरे वचन बोलने वाला अधैर्य अहंकार और भटकने की इच्छा २ तमोगुणी प्रकृति, नास्तिक पना, स्वर्ग नरक मोक्ष पुण्य माने नहीं बहुत खेद बड़ा आलस्य दुष्ट बुद्धि अति निंदित काम अति निंदित सुख में प्रीति बहुत नींद अज्ञान अति क्रोध महा गर्व पना पहली १५८ प्रकृति में यह सब आ गया है तो भी जियादा समझने को यहां फिर लिख दिया है इस में फिर कोई में दोय गुण की प्रकृति कोई में तीनों हो मिले भये इत्यादि अनेक भेदों के मिले भये भी मनुष्यो की प्रकृति देखने में आती है आत्मा है सो शरीर रूपीघर का राजा है प्रकृति से बंधा हुवा इस से सर्व व्यवहार करता है शरीर बिना पहचाने नहीं जाता जीव बिना शरीर कुछ कार्य नहीं कर सकता इस राजा के सब कामों में इधर उधर फिरने वाला मनरूपी प्रधान है सारा सार बात को समझाने वाला अंतः-करण रूपी न्यायाधीश है और बुद्धि चित्त वगैरा उसके सलाहगीर हैं. जहां तक ये सब कारबारी अपने २ योग्य रीति का काम बजाते हैं वहां तक शरीर का भोक्ता जीव राजा बहुत वर्षों तक सुख और आनंद से राजधानी भोगता है जब पूर्वोक्त कार बारी अपना २ धर्म भूल कर अयोग्य रीति पर चलने लगते हैं तब शरीर रूप घर में बड़बड़ अर्थात रोग पैदा होता है उस बलवे को दबाने को जीवात्मा

आप उपाय नहीं करता है तब शरीर की दशा बिगड़ती है, जैसे टूटा हुवा किल्ला निरुपयोगी होने से उस में रहने वाला राजा छोड़ दूसरे मजबूत किल्ले का आसरा लेता है इस तरह यह जीव बिगड़े शरीर को छोड़ बड़ा दुःखी होकर निकल कर दूसरे शरीर की रचना रचता है, शरीर में सुख होने से जीव सुख मानता है और शरीर के दुःख से दुःख लोग कहते हैं. जीव है सो शरीर रूपी कैद खाने में पड़ा है, सच है, जिस शरीर में वह दुःख पाता है, तो वह कैद खाने से भी जियादा दुःख की जड़ है और जो सुख पाता है तो यही शरीर सुख शांति का भुवन हो जाता है और इसी शरीर रूपी प्रकृति (कर्म की) उपाधि छोड़ मुक्ति प्राप्ति कर लेता है, शरीर से भव भ्रमण भी पैदा कर लेता है. स्वर्ग और नरक भी शरीर से ही जीव बांधता है, उमर की कुछ मुद्दत नहीं है तो भी इस वक्त सौ वर्ष की उमर गिनने में आती है. इस मध्य क्षेत्र आर्यावर्त्त आश्री, सुख से शरीर का निरभाव चले तो, नहीं तो थोड़े ही मुद्दत में पूगकर निकलता है, जैसे भोजन कर दौड़े भोग करे तेल मसलावे पगचंपी करवावे, स्नान करे, अथवा भोजन कर दिन को सो जावे, इन बातों से उपक्रम लग के उमर पूरी थोड़ी मुद्दत में ही कर गुजरता है, इत्यादि आयुक्षय करने का अनेक बरतावा है आगे दिन रात्रि चर्या में लिखेंगे. उस मूजब चलना, इस संसार में चिंता शोग दुःख और रोग वगैर का विरला आदमी होगा यह सब खराबी की जड़ अज्ञानता है और यह अज्ञानता जीव ने ही कर्मों के संबन्ध से पहली बांधी है, इस वास्ते शुभ उद्यम से शरीर का

सुखदाई योग में आत्मा को बहुत मुद्दत तक कायम रखना यह अपना फर्ज है, फिर शुभ कर्त्तव्य करता हुवा परमेश्वर पद को प्राप्त करना. (प्रश्न) तुमने पेश्तर लिखा है सुख दुःख कर्मों से होता है. फिर आरोग्य शरीर को रखना, परम पद का उद्यम करना लिखते हौ. (उत्तर) हे मित्र ! हमने तो सब लिखा है तुम अच्छी तरह विचारो कर्म किस का नाम है, किया जाय सो कर्म वह तो उद्यम जीव से ही होता है, पांच समवायों में हमने सिद्ध कर दिया है कोई भी काम पांचों समवाय मिले बगैर नहीं होता, इस उपरान्त फिर तुम्हें समझाते हैं. सर्वज्ञ भगवान् कहते हैं कहां तो कर्म बलवान होता है तो जीव को दबा लेता है, कभी जीव बलवान होता है, तब कर्म को हटा देता है. शरी में सब दोष बराबर हैं, तब तक तो रोग नहीं होता, गर्म और ठंड बराबर है, २ तो व्याधि नहीं होती, ठंड बधेगी तब तो कफ, और वादी की बीमारी होती है, गर्मी बधने से पित्त की, पहली कहे भये तीन गुण में से एक सतोगुण भी आनंद देता नहीं. इसी तरह रज और तम भी आनंद देता नहीं, संसार में जो फक्त शांति पने कर बैठे रहते हैं, वह भी सुखी नहीं हैं और जो कोई बुद्धि विगर तामसी स्वभाव रखकर आलसु होय ऊंघते रहते हैं जैसे फक्त मीठा अन्न ही को खाया करे और वह पोषण कारक वस्तु है, तो भी फक्त सतोगुणी होने से आनंद नहीं आता उस के साथ रजोगुण वाला दाल, साग और तमोगुण वाला मिर्ची मसालों का स्वाद होता है तभी जिह्वा इंद्रिय मजा पाती है, रजो गुणी शक्कर में मीठा ज्यादा लड्डू वगैरः में जियादा डाला जावे तो मिठास जियादा होने

के सबब खाया नहीं जाता और तमोगुणी आटा जो जियादा डालने में आवे और शक्कर कम डालने में आवे तो वायु जियादा होकर पचे नहीं तब दस्त की बीमारी पैदा होती है इस तरह जगत में जहां देखो तहां समानता अथवा योग्य प्रमाण में ही स्वाद देखने में आता है और जहां २ प्रकृति का हीन योग अथवा अति योग देखने में आता है, वहां एकता समानता और सुख का नाश देखने में आता है, जैसे अपने हिंद के मनुष्यों में सतोगुण का अति योग दाखिल भया जिस से सब पृथ्वी की प्रजा को सब के पिछाड़ी रहना पड़ा, जिसमें भी अग्रेश्वरी वणिक जाति, जब तक तीनों गुण जगह की जगह वरतते थे तब तक यह दशा हिंद की नहीं थी. संसार से जिन्हों ने विरक्तता धारली है, उन्हों में तो पूरा सतोगुण ही चाहिये सो भी विरले हैं. रजोगुण के अति योग से मुसलमानों की बादशाही टूट गई, तैसे ही यूरोप की प्रवृत्ति पूजा, प्रजा की घटती का वक्त चला आता है और तमोगुणी पने से पहाड़ों के बाशिंदे भील वगैरः हमेशा दुष्ट बुद्धि करके वह जंगली हालत में जिंदगी गुजारते हैं, जिन लोगों में सतोगुण का अति योग है वहां अप्रवृत्ति अर्थात् कम उद्यमी पना अथवा संसार से विरक्तता के कारण दरद्रि पना देखने में आता है, ऐसा होना चाहिये जैसे राम सतोगुणी न्याय-संपन्न दयावंत थे परंतु रावण अन्याई पर कैसा रजोगुण और तमो-गुण बतलाया और जहां रजोगुण का अति योग है, वहां भी थोड़ा उद्यमी पना अथवा संसार में बहुत अनुराग (प्रेम) होने से भी दरिद्री पना देखने में आता है फिर वहां राग, द्वेष, कुसंप, क्लेश,

झूठ, कपट और कजिये की वढ़ौतरी देखने में आती है और जहां तमोगुण जियादा है, वहां बुद्धि का भ्रष्ट पना, अधम पना अति क्रोध, वहुत आलस्य ओर वहुत अज्ञान पना देखने में आता है और जहां पर इन तीनों की समानता है और जितने २ अंशों करके यह तीनों गुण रहे भये हैं, इतने मात्र ही सुख संपत्ति शांति अच्छा उद्यम देखने में आता है. हिंदुस्थान की प्रजा में अंदर २ कुसंप देश में कुसंप जाति में कुसंप न्यात में कुसंप कुटुम्ब में कुसंप आखिर घर में कुसंप और शरीर में भी कुसंप यह तीनों ही प्रकृति की असमानता सब तरह के विगाड़ का हेतु है. वास्ते प्रकृति का एक पना और समानता यत्न से रखना यही अपना कर्त्तव्य है यही सुख की जड़ है, यही निरोगी पना है, यही वैद्यगी का सार है. शरीर और मन में प्रकृति का फेर फार नहीं होने देना यही वैद्य विद्या का पहला कर्त्तव्य है और अज्ञान पने से अथवा पूर्व कृत पाप कर्म के उदय से प्रकृति विगड़े वाद उसको समानता लाने का यत्न करना यह वैद्य विद्या का दूसरा कर्त्तव्य है, रोग मिटाने के अथवा पहली से रोग होवे ही नहीं ऐसे उपाय आगे वताये हैं जिसको वेर २ ध्यान में रखने की जरूरी है, जिसमें भी रोग मिटाने के उपायों से रोग आवे ही नहीं ऐसी विधि से चलने की विधि को ध्यान में लाने की वहुत जरूरी है इस ग्रंथ में अच्छी तरह से यह वात लिखी है ॥

इति श्रीमद्जैन धर्माचार्य संग्रहीते उपाध्याय राम ऋद्धिमारगणिः विरचिते वैद्यदीपक ग्रन्थे सृष्टि-वर्णनो नाम प्रथमः प्रकाशः ॥ १ ॥

प्रकाश दूसरा ॥

किरन पहली, शरीर ॥

शरीर की रचना का विस्तार और सूक्ष्म ज्ञान मात्र ग्रन्थ वांचने से नहीं मिल सकता है, सब वैद्य लोग शरीर का सूक्ष्म ज्ञान समझ नहीं सके ऐसा भी नहीं हो सकता तो भी अशक्य है तो भी सामान्य ज्ञान तो हर मनुष्यों को समझना चाहिये, दूसरी विद्या का अपने चाहे जितना सूक्ष्म ज्ञान सीख भी लिया, लेकिन जहां तक शारीरक विद्या संबन्धी थोड़ा भी ज्ञान नहीं सीखा तहां तक मनुष्यों की पर्षदा में तथा ज्ञानियों की सभा में अपने पिछाड़ी ही है, ऐसा मानना चाहिये, इस वास्ते यह विद्या की वाकिफकारी होने को क्यों जुदे २ ग्रन्थ वांचने की तसदी लेते हो जो वर्णन शरीर संम्बधी इस ग्रन्थ में किया है, उसमें से सामान्य ज्ञान तो वांचने वालों को जरूर ही होगा ऐसी आशा है ॥

गर्भ की उत्पत्ति ॥

जो बाहर की शकल देखने में आती है, उनके वर्णन करने की जरूरी नहीं दिखती. शरीर जीवात्मा का एक घर है और घर

के अंदर जितनी तैयारी होती है, तैसी ही इस शरीर में सब तरह का साधन मौजूद है, मनुष्य का शरीर यह कुदरती अद्भुत कर्मों की रचना का एक उम्दा नमूना है, जैसे आदमी जड़ पदार्थों से घड़ियाल में चलने की शक्ति धर देता है, तैसे शरीर रूपी घड़ियाल में चेतन का उद्यम प्रकृति रूप जड़ पदार्थ से बना हुवा है. ज्ञान और गमन करने वाला जीव है, जैसे घड़ियाल का चक्र घस जाने से अथवा अकस्मात् कोई कारण बनने से चलते चक्र अटक जाते हैं उस ही तरह यह शरीर रूपी घड़ियाल भी बन्द पड़ जाती है कर्म रूप का सहचारी चतुर कारीगर चेतन का बनाया घड़ियाल जो शरीर सो मनुष्य वह भी स्त्री पुरुष के संयोग से बनाता भी है और नहीं भी बना सकता तो एक हिसाब मनुष्य से शरीर की रचना की कारीगरी किसी किस्म रच के जीवात्मा नहीं डाले जाता यह कुदरती मामला है, तो भी इस घड़ियाल का संचा और काम और उसके चक्र को पण्डितों ने उखेल २ कर उसका सूक्ष्म ज्ञान मनुष्यों ने समझ लिया है. विचार तो यहां तक है कुदरती कारीगरी के संचे में कोई हरज पहुंचा होय तो मनुष्य की अकल और चातुरी शक्ति बने जहां तक सुधार तो सकती है यह भी काम मनुष्य बुद्धिवानों का कम नहीं है, जिस से वह शरीर रूपी घड़ियाल बहुत दिनों तक चल सकती है, ऐसी तजवीज कर सकता है इतने वर्षों तक इस शरीर घड़ियाल का जितना ज्ञान मैंने प्राप्त किया सो सबों के समझने वास्ते लिखता हूं ॥

गर्भ की उत्पत्ति और वृद्धि ॥

गर्भ में यह शरीर किस क्रम से बंधता है और वृद्धि पाता है सो पहले जानने की जरूरत है, इस में वह तो बड़ा बारीक विचार है कि गर्भ किस तरह पैदा होता है सो तो पूरा समझना बड़ी कठिन बात है अपने लोगों में यहां तक अजान पना गतानुगत गडर प्रवाह से चला आता है और बगैर इस शरीर विद्या के अजान होने से इन २ बातों को सच्ची भी मानते चले आये जैसे कि हनुमान जी कान में पैदा भये, नासकेत जी नाक में, कीचक बांस की भूंगली में, मानधाता राजा पुरुष के गर्भ पेट में, रह गया इत्यादिक अनेक गपोड़ों को मानना और कहना उसको फलाने का शाप था और कहीं किसी का वरदान था यह सब बातें गधे के सींग मुजिब है. (प्रश्न) क्यों जी यह ऐसी २ बातें तो प्रमाणिक शास्त्रों में लिखी है, वह झूठ कैसे हो सके. (उत्तर) क्या कागज पर जो कलम से लिखा गया सो सब सच्चा ही है. ऐसा अगर माना जायगा तब तो जिसके मन में आवे वह वैसा ही लिख के आप सत्यवादी और आप अपने चोरी झूठ बोलना जीव घात पने आदि कुकर्मों को भी अपने सत्कर्त्तव्य में लिख के ठहरा लेगा और यहां तक भी लिख लेगा कि मैं ही परम पूज्य अंतरयामी ईश्वर हूं. (प्रश्न) नहीं २ ऐसे लेखों को बुद्धिमान् बुद्धि से तपास करके फिर सच्चे को सच्चा और झूठे को झूठा मानेंगे. (उत्तर) तो बस तुम्हारे ही वचन और समझ से ही इन्साफ हो गया. कि समझ से न्याय लेना

वचनों को मानना कान में, नाक में, बांस में, और पुरुष के पेट में गर्भाशय संबन्धी स्थान और पुरुष के वीर्य और स्त्री का रज (आर्त्तव) गर्भ को बधाने की वायु आदि पदार्थ वगैर औरत और मर्द के संयोग से और स्त्री के गर्भ रहने की पोलार और शरीर में किस जगह है, इतना जब तुम समझोगे तो फिर समझ ही लोगे कि यह बात कभी नहीं हो सकती, जोकि कान, नाक में गर्भ रहे. (प्रश्न) क्यों जी ऐसे शास्त्रों के बनाने वाले क्या शारीरक ज्ञान समझते नहीं थे, सो ऐसी २ बातें लिख दी. (उत्तर) हम ऐसा क्योंकर कह सकते की वह नहीं जानते थे या जानते थे लेकिन इतना तो हम जरूर कह सकते हैं कि शरीर विद्या के अजान बांचने वाले और उन शास्त्रों के सुनने वालों की परिक्षा तो उन्हों ने जरूर कर ही डाली है, उन्हों ने विचारा होगा कि देखिये श्रोतार और वक्ता कैसेक अकलबन्द हैं, सो सुण के या बांच के " हरेनमः तहत्त " ऐसा कहते हैं, या कुछ तर्क भी करते हैं, जो तर्क करेंगे तब तो बुद्धिमान् हैं, ऐसा समझा देंगे और नहीं किया तो समझा जायगा कि भैंस के सामने गीत नाद करने जैसी कथा होगी ऐसी कुतूहलों की बातों से राजी होकर हमारी सेवा तो तन, मन, धन से जरूर ही बजावेंगे. " अलंविस्तरेण " और पदार्थ विद्या वाले ऐसा भी कहते हैं, मंत्र या तंत्र से या देवता सिद्ध पुरुषों के बरदान से कुछ सन्तान नहीं होता, यह वचन निश्चयनय के आश्रय का है, जिस जिस जगह पांचों समवायों में से कोई भी समवाय की कमी रहेगी वहां तो होगा नहीं लेकिन मंत्र, तंत्र और सिद्ध पुरुषों का आगे

इस के सन्तान होगा ऐसे ज्ञानद्वारा निकला जो वचन वह झूठ होता नहीं, जैसे ज्योतिष् के गणितद्वारा ग्रहण, तारों का उदयास्त, पृथ्वी-कम्प आदि अनेक बातों को पहली कहते हैं और वह ही बात उसी दिन होती है, जैसे सामुद्रक से या कोक वात्सायन के लेख से बात मिलती है. दोहा—"छिद्रदंता कोई इक मूरख, कोई इक निरधन टाट का। रूपवन्ती कोई इक सीता, कोई इक काना साधका" (प्रश्न) क्यों जी! यह लक्षणों वाले ऐसा होते हैं तो फिर कोई इक शब्द क्यों दिया. (उत्तर) इन लक्षणों का विरोधी और कोई लक्षण ज़ियादा बलवान् उन्हों के शरीर में पड़ा होवे तो इन बातों को रोक देता है, इस वास्ते कोई इक ऐसा शब्द धरा है. इस अपेक्षा मन्त्र, तन्त्र, देव सिद्ध पुरुषों के वचन और पूर्वोक्त पांचों समवाय स्त्री पुरुषादिकों का शुद्ध संयोग गर्भोत्पत्ति का कारण है ॥

निश्चय सिद्धांत है पुरुष और स्त्री के सम्बन्ध से ही गर्भ पैदा होता है पंचेंद्री तिर्यंच और मनुष्यों का तो और एकेंद्री से लेकर चोरेंद्री जीवों की उत्पत्ति तो विना माता पिता के गर्भ वगैर समूर्छिम अनेक कारणों करके उत्पत्ति है सो प्रकट ही है. एकेंद्री किसे कहना आखिर पंचेंद्री तक किसे कहना यह संक्षेप समझ जीव-विचार प्रकरण से सीखो. पंचेंद्री समूर्छिम मनुष्य तिर्यंचों के विष्ठा और मूत्रादि चौदह जगह पंचेंद्री मनुष्य और तिर्यंच भी कम शरीर अंगुल के असंख्यातमें भागवाले पैदा होते हैं, तुरन्त ही मर जाते हैं. चर्मचक्षुवालों को दिखाई नहीं देता, सर्वज्ञों ने ज्ञानद्वारा देखा थोड़े बहुत बुद्धिमानों के उद्यम से खुर्दबीन कांचद्वारा भी

दीखने लगा यह भी सर्वज्ञ भगवान् की सर्वज्ञता सिद्धपना प्रत्यक्ष आज के जमाने में प्रतीति करने लायक जाहिरा भई, उन्हों ने तो पहले ही से कहा था कि वीर्य और खून वगैरों में जीव है परन्तु मिथ्यात्वी कहते थे यह जैनों का गपोड़ा है, लेकिन खुर्दबीन बनाने वाले बुद्धिमानों ने तो सर्वज्ञ का वचन सत्य २ कर बतलाया. (प्रश्न) क्योंजी तुम्हारे सर्वज्ञों ने तार, बिजली, रेल, खुर्दबीन, फोनोग्राफ वगैरा क्यों नहीं बनाये, फिर सर्वज्ञता कैसी. (उत्तर) तुम को यह तो खबर है ही नहीं कि सर्वज्ञ कैसे होता है. घनघाती कर्मों के क्षय करने से तो केवलज्ञान होता है संसार का कोई भी काम उन्हों के करना बाकी नहीं रहा सो संसार का काम करें और करावें फक्त उन्हों के तो आप संसार से तिरना और सत् उपदेश देके जीवों को तारना इतना ही वह शरीर रहा जहां तक था तुम वहां तक क्यों जाते हो. यह सर्व विद्या श्री ऋषभदेव सर्वज्ञ नहीं भये थे और तीन ज्ञान युक्त थे गृहस्थपने में ही थे जभी उन्हों ने बहत्तर कलायें चलाय दी थी. जो कुछ कलाविज्ञान तुम को आज के जमाने में देख के आश्चर्य होता है वह सब बहत्तर कला के अन्दर ही की है. (प्रश्न) अगर अन्दर की है तो यहां इन बातों का प्रचार क्यों नहीं रहा ? (उत्तर) कई बातें कोई वक्त प्रकट हो जाती हैं कोई वक्त लोप हो जाती हैं. (प्रश्न) हम तो यही जानते हैं यह विद्या पहले यहां नहीं थी इस वक्त अन्य देशांतरी बुद्धिमानों ने प्रकट की है, प्रत्यक्ष देखें हम तो वही सच्ची मानते हैं. हक नाहक आर्यावर्त्त वालों की कलाकुशलता आगे ऐसी २ चीजों की थी सो

हम कैसे मानें . (उत्तर) हम तुम्हें पूछते हैं क्या तुम प्रत्यक्ष टाल और कुछ प्रमाण नहीं करते हो अगर नहीं मानते हो तो बतलाओ तुम्हारा परदादा था या नहीं, दूर से धुआं देखते हो, अग्नि नहीं दीखती तो वहां पर अग्नि है, ऐसा मानते हो या नहीं, दरियाव का यह पार तो देखा है, पहला पार तो किसी ने देखा नहीं इस वास्ते पहला पार है या नहीं. इत्यादि अनेक बातों को नहीं देखा है, सो मानते हो या नहीं. (प्रश्न) यह बातें तो हम मानते हैं. अनुमान प्रमाण से, वह हमारा अनुमान प्रत्यक्ष से सम्बन्ध रखता है, जैसे हमने रसोई में अग्नि का धुआं देखा है, तब हम को अनुमान भया है कि जहां धुआं दिखाई देवे वहां जरूर अग्नि होती है. ऐसे ही बहुतों के परदादे हमने प्रत्यक्ष देखे हैं, इस से अनुमान होता है कि हमारा परदादा भी जरूर होगा. ब्रह्मपुत्र, सिंधु, गंगा वगैरः नदियों का पहला पार पांच चार दिन नाव में बैठ के जाने से देखा है इस वास्ते अनुमान करते हैं कि दरियाव का भी पहला पार होगा लेकिन तुम किस अनुमान से कहते हो कि हमारे आर्यवर्त्त में इत्यादि अनेक कलाकुशलता मौजूद थी. (उत्तर) हमारा अनुमान भी प्रत्यक्ष से सम्बन्ध रखता है कि हमारे इस आर्यावर्त्त में बड़ी २ चमत्कारिक विद्या थीं, सुनो ! प्रथम तो हमारे देश में ऐसी कहनावत है कि " पानी की रेल कैसे जोर से चल रही है, फलाने आदमी की बात क्या तार बंधी है. अर्थात् क्या तार बंधे बात करते हैं " इस से अनुमान होता है कि इस संसार में जो २ उपमा देने योग्य चीज होती है उस ही की उपमा दी जाती है, आकाश के फूलों की उपमा या

मनुष्य के सींग की उपमा नहीं दी जाती अर्थात् जो वस्तु होती नहीं उसकी उपमा किसी जगह भी नहीं सुनी. दूसरा हमारा यह अनुमान प्रत्यक्ष से संबन्ध रखता है, हमारे इस देश के कारीगरों की बनाई भई अनेक चीजों को पहले अपने देश में ले जाते हैं, फिर उसी नमूने को देखकर बनाके यहां भेजते हैं, हमने देखा है जैसे ढाकाई मलमल का नमूना देख इकतारी मलमल बनाई, काश्मीरी दुशाले के नमूने पर ऊनी कपड़े बीकानेर से चमड़े की कुप्पियां रंगीज के विलायत जाती हैं, इत्यादि कहां तक लिखें नजर पसार के देखो. इस देश में बायता चंदेरी के दुपट्टे आदि कैसे २ कपड़ों की कारीगरी थी. आज बनना बन्द हो गया तो भी ८० वर्ष के आदमियों ने पहरा है और देखा है तो इस वक्त नहीं बनने के सबब उसकी क्या नास्ती मानी जायगी, परदेशियों की चीज की रमणीक और दाम कम, इस वास्ते लोग लेते हैं तब यहां वालों की वस्तु बिकती नहीं तब करना बन्द भया लेकिन इन देशी परदेशियों की चीज एक भाव पड़ती है इस के दाम जियादा, ज्यों चले भी जियादा, परदेशी कारीगरी कलों की चीजें टूटे फूटे फटे बाद कोई काम नहीं देतीं, बुद्धि से विचारो बहुत कारीगरी के मकानात और अनेक वस्तुयें तो दंगे फिसादों में जाहिलों ने मिट्टी में मिला दीं रहे खये भी आबू के जैन मन्दिरों की कोरणी, ताजबीबी का रोजा क्या देखने से बड़े २ विद्वान अंगरेज भी चकराते हैं और इस का नमूना नहीं बन सकता, बहुत नमूने रूप चीजों को अंगरेज सर्कार लण्डन ले गये तीसरा हमारे पास आगम प्रमाण कलाकुशलता का मौजूद है,

वसुदेव हिंड चरित्र में कल का हाथी एक पहर में सौ योजन चलने-वाला बनाकर भेजा गया था उस के पेट में आदमी बैठाये गये थे. यह ग्रन्थ अढ़ाई हजार वर्ष का बना मौजूद है. राजा अशोक चंद्र का चरित्र, कल से चौदह रत्न स्वतः चलने के बनाये गये थे. रामचंद्र और कृष्ण के वक्त विमान चलते थे सो रामायण और प्रद्युम्नचरित्र से साबित है. हमारे ग्रन्थों में तो विद्याधरों की बहुत ही कला-कुशलता का बयान है. कहां तक लिखें उस कलाविज्ञान के करोड़ में हिस्से की विद्या फैलनी नहीं है (प्रश्न) ग्रन्थों में तो कविताई का दखल बहुत है थोड़ीसी बात का विस्तार और बड़ाई बहुत की है उन सबों को सच्चा कैसे मानें. (उत्तर) कविताई का दखल नगरी राजा रानी हाथी घोड़े आदि पदार्थों में जरूर है सो तो साहित्य की मर्यादा है, अलंकार, नव रसादि रस बगैर साहित्य और ग्रन्थों की शोभा नहीं दीखती लेकिन वह उपमा सत्य ही माननी चाहिये, जैसे उवाईसूत्र में चम्पा नगरी का वर्णन, तैसे मुम्बई, कलकत्ता, जैपुर आदि शहर प्रत्यक्ष हैं, राजा अशोक चंद्र का वर्णन तैसे आज है ॥

इस तरह कोई बात उस वक्त जियादा थी तो कोई बात इन्हों में जियादा है, इस तरह तारतम्यता पुण्य के फरफार से मनुष्यों में होती ही है, जैसे दोहा—" पाग भाग सुकृत प्रकृत वाणी चाल विवेक. अचर लिखे न एकसा देखो मुल्क अनेक" यह तो सब एक सरीखे होते ही नहीं और इन वर्णन ग्रन्थों को सुन के अपनी २ उन्नति का कर्त्तव्य भी चारों वर्ण के बुद्धिमान सभ्य के करने भी लग जाते हैं अपनी २ हैसियत मुजब. जैसे हमारे बीकानेर के

राजाधिराज महाराज श्रीमान् गंगासिंह जी बहादुर ने अपने पूर्वज वीर पुरुषों का चरित्र सुन के छोटी ही उमर में वीर पुरुषों के अग्रेश्वरी बनकर चीन पर चढ़ाई करी और मान पाया, इस वास्ते ग्रन्थों का वर्णन भी हितकारी है व्यर्थ नहीं समझना और जो जो यथार्थ इतिहास हैं सो तो जैसा भया वैसा ही लिखा है, उदाहरण कृष्ण ने गोवर्द्धन पर्वत उठाया यह तो सच्ची बात है, इन्द्र का मानहरण ईश्वरता का कर्त्तव्य, यह कविताई का दखल कहो या यकीन लाना तुम्हारी श्रद्धा पर है इसी तरह जो २ इतिहास में यथार्थ है सो और उसका वर्णन जुदा २ स्वतः बुद्धिमान् समझ लेते हैं जिस में अलंकार नहीं वह ग्रन्थ शून्य है, जैसे शृंगाररहित सधवा स्त्री. (प्रश्न) हम तो ग्रन्थों की सब बातों पर यकीन नहीं लाते, मानने योग्य होय तो मान भी लेते हैं. (उत्तर) हमारा भी यही सिद्धांत है, यथार्थ ही को हम मानते हैं, लेकिन जिन बातों पर न्याय से प्रमाण ठहरा है, अथवा उस ग्रन्थ का रचयिता क्रोध लोभ से रहित था, ऐसों के वचन हम प्रमाण करते हैं, वह चाहे आगम प्रमाण ही है, प्रत्यक्ष अनुमान से संबन्ध भी नहीं रखता होय, जैसे—स्वर्ग और नरक मोक्ष इत्यादिक जो २ बात हो, यही बात न्यायमत का प्रवर्त्तक गोतम भी अपने न्यायसूत्र में लिखता है कि वीतराग का वचन है सो ही यथार्थ है, बाकी अल्पज्ञों के वचन एक २ नय से सच्चे भी हैं, सर्वांग नय से झूठे भी हैं, लेकिन हम तुम्हें पूछते हैं कि प्रमाणीक यथार्थ इतिहासों में कलाकुशलता आर्यावर्त्त में थी आज के जमाने से करोड़ों दर्जे, सो तुम मंजूर करते हो या नहीं. (प्रश्न) तुम्हारी बिना युक्तियों से हम लाजवाब हैं, तो भी इतनी कसमसी हमारे

जरूर है कि क्या जानें ऐसी संप और वृद्धि का फैलावा अंगरेजों के जैसा उद्यम हिंद में कैसे था, इस वास्ते कला कौशल होने का विचार पड़ता है. (उत्तर) हमारे आर्यावर्त्त के लोग इन तीनों बातों में पहले पूरे थे, संप तो विद्या पर होता है सो तो हम क्या लिखें यहां के लोगों के बनाये भये ग्रन्थों के उल्थे अंगरेजी या और २ भाषा में करले गये और अभी भी कर रहे हैं, थोड़ासा पूरावा देता हूं जरा बानगी देखने से बुद्धिमान् सब ढिगार कर लेते हैं वैद्यकविद्या का अंगरेजी में पहले उल्था भया जिसका कारण पहले ऐसे भया ज्योतिषविद्या का प्रथम चलना इस आर्यावर्त्त से भया, ईरानी लोग इस विद्या को यहां से ले गये, यूनानियों से युरोप में फैली. बेली और प्लेफेअर यूरोपी विद्वान् इस बात को कबूल करके लिखते हैं कि यह विद्या पांच हजार वर्ष पहले भारत में प्रचलित थी. वह समय आर्यों की बहुत उन्नति का था. इस विद्या का पूरा अंग हिंद से ही हमारे यहां यूनानियों के मारफत प्राप्त भया. रेखागणित, अंक गणित, बीज गणित, त्रिकोणादि गणितों में आर्य पूरे थे, ऐसे ही व्याकरण. गानविद्या, वास्तुविद्या में यहां के कारीगर नामी थे. बादशाह सिकंदर इस विद्या के सीखने को अपने कारीगरों को यहां छोड़ गया था, इस तरह इस विद्या ने भी यहां से यूनानियों द्वारा युरोप में प्रवेश किया, इस तरह युद्धविद्या में भी यह देश वाले बड़े जबर थे. मुक्त, अमुक्त, मुक्तामुक्त और यन्त्र मुक्त आदि अस्त्र, शस्त्र, गदा, वीरघातनी, शक्ति, शतघ्नी, सहस्रघ्नी आदि बना जानते थे और चलाते थे, व्यूहादिक रचते थे. हजारों इतिहास मौजूद हैं. अन्य देशान्तरी लोग

आर्यों के तावे थे, इसी तरह चरक, सुश्रुत, वाग्भट्ट आदि ग्रन्थों का उल्था पहले बारह सौ वर्ष के अरबी में भया, फिर हैल्पर ने इसका अनुवाद लेटिन में किया और वुलरस ने जर्मनभाषा में किया, इस वास्ते सर्व विद्यावंत यहां थे, यहां से धीरे २ आगे से आगे फैलता गया, इस वास्ते बड़ा संप था, बुद्धि का फैलावा था और उद्यम भी था, लेकिन सिकंदर के आक्रमण पीछे यह दशा हिंद की दिन पर दिन घटती का चला आया, जो सच्चे ग्रन्थों का लेख मंजूर नहीं करोगे तब तो यह अन्य देशांतरियों की चलाई आज तो यह विद्या तुम हम प्रत्यक्ष देखते हैं जब यह बात कभी तो अपने शास्त्रों में लिखेंगे ही, लेकिन जब यह विद्या लुप्त हो जायगी और इस रेल तार के वर्णनरूप शास्त्र को देख तुम्हारी तरह यकीन नहीं लावेंगे लोग कि शास्त्रों में योंही लिख दिया है, कभी ऐसी बात भी हो सकती है, सम्यक्तवंत तो न इस वक्त इस विद्या को नई कहते हैं न उस वक्त प्रमाणिक लेख को झूठा कहेंगे. (प्रश्न) अब हम को यकीन भया कि तुम्हारा लेख सर्व न्याय संपन्न सच्चा है, पूरावे बहुत मजबूत दिये. (उत्तर) तुम्हारी बुद्धि का आशय जैसा हमने जाना कि यह अंगरेजी पढ़े भये और चाहे कितना ही मजबूत प्रमाण और पूरावा रखता होय तो भी मन्जूर नहीं करते और जो बात अंगरेज विद्वानों ने लिखा है वह सब सच है इस वास्ते हमने वैसे ही पूरावे लिखे, इस पर तुम्हारा ऐसा सवाल होगा कि यह लोग झूठ नहीं लिखते जैसा प्रमाण प्रत्यक्ष में इन्हों ने पाया है वैसा ही लिखते हैं, अच्छा है ऐसा ही, लेकिन एक इस में भी विचार है, प्रत्यक्ष देखा सो तो

उन्हों का लिखना कथंचित् सच्चा भी है लेकिन दो हजार चार हजार वर्ष के पहले की बात में प्रत्यक्षपना उन्हों को कैसे हो सके, जिस पर तुम कहोगे रुपया, पैसा, मोहर, जयस्थंभ, कीर्तिस्थंभ शिवालय, जिनमंदिर, जिनमूर्त्ति, शिलस्थंभ इन्हों पर खुदा भया जो लेख मिला अथवा अन्य देशांतरियों ने हिंद में आके जो इतिहास पहले लिख ले गये उन्हों में जो २ लिखा पूरावा मिला, सो ही अंगरेजों ने लिखा है इस वास्ते हमको प्रतीति है, यह बात तुम्हारी कोई २ अंश करके सच्ची भी है, लेकिन सर्वांग सच्ची नहीं, कहोगे क्यों, देखो, दो सौ वर्ष से इन्हों का प्रचार हिंद में भया उस में किसी साहिब को कुछ मिला, किसी को कुछ, पहले किसी को कुछ मिला, बाद उस ही बात को झूठ करने वाला दूसरे साहिब को दूसरा कालान्तर से मिला, ज्यों २ मिलता गया सो २ उन्हों ने अपने ग्रन्थ में लिखा, पहले पूरावे का लेख पिछला पूरावा झूठा ठहराता है, इस तरह पर थोड़ासा यहां लिखता हूं बुद्धिमान् तो इतने में ही समझ लेंगे, पहले एक साहिब ने लिखा है भारतवर्ष के सब पुस्तकों से पहला पुस्तक वेद है, आर्यावर्त्त की सीध से लाख वर्ष का बना ठहरता है. अब दूसरे साहिब मेक्समूलर अभी भये वह प्रमाण देते हैं कि वेद का मंत्रभाग बने उन्तीस सौ वर्ष भये और छन्दभाग को बने इकतीस सौ वर्ष. ब्राह्मण पुकारते हैं सत्युग के शुरू में ब्रह्मा ने वेद रचे हैं जिसको चालीस लाख वर्ष बतलाते हैं. कहो अब आप इन दोनों साहिबों के लेख में से किस को मंजूर करोगे अंगरेजी पढ़े आर्यसमाजी और शैव वैष्णव तो वेद के मानने वाले

पहली कलम मंजूर करेंगे क्योंकि मीठा २ गडपप्प कडवा २ थूथू, वेद के विरोधी मुसल्मान, अंगरेज, बौद्ध चीन वाले आदि पिछला लेख मंजूर करेंगे, अब दूसरा प्रमाण अंगरेजी पढ़े नाम जैनों के वास्ते लिखता हूं, जिन्हों ने फक्त जैन जाति में जन्म लिया है, जैन के तत्वों के अजान उन के वास्ते, एक साहिब मेक्समूलर लिखता है जैन और बौद्ध एक हैं, दूसरे जर्नलकर्निंग होम साहिब लिखते हैं जैन धर्म सब धर्मों से आदि है और बौद्ध धर्म प्राचीन नहीं है, एक साहिब लिखते हैं, जैन धर्म में से बौद्ध धर्म पचीस सौ वर्ष के लगभग गया के मुल्क में निकला है, इन तीनों में से पिछला लेख नामी विद्वान् विद्यमान डाक्टर यूरोपी बुहलर साहिब का है, इन तीनों लेखों में से कौनसा सच्चा मानते हो. (प्रश्न) हम तो वही मानते हैं जो पूरी साबूती और पूरे पूरावे का है. (उत्तर) यह कहना न्यायसंपन्न है, लो फिर चाहे अंगरेज होय चाहे दूसरा, पक्षपातरहित वचन मानना वही लेख सच्चा है. यही हमारा सिद्धांत है समझे विस्तरेण ॥

अब गर्भ की व्यवस्था लिखते हैं ॥

वीर्य और खून के संयोग से उस में से सजीव पिंड बंधता है, मर्द की गोली में जो धातु होता है उस में बारीक २ तंतु जैसा पदार्थ होता है, सूक्ष्मदर्शक कांच से देखने से वह तंतु बारीक २ सिर और पूंछड़ी वाले हलते चलते जीव दिखाई देते हैं. सम्बन्ध

भया पीछे कमल के मुंह में गिर कर गर्भस्थान में जाता है औरत के गर्भस्थान के बाजू पर गांठें होती हैं उस में बारीक अंडों के जैसा कण पैदा होता है, वह कण पकने के समय पर ऊपर तिरके आता है और गर्भस्थान की नली का एक छेड़ा उस के लग जाता है, पीछे यह अंडा जैसा कण उस लगी हुई नली में फूटता है और उस में से गर्भ रहने लायक पदार्थ गर्भस्थान में दाखिल होता है और आया भया वीर्य के साथ मिलता है, इन दोनों के संयोग से गर्भ रहता है. इस तरह गर्भ रहा भया गर्भस्थान की नली में से होकर गर्भाशय में जाता है तब गर्भाशय का पड़ जाड़ा पड़ता है और गर्भवाले पदार्थ के आस पास बींटीज कर एक थैली जैसा हो जाता है, इधर गर्भ बधता है. कारण माता के खून की नसों की शाखा उस में जाके ९ या १० महीने तक पोषण करता है. एक महीने का गर्भ पाव से आधा इंच जितना लम्बा होता है और उस में अंगोपांग की प्रकटता नहीं दीखती लेकिन मुंह की जगह छोटीसी फाड़ होती है और दो आंखों की जगह काला दाग दिखाई देता है. अब दो महीने का गर्भ सवा से डेढ़ इंच लम्बा होता है और आसरे डेढ़ रुपया भर वजन होता है और मुंह, नाक, कान, आंख वगैरह चहरे का अवयव खुला दीखे ऐसा होता है और हाथ पांव के किनने एक भाग अलग पड़े भये दीखते हैं और आंख के ऊपर की कवान होती मालूम पड़ती है. तीसरे महीने में हाड बनने शुरू होते हैं और दो से चढ़ाई इंच लंबा होता है, २॥ से ४। तोला वजन में होता है और मांस के लोचाओं की निशानियां मालूम देती हैं. चहरा और सिर बराबर हो जाता है,

आंख के पोपचे ढके भये, भांपने की कोर छोटी, मुंह बंद, हाथ पांव प्रकट और हाथ की अंगुलियां छोटी मालूम देती हैं. चौथे महीने का गर्भ ५ से ६ इंच तक लम्बा और ७ से ७॥ रुपये भर वजन में होना है, चमड़ी गुलाबी रंग की, मुंह खुला, आंख पर पतला पर्दा, नख होना शुरू होता है और जाति स्त्री पुरुष की मालूम होती है, शरीर के सब अंग उपांग बन जाते हैं, हृदय बनता है इस वास्ते चेतना धातु प्रकट होती है, उस से गर्भरूपी जीव रूप, रस, गन्ध वगैरह की इच्छा करता है, पांचवें महीने का गर्भ ६ से ७ इंच लम्बा और १२ से १८ रुपये भर वजन में होता है, इस महीने में हाड़ और मांस बधता है, सिर का कद बड़ा होता है नख प्रकट दीखते हैं सिर के बाल दीखना शुरू होता है और मन चेतनावाला होता है, छठे महीने का गर्भ ९ से १० इंच लम्बा और एक रतल वजन में होता है. आंख मिची हुई होती हैं और चेहरा लाल जामुन के रंग जैसा, बाल गुलहरी रंग का होता है, इस महीने में बुद्धि पैदा होती है. सातवें महीने का गर्भ १३ से १५ इंच लम्बा ३ से ४ रतल तक वजन में होता है, चमड़ी गुलाबी रंग की जाड़ी, नख बड़ा लेकिन आखिर तक नहीं पहुंचा भया, आंख के पर्दे दूर भये भये. आठवें महीने का गर्भ १४ से १६ इंच लम्बा ४ से ५ रतल वजन में होता है. आगे से चमड़ी जाड़ी और नख पूरे होते हैं. नवें महीने का गर्भ १७ से २१ इंच लम्बा और ५ से ९ रतल वजन नरामरी ७ रतल वजन में होता है. इस तरह नवें महीने तक गर्भ का बधना होता है फिर बालक बाहर आता है उस वक्त तक उस का शरीर पूरा नहीं

होता है उसकी हड्डी पूरी नहीं और कची होती है जैसे २ बधता जाता है तैसे २ हड्डी और दूसरे पदार्थ धातु वगैरह सम्पूर्ण होता जाता है इस तरह सम्पूर्ण परिपक्व भया मनुष्य का शरीर सरासरी १४० रतल का होता है शरीर के बांधे में हाड पिंजर मांस और स्नायु अर्थात् संधि बंधन का मुख्य भाग बजता है, इस वास्ते उन जुदे २ भागों का वर्णन करते हैं ॥

हाड पिंजर, (स्केलेटन *Skeleton*).

शरीर की मजबूती हाड पिंजर ऊपर है, शरीर के दूसरे सर्व भाग हाड पिंजरों के लगे भये रहे हैं और इस शरीर का रक्षण भी हाडों से है, माथे की खोपड़ी, छाती का पिंजर और पेट की बखोल यह तीनों पोलार की जगह हैं और यह सब हाड पिंजर के बीच में आये भये हैं. इन तीनों पोलारों में जिंदगी के बहुत जरूरी का अवयव धरने में आया भया है और हाडों से उनका रक्षण होता है, हाड पिंजरों से हाथ पांव बने भये हैं जिस के ऊपर हाल चाल वगैरः तरह वार गति बन रही है. हाड पिंजरों का जुदा २ हाड, मांस के बंधनों से ऐसा मजबूत बंधा भया है और मांस से ढका भया है सो एक दम टूट नहीं सकता, एक सौ चालीस रतल सरासरी वजन इस शरीर का गिना गया. जिस में से हाड पिंजर का सरासरी वजन २५ रतल आसर है. हाड पिंजर के हाडों की जुदे २ पंडितों ने जुदी २ गिनती करी है. उस में कुछ २ तफावत

मालूम पड़ता है और प्राचीन ग्रन्थकारों की गिनती से इस वक्त वालों की गिनती में बहुत फर्क दीखता है, दोनों की गिनती नीचे के कोठे में देखो ॥

अर्वाचीन गिनती.	प्राचीन गिनती.
माथे की खोपड़ी में ८	सब सिर में, ... ६५
चेहरे में १४	६ खोपड़ी में २ आंख में
डोक में १	२ कपाल में ४ कान में
कागेड़ में २६	१ तालवे में ४ कण्ठ में
छाती के सीने में. १	२ हिडकी में ९ डोक में
पांसली २४	३ नाक में ३२ दांत
दोहाय तथा खंभेमें ६४	सब धड़ में ११५
दोनों पांव तथा पग-	२ हांस में ३० पीठ में
तल में ६२	८ छाती में २ पगतल में
.... ३२	७२ पांसली में १ त्रिक
के छोटे हाड ६	१ उपस्थ १ गुदा
	शाखाओं में १२०
	६० दोनों हाथों में ६० दोनों पांवों में
कुल २३८	कुल ३००

ऊपर के कोठों में हाडों की गिनती में बड़ा तफावत है सो तफावत विशेष करके छाती तथा पसवाड़ों के हाडों में है अभी की गिनती में छाती में एक हाड और २४ पसलियां उस के लगी भई हैं, प्राचीन पंडितों ने छाती के और पसवाड़ों के मिलाकर अस्सी हाड गिनाये हैं इतने पचपन हाडों की बढ़ोतरी दीखती है अभी के डाक्टर लोग छाते के एक २ तरफ बारह २ पसलियां गिनते हैं और प्राचीन पण्डितों ने एक २ तरफ छत्तीस २ पसलियां गिनी हैं, इस पर ऐसा अनुमान होता है एक २ पसली को तीन २ जुदे २ हाडों की बनी भई वह मानते थे, इस के अलावा हाडों की गिनती में जो मतभेद देखने में आता है उसका कारण ऐसा है कई एक पण्डित तो नरम कावले हाडों को हाडों की गिनती में नहीं गिनते और कितनेएक गिनते हैं. गर्भावस्था में हाडों की शुरुआत कूर्च से होती है और बालक जन्मे पीछे उस में से धीमें २ बधना होता है शरीर में हाड जुदी २ शकल के हैं कितनेक तो कितनेक छोटे, कितनेक चपटे, कितनेक चौड़े, कितनेक और कितनेक बेडौल होते हैं. लम्बे हाड पहले बीच में होते हैं और पीछे से उनका छेड़ा संध मिलके एक हो जाते कारण सभी ऊपर लिखे हाडों की गिनती में फर्क आता है. बहुत से हाड बाहर से कर्रा होता है लेकिन अन्दर से है जैसे कितनेक हाड सख्त और बरदे हैं. तैसे कई एक तरह खुलते हैं. हाडों पर तरह २ के नीरे और नसें और खरदरी जगह होती है जिस से नसों और

कूर्चा तथा सांधे (कार्टीलेज *Cartilage*).

हाडों का पहला स्वरूप कूर्चा है, यह कूर्चा एक तरह का नरम आधा हाड है, वह कर्रा, स्थितिस्थापक, वरड़ और जाडे रबड़ जैसा सफेद पदार्थ है, वह हाडों जैसा सख्त और वरड नहीं है परंतु उस में हाडों जैसा गुण धर्म रहा भया है, गर्भ में पहले कूर्चा, पीछे उस में से हाड तैयार होते हैं और कितने एक कूर्चे जवानी में हाड हो जाते हैं और कितने एक कूर्चे बुढ़ापे में हाड हो जाते हैं और कितने एक कूर्चे अंत तक कूर्चे ही बने रहते हैं, कान, नाक, भांपने, पांसली और सांधांओं में रहे कूर्चे हमेशा कूंर्चे ही रहते हैं ॥

सांधें, (ज्वाइन्टस *Joints*).

दो हाड जहां संधते हैं, उसको सांध कहते हैं, शरीर में ऐसे सांधे बहुत हैं, कितने एक सांधे तो जरा भी हलते चलते नहीं, दाखिला—जैसे सिर की खोपड़ी में और चेहरे के सांधे बहुत से इस किस्म के हैं सो एक दूसरे हाड के संग ऐसा मजबूत संधा भया है, सो ऐसा बाहर से दिखाई देता है, जाने एक ही है, ऐसा मालूम देता है, दूसरी तरह के सांधे थोड़े २ हलचल करते हैं, ऐसी संधियों में हाडों का छेड़ा अड़ोंअड़ होता नहीं, लेकिन दो हाडों के बीच में गादी जैसा पदार्थ होता है, जैसे कमर तथा गर्दन के सांधे, ऐसी जात के सांधों से संधा भया अवयव चारों तरफ फिर सकता है,

इन सांधों में एक तरफ के हाड के गोल दड़ी जैसा सिर होता है और सामने के हाड में छेड़े पर दड़ी बैठ जाय ऐसा गोल खड्डा होता है और गोल होने के सबब वह चोतरफ फिर सकता है. हाथ के खवे और पग के थापों में इस तरह के सांधे हैं, फिर कितने एक सांधे खीली नाकीवाले होते हैं, नरामादगी की तरह कोहनी, पोंहचे, गोडे और गिरिये. यह आठों में नरामादगी है, उस से संदूक के ऊपरले ढकने मूजब दो तरफ ही फिर सकते हैं, हाडों का दोनों नाके जहां आगे शामिल होते हैं, उस पर कूचें का एक थर होता है. ये कूचें स्थितिस्थापक अर्थात् फिरे ऐसे होने से सांधों पर जोर को धक्का लगने पर भी उन कूचों के सबब उन हाडों का बचाव होता है, सांधों के चारों तरफ पड़त लपटा होता है उस में चिकना-रस पैदा होता है और वह रस सांधाओं का पोषण करता है, सांचों में जैसे तैल की जरूरत पड़ती है तैसे सांधों को नरम रखने को इस रस की जरूरत है, दो सांधों को जुड़ा रखने को एक अथवा जियादे बन्धन होते हैं, सो संधिबन्धन कहलाते हैं, यह बन्धन मांस की बनी सफेद तांतुओं का होता है, कितने एक बन्धन पाटे जैसे होते हैं और पग के हाथ के थापे के बन्धन थैली जैसे होते हैं, मतलब के जैसे सांधे होते हैं तैसे हीज उन के बेसते भये बन्धन होते हैं, इन बन्धनों के सिवाय पास पास आये भये मांस के लोचे जिन्हों को स्नायु नाम से कहते हैं वह भी सांधों को मजबूत करते हैं ॥

मांस का लोचा स्नायु, (मसल्स *Muscles*).

शरीर के सब जगह जो मांस देखने में आता है वह मांस इकट्ठा जयावन्द नहीं है, लेकिन जुदा २ मांस के लोचाओं से बना भया है हाथ और पांव की पिंडली मांस के बड़े लोचों से बनी भई ऐसी दीखती हैं लेकिन ऐसा है नहीं इन पींडियों में मांस के जुदे २ टुकड़े हैं यह बहुत सफाई के संग जुड़े भये होने के सबब एक जैसा मालूम देता है ये मांस के लोचे सब एक तरह के नहीं हैं, बड़े, छोटे, लम्बे, ओछे, गोल, चिपटे, चोरस, तिखूने, ऐसे जुदे २ शक्ल और कद के होते हैं और जहां जैसा चाहिये ऐसे बने भये हैं ये लोचे मांस के रेशों का बना भया है, कितने एक लोचे रेशों की जूड़ी अथवा बंडलों का बना भया है ॥

शरीर का हाड पिंजर, यह सब हाडों का खोखा है इस खोके के आस पास सब जगह लोचाओं से ढका भया है उस सेती हीज चलन बलन होता है, शरीर की गति और सब काम इन स्नायुओं से हीज हो रहा है, चलना, खाना, हाथ हिलाना, बोलना, आंख फेरने तक का काम शरीर के छोटे बड़े सब कामों में स्नायु की जरूरत पड़ती है, चेहरे पर आनन्द, क्रोध, दिल्लगी, मन के विकार, इस स्नायु से ही सम्बन्ध रखता है, यह मांस के लोचे स्नायु वगैरह दो प्रकार का है. एक तरह के स्नायु अपनी इच्छा के प्रमाण चलता है और दूसरी तरह के स्नायु अपनी इच्छा के आधीन नहीं हैं, हाथ पांव अंगुलियों का चलना, मुडना, आंख के डोले फिराना,

लाक की पुरड़ियों का चौड़ा करना, वगैरः अवयव के स्नायुओं को अपनी मन मूजब चला सकते हैं, लेकिन आंतों की गति अपनी इच्छा से नहीं है, हवा तथा अन्न जाने की नलियां, हौजरी, मूत के फुके, गर्भस्थान और धोरी नर्सों वगैरः अवयवों के मास के लोचे अपने आप ही संकोचते हैं और फूलते हैं और उन लोचाओं पर अपना इख्तियार नहीं चलता जो उन्हों को संकोचा देवें या चौड़ा कर देवें, ये दोनों ही लोचे ऐसा रेशे का बना भया है, लेकिन इस दूसरी तरह के स्नायु इच्छा मूजब काम देने वाले स्नायु की तरह लाल और बड़ा नहीं है, लेकिन वे एक पड़त की तरह पसरे भये होते हैं और उन्हों को बन्धन की जुरूरत नहीं है, मांस के लोचे और स्नायुओं का काम संकेचने का है, उन्हों के संकोचने से गति पैदा होती है, जवाड़ी के स्नायु संकोचने से जवाड़ी चलती है, और खुराक चबाया जाता है, हाथ के स्नायु संकोचने से हाथ चलता, मुड़ता है, पांवों के स्नायुओं के संकोच से पांवों से चला जाता है, कितने एक स्नायु एक दूसरे के विरुद्ध गुण के होते हैं, जैसे एक से तो आंख और मुट्ठी उघड़ती है और दूसरे स्नायुओं से बन्द होती है, इन स्नायुओं में चैतन्य गुण है तहां तक तो काम देता रहता है, शरीर में ऐसे मांस के लोचे ५०० आसरे हैं ॥

स्नायु बन्धन (टेंडेंस *Tendons*).

हरएक स्नायु के नाके सफेद चिक्कने मजबूत डोरे जैसा होता है उन डोरों से हाडों के मजबूतपने से लगे रहते हैं, इन डोरों को

स्नायूबंधन कहते हैं, ये स्नायुबंधन बहुत मजबूत होते हैं, कितनी एक वक्त हाड टूटने पर भी वह बन्धन टूटते नहीं ऐसे मजबूत होते हैं, हाथ पावों की अंगुलियां हिलाती वक्त जो डोरी जैसी रगें दीखती हैं वह स्नायुबंधन हैं, जिस जगह शरीर में स्नायुबंधन लगे भये होते हैं उन २ भागों को स्नायुबंधन हलाता है ॥

संयोजक. (कनेक्टिव टिस्यु *Connective Tissue*).

शरीर में हाडों के ऊपर का पड़त स्नायु खून की नलियां मंजा-तंतु और चमड़ी वगैरः भाग एक दूसरे के साथ सफड़ जुड़े भये हैं सो गोंद अथवा लेई की तरह शरीर में एक चिपनेवाला चिकना पदार्थ है सो सब शरीर में फैलकर सब शरीर के अवयवों को ऊपरा ऊपरी जोड़ के रखता है, वह पदार्थ बारीक तंतु अथवा परमाणुओं से बना भया है सो जोड़ने का काम करता है, इस वास्ते ऐसे पदार्थ को संयोजक ऐसे नाम से करके मैंने लिखा है ॥

चर्बी. (फेट *Fat*).

संयोजक नाम का जो पदार्थ हाड मांस के लोचे तथा उन्हों के बन्धनों को संग में जुड़ने का काम देता है उस के संग एक पीले रंग का दूसरा पदार्थ होता है उस को चर्बी या मेद कहते हैं, संयोजक में पीले रंग के लोचे चर्बी के होते हैं, चर्बी कारबोन और

हैड्रोजन की बनती है उस से कारबोन वाले पदार्थ जैसे दूध मीठा दही आदि के बने गरिष्ठ पदार्थों के जियादा खाने से, तैसे ही शरीर को चाहिये इतनी कसरत के नहीं करने से, तैसे ही मेदवृद्धि-रोग में कहे कारणों से चर्बी बढ़ती है, चर्बी का जमाव जियादा करके जांघ, चूतड़ और पेट पर होता है जिस के बधने से आदमी वृथा पुष्ट बन जाता है ॥

त्वचा चमड़ी, (स्किन *Skin*).

हाड पिंजर वगैरः सब अवयवों के ऊपर के पड़त को चमड़ी कहने में आती है, चमड़ी से शरीर के अंदर के वस्तुओं का रक्षण होता है और उस चमड़ी से स्पर्श के आठों विषयों का ज्ञान होता है, पसीना निकलता है बाहर के पदार्थों को चूस लेने का काम करती है इसका विशेष वर्णन इस प्रकाश के चौथे किरण में करेंगे ॥

किरण दूसरी. शरीर का मुख्य भाग ॥

अपने देशी लोग इन बातों को कुछ नहीं जानते हैं, इस वास्ते शरीर के दर्दों में कुछ नहीं जानते हैं और डाक्टर वैद्यों को भी भूल चक्कर में गिरा देते हैं, ऐसे मूर्ख रोगियों की जुबान पर विश्वास नहीं लाकर डाक्टर वैद्य लोगों ने निज ने तपासना चाहिये दर्द कलेजे में होता है और बताता है तिल्ली में, दर्द आंत में है

बताता है कलेजे में, इतना अजानपना होना तो नहीं चाहिये, शरीर के अन्दर का चाहिये तो सूक्ष्म ज्ञान लेकिन सामान्य ज्ञान तो जरूर ही सीखना. हाड का पिंजर तो शरीर का मुख्य पाया है, मांस और मांस के लोचों से शरीर की आकृति बने है और आदमी सुडौल दीखता है, शरीर का हाल चाल होता है, धोरी नशों से और आसमानी नशों से खून फिरता है और शरीर के जुदे २ भागों में पहुंचता है, ज्ञानतंतुओं से शरीर के जुदे २ भागों के हालत का ज्ञान होता है, शरीर के सर्व से जरूरी के अन्दर के अवयव जैसे मगज, फेफड़ा, अंतःकरण, कलेजा और आंतड़े, यह सब शरीर का जीवस्थान है, इन अवयवों पर शरीर के हयाती का मुख्य आधार है, यों तो जीव असंख्य प्रदेशों करके सर्व शरीर में व्यापक है, दूसरे हरएक भाग का वर्णन सम्पूर्ण तौर से शरीरविद्या में आता है, इन अवयवों का विस्तार वर्णन करें तो ग्रन्थ बहुत बढ़ जाय इस वास्ते मतलब पूरता वर्णन यहां लिखेंगे, शरीर में सिर और धड़ ये दो मुख्य अङ्ग हैं, ये दोनों गर्दन से जुड़े भये हैं, जो गर्दन से जुदे २ कर दिये जांय तो शरीर का सब व्यवहार बन्द हो जावे सो मौत कहलाती है, माथा सिर एक शरीर का उत्तम अंग कहलाता है, क्योंकि सब शरीर पर अधिकार भोगने वाले का महल मुख्य मस्तक में आया भया है सो मगज अथवा भेजा कहलाता है, सिर में बाहर नजर पड़ने अवयवों में खोपरी अथवा मगज की तूंबड़ी देखने को दो आंख, सुनने को दो कान, सूंघने को दो नसकोरे और बोलने को मुंह, ये सब अवयव उस अधिकारी के उपयोग के वास्ते

महल के आस पास कर्म कारीगर से बना है, सिर में मुख्य दो झरोखे अथवा पोल है, एक तो खोपड़ी में पोल, दूसरी मुंह में पोल उस अधिकारी का घर खोपड़ी की पोल में हैं, इस घर में ज्ञान तंतु और गति तंतु का संग्रह भया है, इस संग्रह का मगज नाम है, मुंह की पोल में जीभ दांत वगैरः आये भये हैं, मुंह के गोखले में से एक नली कण्ठ में से होकर छाती में होकर पेट में उतरती है, सो अन्न नल कहाता है और खोपड़ी की पोल में से एक नल पिछली पीठ की करोड़ में उतरे है, सो करोड़ रज्जु नल कहलाता है, वास्तव में इन दोनों नलों के रास्ते सब शरीर का व्यवहार चलता है।

धड़ एक में माथे की तरह दो बड़ी पोल है, एक तो छाती की, दूसरी पेट की. छाती की पोल अथवा पिंजर एक कोठरी जैसा है, छाती की पोल में दो तो फेफसे और हृदय ये दो मुख्य जीव की जगह है, इस के अलावा मुंह की पोल में से कण्ठ में से उतरा भया अन्न नल छाती में होकर पेट में उतरता है. इन अवयवों के सिवाय औरतों के दो स्तन होते हैं. छाती तथा पेट की पोल के बीच में मांस के गुंमट की आकार का एक गोल परदा दिवाल की तरह आया भया है, अन्न नल ये दिवाल को भेद कर पेट में उतरता है. पेट की पोल के ऊपरले भाग में यकृत याने कल्लेजा प्लीह याने तिल्ली आमाशय याने होजरी पक्वाशय याने आंतरड़ा आया भया है होजरी के ऊपर के नाके पर अन्न नल मिलता है और नीचे के नाके से छोटे आंतों की शुरुआत होती है. पेट की पोल के नीचले भाग में मूत्राशय याने पुके आये भये हैं. जिस में से मूत्र, मूत्र की नली

बताता है कलेजे में, इतना अजानपना होना तो नहीं चाहिये, शरीर के अन्दर का चाहिये तो सूक्ष्म ज्ञान लेकिन सामान्य ज्ञान तो जरूर ही सीखना. हाड का पिंजर तो शरीर का मुख्य पाया है, मांस और मांस के लोचों से शरीर की आकृति बने है और आदमी सुडौल दीखता है, शरीर का हाल चाल होता है, धोरी नशों से और आसमानी नशों से खून फिरता है और शरीर के जुदे २ भागों में पहुंचता है, ज्ञानतंतुओं से शरीर के जुदे २ भागों के हालत का ज्ञान होता है, शरीर के सर्व से जरूरी के अन्दर के अवयव जैसे मगज, फेफड़ा, अंतःकरण, कलेजा और आंतड़े, यह सब शरीर का जीवस्थान है, इन अवयवों पर शरीर के हयाती का मुख्य आधार है, यों तो जीव असंख्य प्रदेशों करके सर्व शरीर में व्यापक है, दूसरे हरएक भाग का वर्णन सम्पूर्ण तौर से शरीरविद्या में आता है, इन अवयवों का विस्तार वर्णन करें तो ग्रन्थ बहुत बढ़ जाय इस वास्ते मतलब पूरता वर्णन यहां लिखेंगे, शरीर में सिर और धड़ ये दो मुख्य अङ्ग हैं, ये दोनों गर्दन से जुड़े भये हैं, जो गर्दन से जुदे २ कर दिये जांय तो शरीर का सब व्यवहार बन्द हो जावे सो मौत कहलाती है, माथा सिर एक शरीर का उत्तम अंग कहलाता है, क्योंकि सब शरीर पर अधिकार भोगने वाले का महल मुख्य मस्तक में कहा गया है सो मगज अथवा भेजा कहलाता है, सिर में बाहर नजर पड़ने अवयवों में खोपरी अथवा मगज की तूंबड़ी देखने को दो आंख, सुनने को दो कान, सूंघने को दो नसकोरे और बोलने को मुंह, ये सब अवयव उस अधिकारी के उपयोग के वास्ते

महल के आस पास कर्म कारीगर से बना है, सिर में मुख्य दो झरोखे अथवा पोल है, एक तो खोपड़ी में पोल, दूसरी मुंह में पोल उस अधिकारी का घर खोपड़ी की पोल में हैं, इस घर में ज्ञान तंतु और गति तंतु का संग्रह भया है, इस संग्रह का मगज नाम है, मुंह की पोल में जीभ दांत वगैरः आये भये हैं, मुंह के गोखले में से एक नली कण्ठ में से होकर छाती में होकर पेट में उतरती है. सो अन्न नल कहाता है और खोपड़ी की पोल में से एक नल पिछली पीठ की करोड़ में उतरे है, सो करोड़ रज्जु नल कहलाता है. वास्तव में इन दोनों नलों के रास्ते सब शरीर का व्यवहार चलता है।

धड़ एक में माथे की तरह दो बड़ी पोल है, एक तो छाती की, दूसरी पेट की, छाती की पोल अथवा पिंजर एक कोठरी जैसा है, छाती की पोल में दो तो फेफसे और हृदय ये दो मुख्य जीव की जगह है, इस के अलावा मुंह की पोल में से कण्ठ में से उतरा भया अन्न नल छाती में होकर पेट में उतरता है, इन अवयवों के सिवाय औरतों के दो स्तन होते हैं. छाती तथा पेट की पोल के बीच में मांस के गुंमट की आकार का एक गोल परदा दिवाल की तरह आया भया है, अन्न नल ये दिवाल को भेद कर पेट में उतरता है. पेट की पोल के ऊपरले भाग में यकृत याने कलेजा प्लीह याने तिल्ली आमाशय याने होजरी पक्वाशय याने आंतरड़ा आया भया है होजरी के ऊपर के नाके पर अन्न नल मिलता है और नीचे के हिस्से से छोटे आंतों की शुरूआत होती है. पेट की पोल के नीचले भाग में मूत्राशय याने पुके आये भये हैं. जिस में से मूत्र, मूत्र की नली

के रास्ते बाहर आता है, मूत्र की नली के नीचे वृषण की कोयली आई भई है, जिस के आधार सब शरीर दटा भया है, करोड़ में हाडों की एक पोली नली उतरी भई है, ये नली अखीर ऊपर के तरफ मगज से सम्बन्ध रखती है और नीचे कमर तक जा पहुंची है धड़ के अन्दर छाती और पेट इन दोनों पोलों के सिवाय दो तरफ दो हाथ और नीचे दो पांव आये भये हैं, मगज में रहे अधिकारी के हुक्म से पदार्थों को पकड़ते हैं, छोड़ते हैं, इस शरीर को एक जगह से दूसरी जगह ले जाते हैं ॥

माथा, सिर की तूंमड़ी, (स्कल *Skill*).

इसकी हकीकत पीछे लिखी जिस मूजब है, मुख्य तीन पोल इस शरीर में हैं, खोपड़ी की, छाती की, और पेट की शरीर के सब चैतन्य वाले भाग इन तीनों में आये भये हैं, शरीर में सब अवयवों की जुदी २ क्रिया वही जीवन है, इन सब जीवन स्थानों में यह मगज सर्वोपरि स्थान है इस वास्ते उसका रक्षण भी बहुत मजबूत किले में भया है, वह किला सिर की खोपड़ी है इस सिर की खोपड़ी में चार मुख्य इन्द्री आंख, नाक, कान, मुंह आये भये हैं ॥

मगज, भेजा, मन, (ब्रेन *Brain*).

मगज खोपड़ी की पोल में बराबर बैठा भया है, खोपड़ी की जमीन मगज की सफाई के लगती है, इतने उस के खट्टे खोचरे हैं, उस

में मगज बराबर बैठा भया है, खोपड़ी में मगज के वास्ते तीन ढकने थाने पुड़त हैं, सब से ऊपर का पुड़ जाडा और मजबूत है और खोपड़ी के चारों तरफ आया भया है, उसका एक फांटा मगज के दो भागों के बीच में उतरता है. मगज में से जो खून फिर के पीछा जाता है, इस वास्ते बाहर के पुड़ में नली जैसा रास्ता होता है. दूसरा पुड़ भेजे के बीच में हैं, सो पुड़ दोलड़ा है और उस की पोल में प्रवाही पानी जैसा निर्मल है उस में थोड़ा खार का भाग होता है. तीसरा पुड़ मगज के लगों लग आया भया है. उसको अन्तर पुड़ कहते हैं. मगज के पोषण वास्ते उस में खून की नलियों का जाल पसरा भया है, मगज के चार भाग हैं जिस में से दो मुख्य हैं, अगला भाग सो तो बड़ा भेजा पिछला भाग सो छोटा भेजा, बड़ा भेजा सिर के अगले तरफ और ऊपर के तरफ धरा भया है, भुमारों के जरा ऊपर से दोनों कानों के छेद के आगे होकर सिर के आस पास एक लकीर खेंचने से भेजे की हद का अड़गड़ा मन में आ सकता है. इस पर से गोल टोपली जैसा और खर खोंदरा दीखता है, उसके बीच में एक फाड़ होने से बीच में उसके दो भाग, अर्ध गोलाकार से भया २ है. इस बड़े मगज के गहरास में तीन छोटी २ पोलार की जगह है और उसके तले से कितने एक तंतु निकलकर नाक. आंख. कान. जीभ वगैरः में फैली है. छोटा भेजा सिर के पिछले हाडों के खड्डे में धरा भया है. यह बड़े भेजे की तरह टोपली जैसा नहीं. लेकिन किताब के पन्नों की तरह उस में पुड़त होता है. उनके भी अर्ध गोल भाग है. उनका कद नारंगी

पानी तथा रत्न जैसी जरूरी चीजें रह सकती हैं, अगली कोयली आंख के निर्मल सफेद पुड़ के और रत्न की कोयली के बीच में है वह कोयली सब से छोटी है उस में आंख का पानी रहता है, इसका वजन पांच गेहूं भर है. आंख की बिचली कोयली सख्त पुड़की बनी भई है. उस में आंख का रत्न लटका भया है, यह रत्न आगे से पीछे से गोल हीरा जैसा पार दर्शक है, आंख की तीसरी कोयली सब से बड़ी है, जो सब के नीचे पुड़त में है जिस में बिल्लौर जैसा निर्मल पदार्थ इन भागों की मदद से अपने बाहर का पदार्थ देख सकते हैं, जो चीज अपने देखते हैं उस के ऊपर से निकलते उजालों के किरण ढोले के सफेद स्वच्छ पड़दे के अन्दर से आंख के अन्दर दाखिल होता है उस में से पूर्वोक्त कोयली में से होकर पीछी में से ये किरणों जैसा प्रकाश होता है किरणों अन्दर इकट्ठी होकर रत्न में दाखिल होकर एक मिलते हैं, बाद रत्न में से निकल, सब से पिछली कोयली के बिल्लौर में घुस के वहां से तन्तु वाले पुड़त पर इकट्ठे होते हैं. वहां मूल पदार्थ की आकृति का प्रतिबिम्ब पड़ पर पड़ता है, उसकी खबर मगज को पहुंचते ही उस चीज की शक्ल रूप रंग वगैरः का जीव को ज्ञान होता है, अंधेरे में पड़ी चीज में से किरणें निकलते नहीं इस से उसकी परछांह तन्तु पुड़ पर पड़ता नहीं इस वास्ते अंधेरी में पड़ी चीजों को अपने देख नहीं सकते सो दर्शनावरण कर्म है. आंख के कोनों में डोले से जरा एक २ मांस की गांठ देखने में आती है, उसको अश्रुपेसी कहते हैं. उस में आंसू पैदा होता है, ये आंसू आंख को बहुत फायदे

मंद है, उस आंसू से डोले भीगे और ताजे रहते हैं और आंख में कोई फूस फांटा जाता है, उसको आंसू धोकर बाहर निकाल डालता है आंखों के कोने में नाक के जड़ के पास एक बारीक छेद है, उस में से आंसू आधे इंच जितनी लम्बी नली के रास्ते नाक में उतरता है, भांपने बार २ मिचते रहते हैं, उस से आंख की रक्षा याने हिफाजत होती है, इतना ही नहीं लेकिन डोले के ऊपर के आंसू कोने के तरफ ढकेली जकर उस पूर्वोक्त नली के रास्ते नाके में हवा का आना जाना होता है. उस हवा से वह आंसू के सूक्ष्म परमाणु होकर उड़ जाते हैं. इस वास्ते नाक में आंसू मालूम नहीं पड़ते हैं, जब कोई भी बीमारी के सबब आंख के आंसू नाक में बहता बन्द होता है, तब वह आंसू आंख का गाल पर बहने लग जाता है, उसको नाक स्वर का दर्द कहते हैं ॥

कान, श्रवणेंद्रि, (इंग्रेज Ear).

सुनने की इन्द्री को कान कहते हैं. कान का जो बाहर का भाग दीखता है, सो नरम हाडों का याने कूची का बना भया है. हरएक कान में एक २ छेद है. ये छेद के आगे से एक छोटी नली जाती है, सो आसरे डेढ़ इंच लम्बी है, उस नली पर चमड़ी का पुट है. कान की अगली नली का नरम भाग नरम हाड़ याने कूची का बना भया है और पिछला भाग हाड़ का बना भया है. कान के भीतर की चमड़ी बहुत पतली होती है. कान में जो मैल होता है सो

बाहर से नहीं आता इस चमड़ी में से पैदा होता है. कान के बिचले भाग में खड़ा है उस के तथा बाहर के कर्ण नली के बीच में एक बारीक पर्दा आया भया है. उसके भाग में से एक महीन नली निकलकर अन्दर के भाग में उतरी है. इस से और कान के बिचले भाग में से मुंह के सम्बन्ध रहा भया है. कान का आखीर अन्दर का भाग सब से जरूरी का है क्योंकि उस में सुनने के तन्तुओं आये भये हैं. इस भाग का वर्णन सहज में समझ में नहीं आ सके ऐसा है. लेकिन मगज में से आये भये श्रवण तन्तुओं इस भाग में दाखिल भया है. उस तांतुओं के प्रवेश वास्ते उस में महीन २ छेद हैं. कान बाहर हवा में जो कुछ आवाज होता है, उस हवा का शब्द पुद्गल कान के अन्दर पर्दे पर पड़ता है. तब वह शब्द मृदंग के पुद्गल की मफ्क उस आवाज को अन्दर श्रवण तन्तु मगज को पहुंचाता है. वहां सुनने का ज्ञान उस जीव को प्राप्त होता है ॥

नाक घ्राणेंद्री, (नोज़ *Nose*)

नाक का अगला भाग पांच नरम हाडों का अर्थात् कूचीओं की बना भया है. बाहर दो छेद दीखता है उसको नसकोरा कहने में आता है. नाक के दो भाग हैं, एक तो बाहर दीखे सो दूसरा अंदर का बाहर के नाक की जड़ कपाल के साथ है, जैसे बाहर दो छेद हैं वैसे अन्दर भी दो छेद हैं वे मुंह के पिछले भाग से तथा गले के साथ सम्बन्ध रखता है. दो नसकोरों के बीच में एक पर्दा है,

बाहर से नहीं आता इस चमड़ी में से पैदा होता है, कान के बिल्कुल भाग में खड़ा है उस के तथा बाहर के कर्ण नली के बीच में एक बारीक पर्दा आया भया है, उसके भाग में से एक मशीन नली निकलकर अन्दर के भाग में उतरी है, इस से और कान के बिल्कुल भाग में से मुंह के सम्बन्ध रहा भया है, कान का आखीर अन्दर का भाग सब से जरूरी का है क्योंकि उस में सुनने के तन्तुओं आये भये हैं, इस भाग का वर्णन साहज में समझ में नहीं आ सके ऐसा है, लेकिन मगज में से आये भये श्रवण तन्तुओं उस भाग में दाखिल भया है, उस तांतुओं के प्रवेश वाले उस में महीन २ छेद हैं, कान बाहर हवा में जो कुछ आवाज होता है, उस हवा का शब्द पुद्गल कान के अन्दर पर्दे पर पड़ता है, तब वह पर्दा मृदंग के पुड़त की तरह उस आवाज को अन्दर श्रवण तन्तु मगज को पहुचाता है, वहां सुनने का ज्ञान उस जीव को भान होता है ॥

नाक घ्राणेंद्री, (नोज़ *Nose*)

नाक का अगला भाग पांच नरम हाडों का अर्थात् कूर्चाओं की बना भया है, बाहर दो छेद दीखता है उसको नसकोरा कहने में आता है, नाक के दो भाग है, एक तो बाहर दीखे सो दूसरा अंदर का बाहर के नाक की जड़ कपाल के साथ है, जैसे बाहर दो छेद हैं, तैसे अन्दर भी दो छेद हैं वे मुंह के पिछले भाग से तथा गले के साथ सम्बन्ध रखता है, दो नसकोरों के बीच में एक पर्दा है,

गैर: का अटकाव करती है,
ह खसबोई वगैर: परखने की शक्ति रखते हैं ये
मुद्गल पहली नाक के गीलास वाले पदार्थ में जब प्रवेश
तभी खुसबो की भावना पैदा होती है जब नाक सूखा होता
ासना का ज्ञान नहीं होता है, खूसबो की बराबर समझ
उस सुगंध दुर्गंध पदार्थ को जब हवा से ऊपर चढ़ाते हैं तब
जियादा असर मालूम पड़ता है, मगज के तंतुओं में से
जोड़ा सूंघने की क्रिया करता है, वह मगज में से नीचे उतरे
उसकी बारीक शाखायें नाक के ऊपरले भाग में पसरे हैं और
सुगंध दुर्गंध को परखे है नाक के नीचे का भाग मुंह तथा
सों के संग सम्बन्ध रखता है जिस से यह श्वांस लेने का तथा
ी २ आवाज निकालने के काम में उपयोगी होता है सब प्रा-
णयों की खुशबू परखने की शक्ति बराबर नहीं है कारण कर्मों के
आवरण के क्षयोपशम मूजब है इस आवरणों के मुताबिक ही मगज
के संग सम्बन्ध रखने वाले घ्राण तंतुओं जैसे जिसके होते हैं वैसी
ही उस में शक्ति होती है कोई आदमी तो बहुत तरह के खुसबू
परख सकता है कोई नहीं परख सकता है एक आदमी को एक चीज
की खूसबू अच्छी लगती है वो ही खूसबू दूसरे को अच्छी नहीं लगती ॥

जीभ स्वादेन्द्रि, (टंग Tongue).

स्वाद की जानने वाली इन्द्रीय जीभ है जीभ आस पास के भाग

तालुवा पडजीभ वगैरों में भी कुछ २ स्वाद जानने की शक्ति मालूम देती है जीभ के अग्रभाग पर दाना २ होता है उन दानों तक म-गज के स्वाद इन्द्रियों के तंतू पसरे भये होते हैं जिन से जीभ को अनेक वस्तु का स्पर्श होते ही स्वाद को पहोंचा ही सकती है जो पदार्थ जैसे ज्यादा पतला होता है वो जल्दी जीभ के तंतुओं में घुसकर जल्दी स्वाद का असर करता है और कठिन पदार्थों के प-रमाणु जीभ से पैदा हो तेरस में प्रवेश जब करता है तब रस का स्वाद मालूम पड़ता है जीभ के अंदर के तंतुओं को जो स्वाद का ज्ञान होता है वो ज्ञान मगज को तंतू पहुंचाते हैं तब अपने को उस २ रस का ज्ञान होता है जीभ मांस के लोचों से बनी है चारों तरफ से स्नायु जीभ के लगे भये हैं इस वास्ते जीभ इधर उधर फिरती है खुराक चावने में जीभ बहुत मदद करती है खुराक को बेर २ दांत के नीचे लाती है और जीभ की अणी खुराक को नरम करती है और बोलने के काम में जीभ का मुख्य उपयोग है ॥

चमड़ी त्वचा स्पर्शेंद्रि (स्किन *Skin*).

मगज के ज्ञान इन्द्रियों में पांचमी त्वचा है उस करके स्पर्श का ज्ञान होता है चमड़ी शरीर के अन्दर के भागों को ढककर उस का रक्षण करती है प्राचीन पंडितों के शास्त्रप्रमाण से सात पुड़-त है और डाक्टरों ने इस के दो पुड़त माने हैं जिसमें ऊपर का पड़त बहुत महीन पतला है जिसमें जलने से उस पर फफोला हो

जाता है सो ऊपर के पड़त का है इस के नीचे दूसरा पड़त है वह बहुत सख्त और जाडा है उस पर छोटी २ बहुत अणियां होती है उस में ज्ञान तंतुओं के जाल पसरे भये होते हैं चमड़ी के नीचे छोटी गांठें होती है उस में से पसीना पैदा होता है और चमड़ी के महीन छेदों में से बहार निकलता है चमड़ी के ये छेदों की गिनती जैनादिक प्राचीन ग्रन्थकारों ने साढ़ा तीन क्रोड़ की संख्या मानी है डाक्टरों के अनुमान से एक इंच चोरस जगह में २८०० छेदों की गिनती करने में आई है सब शरीर पर इस हिसाब से ७० लाख पसीने का छेद है प्राचीन पंडितों की गिन्ती शरीर के बढ़ाई पर है क्योंकि कोई कालांतर में प्राचीन पंडित ऊमर और शरीर की बढ़ाई मानते चले आये वेदों में युग के हिसाब पर घटत बढ़त है जैनों के अरोकी गिन्ती मुजब है इस की चर्चा यहां नहीं लिखते ग्रन्थ बढ़ जावे पसीना पानी जैसा पदार्थ है वो हमेशा निकलता रहता है लेकिन हवासे सूख जाता है सो हमेशा अपने नजर नहीं आता सब दिन रात में सरासरी तीन रतल पसीना पैदा होता है पसीने के संग खून में से कितनी एक खराब वस्तु शरीर में से निकल जाती है पसीने सिवाय चमड़ी में से एक चिकना तेल जैसा पदार्थ निकलता है जिस से चमड़ी हमेशा नरम और सुंवाली रहती है और चमड़ी में शोषण करने की भी शक्ति है जिस से तेल वगैरः को अन्दर खेंचती है ॥

छाती, फेफसा, छाती की पोल.(चेस्ट *Chest*).

छाती की पोल में रक्तागय बड़ी खून वहनी नल और दो फेफसे आये भये हैं, अन्न नल भी छाती में होकर पेट में उतरता है और श्वास नली का भी थोड़ा हिस्सा छाती के पोल में आया भया है, छाती के दोनों तरफ दो फेफसे हैं और बीच में रक्तागय (हार्ट) है, छाती के दोनों तरफ बारह २ पांसलियां हैं, छाती के पीछे पीठ की तरफ बीच में करोड़ है और छाती के अगली तरफ उरोस्थि अर्थात् छाती का हाड है, जिस के सङ्ग पांसलियां लगी भई है, ये सीने का हाड आसरे पांच इंच लम्बा है, ये सीने का हाड अव्वल से तो बहुत टुकड़ा-२ होता है, लेकिन पीछे से अवस्था पर आपस में जुड़ जाते हैं, ये सीने का हाड गले के तरफ चोड़ा होता है और नीचे की तरफ सांकड़ा होता है कोडी के पास अनीदार होता है, पीठ की तरफ बारह ही पांसलियां करोड़ के मनियों के संग जुड़ी भई है और अगली तरफ सात पांसलियां सीने की हड्डी के संग जुड़ी भई है, नीचे की तीन पांसलियों का अग्रभाग खुला है पांसलियां स्थिती स्थापक है नर्म और झुक सकती है, इस वास्ते श्वासों श्वास की क्रिया में मदद देने वाली है ॥

फेफसा फुप्फुस (लंग्स *Lungs*).

फेफसे दो हैं वह छाती के दोनों तरफ आये भये हैं, फेफसे की शकल मृदंग जैसी है, ऊपर से संकड़ा नीचे से चोडा होता

है और गुण इसका बदली जैसा होता है, दरेक फेफसे का वजन डेढ रतल का होता है, वायें फेफसे से दाहिना फेफसा जरा जियादा वजन में होता है, लेकिन दाहिने फेससे से बायां लम्बा जियादा होता है, फेससे स्थिति स्थापक और बादल जैसे होने करके दबता है और फूलता है फेफसे के अन्दर छोटे २ बहुत छेद होते हैं अथवा पोले दाने होते है वह हवा से भरे भये होते हैं, उस के छेदों की गिनती डाक्टरों ने करी है, जिसका अनुमान ३० करोड़ छेदों का है, जो फेफसा फक्त कोयली जैसा होता तो उस में हवा को बहुत थोड़ी जगह मिलती लेकिन करोड़ों छेद होने के सबब हवा को बहुत जगह मिलती है, हरएक फेफसे में हवा से भरे छेद एकंदर १४०० चोरस फुट जितनी जगह रोके इतनी हवा है, पीठ के तीसरे मनियें के सामने से श्वास नली के दो शाखायें हैं, सो दाहिनी शाखा दाहिने फेफसे में जाती है, बाइ वायें फेफसे में पहुंचते २ वह श्वास नली के शाखाओं का उत्तरोत्तर भाग विभाग होकर आखिर बारीक शाखा पर बारीक पर पोटे होकर ठहरता है श्वास नलियों के असंख्य अग्रभाग जहां आगे फेफसे को मिलते हैं वहां हवा और खून आपस में सम्बन्ध होते ही खून शुद्ध होता है ॥

रक्ताशय, हृदय, अंतःकरण दिल (हार्ट *Heart*).

रक्ताशय ये छाती की पोलार में दोनों फेफसे के बीच में कुछ बाई तरफ तिरछी पड़ी भई एक मांस की थैली है बाई तरफ

तो पीठ की करोड़ के हाड के पसवाड़े साथ और आगे से पांसली के भीतर की कोर संग चोतरफ लगा भया है इस पर्दे के ऊपर की तरफ संग बाई दाहिनी तरफ तो फेफसा और बीच में रक्ताशय जुड़ा भया है और नीचे के पसवाड़े संग दाहिणी तरफ तो कलेजा बायें तरफ तिल्ली और बीच में होजरी जुड़ी भई है इस पर्दे में तीन छेद हैं जिस में से एक में से धोरी नस और दूसरे छेद में से अन्न नल छाती में से पेट में उतरे हैं तीसरे छेद में से बड़ी काली नस पेट में से छाती में जाती है इन तीनों छेदों के अलावा उस पर्दे में कितनेक महीन छेद है उन्हों में से ज्ञान तंतुओं को रस्ता मिलता है ॥

पेट की पोल, उदर, पेट (अंडोमेन *Aundomen*).

शरीर में से सब से बड़ी पोल पेट की है. पेट की पोल के पिछले भाग में पीठ की करोड़ आई भाई है और ऊपर के भाग के बाजू पर पांसलियां है, आगे का और पसवाडे का ढकनां स्नायु तथा चमड़ी का बना भया है ऊपर की तरफ छाती के और पेट के बीच में गुम्मट के आकार का पर्दा है और नीचे के तरफ पेडू अथवा वस्ति स्थान है पेट को दवा के देखने से दुबले आदमी का पेट ढकना आखर करोड के मनियें तक हाथ में लग जाता है यही पेट का ढकना गर्भवती औरत का और मेद वाले तथा जलंदर वगैरः उदर रोगियों का बहुत बढ़ जाता है पेट की दिवाल के मध्य

रेखा में सूंड़ी का खड्डा है, उस के नीचे पेडू है और पेट के आखरी ऊपर के तरफ पांसलियो के बीच के भाग को फेफड़ा या कोड़ी कहते हैं बाजू वालों को पसवाड़े कहते है, पेट में होजरी कलेजा तिल्ली आंतरियां मूत्राशय के गुर्दे वगैरः बहुत जरूरी के अवयव आये भये हैं, उन सबों की हद्द और जगह जानने के वास्ते पेट के चौतरफ दो तो आडी और दो खड़ी लकीर दोलड़ी कल्पने से उस पेट का नव हिस्सा होता है उस में नीचे लिखे यन्त्र मूजिब कोटे आये भये हैं ॥

१ दाहिनी पासली पास के भाग में.	२ फेफड़े वाले मध्य भाग में.	३ बाई पसली के पास भाग में
कलेजा का दाहिना भाग पित्ता छोटे आतों का पहला भाग बड़े आत का दाहिना लपेटा दाहिने गुर्दे का ऊपरला भाग ॥	होजरी का बिचला भाग और दाहिना अग्रभाग कलेजा का बाया भाग.	होजरी का बाया अग्रभाग तिल्ली बड़े आतरों का लपेटा बाया गुर्दे का ऊपरला भाग.
४ दाहिना कमर तरफ भाग में	५ सूंड़ी वाले मध्य भाग में.	६ बाये कमर तरफ भाग में.
ऊपर चढता बड़ा आतरा दाहिने गुर्दे का नीचे का भाग छोटे आतरों का थोड़ा भाग.	बड़े आतरे का आड़ा भाग छोटे आतरों का थोड़ा गुच्छा.	बड़े आतरे का नीचे उतरता भाग बाये गुर्दे का नीचे का भाग छोटे आतों का थोड़ा गुच्छा.
७ दाहिनी भाग तरफ के नाभि में.	८ पेडू वाले नीचे के भाग में.	९ बाये कमर तरफ भाग में.
छोटे आतरे का छेड़ा और बड़े आंत का गुल्फ आत का भाग पेशाब ले जाने वाली दाहिनी नली.	छोटी आत का गुच्छा पेशाब का भरा हुआ थैला बड़ा नाड़ी मलेन्द्रियान.	बड़े आतरे का नीचे का और आतरे का उतरता भाग पेशाब ले जाने की बाई नली.

इस लिखे कोटे से सामान्य तौर पर इतना तो जरूर समझ में आ जायगा. पेट के दाहिने तरफ पांसली के नीचे कलेजा

(यकृत्) कलेजे के नीचे थोड़ा ते
भाग और मूत्राशय और सब के नी
वाली दाहिनी नली इतने अवयव अ
ऊपर होजरी और कलेजे का थोड़ा
भाग में बड़ा आड़ा पड़ा भया आंतरे
सब से नीचे पेडू में छोटे आंतरे औ
आये भये हैं, पेट के बाईं तरफ पां
छोड़ा तिल्ली और बड़ा आंतरा उस
मूत्राशय और सब से नीचे जांघ के
नली इतना भाग आया भया है ॥

अन्न न

पेट की पोल के होजरी वगैर
पहले होजरी में अन्न कहां से होक

नल के रास्ते होजरी में, उस होजरी के संग जुड़े भये छोटे आंतरे फिर उन्हों में उन छोटे आंतरों से जुड़े भये बड़े आंतरे में होकर सफरों में आता है, गले से लेकर होजरी के ऊपर के नाके तक पहुंचता यह अन्न नल की लम्बाई १२ इंच की है अन्न नल श्वास नली के पिछाड़ी है जिस से जिस वक्त खुराक निगलने में आता है तब उस खुराक का कोई भी दाना श्वास नली में नहीं उतर सके इस वास्ते श्वास नली का मुंह बन्द करने को एक छोटा ढकना जीभ के संग लगता है, वह खुराक गले से उतरते वक्त श्वास नली का मुंह ढक देता है तब उस के ऊपर होकर के खुराक अन्न नल में प्रवेश करता है ॥

होजरी, अन्नाशय, आमाशय ॥

गले से गुदा तक खुराक का एक ही रास्ता अथवा नल है, जिस में होजरी खुराक का सब से पहला भाग है होजरी पेट के फेफड़े वाले मध्य भाग में तैसे ही बाईं पसलियों के तरफ आया भया है, होजरी के ऊपर उरोदल पटल और कलेजे का बायां पासा है होजरी के बायें तरफ तिल्ली है, दाहिनी तरफ कलेजा है नीचे आंतरा है पिछाड़ी करोड़ है, होजरी के ऊपर के छेड़े पर अन्न नल का संयोग होता है और नीचे के छेड़े से आंतरा शुरू होता है होजरी की शकल पानी की मशक अथवा छोटी पखाल जैसा है, जब उस में खुराक जाता है तब वह चौड़ी होती है तब उस की

(यकृत्) कलेजे के नीचे थोड़ा तो छोटे तेरो ही बड़े आंतरे का भाग और मूत्राशय और सब के नीचे जांघ के पास मूत्र ले जाने वाली दाहिनी नली इतने अवयव आये भये हैं, पेट के बीच में ऊपर होजरी और कलेजे का थोड़ा भाग उस के नीचे सूंड़ी वाले भाग में बड़ा आड़ा पड़ा भया आंतरे का भाग और छोटे आंतरे और सब से नीचे पेडू में छोटे आंतरे और स्त्री का गर्भस्थान इतने भाग आये भये हैं, पेट के बाईं तरफ पांसलियों के नीचे होजरी का बायां छेड़ा तिल्ली और बड़ा आंतरा उस के भी नीचे बड़ा आंतरा तथा मूत्राशय और सब से नीचे जांघ के पास मूत ले जाने वाली दाहिनी नली इतना भाग आया भया है ॥

अन्न नल ॥

पेट की पोल के होजरी वगैरः भागों का वर्णन करने से पहले होजरी में अन्न कहां से होकर किस तरह आता है सो जानना चाहिये, खाया भया खुराक इस नल में होकर नीचे जाता है यह अन्न नल मांस मय स्नायुओं का बना भया है उस के संकोचने से खाया भया खुराक धक्के खाकर होजरी में जाता है, यह नल मुंह की खिड़की अथवा गले के नीचे के भाग से शुरू होता है, वह नल श्वास नली के पीछे और जरा बाईं तरफ करोड़ के आसरे नीचे उतरता है, पहले लिखा जो छाती और पेट के बीच में गुम्मट के आकार में होकर होजरी में पहुंचता है, इस नल का सम्बन्ध आखर गुदा द्वार तक पहुंचा है जैसा खुराक खाने में आता है सो अन्न

नल के रास्ते होजरी में, उस होजरी के संग जुड़े भये छोटे आंतरे फिर उन्हों में उन छोटे आंतरों से जुड़े भये बड़े आंतरे में होकर सफरों में आता है, गले से लेकर होजरी के ऊपर के नाके तक पहुंचता यह अन्न नल की लम्बाई १२ इंच की है अन्न नल श्वास नली के पिछाड़ी है जिस से जिस वक्त खुराक निगलने में आता है तब उस खुराक का कोई भी दाना श्वास नली में नहीं उतर सके इस वास्ते श्वास नली का मुंह बन्द करने को एक छोटा ढकना जीभ के संग लगता है, वह खुराक गले से उतरते वक्त श्वास नली का मुंह टक देता है तब उस के ऊपर होकर के खुराक अन्न नल में प्रवेश करता है ॥

होजरी, अन्नाशय, आमाशय ॥

गले से गुदा तक खुराक का एक ही रास्ता अथवा नल है, जिस में होजरी खुराक का सब से पहला भाग है होजरी पेट के फेफड़े वाले मध्य भाग में तैसे ही बाईं पसलियों के तरफ आया भया है, होजरी के ऊपर उरोदल पटल और कलेजे का बायां पासा है होजरी के बायें तरफ तिल्ली है, दाहिनी तरफ कलेजा है नीचे आंतरा है पिछाड़ी करोड़ है, होजरी के ऊपर के छेड़े पर अन्न नल का संयोग होता है और नीचे के छेड़े से आंतरा शुरू होता है होजरी की शकल पानी की मशक अथवा छोटी पखाल जैसा है, जब उस में खुराक जाता है तब वह चौड़ी होती है तब उस की

है पाचन भया रस इस नल के रास्ते खून को मिलता है बड़ा आंतरा दाहिने जांघ के तरफ भाग से शुरू होता है बड़े आंतरे का तीन हिस्सा करने में आवे तो दाहिने जांघ के पास से शुरू होता है सो दाहिनी पांसली तक वह ऊपर चढ़ता है पीछे वहां से कालजे के नीचे से वह बाईं तरफ फिरता है और फिर वहां से फेफड़े वाले भाग में होकर बांई पसली तक वह पेट में आड़ा पड़ता है तीसरा भाग तिल्ली के नीचे शुरू होकर पेट की बांई तरफ जांघ तक सीधा उतरता है इस तरह बड़ा आंतरा एक, सौ, तीन तरह से पेट में रहा है बड़े आंतरे की लम्बाई पांच फीट है ऊपर चढ़ता पहला भाग २॥ इंच जाड़ा है लेकिन आगे जाते बड़े आंतरे पतले होते जाते है वह आंतरे का तीसरा भाग नीचे उतरते की जाड़ाई १॥ इंच से जियादा नहीं है सफरे का नल बड़े आंतरे का जो छेड़ा बायें जांघ तरफ उतरता है वहां से टेढ़ा नल शुरू होता है वह सफरे के मुंह तक जाता है उसको सफरा अंग्रेजी में (रेक्टम) कहते हैं वह बायें तरफ से शरीर के मध्य भाग तरफ फिरता है और बीच में से सीधा उतरता है सफरे के अगली बाजू पर मूत्राशय याने पेशाब का फुका और गर्भस्थान आया भया है और पीछे से दोनों बैशक याने चूतड़ों के साथ लगा भया है हाड के संग सफरा ६ से ८ इंच लम्बा है सफरे के मुंह में मांस की शाखा गोल आंटा खाया भया है वह ढीला होने से सफरे का मुंह खुलता हैं और संकोचने से बन्द होता है ॥

कलेजा यकृत्, (लिवर *Liver*).

कलेजा एक बड़ा अवयव है उसका वजन आसरे ४ रतल होता है वह दाहिनी तरफ पांसलियों के नीचे पसवाड़े आया भया है लेकिन वह बड़ा है इस वास्ते फेफड़े वाले मध्य भाग में तैसे ही जग बाई पांसली के भाग तक पहुंचा भया है दाहिने तरफ से बाई बाजू तक कलेजे की लम्बाई आसरे एक फुट की है और चौडाई आठ इंच की है कलेजे के ऊपर उरोदर पटल आया भया है और नीचे अन्नाशय आंतरा तैसे मूत्राशय आया भया है कलेजे का बड़ा भाग दाहिने तरफ से पांसलियों से ढका भया है इस वास्ते दबाने से मालूम नहीं पड़ता है जब उस में कोई विकार होने से बाहर आता है तब वह दबाने से मालूम पड़ता है कलेजे के ऊपर बजाने से भद्दी आवाज आती है कलेजा बारीक हजारों दानों का बना भया है इस हरएक दाने में खून के महीन रगों का जाल पसरा भया है कलेजे का मुख्य काम खून शुद्ध करने का है और पित्त नाम का रस पैदा करने का है होजरी और आंतरों की सिराओं मिलके एक बड़ी सिरा होती है वह मध्य सिरा (पोर्टल वाइन) कहने में आती है यह मध्य सिरा कलेजे में दाखिल होकर उस की शाखाये बनकर उसका खून शुद्ध होता है कलेजे में जो पित्त रस पैदा होता है इस पित्त को ले जाने वाली एक नली कलेजे में से बाहर निकलती है वह पित्ताशय कहलाता है यह पित्त आंतरों में मिलके उस के अन्दर के खुराक को पचाता है खुराक में जो चर्बी

और चिकनास का भाग होता है उसको पित्त जल्दी पिघलाता है पित्त से आंतरों को जल्दी गति मिलती है और दस्त खुलास आता है पित्त का थोड़ा भाग दस्त के रास्ते बाहर निकलता है उस से दस्त का रंग पीला होता है चौबीस घन्टे में तीन रतल पित्त पैदा होता है ॥

पित्ताशय, पित्ता (गालब्लेंडर *Galblinder*).

कलेजे में पित्त का स्थान है यह पित्ता कलेजे के नीचे के तरफ लगा भया है यह एक गाजर जैसी थैली है पित्त की नली होजरी के नीचे छेडे से शुरू होता छोटे आंतरे से मिलता है इस पित्त की नली के संग दूसरी (पांक्रियाफ) नली का संयोग होता है इन दोनों की एक नली होकर आंतरे में प्रवेश करती है इस दूसरी नली में से थूक जैसा एक रस आंतरे से मिलके पाचन क्रिया में मदद करती है पित्त कलेजे में पैदा होकर पित्ताशय में इकट्ठा होकर पित्त की नली के रास्ते होकर आंतरे में जाता है ॥

तिल्ली, प्लीहा (स्पलीन *Spleen*).

पेट की बांई तरफ पड़खे में नवमी दशमी ग्यारमी इन तीन पांसलियों से ढकी भई हैं वह तिल्ली है कलेजे की तरह ऊपर से दबाने से मालूम नहीं पड़ती उरोदर पटल और होजरी के रस पुडतों से संधी भई है उसका रंग बादली रंग की सलेट जैसा है वह पांच इंच लम्बी तीन इंच चौडी और १० से १५ तोला वजन में है उसका भी काम खून शुद्ध करने का है बुखार की बीमारी में

वह बढ़ती है यहां तक बड़ी हो जाती है कि एक सख्त पत्थर जैसी गांठ सब पेट में फैल जाती है ऐसी तिल्ली बधी भई २० से ४० रतल तक वजन की होती है जब मिटती है तो यहां तक छोटी हो जाती है उसका वजन एक तोले से वजन वैसी नहीं होता ॥

॥ मूत्रपिंड-गुरदा ॥ (किडनी *Kiddney*)

(१ अकलकरा-) गरम वायुहर थूक लाणेवाला दांतोंके रोगमें जीभके जडपणेमें मूं रखणेसें फायदा जादा करके और दवायोंके संग दिया जाता है (आकार करभादि चूर्ण अकलकरा सूंठ शीतलमिरच केशर पीपर जायफल लोंग सुपेदचंनण ये आठों एकेक तोला अफीम चार तोला (गुण) स्तंभन धातूकों जाती होय तो बंधकरे (मात्रा-)१ रत्ती से २ रत्तीभर रातकूं सहतसें चाटणा (२ आंधीझाडा) कफघ्न उष्ण पेसाब लाणेवाल है इसका खार निकालणेंकी विधि देखो खारकी (अपामार्ग खार) खांसी कफ दू और श्वासमें फायदा करता है छातीका कफ जुदा करता है, तेसें पेटकी चूंक आफर वांईटेभी मिटता है कानमें इस क्षारमें तेल बनाया भया बूंदे डालणेसें कानकी शूल तथा फंडफडांट मिटता है, तेल बणाणेकी विधि पीछे लिखी है, आंधी झाडेका खा सम वजन हरताल संग पीस लगाणेसें छोटे २ मस्से गिरजाते हैं, अपामार्गके फूल वि छूके डंकपर मसलणेसें जहर उतरता है, इसके पंचांगकी राखकूं चोगुणे सहतमें चटा णेसें कास दम तथा आम्लपित्त निर्बल हो जरीवालेकूं गर्भिणी स्त्रीकूं छाती तथा भलेमें

खटास चढकर जलता है, सो मिटता है, (३ अजवाण) उष्ण वातहर दीपन वायु आंटा आफरा पेटकी चूंक वगेरे पेटके रोगमें अछी असर करती है,(अजमोदादि चूर्ण) अजमोद सेंचल सींधानिमक जवखार हींग तथा हरडे सब समभाग ये चूर्ण पेटका आफरा तथा अजीर्णपर अछा है, (अजमोदादि गुटिका–) अजमोद हरडे खारक केशर एक २ भाग जायफल मोचरस अफीम ये तीनों आधा २ भाग जावंत्री लोंग तथा सहत ये तीनों दो दो भाग बाजरीके दाणे जितनी गोली करणी बालकोंकी उलटी दस्त नींद नहीं आवै अथवा नींदमेंसें झचक उठै इन सबोंमें बहोत अछा फायदा, करता है (मात्रा) गोली १ सें २ (४ अतीसकी कली) ज्वरहरे कृमिहरे दीपन ग्राही बहोतसे बुखारोंके काथमें डाली जाती है, बच्चोंकी तो खास दवा है, (अतिविष चूर्ण) फकत कलीका चूर्ण कर बच्चोंकों सहतमें चटाणेसें बुखार खासी उलटी मिटती है, (मात्रा) बाल०॥ सें १ बाल (चातुर्भद्रचूर्ण–) अतिविष मोथा काकडासींगी पींपर चूर्ण सहतमें चाटणेसें उलटी दस्त बुखार खासी वगैरे बच्चोंके रोगोंपर बहोत फायदेबंद है (शृंग्यादि चूर्ण–) काकडासींगी अतीस पींपर इनोंका चूर्ण सहतमें देणेसें बच्चोंकी खासी बुखार उलटीकूं मिटाती है, मात्रा हरेक चूर्णकी १ बाल (५ अफीम–) ग्राही पीडाशामक नींदलाणेवाला स्वेदल स्तंभन दवा तरीके अफीम बहोत रोगोंपर फायदा करता है, मरोडा संग्रहणी अतिसार रक्तातिसार हैजा विना बुखारकी खासी दम अनिद्रा अंगपीडा उन्माद हिचकी मधुप्रमेह आंखके रोग तथा स्त्रियोंको अधूराजाणा और ऋतुधर्मके दोषमें अफीमकूं युक्तिसें तेसें दुसरी दवायोंके योगसें देणेसें जलदी असर करता है जहर है इसवास्ते बहोत साव चेतीसें उपयोग करणा (मात्रा० । सें ॥ रत्ती) (कुंकुमवटी) अफीम तथा केशर सम भाग सहतमें चावलके वजन जितनी गोली करणी सखत दस्तभी रुक जाता है, अजीर्ण अतिसार संग्रहणीकूं (मात्रा गो० १) (आमराक्षसी) अफीम जायफल लोंग शुद्ध हिंगलू और कपूर समभाग इनोंकी दो दो रत्ती भरकी गोली करणी उससे हैजे काभी सखत झाडा बंध होता है वाईटेभी बंध होते है, शरीर सतेज होता हैं, मात्रा २ रत्ती(अर्क अहिफेनादि गुटिका–) आकके सूके भये फूलोंका भूका दो तोला सींधा निमक २ तोला सेकामया अफीम० ॥ तोला तीनोंकों मिलाकर एकेक बालकी गोलीकरणी रगतपित्त अर्थात् शरीरके किसीभी रस्तेसें खूनगिरे सो तथा उरक्षत याने जिस क्षयनमें खूनमिले खंखार गिरे सो एसे रोगोंमें ये गोलियां बहोत फायदा करती है,(मात्रा २ रत्ती) (६ अरडूसा) कफघ्न रक्तस्तंभक ग्राही) अरडूसेका पान बहोत काढोंमें गिरता है, खासी क्षय श्वास दम वगेरे छातीके रोगोंमें बहोत फायदा करता है, रक्तस्तंभक और कफघ्न होणेसें कफकूं निकाल खूनकूं बंध करती है, और फेफसा सडतामया मिटता है, कफके बुखारमें तथा बच्चे सरदीसें जकडजाते हैं. गलेमें तांत बोलती

है, बुखार चढ जाता है, और श्वास चलता है, उसमें पानका रस जरा गरमकर पिलाणेसें तथा पानके कूचेकूं छातीपर रखकर ऊपरसें सेक करणेसें तुरत आराम होता है, (वासा स्वरस) अरडूसेके गीले पानोंका रस १ तोले रसमें १ तोला सहत पींपरका चूर्ण १ सें २ वाल भुरकाकर पिलाणेसे कफ निकल जाता है, छाती हलकी पडती है, (वासा पुटपाक) देखो पुटपाक बणाणेकी विधि, रसनिकाल सहतमिलाय पीणा (मात्रा १ सें दो तोला, इस पुटपाकसें क्षय अतिसार रक्तातिसार मिटता है (वासादि काथ) अरडूसेकापान गिलोय भोरींगणी जो हरडे दाख और पींपर समभाग काथ करणां (काथवणाणेकी क्रिया देखो) इससें खासी क्षय कफज्वर तथा दमकूं फायदा करता है (वासावलेह) अरडूसेके पत्तोंका रस३२तोला मिश्री८ तोला पींपर २ तोला ताजा घी २ तोला ये सर्वोंकों उकाल जाडा करणा ठरेवाद इसमें १। रुपेभर सहत मिलाणा क्षय उरक्षत खासी दम श्वास वगेरे छातीके रोगोंमें बहोत फायदा करता है (वासाखंड पाक) अरडूसेके पत्ते सेर १। लेकर पाणीमें उकालणा चोथा भागका पाणी बाकीरहे तब पाणी छाण उस पाणीकूं फेर चूलेपर चढाकर उसमें हरडेका बारीक चूर्ण तोला १३० तथा बूरा तोला ५० डालकर पाक करणा उतार ठंढा भयेबाद सहत तोला ४ वासकपूर तो. २ पींपर तो. १ और तज तमालपत्र इलायची नागकेशर ये चारों दोदो वाल एकेक वस्तु डालकर मिलाणा ये रक्तपित्तके भयंकर रोगकों मिटाताहै (७ अरणी) उष्ण वातहर सोथघ्न कफघ्न दसमूल तथा दुसरेभी कितनेक काढोंमें अरणी की जड काम देती है, इसके पत्ते सूजनपर बंधाते हैं (अग्निमंथादिलेप) अरणीकी जड काली जीरी कीडामारी शरपंखा सूंठ समवजन पाणीमें पीस जरा गरमकर सोजेपर लेप करणेसें भयंकर सोजन चलाजाता है सूवारोग संग्रहणी संधिवात दुसरीभी वादीमें सांधोंमें तथा दुसरी जगे सोजन आतीहै उण सर्वोंकों ये लेप फायदा करता है (८ आरीठा) उष्ण वांतिकारक सांपके तथा अफीम वगेरेके जहरमें आरीठेका पाणी पिलाकर उसकूं उलटी कराणेमें आता है नाकमें पाणीकी बूंद नाखणेसें बेशुद्धि तथा आधासीसी मिटती है इसके पाणीसें दाह मिटती है (९ असालिया) उष्ण वातहर वाजीकर पौष्टिक असालियेकी खीर खाणेसें गुल्मचोट यकृत् (लिवर) तथा तिल्लीके खूनके जमावकूं तोडता है शूल तथा चोटलगे पर असालिया इकेला अथवा साजी खार हलदी मेदालकडीके साथ मिलाकर गरम कर लेप फायदा करता है (९ अलशी) शीतल मूत्रल फेफसा पेटके पडदेका रिदय वगेरे शरीरके कोइभी मर्मस्थानमें वरम होजावै उसमें खून चढताहै शूल चलतीहै और पकजाताहै तब अलसीकी पोटिस वेर २ बांधणेसें बहोत फायदा होताहै किसीभी दुखती जगे दरद होता होय तो सादेजलमें अथवा पोस्तके डोडेकूं उकालकर उस पाणीमें अलसीकी पोटिस बणाकर बांधणेसें दरद मिटताहै (लूपरी बणाणेकी विधि)

देखो) (११ आकडा) उष्ण शोषक स्वेदल वमनकारक कफघ्न क्षोभक वातहर (आकडेकीजड, फूल, पान, तथा उसका दूध, दवामें काम आता है, जडकी छाल सोधकर है, उलटी कराताहै,इसके सर्वगुण,एपीकाक्युऐन्हा नामकी अंग्रेजी दवाके गुणसें मिलता है, जडकी मात्रा एक बाल, (पान) बुखारमें पानकूं सेककर शिरकपालपर बांधणेसें पसीना आता है बुखार नरम पडताहै और बुखारमें शिरपर बांधणेसें मगज ठंढा रहता है पेटपर पत्ते बांधणेसें पेट नरम पडताहै पानके वाफे भये रसकी बूंदडालणेसें कानकी शूल मिटजाती है (अर्कतैल) तिलकातेल तोला १० आककादूध तोला ४० हलदी तो २० मनसिलतोला २० तेल बणानेकी विधिसें तेलबणाणा इसके लगाणेसें खाज खुजली तथा हरसका मस्सा सूक जाता है (अर्कादिक्वाथ– गजपीपर मिरच सूंठ और सींधा निमक सम भाग और चारोंके वजनसें वीसमा भाग आकके जडकी छाल तिली और कलेजा और जलंदरमें अछाफायदा करताहै (आकके दूधका घी) आकका दूध तथा मखण समवजन मिलाकर तपाकर घीवणाना खुजलीखाज इसकी मालिससें चलीजाती है (१२ अद्रक) उष्ण दीपन पाचन वातहर रुचिकर अनुपानमें इसका रस बहोत फायदे बंदहे वदनकूं जागृति करणेका इसके रसमें गुण है (आर्द्रकस्वरस) आदेका रस सहतमें पीणेसें खासी कफ तथा पेटपर वोझा होय सो नरम पडता है आंडोंमें वादी आगई होय तो आदेका रस और सहत पीणा भ्रम चक्कर पित्तके रोगमें आदेका रस २ तोला गायका दूध ७ तोला दोनोंकों उकाल कर आधा दूध जले तब उतार उसमें मिश्री डालकर पिलाणा (१३ आमली) सारक पित्तशामक तथा रुचिकर है दवामुजब अंमलीकी राख अथवा उसका खार शंखवटी नामकी गोलीबणाणेमें काम आताहै पत्ते इसके आंखवगेरेके सोजेपर वाफकर बांधे जाता है भिलावा चढा होय तो उसपर अंवलीका पान पीसकर मसलणेसें जलण मिटती है वदनपर भिलावा थोहरका दूध अथवा जमालगोटा लगणेसें चमडी उपडे और जलण होजाय तो अमलीकी गिर पाणीमें मिलाकर चुपडणा थोहरका रस अथवा एसीही कोई दुसरी गरम चीज आंखमें पडगई होयतो उसमें अंवलीके गिरमें घी मिलाकर अंजन करणा जमालगोटेका या थोहरके दूधवगैरेका जुलाब लिया होय और बंध नहीं होता होयतो अंवलीके गिरका सरबत मिश्री घी मिलाकर पीणेसें जो कदास पेटमें नही ठहरे तो दो तीनवखत पीलाणेसे जरूर जुलाबका दस्त बंध होजाता है गरमीकी मोसममें अंवलीका सरबत सोडावाटरका काम करता है और गरमीकी लू गरमी तथा पेसाबकी जलण मिटतीहै पित्तके बुखारमें इसका पाणी पिलाणेसें फायदा करताहै इन बातोंके सिवाय दुसरी तरे अंवली बहोत नुकशान करतीहै कच्चीअमली कभी खाणी नहीं पक्की अमलीभी तासीरकूं माने तो गरमीकी मोसममें खाणी आंवलीसें दांत जकड जाते हैं. जबाडी झल जाती है, शिर पकडीज जाता है, किसी वखत इससें खासी सिसकणा तथा दम उठ

जाता है, बुखारवाला तथा ऋतुधर्ममें आई गई औरत आंमली खाती है, तो हिचकी उठणेका डर रहता है, (१४ आंवला) खट्टा शीतल पित्त शामक शोधक सारक आंख तथा वालोंकूं अछा है, आंवले बहोत उत्तम रसायण चीज है, गीले तेसें सूके आंवलोंसें बहोतसी उत्तम दवायें वणती है, सहजसें वणसके एसी थोडी दवायें इहां लिखी है, (त्रिफला चूर्ण–) आंवले बीज विगर४ रुपेभर बहेडेकी छाल २ भर हरडे अमरसरीकी छाल १ भर अथवा जव हरड, कितनेक तीनोंकों सम वजन लेते हैं, ये चूर्ण शीतवीर्य है और आंखका रोग मगजकी गरमी कामला तथा पित्त विकारमें अनेक तरेसें दिये जाते हैं. ऋषभ पुत्र आत्रेय राजाने इसके गुण अपणी बनाई संहितामें बहोत लिखे हैं. (धात्री स्वरस–) पित्त ज्वरकी उलटी बुखारकी उलटी तीक्ष्ण पित्तप्रकोप तृषा शोषदाह इन सवोंकों गीले आंवलोंका स्वरस मिश्री सहत काली दाख मिलाकर पिलाणेसें दव जाता है,(रसायण चूर्ण)आंवला गोखरू गिलोय तीनोंसम भाग लेकर बारीक चूर्ण कपड छाणकर करणा अनुपान घी सक्कर पित्तके बिगाडसें भये तमाम धातु दोषकूं सुधारताहै, वीर्य पतला पड गया होयतो जाता होयतो अथवा मरदमीका नाश होगया होयतो बहोत दिनोंतक सेवन करणेसें जरूर पीछा होजाता है, मूर्च्छाका भयंकर रोग तेसेंही मिरगी और उन्मादमें भी अच्छा असर करता है, धात्री चूर्णकूं– दूधके संग सांझकूं खाणेसें कंठ बैठ गया होय सो सुधरता है, (१५ आसगंध–) धातु पौष्टिक है पाकमें चूर्णमें काथ वगैरेमें डाला जाता है, नाताकत और हीन सत्व छोकरोंकूं इसका चूर्ण दूधमें देणेसें वदनकूं ताकत देता है, आसगंध कालातिल घीमें तलकर चूर्णकर मिश्री मिलाय खाणेसें दुवलापणा मिटकर पुष्टता होती है, आसगंध तथा विरियालीका चूर्णकर टंक मे० ॥ भरचूर्ण दो दो तोला घी मिश्रीमें मिलाकर चाटणेसें सवतरेकी वायु सरण चमका कमर तथा सांधोंकी वायु मंदाग्नि निर्बलता मिटती है, स्तनोंमें दूध बढता है, सूतिका वायु मिटती है, मगज भर जाता है, धातु तथा ताकत बढती है, (१६ असोंदरा–) मूत्रल तथा शोधक है, आसोंदरेका काढा दूध मिलाकर पीणेसें हृदयरोग छातीका दुखणा शूल वगेरे मिट जाता है, (१७ इंद्रजव–) ग्राही दीपन पाचन ज्वरघ्न और कृमिघ्न है, दस्त हरस खूनका दस्त बच्चोंका मरोडा चूंक वगैरेकूं मिटाता है, लघु गंगाधर चूर्ण–) इंद्रजव मोथ कच्चीबीलगिरि लोद मोचरस ओर धावडीका फूल ये सब बराबर लेकर चूर्ण करणा इंद्रजवकी फक्की– इंद्रजव तथा वायविडंग शेककर चूर्ण करणा ये चूर्णसें बच्चोंका दस्त मरोडा उलटी कृमि सब मिट जाती है, (१८ इंद्रायण–) रेचक कृमिघ्न तथा पित्तनाशक है, इसके फल तथा जड ली जाती है, इंद्रायण (तूंबेके) संग दुसरी वायु हरता दवायोंकों मिलाकर वापरणेसें फायदा करता है, इकेला नहीं दिये जाता जलंदर वगेरे पेटके रोगोंमें अच्छा है, (१९ अहिखरेका बीज–) मूत्रल

और धातु पौष्टिक है, अहिखरे (तालमखानेका) चूर्णकर दूधमें पीणेसें धातु पुष्टी होती है, पाकोंमें भी पडता है, (२० एरंड) रेचक शोधक तथा वायु हरता है, एरंडकी जड पान तथा फलका तेल दवामें वापरते हैं, (जड–) बहोतसे वायु हर काथमें पडती है, पान जरा गरम करके आंडोंके तथा आंखोंके सूजनपर तथा औरतोके स्तनके पकणेके ऊपर बांधणेसें सोजा नरम पडता है, अथवा पत्तोंकों पाणीमें उकालकर उस पाणीका सोजेपर सेककरणा (एरंडीका तेल–) जुलाबमें बहुत अच्छा है, बच्चोंकोंभी एरंडतेलका जुलाब निशंकपणे दिये जाता है, मरोडा तथा आंतरोंके शूलमें ये जुलाब बहोतही अच्छा है, मरोडेकी आंकसी दस्त होणेका कारण (आंतरोमें भराभया पदार्थ) दूर करके पीछे मरोडेको दस्तकूं बंध करता है, विछोणेमें पडे रहणेसें पडी भई चांदी इस तेलका फोआधरणेसें तुरत आराम होता है, नारूके रोगमें सोजेपर नारू निकलेबाद उसकूं अच्छा करणेकूं एरंडीके तेलका फोआ धरणेसें अच्छा होता है, (मात्रा) सबसें जादा मात्रा २ रुपे भरसें ३ रुपेभर ऊमर मुजब १ भर० ॥ भर आखर दो वर्षके अंदरके बच्चेकूं दो आनीभर दूधके संग रोगों मुजब अनुपांनसें दिया जाता है, एरंडीका तेल उरुस्तंभ आमवात आंडोंमें दरद सोजन वगेरे रोगोंमें बहोत अच्छा है, (एलायची) ठंढी तेसें वायु हरता है, भोजन किये बाद पेटमें गडबडाट जीमिचलाणा चूंक आफरा वगेरेमें खाणेसें मिटता है, मुखवासमें अच्छी है, इलायची कबाबचीणी और मिश्री मूंमे रखणेसें मूंकी गरमी कम होती है, स्वर कंठ बैठा भया खुल जाता है, बाहर लगाणेके इलाजोंमें बहोत काम देती है, ठंढी होणेसें (एलच्यादि चूर्ण) इलायची गऊंला मोथ बोरकामगज पींपर चंदन कमोदचावल लौंग नागकेशर चूर्णकर सहतमें चाटणा (२२ एलिया–) रेचक तथा ऋतुलाणेवाला है, कारपठेके सुकाये भये रसकूं एलिया कहते हैं, (एलीयेकी गोली–) एलिया तो १ शुद्धकरा भया कुचीला दो आनीभर तजतो २ कलंभा तो १ कुटकी तो २ इन सबोंका चूर्णकर उसकूं बीजोरेके या नींबूके रसमे घोट दो दो बाल अंदाजन गोलीयांकरणी बंध कुष्टवालेके वास्ते ये अछी है एलिया और हींग येहिस्टीरीया (उन्मादके) तोफानकूं दबाता है एलिया तथाडीकामालीका लेप पेटपर करणेसें बच्चोंकें पेटका गोटा और चूंक मिटतीहै औरतोंके ऋतु धर्मके रोगमें एलिया अच्छा है गर्भवतीकूं एलियेकी दवा नहीं देणी और दुसरी बेमारीमें भी एलिया देते सावचेत रहणा बहोत देणेसें मरोडा होजाता है (२३ ओधमीजीरा) ईसबगुल कहतेहैं ठंढा ग्राही याने दस्तकूं रोकणेवाला इसकों पाणीमें भिगाकर लुआब निकाल मिश्री मिलाकर पीणेसें अतिसार रक्तातिसार पित्तातिसार तैसें आमातिसार याने पुराणी संग्रहणीकूंभी फायदा करता है उलटी और प्यासकूं मिटाताहै शेककर दहीमे डालकर पीणेसे दस्तबंध होताहै प्रदर चिणखिया पेसाबमें फायदा

करताहै दही ईसबगुल तेलिया सोहगी फुलाईभई १ चाल मिलाकर पीणेसें सखत मरोड़ा बंध होजाता है (२४ अंकोल) शोधक स्वेदल तथा उलटी लाता है, चूअेके जहरमें अंकोल बहोत फायदा करता है ऊंदरवायुमें इसकी लकडी घसकर पिलाणी चूहेके जहरसें तेसें और भी किसी जहरसें वदनमें चीरे २ पडजाते हैं उसमें ये लकडा घसकर लगाणेसें मिटजाताहै (२५ अंबर) उष्ण पौष्टिक सुगंधी मछलीकी सुकाई भई हंगारहे सच्चा अंबर भाग्यसेंही मिलताहै बजारमें जो अंबर मिलता है सोनकली है, असल अंबर बहोत गरम इसवास्ते किसीभी रोगमें अशक्त बेमार ठंढा वदन पडगया होय दांतखीली बैठगई होय रोगी मरण दशातक पहुचा होय उसकूं अंबर तथा कस्तूरी जेसे वस्तु देणेसें जरा हुसियारी तो आती है धातूकों तथा मगजकों सतेज करता है, इसी वास्ते भाग्यवांन लोक धातु पुष्टि दवामें इसकुं मिलातेहैं (२६ कडवी तुराई) रेचक तथा उलटी लाणेवालीहै पीलियेकी बेमारीमें इसका रस याकडवी तूंबीकी रसकी बूंदे नाकमें सुंघाते हैं जादापाणी नाकसें गिरणेपर नाकमें घी सुंघाते हैं. पीलिया चला जाता है (२७ कडवीनई) शोधक तथा सोथघ्न है दवामें उसकी गांठ काम आतीहै दोय आनेसे चार आनेभर घसकर पीणेसें महींनज्वर ऊतरताहै हाथ पैरोंका दाह तथा निर्बलताके सोजेपर उसका लेप करणेमें आता है (२८ कूडाछाल) ग्राही ज्वरघ्न पित्तशामक तथा ठंडीहै दस्तोके रोगमें उसका काढा अवलेह चूर्ण तथा पुटपाक करके देतेहैं रक्तातिसार याने खूनके दस्तोंमे बहोत फायदा करती है और अेपीकाक्युआना अंग्रेजी दवाकी बरोबरी करती है (कूडेकी छालका पुटपाक) छालकूं पीस चावलोके धोवणमें गोलावणाय पहली लिखी पुटपाककी रीत मुजबरसनिचोड लेणा मरोडेमें रक्तातिसारमें ये पुटपाक बहोत फायदा करता है (कूडाछालका घन) कूडाछालतो २ वीलकी गिर २ तोला अनारकी छाल तो १ इनोंका घन मुजब घनकरणा दोदो आनीभर गोलियां करणी मात्रा १ अथवा २ गोली मरोडेके दस्तमें देणी (कुटजावलेह) कूडाछालका चूर्ण १० सेर जल २५सेर उकालकर चोथे भागका जल रहे तब ३ सेर गुडडालकर फेर उकाल फेर चाटणे जैसा होय तब उसमें रसोत मोचरस त्रिफला त्रिकटु रेसाखतमी चित्रककी जड कालीपाट कचा आंवा कृमिघ्न अतिविष वायविडंग और नेतरवाला एकेक दवा चार चार तोलेका बारीक लघु गंगाधर चूर्ण ठरेवाढे अधसेरघी अधसेर सहत मिलाणा चाटणेसें हरस तथा रक्त ये सब बराबर लेकर बंधकर रोगोंकूं मिटाताहै (२९ कुटकी) सारकहै पाचक ज्वरघ्न चूर्ण करणा ये चूर्णसें बेफ्रा पाचन करणेका और दस्त साफ लाणेका गुण होणेसें बुखारके यण—) रेचक कृमिघ्न तथा ाले जाती है (कुटकी पाचन) कुटकी मोलेटी मुनक्का (तूंबेके) संग दुसरी वायु हरता कूटकर दोदो रुपेभर काथ तीनपाव पाणीमें उकाल चतु- नहीं दिये जाता जलंदर वगेरे पेखारपकताहै दस्तसाफ आता है बुखार उतरताहै (कडु-

भर्जित) कुटकीकूं तवेपर सेककर चूर्णकरणा बच्चोंके सादेबुखारमें सहत अथवा गुडके संगमिलाके १ बालचूर्ण लेणेसें एकाधदस्त होकर पेट हलका पडता है बुखार उतरजाताहै (३० कपीला) कृमिघ्न तथा दस्तावर है चिपटे चूरणियाकूं मिटाताहै कपीला जादा लेणें में आवेतो दस्तके संगपेटमें चूंक पैदा करता हैं इसवास्ते दोयसें चार आनीभर गुडमें अथवा छाछमें पीणा अथवा वायविडंग सेंचल जवखार जवाहरड वगेरे दवायो कों समवजन मिलाके उसमेंसें आधे रुपेभर छाछमें पिलाणा (३१ कपूर) उष्ण पसी नालाणेवाला और स्नायुको ढीला करता है कपूर खाणेमे तैसें बाहर लगाणेकी बहोत दवायोंमें डाले जाताहै पुरुषकी गुह्येंद्रि वेर २ जाग्रत होकर धातू निकलपडे तब १ बाल-कपूर १ रत्ती अफीममिलाकर उसकी २ अथवा तीन गोलीकर दिनमें २ तीन वखत लेणी इस तरे कितने एक दिन लेणेसें नसोंका उत्पातनरम पडता है और धातु स्रावबंध होताहै, तैसें प्रमेहमें उस अवयवके दरदमें १ रत्ती अफीम २ रती कपूरकी दो तीन गोलियांसे दरद मिटता है, कुचीलेका जहर कपूरसें ऊतरजाताहै फकत कपूर रती १ या १ बालतक देणा चाहिये वीच्छूके जहरमें पानमें और बच्छनाग (मोहरेके जहरमें) पाणीमें लेणेसें फायदा करता है, जिस घावमें जीव पडगयें होय उसमें कपूर भरणेसें कीडे नहीं रहते वडके दूधमें घसकर अंजन आंखमें करणेसें दो महीनेका फूला कट जाता है, (३२ किरायता) चिरायता ज्वरघ्न है, कडुआ पौष्टिक सारक तथा कृमिघ्न है, बुखारकी दवामें प्रसिद्ध है, बुखारके बहोतसें चूर्णोमें काढेमें चिरायता पडता है, (लघुसुदर्शनचूर्ण) गिलोय पींपर पीपलामूल कुटकी हरडे सूंठ लोंग नींवकी अंतरछाल तज सुपेद चंनण इन सबोके वजनसें आधाचिरायता मिलाके चूर्णकरणा साधारण सब बुखारमें अच्छा है, (लघुसुदर्शन नं० २) कुटकी चिरायता पित्तपापडा इन तीनोंका चूर्ण सामान्य बुखारकूं पाचन करके मिटाता है, चिरायता बुखारकी कम जोरीकूं दूर करणेमें जितना फायदा करता है, एसा बुखारकूं मिटाणेमें गुणकारी नहीं है, इसवास्ते उसके संग दुसरी ज्वर हर दवायें मिलाणी चहिये (३३ कलंभा) कडवा पौष्टिक पाचक भेदक साधारण बुखार तथा बुखारकी नाताकतीकूं मिटाता है, गर्भवंती औरतकी उलटी मिटाता है, अशक्त अदमीकूं तथा बच्चोंकों फायदा करताहै, पाचन करता है, तथा कृमियोंकों मिटाता है. बुखारकी दवामें डाले जाता है, (३४ कोंचके बीज) धातुपौष्टिकहे है, मरदमी देणेवाले पाकोंमे गिरता है, (आत्म गुप्तादि चूर्ण) कोंचबीज गोखरू सम वजन दोनोंके बराबर मिश्री दूधमें पीणेसें ताकत बढती है, (वृद्धदंड चूर्ण) कोंचबीज गोखरू सुपेद मूसली सुपेदसेमलकीजड आंवला गिलोयसत सबसम वजन सबके बराबर मिश्री दूधसें पीणा बुड्ढेकूं जेसें लकडी आधार देतीहै तेसेंना ताकत अदमीयोकूं ये चूर्ण ताकत देताहै, इसवास्ते वृद्ध दंड नाम दिया है, (३४ कु-

लथी) मधुर मूत्रल भेदक उष्ण पथरीकूं मिटाणेवाली पसीना हरणेवाली दालोंकी जात धान्य है, दक्षणमै बहोत पैदा होती है, काठियावाडवाले खाया करते हैं, दवामें कुलथी पैसावके रोगपर चलती है, पैसाव अटकके आता होय जलणसें बूंद २ ऊनरता होय या पथरीका रोग होय तो कुलथीकूं उकालकर उसमें नवटांक कुलथी चहिये काढा छाणकर शिलाजीत चंद्र प्रभागुगल अथवा सोराखार वगेरे पेसाव लाणेवाली दवायोंके संग एकचाल सींधा निमक मिलाकर पीणेसें पेसावकी पथरी कंकर निकल जाता है, ऐसे रोगीकों खाणेमेंभी कुलथीका उपयोग करणा सींधा निमक डाल इसकी दालखाणी कुलथीकूंशेक पीछै आटा करके वदनके मसलावेतो बहोतपसीना आता होय सो बंध होजाय (३६ कस्तूरी) वाजीकर उष्ण वीर्यस्तंभक आक्षेप वायूकों मिटाणेवाली कस्तूरीभी नकली बहोत आती है, अंबरकी तरे उपयोग होता है, कास कफ दम वगेरे रोगोंमे दुसरी दवायोंके संग दिये जाता है, (३७ कांकच) कृमिघ्न कडुई पौष्टिक ज्वरघ्न तथा पाचन है, बच्चोंके पेटकी कृमि दरद अजीर्ण आफरेमें कांकच के बीजोंकों सेकके उसका चूर्ण देणेसें फायदा करता है, विषमज्वर याने ठंढदेके बुखार अंतर देके बुखार आता है, जिसमें कितनेक दरजे क्वीनाईनके जितना काम करता है, इसवास्ते कांगसीके बीजोंकों काली मिरच मिलाके गरीब गांमोंके लोकोंने लेणा चहिये कांकचका बीज तीन भाग काली मिरच १ भाग चूर्णकी मात्रा ४ सें ६ वाल छ छ कलाकके अंतरसें लेणा विषमज्वर ठंढके सब बुखारों मिटाता है, (३८ काकडा सींगी) कफघ्न है, बहोतसें क्वाथोंमें गिरता है, शृंगादि चूर्णमें लिखा है, (३९ काकडीके बीज) ठंढा तथा मूलघ्न है, तरबूजका ककडीका खीरेका कदूका खरबूजेका पेठेका इत्यादिक सब पाणीमें घोट खीरेके बीजोंकों मिश्री मिलाय पीणेसें बंध भया पैसाव खुल जाता है, प्रमेह मूत्र कृच्छ गरम वायुपर अच्छा फायदेबंद है, इस बीजोके घोट पीणेसें सराप जादा पीणेसें जो मदात्पय रोग होता है, उसमें फायदा करता है, (४० कांचनार) शोधक पौष्टिक स्तंभन और रोपण है. गलेमें शरीरमें जुदी २ जगे गांठे उठ जाती है, उसकूं गंडमाल कहते हैं, कच नारकी छाल अथवा कचनार गूगल इस रोगके वास्ते सर्वोत्तमउपाय है गंडमालसें हाड सडता है एसे दुष्टरोगकूं मिटाता है (कचनारका चूर्ण) कचनारकी जडकी छालकाचूर्ण चावलके धोवणमें पीसकर अंदरथोडी सूंठडाल उसका बहोत दिनसेवन करणा गंडमालामें तथा कूब (पीठका हाडोमें सडणा घुसता है, उससें कूबनिकलतीहै एसे रोगोंमें इस चूर्णसें फायदा होताहै बचपणेमें निकलती कूब होतीहै सो मिटती है, वडीऊमरकी कूबका रोग असाध्यहै (कचनार गुगल) कचनारकी छाल ४०० तोछा बहेडा ८ तोला आंवला ८ तोला संठ मिरच पींपर तथा वायु वरणा एकेक चीज चार २ तोला तज एलायची तमालपत्र हरेकएकेक तोला. सबोंका

वारीक चूर्णकर चूर्ण बराबर शुद्ध गूगल मिलाकर गोलियां करणी चूर्णसें ये दवावहोत फायदे वंद है (४१ काथा) स्तंभन शीतल रोपण है पुराणे अतिसारमें अफीम वगैरे दुसरी दवाओंके संग देणेसें वहोत फायदा करता है, कितनेकठेमलमोंमें डाले जाता है चांदीकूं घावकूं रोपण क्रियाकर फायदा देताहै कत्थेकी मुख सुगंधकी गोलियां वणती है पांनवीडेमें खाते हैं (घाव चांदीका मलम) कथा मांजूफल वोदार इलायची इन चारोंका चूर्णकर पाणीमें पीसकर लगाणा (कायफल) उष्ण कफघ्न तथा वातहरहै, शरदी तथा शरदीका बुखार और कासमें वहोत फायदे वंद है (कट्फलादिचूर्ण) कायफल मोथ कुटकी कचूर काकडासींगी और पोकरमूल सम वजन ठंढ लगणेसें जो बुखार चढजाता है तथा छातीमें कफका जमाव होताहै दम गलेमें तांती बोले कफगिरे सहतमें चटाणेसें फायदा होताहै (४२ कालीजीरी) कृमिघ्न शोधक चमडीका दोपहरता तथा वायुहरताहै कालीजीरी खाणेमें तैसें लगाणेमें चमडीके दोषोंकों मिटातीहै वहोत दिनोंतक सेवनकरणेसें चमडीपरका कोढ ददोडे दाद पेटकागोला कृमि पेटकीचूंक अजीर्ण आफरे पर उसकी फक्की दोदो रुपेभर सातदिन लेणेसे ठंढका तपभी मिटजाता है अवस्था तासीर मुजवकममात्राभी है (कुष्टहरलेप) हरताल १ भागकाली जीरी ४ भाग त्रिफला एक भाग इन सवोंकों गोमूत्रमें पीसलेप करणेसें सुपेदकोढ चित्री कोढपर वहोत जलदी फायदा करता है, काली जीरीकीचा होती है, सोविलकुल कडवी नहीं लगती और येचा वायु प्रकृतिवालेकुं तथा ऊपरके रोगोमें फायदा करती है, नीवुके रसमें पीस लेप करणेसें जूंये मिट जाती है, निर्दोष दवा काली जीरी है, इसमें किसीभी तरेका डर नहीं है, (अवल गुंजादिलेप) कालीजीरी कासमर्द पंवाडिया हलदी तथा सेंचल इनोंका लेप सव चमडीके दोप सुपेद काला लाल सव कोढ सुधारता है, (४३ कालीपाठ) शोधक सोथ हरता ग्राही मूत्रल कडवी पौष्टिक बुखार तथा दस्तके काढोंमें वहुत वरते जाती है, सोजेपर कालीपाट काम देती है जलमें घसकर लेप किये जाता है, उसका रस पीणेसें सूजन ऊतर जाती है, (पाठादिक्काथ) कालीपाठ इंद्रजव चिरायता मोथा गिलोय सूंठ पित्तपापडा समवजन मिलाकर २ रुपियेभर ३२ तोला जलमें उकाल ८ रुपेभर पाणी पीणा इससें सादा नहीं उतरे सो तप गरमतप एकांतरिया तेजरा चोजरा बुखार जाता है, पित्तकी उलटी मिटती है, (४४ कीडामारी) कृमिघ्न ज्वरघ्न तथा शोथघ्न है, इंद्रजव वायविडंग कालीजीरी कीडामारी क्रांकच जेसीचीजों घरमें रखणेकी जरूरी है, वचोंके वेर २ वहोत कामकी है, वचोंकी उलटी उवाकी पेटमें चूरणीयेपर इसकूं अथवा इसके वीजोंकूं पीसके दिये जाता है, कीडामारी लिये पीछे ऊपरसें जुलाव लेणेसें चूरणिये कृमियां निकल पडती है, गधवाले गुमडे फोडेमें जीवपड जाता है, उसपर कीडामारीकी लुगदी वांधणेसें जीव मिट जाते हैं, कीडामारीकारस

वच्चेकूं ॥ आधे रुपेभर वडेकूं २ रुपेभरसें जादा देणी जहरी असर होकर दस्त उलटी होती है, (४५ कूकडवेल) सखत रेचक छींकलाणेवाली जहरका नाश करणेवाली हिडकवाय तथा सांपके काटणेमें कूकडवेल देणेसें सखत उलटी होकर कितना एक जहर कम होजाता है, साधारण जुलाबमें इसकूं वरतना नहीं वहोत नुकशान होता है, (४६ कुवाडिया) पमाडके वीज चमडीका दोपहर ज्वरघ्न दाद चमडीके सब दोप ऊपर लगाणेसें अच्छा फायदा होता है, वीज और जड दोनूं काम आती है, वीजकूं थोहरके रसमें भिगाकर गोमूत्रमें महीनपीस लेप करणेसें आगड दोगड गांठभी मिटजाती है, वीजोकों नींवूके रसमें या छाछकी आछमें पीस लेपकरणेसें दाद मिट जाती है, (४७ कवार पाठा) रेचक शोधक पित्तशामक गोलेकों मिटाणेवाला वहोतसी दवाइयां वणाणेमें कुंवार पठेका रसकामदेता है, (कुमारिकासव) वहोत उपयोगी वस्तु वणती है, सो योगचिंतामणी वगैरे ग्रंथोमें लिखा है, सहजमें नहीं वणता है, इसवास्ते इहां नहीं. लिखा है, पेटपर वांधणेमें तथा फोडा फुनसियोंके पकाणेवास्ते कुवारपठेकी फाडपर ऊपरका छिलका दूरकर साजीखार हलदी वगेरे भरके अंगारमें सेक गरमकर गरम २ वांधे जाता है, पेटका रोग जेसें तिल्ली लीवर गोला मलका रुकणा वगेरोंपर कुमारिकासव वहोत गुण करता है, दस्त साफ लाता है, सोधक गुण है, इसवास्ते चमडीके रोगमेंभी फायदा करताहै, औरतोंके आर्त्तव दोप सुधारणेवाली दवाइयोंमें कुमारिकासव मुख्य दवा है, जिस २ रोगोंमें दस्तकी कवजी होय और पित्तका दोप वढ गया होय उन सव रोगोंमें कुंवार पठा फायदा करता है, (४८ केल) ठंढी भारी तथा अस्मरी योनिदोष तथा रक्तपित्तकूं मिटाणेवाला है, केलेके गाभेकारस पीणेसें संखिया सोमल वगेरेका जहर मिटता है, केलेके पत्तोंपर सोणेसें दाहकी शांति होती है, (४९ केला) शीतल भारी धातुवर्धक मांसवर्द्धक तथा कफ करता है, भस्मक रोगमें पके भये केला घीके संग खाणा प्रदर वदनका धुपणा मूत्रातिसार ओरतोंके वहुत पेसाव उतरे उसमें पक्का केला आमलेका रस अथवा सूके आंवलाका उकालारस और मिश्री मिलाकर चाटणा केलेका अजीर्ण होयतो इलायची खाणी पेसावमें धातु जाती होयतो और पाचन शक्ति अच्छी होय तो फजर और सांझ एक अथवा आधा केला घीके संग खावै ठंढा मालमदे तो अंदर सहत मिलाणा (५० केशर) शीतल स्तंभन वाजीकर और पौष्टिक है, इसवास्ते वहोतसी पौष्टिक दवायोंमें गिरती है, पाकोंमें वकरीका दूध उकालकर उसमें रत्तीसें १ ॥ रत्तीतक केशर डाल पीणेसें नाकमेंसें मूमेसें खासीमेंसें गिरता खून अटकाता है, नाकमें पीनसमें तथा आधाशीशीमें ताजे घीमे केशर घोट उसकी नाकमें नासलेणी गर्भणी ओरतकूं रक्तगिरणे लगे तव मखणके संग केशर देणा (मात्रा) १ रत्तीसें ३ तक (५१ कोला) शोधक पौष्टिक तथा पित्तशामक है, सुपेद भूरा पेठा पाक मुरव्वा वणता

है, दवायोंमें काम देता है, पित्तशामकपणेसें रक्तपित्त मगजकी गरमी औरतोके गर्भाशयके कितनेक विकारोंमें अच्छा फायदा करता है, वर्दनमें ताकत देता है (५२ कंकोल) उष्ण दीपन पाचन कफघ्न तेसें कृमिनाशक है, मिरचकंकोलके नांमसें बजारोंमें विकती है, काली मिरचसें कदमें दूणी होती है, मिरगी यानेवाई तथा हिस्टीरीयांमें उसका बहोत फायदा देखा है, इसके दो दो चार २ दाणे हमेस खाणेसें कितनेक दिनोंसें मिरगी बाई हिस्टीरीया उन्माद कम होणे लगता है, उसके आणेमें तफावत अंतर पडते जाता है, इस रोगमें कंकोलकी निश्चै अजमायस करणी बाकीभी काम आती है, लेकिन् अजमायी भई नहीं है, (५३ खडसलिया) जिसकूं पित्तपापडा कहते है, बुखारमे बहोत फायदेबंद है, (पर्पटादि हिम अथवा इकेलेकाहिम— पित्तपापडा मुनका दाख बाला धाणा गिलोय चिरायता समबजन कूट अढाईसेर जलमें भिगाके रखणा येहिम सादे बुखारमें गरम् बुखारमें पुराणे बुखारमें पित्तके बुखारमें इत्यादिमें बहोत फायदा करता है, इस इकेलेके हिममें मिश्री मिलाणेसें एक तरेका ठंढा पित्तशामक शरबत होजाता है, वो उलटी गरमवायु चिणखिया पेसाव तथा पित्तके बुखारकूं मिटाता है, (५४ खापरिया) खापरियेके काले और भूरे रंगके ठीकरे बजारमें मिलते है, सात दिन गोमूत्रमें रखणेसें कडवे नीमके रसमें घोटणेसें अथवा गोमूत्रमें तीन कलाक उकालणेसें शुद्ध होता है (खापरियेका अंजन) शुद्ध खापरियेकूं पाणीमें खूब घोटणा बहोत पाणी डालके हिलाय डालणा तब निकम्मा हिस्सा नीचेजमेगा नीतरे जलकूं दुसरे पात्रमें लेकर ऊकालणा उकालतेजो बाकी रहे उसकूं त्रिफलाके काढेके पाणीकी तीनभावना देणी सूकेबाद दशमें भागका कपूर डाल मिलाके शीशीमें भर रखणा आंखोकी जलण निर्बलता धूंधका जाला धुयें जेसा दिखाई देणा ताजाफूला सब इस अंजनसें अच्छा होता है, (वंसंत मालनी) एक भाग सुपेद मिरच दोय भाग खापरिया पीसकपड छाणकर गऊके मखणमें खरलकरणा चिकणास सूके जहांतक नींबूके रसमें खरल करके टिकियां बांधणी एकेक बाल वसंत छोटीं पींपल सहतके संग खाणा दूध भातका भोजन करणा पुराणा धातुगतज्वर प्रदर निर्बलता तथा क्षयमें बहोत फायदा करता है, खापरिया इकेला महीनपीसाभया जलेपर गिरणेसें चोटलगेपर घावपर खुजलीके पर छिडकणेसें सुकाय डालता ह (५५ गरमाला) किरमाला सारक है, थोडी मात्रासें दस्त साफ लाता है, बहोत देणेसें जुलाब लगाता है, कितनेक सन्निपात ज्वरके काढेमें किरमाला डाले जाता है, इसका दस्त सादा हलका और निडर है, इसवास्ते बच्चोंकोंभी दिये जाता है, ॥ रु० भर लेणेसें दस्त साफ आता है, एक भर लेणेसें जुलाब लगता है, बच्चोंकों ऊमर मुजब दो आनीसे चार आनीभर (५६ गाजबां) गलजीभी शोधक शीतल मृदुल तथा

पित्तशामक है, गलजीभीकूं भोंपाथरीभी कहते हैं. खूनकूं साफ करणेवाली खुजाल दाह तथा चमडीके दुसरे रोगोंपर पीणेसे बहोत फायदा करती है, (गाजवांस्वरस) आधे-हपेभर पत्तोंकों पाव जलमें पीसके रसकरणा मिश्री मिलाकर पीणा चमडी तेसें आंखोंकी जलण गरमी पित्तकाविगाड गरमवायु तणख खूनकातपणा पित्तकाबुखार वातरक्त गरमीसें फूटकर निकलेभये गड गूंवड रूंतोड खुजाल लुखास सबमें फायदा करता है, (५७ गिलोय) शमन ज्वरघ्न पित्तशामक शीतल शोधक मूत्रल पौष्टक बहोत ऊमदा दवा है, बहोतसे काढे और चूर्णोमें गिरता है, पित्तका बुखार तेसें विषमज्वरमें तो बहो-तही फायदेवंद जीर्णज्वर तथा धातुगत सब बुखारमें गिलोय बहोतही असर करती , और जो हाडगत पुराणा बुखार किसीभी दवाईसें जब शरीरकूं नहीं छोडता तो गिलोय छुडाय देती है, संस्कृतमें उसका नाम अमृता है, सो स्वादमें तो कडवी है, लेकिन् गुणमें तो साक्षात अमृता ही है, (अमृतास्वरस) गिलोयकूं कूटरस निकाल सहत डाल पीणेसें पीलिया मिट जाता है, मिरचडाल थोडे दिनपीणेसें जीर्णबुखार उतरता है, गरमवायु दाह जीर्णज्वर पित्त प्रकोप मगजकी गरमी आंखकी गरमी चमडीमेंसें तुरत फूटके निकले भये दोप वातरक्त पित्तकी उलटी रक्तपित्तकी उलटी रक्तपित्त नकसीर आधाशीशी वगेरे बहोतसे रोगोंका शमन करती है, (अमृताक्काथ) बुखारमें गिलोयका काढा अच्छा फायदा देती है. चमडीकी गरमाईके पुराणे दोपोंमें गिलोयका क्काथ दुसरी शोधक और सारक दवाओंके संग देणेसे बहोत अच्छा फायदा देती है, ये काढा विस्फो टक शीतला अछवडा जले वगेरेकूं मिटाता है, चमडीपर गरमीके चक्कर जेसे चठे होते हैं, उसकूं वातरक्त कहते हैं, उसकूं ये काढा एरंडीया तेल डालकर पिलाणेसें मिटता है, गिलोयसत्व जीर्णज्वर शिरकी गरमी निबलाई फीकास प्रदर वगेरेमें गिलोय सत्व अच्छा है, चांदी घावके आसपास जो फुनसियें उठा करती है, (शूकरोग) उसकूंभी गिलोयका काढा मिटा देती है, (अमृतामोदक) गिलोयका चूर्ण १६ तोला घी सहत और पुराणा गुड दरेक एकेक तोला इन सबोंकों घोटकर सवा पांच २ तोलेकामोदक करणा मोदक नहीं बंधे तो सहत जादा डालणा इस मोदकका बहोतदिन सेवन करणेसें पथ्य खुराक खाणेसे बहोत वर्षोंका पुराणा ज्वरचले जाता है, (५८ गूगल) वातहर शोधक शोधक सारक रोपण तथा पौष्टिक है, महाजोरकी वादी जो देशी याअंग्रेजी दवायोंसें अच्छी नहीं होय वोगूगलकी अनेक तरेकी बनावटीसें अच्छी होसकती है, गूगल एक दरखत कारस है, जेसलमेरकी धरतीमें इसकी पैदास है, इसमें धूल मट्टी बजारमें विक-णेसे लग जातीं है, इस वास्ते शुद्ध करलेणा चाहिये पीली २ तेजगूंदजेसीडलीकण गूगली लेणीचाहिये केइ एक काले रंगका धूल मट्टी मिले गूगलको पाणीमे भिगाकर वस्त्रसें छानकर फेरउस जलकूं अंगारपर चढाकर जाडा करके काममें लेते हैं. त्रिफलाका

काढा होय उसमें छाण लेणा सबसें अच्छा है, वाकी तो गूगल अनेकतरे सुधता है, मुद्दे इसमेका कंकर फूस निकालणा चहिये खाणेमें तथा ऊपर लगाणेमें गूगल दोनोंतरे काम देता है, वादीके रोगपर मुख्य है, लेकिन् वो वायु मुख्यपणे दोय है, एकवादी तो शरीरमें स्नायुओंकी गतिमें जोर करके शरीरके अवयवोंमें खेंचाताणका तोफान करती है, (हिचकी वगेरे) और दुसरी तरेकी वादीमें स्नायुओंकी चाल बंध होजाती है, (गंठियावायु) संधिवायु वगेरोंमें ये गूगल नसोंकी चाल कम पडणेवाली वादीमें गुण करताहै, वादीकी वेमारी टाल दुसरेभी वहोतसे रोगोंपर दुसरी दवाइयोंके संग गूगलका उपयोग होता है, मूत्राशयके तथा खून विगाडके वहोतसे रोगोंमें गूगल फायदेवंद है, (गूगलकी न्यारी २ वनावटीकूं गूगलही नाम दिया गया है, सो थोडा लिखते हैं, (योगराजगूगल) सूंठ पींपर चव्य पीपलामूल चित्रककी जड सेकी हींग अजवाण सरसूं जीरा स्याह जीरा संभालूके वीज इंद्रजव कालीपाठ वायविडंग गजपीपर कुटकी अतीस भाडंगी वच मरोडफली ये वीस दवा चार २ आनीभर हरड वहेडा आवला ये तीनों मिलके १० तोलाभर इन सबोंके वरावर याने १५ रुपेभर शुद्ध गूगल इन सवोंकों मिलाकर घी देतेजाणा और कूटते जाणा ये योगराजगूगल औरभी केइ दवाइयोंमें २।४ तरेकाभी वणता है, धातू भस्मेंभी डाले जाती है, वगेश्वर रूपेश्वर चंद्रोदय नागेश्वर मंडूर लोहभस्म अभ्रक भस्म इन पूर्वोक्त योगराजमे डालणेसें महायोगराज कहलाता है, सर्व वादीके रोग सव तरेका कोढ चामडीका रोग वातरक्त श्वास शूल नेत्ररोग औरतोंके ऋतूधर्मका दोष वांझडीका दोष हाडोका सडणा दुष्टव्रण भगंदर मेद उदर वगेरे रोगोंमें देणा वादीके रोगमें रास्नादि क्वाथमें कोढ रोगमें कडवे नीमके छालके काढेमें वातरक्तमें गिलोयके काढेमें पेटके रोगोंमें पुनर्नवादि क्वाथमें आंखके रोगमें त्रिफलाके क्वाथमें पांडूमें गोमूत्रमें वाकी सव रोगोमें घी सहतके संग देणा सव वेमारी जातीहै, हमने केइदके अनुभव करलियाहै, (किशोरगुग्गल) गिलोय हरड वहेडा आंवला सव ६४ तोला उनोंकों छ गुणे जलमें ऊकालकर आधा रहणेपर छाण लेणा उस जलमें ६४ तोला शुद्ध गूगल डालके मंद आंचसें उकालते जव जाडा होजाय तव इतनी चीजोंका महीन चूर्ण उसमें डालना हरड वहेडा आंवला दो दो तोला गिलोय ४ तोला सूंठ मिरच पींपर छ छ तोला वायविडंग दो तोला दंतीमूल तथा निसोतकी छाल एकेक तोला मिलाकर चार आनीभर २ की गोलियां करणी सवतरेका चमडीका रोग कोढ वातरक्त व्रण गुल्म प्रमेह पिटिका (प्रमेहके रोगमें फनसियां होजावै सो) वगेरे वहोतसे रोग अच्छे होते हैं, सर्व रोगोंमें मंजीष्ठादि क्वाथमें देणा अच्छा है, अथवा रोगों मुजव अनुपानमें अथवा फकत पाणीमें दे सकते है, (त्रिफला गुग्गल) हरड वहेडा आवला तथा पीपर चार २ तोलेका वारीक चूर्ण तथा गूगल २० तोला सवोंकों जलसें पीस चार आनी भरकी गोलियां करणी

भगंदर तथा नासूरवालेकों कितनेक दिन देणेंसें फायदा करता है, (गोक्षरादि गूगल) गोखरू ११२ तोला छगुणे जलमें उकालणा आधाजले तब पाणीकूं छाणकर उसमें २८ तोला शुद्ध गूगल डालणा मंद आंचसें कुछ गाढा होणे लगे तब इतनी दवाइयें अंदर मिलाणी सूंठ मिरच पीपर हरडे वहेडा आंवला मोथ एकेक ४ चार तोला पीछे चार २ आनी भरकी गोलियां करणी प्रमेह मूत्रकृच्छ्र प्रदर मूत्राघात वीर्यदोप तथा पथरीके रोगमें अच्छा गुण देता है, इसके सिवाय कचनार गूगल सिंहनाद गूगल अमृता गूगल पडंगगूगल चंद्रप्रभा वगैरे दवायोंमें गूगल मिलाता है, वादीसें कमरमें पीठमें तथा सांधोंमें चसके और शूलचलै उसपर गूगलका अथवा गूगलके संग वादी हरता दवायें मिलाकर लेप करणेसें फायदा होताहै, (५९ गूंदी) पत्तोंका स्वरस ४ रुपेभर उसमें सहत २ रुपेभर मिलाकर पिलाणेसें जलते पेसाववाला प्रमेह प्रदर उष्णवात उधरस कफ ये सब मिटता है, तजा गरमी मिटती है, खून सुधरता है, (६० गुलवास) धातुपौष्टिक है, उसके सांझकूं हमेसां फूल खिलता है, सुपेद लाल पीला और मिश्र रंगके फूलोवाली होती है, गडगूमडपर उसके पानोंकों गुडके संग पीसके लेप करणेमें आता है, उसकी जड धातुपुष्टी तथा धातू जाणेपर बहोत फायदा करता है, इसकी जडका चूर्ण दो दो तोला दूध तथा मिश्रीके संग लेणेसें बहोत दिनोंसें धातू जाती होय सो बंध होजाती है, ये गरम है, ९ इसपर दूध अच्छीतरे खाणा सुपेद फूलवालेकी जड बहोत फायदेबंद है, चोपचीनीभी इसही की जातीहै इसवास्ते इसके जेसाही फायदा करतीहै (६१ गुलाबके फूल) ठंढा रेचक तथा पित्तहर हे इसके फूलोंका जुलाब लिये जाताहै दो रुपियाभर गुलाबके फूलोंकी चाकरके अंदर सूंठ और बूरा डालकर पीतेहैं गुलकंदभी बणताहै गुलकंद पित्तकूं शमन करताहै औरी शीतला ओखा इत्यादि और भी पित्तके प्रकोपमें गुलकंद फायदा करताहै, बणाणेकी विधि पीछे लिखी है (६२ गुवारके पत्ते) गुवारके पत्तोंका साग घीमें रांधकर एक अठवाडे खाणेसें रातींधापणा मिटताहै, (६३ गेरू) ठंढा तथा रोपणहै चमडीके रोगमें अथवा मधुमखी टांटियां भ्रमरे अ दिकी डंककी जलणकूं गेरूका लेप शांत करता हे (गेरूका उबेरा) गेरू ५ भाग फुलाया भया नीलाथोथा ३ भाग बराबर घोटकर लेपकरणेसें सादीटांकी तुरत मिटजाती है (६४ गोखरू) मूत्रल शीतल तथा धातुपौष्टिकहै, गोखरू धातुपुष्टिमें अछा है, छोटेगोखरूसें बडे दखणी गोखरू गुणमें बहोत अछे होतेहैं धातूका गिरणा हथरससें मईनाताकती गरमवाय मूत्रकृच्छ्र पेसाबकी रेती वगेरे रोगोंमें गोखरू बहोत फायदा देती है, (गोक्षरचूरण)गोखरू तथा तिल दोनों का चूरण करके बकरीके दूधमें तथा सहतमें मिलाकर खाणेसें हस्त क्रियासें भई नाताकती ईमें फायदा करती है गोखरूका (लुआब—गोखरू जडसमेत लाकर पीसकर जलमें लुआबवणाणा पेसाबकी दाह गरमवायु तथा पेसाबके रुकणेकों मिटाता है (६५गोमूत्र) उष्ण

पाचन कफघ्न वातहर तथा कुष्ठहर है धातूओंकों शोधणेमें तथा कितनेक विकारी पदार्थोंके शोधनकरणेमें कामदेताहै खुजाल कोढ शूल गोला सोजा खासी कृमि कामला तापतिल्ली वगैरे रोगोंमें फायदा करता है गोमूत्रसें स्नान करणेसें वदनकी खुजली मिटतीहै, इसवास्ते चमडीपर लगाणेके लेप अथवा सूकी दवाकूंभी गोमूत्रमें तइयार करणा चाहिये गोमूत्रकूं एकवेरवस्त्रसें छाणकर अंदर हलदी डालकर पीणेसें हमेस थोडे दिनोंमें पांडूका रोग उपद्रव युक्त मिटजाता है (६६ गंधक) शोधक सारक तथा कृमिघ्नहै गंधककी बहोत जात है लेकिन् पेटमें खाणेमें आमलसार जिसकी गोलडली होतीहै सो सोधकर खाणेमें काम आता है और लंबानलीवाला गंधक आता है सो बाहर लगाणेमें कामदेताहै गंधक शुद्ध करणेकी अच्छी विधि लिखते है एक कडाहीमें पावधी गरमकर गंधक डालदेणा आमलसारा १ सेर एक पात्रमें अधसेर तीन पाव दूध डाल उसपर ढीलासा कपडा बांध देकर झट गंधक गलतेही घीसमेत दूधवाले वस्त्रपर उंधादेणा ठरेवाद दूधमेंसें निकाललेणा येगंधक सब कार्यके लायकहे रसोंमें येहीकामिलहै केइयक दूधमें दाणेटपकातेहै. सोविधि बहोतोंकों मालूमहे जादा आंच लगणेसें लाल पडजाता है तो गुण कम होजाताहै दूधपात्रपर ढीला लटकता वस्त्र बांध उसमें गंधकपीस डालदेणा उसपर मट्टीकी पाल दो दोअंगल उंची लगाकर लोहके तवेपर झग २ ते अंगारेधर उसपात्रकी पालपर धरके पंखेसे झपटणा गंधकके मोती जैसे दाणे दूधमें गिरेगा इसमें गंधकके जलणेका डर नहीं है लेकिन् सोधणेमें देरी बहोत लगती है गंधकका मुख्य उपयोग हरसके रोगपर है दस्तकी कबजीपर अजीर्ण हेजे वगेरेमें और जादा करके चमडीके रोगमें खाणेसें तेसें चोपडणेसें फायदा करता है हरसमें गंधक दूधके संग लेणेसें फायदा होताहै और दस्तसाफ लाता है हरसके मस्सेमें सें खून गिरता होयतो गंधके संग एक दो बाल फिटकडी मिलाकर दूधमें लेणा खुजलीमें गंधक दूधमें पीणा वदनके गंधकका मालिस करणा अंदरके जंतुकाविकारमिटजाताहै इके ले गंधककी मात्रा २ सें ८ वालतक (गंधकवटी) शोधागंधक तीनभाग सींधानिमक लसण सूंठ मिरच पीपर सेकी हींग तथा जीरा ये सब एकेक भाग मिलाकर नींबूके रसमें याजलमें झाडवेर जितनी २ गोलियां करणी मात्रा २ सें चारबाल अजीर्ण अरुचि हेजा उलटी मौल शूल वगैरेमें फायदा देतीहै (गंधणका तेल) शुद्धगंधककूं दूधमें उकालणा पीछे उस दूधकूं जमाकर दहीकर विलोयेवादधी निकले वोही गंधकका तेल समझणा ये तेल चमडीपर मसलणेसें बहोत फायदा करता है (६७ घी) वातहर पित्तशामक विषहर रोपण स्निग्ध पौष्टिक तथा रसायण है उन्माद शूल गोला विषव्रण क्षयक्षीणता तथा क्षत वगेरेमें फायदा करता है महनत करणेवालोंके वास्ते अच्छा है, वायुके कोठेवाला हमेस नवटंक घी पीवेतो वदनमें गरमी बढकर कुव्वत आतीहै, सोमल वगेरे जहर खाया होय उसकूं घी पिलाणेसें जहरकी गरमी कम होतीहै दूसरा घी पिलाणेका और भी मत-

लव है जहरवालेकूं घी खूब पिलाकर उलटी कराणी या आपसेंही होयतो घीके चिकणास के संग जहरी पदार्थके परमाणू पकडी जकर बाहर निकलाहै, घी ठंढा है, इसवास्ते चमडीपर लगाणेसें दाह तथा जहरकी जलण कम होतीहै, अंगार तथा तेजावसें वदन जलगया होयतो घी लगाणेसें वदनमें शांति होतीहै पुराणा घी जादा गुण करता है, जादा पुराणा घी नहीं मिले तो सोवेर जलसें घीकूंमथ डालणा ज्यों जादा मथे त्यों अछा होताहै, (घीका उपयोग नीचे मुजव) (१) आधासीसी– गउका अछा ताजा घी सांझ सवेरे नाकमें सूंघणा (२) शिरकापित्त-- शिरपर ताजा घी मसलणा (३) हाथ पैरकी जलण (तलियोंपर रगडणा) (४) अत्यंतदाह– जादा बुखार वगेरोसें वदनमें जलण लगगई होय तव सोवेरका धोया घी गऊका मसलणा (५) धतूरा तथा रसकपूर का जहर– गऊका जादा घी पीजाणा (६) दारूकानसा– गउका घी मिश्री खेलाणा (७) चोथिया बुखार उन्माद वाईयानें मृगी-- गऊका दही दूध तथा गोवरका रसमें गऊका घी सिद्धकरके पिलाणा (८) प्यासका रोग गऊका घी तथा दूध पीणा (९) विसर्प याने रक्तवायु– सो अथवा हजार वेर धोया भया गऊका घी वेर २ लगाणा (१०) बच्चेकी छातीका कफ– कफका जमाव जमगया होयतो गऊका घी छातीपर धीरै २ मसलणा (६८ घोडेकीलीद) पांचरुपेभर आसरे लीदमें पाचरुपा भर जल डालके मसलके जल छांण लेणा उसमें तलीभई हींगका भूका दो अढाई मासा डालकर पीणेसें भयंकर भी शूल मिटती है (६९) चीणीकवाव–मूत्रल ठंढी दीपन तथा पाचन है प्रमेह गरमवादी तथा जलते पेसाबमें दीजातीहै, कवावचीणीका चूर्ण २ सें ४ वालचूर्णमें चंदनके तेलकी पांचचार वूंद डालके पीणेसें पेसावकी जलण मिटती है (७० चिणेकाखार) दीपन तथा पित्तशामक है खेतमें ऊगेभये चणोके दरखतोंपर फजर झांझरके महीन वस्त्रोओसके जलपर फेरणेसें पाणी जो लगता है वो चणखार कहलाताहै अजीर्ण चूंक शूल-पेटके दुखणेमें इसखारमें जरासेकी हींग डालके पीणी उसमें अंग्रेजी दवा सल्फेट ओफ झिंकके जैसा गुणहै (७१ चणोठी) चिरमी शीतल वातहर रोपण तथा पौष्टिकहै, इसके पत्ते मूमें रखणेसें अवाज खुलती है। जडकूं पाणीमें घसके उसका पाणी आधाशीशी तरफके नसकोरे फुरणियोंमें सुंघाणेसें तीनचार दिनोमें आधाशीशी मिटती है (गुंजादि तैल– भांगरेका रस १ सेर लाल चिरमीका भूका २॥ रुपियाभर तथा तिलका तेल तोला १० इन सबोकों उकाल तेल करणा ये तेल टाटपर लगाणेसें बाल ऊगजाताहै, गिरते भयेवालोंकों मजबूत करता हे, सुपेद चिरमीका पाक वणता है वो पुष्ट होता है, लाल चिरमी उलटी कराताहै, और चमडी द्वारा शरीरमें दाखल होयतो जहरका असर करताहै (७२ चित्रक) दीपन पाचन दंभक तथा दाहक है इसकी जडकी छालकूं छाछमें पीस लगाणेसें (वलस्टर) फफोला उठता है (चित्रकलेप) चित्रक टंकणखार हलदी

तथा गुड समभाग पीस लगाणेसें हरसके मस्से गिरपडते है. कितनीक दवायोंमें चित्रककी जडका उपयोग होताहै (७३ चीमेड) आंखके रोगमें अछी है(भरण) चीमेडके वीज भिगाकर वाद दांतोंसें फोंतरे उतारकर अदरके मींजीकूं महीन चावकर आंखमें आंजणा इस भरणेकूं अंवलीके अंदरके गिरके संग मिलाकर आंजणेसें आंखकी गरमी दुखती कडकती आंख जलदी आराम होतीहै (७४ चूना) दवामुजव चूनेका नितरा भया जल काम देता है पेट छाती तथा वादीकी सूजन और शूलपर चूना और सहत मिलाकर लेप करणेसें फायदा होताहै चूनेका नीतराजल उलटी मिटातीहै चूना और हरतालका लेप वालोंकों उडा देताहै, पत्थर शंख कोडी मूंगिया सीप इनसवोकी भस्मी चूना है मोतीत कात (७५ चोपचीणी) शोधक तथा पौष्टिक है, उपदंशयाने गरमी रोग जव शरीरमें पुराणा होकर फूटता है शीतलाजैसें चट्टे पडते हैं चमडी स्याह होजाती है सांधोमें दरद और पकडीज जाते हैं उसमें चोपचीणी अछीहै (चोपचीणीका पाक) चोपचीणीका चूर्ण तो ४८ वरावरसें जादा घी डालकर सेकणा पीछे ५६ रुपेभर वूरेकी चासणी करके वो चोपचीणी तथा पीपर पीपरामूल सूंठ मिरच तज अकलकरा लौंग इन सवोंकूं एकेक रुपिया भरलेके इसमें पीसकर मिलाकर लड्डवांधणा ये पाक हमेस नवटांक खाणा (७६ छाछ) छाछकी जाति गुणदोष आगे लिखा है दवामे छाछके गुण इसमुजव है, (१) संग्रहणी—फकतछाछ पीके रहणेसें असाध्यसंग्रहणी भी साध्य होजाती है (२) वंधकुष्टमें सोवा तथा सेंचल डालकर छाछपीणी (३) हरसमें चित्रकके जडकी छाल पीसकर गऊकी छाछ या दही लेणा (७७ छाण) गऊका गोवर गरमकर कांचपर सेककर वांधणेसें निकली भई कांच अंदर धुसती है भेंसके गोवरकूं पाणीमें हिलाकर उसपाणीकूं छाण उसमें वूरा डालकर पीणेसें परमेंकी सखत जलण मिटजातीहै, (छाणेकी राख) शीतला निकलणेसें जो फफोले वदनपर चकचकते फूटजाते हैं उसपर राखकूं कपडेसें छाणके दवाणेसें सूकजातेहैं (७८ जवखार) जवकी गीली डांखलियोंकों जलाकर राखकर खार निकालणेकी विधिसें खार निकालणा इससें उधरस कफ तथा वच्चोंकी छाती भराणीमें दुसरी दवायोंके संग अनुपानतरीके वापरते हैं, खासीमें १—२ रत्तीभर जवखार लेते हैं जवखारमें वहोत भाग कारवोनेट ओफ पोटाशकाहै, (७५ जाई) रोपण है औरतों का योनिदाह व्रण खुजाल तथा फोडे फुनसियें जाईके पत्तोंकी लुगदी वांधणेसें अछे होतेहैं (जात्यादि घृत) जाई पटोल तथा कडवा नींव इन तीनोंके पत्ते कुटकी हलदी दारूहलदी उपलेट मजीठ नीलाथोथा मेण जेठीमध करंजके वीज तथा वाला ये सव एके कतोला चूर्ण किया भया घी ५१ रुपेभर पाणी २०४ भर विधिमुजव घी सिद्ध करणा (८० जामुन) गुणमे ग्राहीहै वीछूके डंकपर पत्तोंकी पोटिस गुण करतीहै, पथरीके रोगमें जामुन अछी है, मीठे पेसाव उतरे उसमें जामुनके वीज दियेजाते है रक्तातिसारमें जामु-

नके छालकारस दूधमें पीसकर सहत डालकर पीणा मधुप्रमेहपर जामुन अछा फायदा देताहै (८१ जावंत्री)उष्ण तथा दीपन है गरम मसाले खुसवोईमें लीजाती है तथा उलटी अजीर्ण अरुचिपर जावंत्री देते हैं (८२ जीरा) दीपन पाचन ग्राही जरा उष्ण रुचिकारक गर्भाशयकूं सुधारणेवाला युक्तिसें उपयोग करणेसे वहोत फायदेवंद है शरीरके अंदरकी बुखारकी गरमी निकालणेमें जीरा फायदे वंद है जीराकी भूकी फजरमें पेसेमर बूराया मिश्रीया पुराणे गुडमें खाणी केइ यकदिन खाणेसें बुखार या बुखारकी गरमी वदनमेंसें निकल जाती है गायके दूधमें सिजाकर सुकाकर खाणेसेंभी एसाही फायदा करता है जीरा मिश्री चावलोंके धोवणमें पीणेसें औरतोंका प्रदर धोलेका लालका रोग मिटता है डाभकीजड उसमें जीरेकी भूकी मिश्री डाल पीसकर पीणेसें स्त्रियोंका धातु गिरता बंध होताहै (८३ जेठीमधु) मोलेठी शीतल कफघ्न तथा पौष्टिकहै सूंपकजावै कंठ बैठजावै खालीखासी आवै तब जेठीमधकी जड अथवा रवेसूस मूंमें रखणेसें फायदा होताहै चिरमी केजडमें मोलेठीजैसा गुण है उसके एवजीमें चिरमीकी जड वपरातीहै देशी ओषधोंमें कितनेक जीवनीय गणके उत्तम दवायें हैं, उसमें मोलेठीकूं भी गिणी है मोलेठी पुष्टभी है इसका चूर्ण घी तथा सहतमें चाट ऊपरसें दूध पीणेसें वीर्यकी वृद्धि होती है, औरतोंके प्रदर रोगमें लालपाणी गिरता होय उसमें जेठी मध १ तोला चावलोंके धोवणमें पीस ४ तोला मिश्रीडाल पीणेसें फायदा होताहै छातीमेंसें खून गिरताहोय एसे (उरक्षत रोगमें) जेठी मधुके काढेमें पीपर और भीमसेनी कपूरका चूर्णपीणा खूनकी उलटीमें मोलेठी तथा सुपेद चंनण दूधमें घसकर पिलाणा और स्वरभंग याने साद बैठ गया होय तो मोलेठीका चूर्ण मिश्रीडाल दूधमें पीणा (८४ जहर कुचीला) पौष्टिक वायुहरता तथा पाचक है, इसकूं वहोत सावधानीसें वरतणा कारण जहर है जादामें जादा १ वालसें जादा मात्रा लेणेसें इसका जहरी चिन्ह मालम देता है, इतनाहीनहीं वहोत दिनोंतक इसका सेवन करणेसें भी नुकशान होताहै, लेकिन् युक्तिसें इसका उपयोग होयतो वहोत फायदेवंदहै (कुचीलेकी काफी) कूचीलेकूं गोमूत्रमें उकालकर ऊपरका छिलका दूरकर घीमेंतल काफी
ये काफी अजीर्ण पेटचूंक तथा अग्निमांदमें लेणी अछीहैं, जुदी २ वादीका रोग
) कमरझलणी अर्द्धांग पक्षाघात अर्दित वगेरेवायु जीर्ण भये पीछे उसमें जहर
वहोत फायदा करता है इन रोगोंकी शरुआतमें उनोकी तीक्ष्णतामें जहर कुंची लादिया जायतो फायदेके वदले नुकशान करता है पीठके वरडा जो हाडहै उसमें रोग होणेसें हाथपांवोंमें धूजणी होजातीहै, और कितनीक वखतलिखते २ हाथ धूजताहैं, और अंगलियोंसें कलम नहीं पकडे जाती एसे रोगोंमें कुचीलेका दोयच्यार महीना सेवन करणेसें फायदा होताहै धातूका गिरना तथा मरदमीकी नाताकतीमें वहोत फायदा करता है (समीर गजकेसरीरस) कुचीला अफीम तथा कालीमिरच सम वजन मिलाके रती २

की गोलियों वणाणी गंठिया कमरका भारीदरद अर्द्धांगवायु अर्दितवायु पक्षाघात वगेरे वादीके जीर्णरूपमें मात्रा १ रत्तीकी कुचीलेकूं जलमें घसकर लेप करणेसें सोजेकूं ऊतारताहै, (८५ टंकणखार) मूत्रल शीतल कफघ्न ऋतुलाणेवाला कष्टीकूं वच्चा जणाणेवाला खारहर तथा रोपण, टंकण सुहागेकी दो जात हैं पाटिया (तेलिया) दुसरा सुनारोकें कामवाला दवामें दोनुं काम आतेहैं शुद्धकरणा अथवा अंग्रेजी दवा वेचणेवालोंके पास शुद्ध टंकण (वोराक्ष) मिलता है सोवरतणा पेसावकी रेती तथा जलणमें ठंढे जलके संग पीणेसें अथवा गरमपाणीमें डाल पिचकारी मारणेसें पेसाव खुलास होकर आराम होताहै, मूंमें चांदी घाव गिरगया होय तो पावजलमें ४ वाल टंकण डाल कुरला करणा वच्चेके मूंके रोगमें टंकणकूं सहतमें मिलाकर अंगलीसें लगादेणा टंकण दांतोंकोंभी सफा करणेवाला है, इसवास्ते दंतमंजनमेंभी डालेजाताहै टंकणके जलसें मसलकर धोणेसें दाद खाज लूखास तथा शिरके वाल उडणा (उंदरी) दाद अछा होताहै (८६ डूंगली) कांदा उष्ण वातहर तथा वीर्यवर्द्धकहै, कांदेका रस सूंघणेसें जागृति तथा शुद्धी आतीहै, और हैजेमें शीतांग होताहै, उसमें कांदेकूं मसलणेसें वदनमें गरमी लाताहै, वेर २ उसकूं पिलाणेसें दस्त उलटी रुकजातीहै घरमें कादोंकों टांगदे तो हवाकी शुद्धि होतीहै, हेजामरीके जीवजंतु उस घरमें नहीं आते हैजेमें पिलाणेसें हैजा मिटताहै, शाक अथवा मुरव्वा वणाकर ताकतके वास्ते लोक खातेहैं. उनोंके कामेच्छा वढतीहै, कांदेकारस आदेकारस मिश्री सहत तथा घी हमेस फजरमें पीणेसें गईमरद मी पीछी आतीहै, वीर्यकी वृद्धि होतीहै कांदेका रस नाकसें पीणेसें वादीके असाध्य रोगमेंभी फायदा होता है रसमें एक रत्ती अफीम मिलाकर पीणेसें अतिसारका दस्त वंध होताहै अम्लपित्त जिसमें गले और छातीमें जलण होतीहै उसमें सुपेद कांदेका रस मीठा दही मिश्रीमिलाकर पीणा वद तथा दुसरीगांठ कठवेलपर कांदे सिजाकर उसमें घी हलदी डालकर फेर गरमकर गरमागरम पोटिस वांधणी येवडी ऊमदा पोटिसहै, (८७ डीकामाली) कृमिघ्न तथा वातहरहै वच्चोके पेटकी चूंक गोटा कृमि उलटी वगेरे रोगमें दियेजातीहै, पेटपर सूकीभी मसले जातीहै, इंद्रजव कालीजीरीकी माफक समझवार औरतें निडरपणे ऊपर लिखे मुजव घरमें रखकर उपयोग किया करती है, (८८ तुकमरियां) शीतल है, तुकमवा लिंगाका लुआव तुकमरीआं १ रुपेभर मिश्रीका जल २ रुपेभर मिलाणेसें चिकणा लुआव होताहै वो पीणेसें पेसावकी जलण गरम वायु लू तथा पेटकीदाहमें फायदा वंदहै (८९ तज) उष्ण दीपन वातहर तज खाणेसें अथवा उसकी उकाली पीणेसें उलटी तथा मूकी मौलग्लानी मिटतीहै शरदीसें शिरचढा होयतो तजकूं घस गरमकर लेप करणा शूलके संग मरोडेमें ४ वाल वीलका गिरतज १२ वाल ओर ४ वालगुड दहीमें मिलाकर पीणेमें फायदा होताहै (९० तमाख्) कफकूं शमाणेवाली रगोंकों ढीली करणेवाली तमाखू मादकहै. जादालेणेमें

नसा चढता है सूंघणा चावणा और पीणा एसें तीनकाममें लोक लेते हैं लेकिन् थोडे दिन लियाके झलजातीहै दांतकारोग दम श्लेपम वगेरेमें दवातरीके तीनोंतरे उपयोग करणेसें कुछ एक फायदा देतीहै लेकिन् शोखसें जो वापरते हैं उसमें वडानुकशान है खून वरावर फिरता नहीं फेफसेकूं इजा पोहचतीहै, खालीउधरस पैदा होतीहै शरीर फीका और पीला पडताहै मगज तथा आंखकूं इजा पहुंचतीहै जादा वरतावेसें अदमी अंधा होजाताहै मधुमखी भमरी वगैरेके डंकपर तमाखू लेपकरणी सापके जहरमें उलटी कराणेकूं नव २ टांक पाणीमें मिलाकर दोचार वखत पिलाणी जूओंका इलाजभी ये पाणीहै फेर आरीठेके पाणीसे सिर धोडालणा (९१ तांदलजा) चंदलिया चोलाई सारक शोधक शीतल पित्तशामक खुराकमें उत्तम गुणकारी शागदवाका काम चंदलिया करताहै, ये तीनों दोषमें अछा है, जादातर पित्त शमनकरणेवालाहै इसवास्ते इसकूं जलमें वाफ· कर उसका जल पीणेसें कलेजेकी गांठ सोजा यकृत् तापतिल्ली नरम पडतीहै इसके रसमें पोटासका विशेष भाग होणेसें ये जहरका नाश करता है सापवीछु सोमल तथा गरमीके रोगकी जहरी असरकूं निकाल डालता है वाफकरके पेटपर तथा गांठपर वांधणेसें पेट नरम पडता है, पारा वगैरेका जहर वदनमें फूट गया होय रहा होय तो एकाध अठ· वाडियेतक पाव २ चंदलियेका रस घीमें पीणा चंदलियेकी जडपीस उसमें रसोत सहत चोगुणा चावलोका धोवणडाल थोडे दिन पीणेसें औरतोंका प्रदररोग मिटताहै, (९२ त्रि· फला) हरड वहेडा आंवला ये तीन फलसामिल मिलताहै तव त्रिफला कहलाताहै गुणमें ठंढा शोधक पित्तशामक तथा दाह शामक हैं तजागरमी खूनकी गरमीकूं वो फायदावंधहै (त्रिफलाचूर्ण) हरडे १ भाग वहेडा २ भाग आंवला ३ भाग इसका महीन चूर्ण शिरकी १ वदनका तपणा पेसावकी जलण गरम वाय प्रदर चिणख कामला आंखकी गरमी झमर शीलस वगेरे रोगोंमें त्रिफलेका चूर्ण सक्करमें अगर जलमें लेणेसें अछा फायदा २ मात्रा अढाइ मासेसें पांचमासा (त्रिफलाहिम) हिमके कुरले करणेसे मूंकी चांदी जखम गरमी मिटतीहै, आंखोपर छांटणेसें जलण शिरकी गरमी तेसें आंखोंके सांमनें धूंअेका गोटा दीखेसो झमर वगेरे सुधरता है आंखका तेज वढजाता है (त्रिफलाकी भस्मी) जलाकर राखकर थोडा कथा मिलाकर येगरमीकी टांकीपर भरणेसें जलदी आरा महोतीहै, (९३ तुलसी) कफघ्न तथा उष्ण है तुलसीके पत्ते वायूकूं दूरकर वदनमें गरमी लाती है, इसके पत्ते हिचकी शूल वगैरेमें अनुपान तरीके काम आता है पान तथा आदेके टुकडेके संग दांतके नीचै चावणेसें दांतोकी शूल मिटतीहै (तुलशीका स्वरस) तुलसीके पानोकों जलमें पीसकर रसनिकाल २ रुपियाभर उसमें कालीमिरच अढाई मासेडा लकर ठंढके वुखारमें आणेके २ घंटे पहले तीनचार पाली देणेसें विषमज्वर शीतज्वर मिटता है तुलछीके रसमें इलायची चूर्ण डालकर पीणेसें तीनों दोषोंकी उलटी बंध

होती है, बच्चेकी उलटीमें रसमें सहत मिलाकर देणा. (९४ तैल) तिल) चिकणा स्पर्शमें शीतल पचनेकी वखत तीखा और पित्तल व्रणशोधक मूत्रल कांतिकारक तिलोंकी सूकी लकडीकूं जलाकर खार निकालते हैं, वो खार मूत्रल तथा पेसावकी कंकरी तथा पथरीकूं निकाल डालता है, ये खार सहतमें मिलाकर चाटकर ऊपरसें गऊका दूध पिये तो अटकाभया पेसाव खुल जाता है, जलण मिटती है, अंगारसे जले भयेपर तेल और कली चूनेका नितरा भया जलकूं मथफुलमा वणाकर लगाणेसें पट्टी मारणेसें और ऊपरसें तेल सींचते जाणा जलणेका जखम मिटता है, तेलमें सींधानिमक मिलाकर कुरला करणेसें दांतका दरद मिटकर दांत मजबूत होता है, तिलोंकों दूधमें पीस अथवा तिल और वायविडंगको जलमें पीस शिरपर लेप करणेसें आधासीसी मिटती है, कुत्तेके जहरऊपर तेल खल और जरा आकका दूध अथवा जडकी छालका चूर्ण अथवा जडका चूर्ण गुड सबके समवजन मिलाके पीणेसें जहर उतरता है, धतूरेके जहरपर तिलका तेल गरम पाणी मिलाकर पिलाणा, हरसके मस्सेमेंसे पडता खून तिलोंकों मखणमें पीस चाटणेसें मिटता है, गर्भिणी तथा सूतिकाके खूनके गिरणेमें तिल जव तथा सक्कर सुपेद तीनोंका चूर्ण सहतमें चाटणा, शुक्राश्मरी अर्थात् गिरते भये वीर्यकू रोकणेसें वीर्यकी पथरी बंध जाती है, उसमें तिलोंके लकडोंकी राख सहतमें चटाणी औरतोका ऋतुबंध होताहै, और पेडूमें (रक्तगुल्म) खूनका गोला चढता है, उसमें तिलका काढाकर उसके अंदर सूंठ मिरच पीपर हींग और भारंगमूल इन सबोंका चूर्ण अढाई मासा या पांच मासा डालकर पीणेसें ऋतु आता है, और गोला मिट जाता है, रक्तातिसार, खूनके दस्त लगणेसें कालेतिल १ भाग बूरा या मिश्री दो भाग बकरीका दूध ४ भाग सामिल करके पीणा, नारूपर तिलकी खल छालमें पीसकर बांधणा (९५ थोर) उष्ण शोधक तथा स्नायुनसोंकों ढीला करता है, थोरकी वहोत जाति है, डडेवाली कंटेवाली पंजेवाली त्रिधारी चोधारी वगेरे दवाके काममें जादातर डडेवाली थोर कांमदेती है, और वो खुरसाणीके नामसें प्रसिद्ध है, डंडोंको वाफके रस निकाले जाता है, इसकी जलाई भई राख कांम देती है, इस रसकी दूसरी दवाओंकों भावना दीजाती है, राखकूं अरडूसेके रसमें देणेसें कफ नरमपड वाहर निकल जाता है, जलंदर वगेरे पेटके रोग-वास्ते जो जो वादी हरता दवाइयें है, उसकूं थोरके रसकी भावना देकर देणेसे वहोत फायदा करतीहै, इसका दूध है, सोजहरहै दूधकूं दरदकी जगे लगाणेसे फफोंला उठता है, सांधोकी वादी तथा गरमी सुजाक दरदवालेकों केइ दिनोवाद गंठियावायु होजाती है, उसपर तीन २ चार २ दिनके फासलेसें तीनचार वखत इसका दूध लगा-णेसें फफोला उठता है, और दरद मिट जाता है, सूकी खुजलीपर दूध लगाणेसें एक वेरतो पक जाता है, लेकिन् पीछे मिट जाता है, मुलायमजगेजसें आंख भगइंद्रीपर

दूध थोहरका लगाणा नहीं, जो दूध लगाणेसें तकलीप होयतो घी लगाणा दूधकूं सुकाकर गूंद जेसा करकेरखे तो उन मान मुजब मात्रा देणी (९६ दही) दहीके गुण दोष तीसरे प्रकाशमें लिखा है, दवामें दही इस मुजब काम देता है, (१) सूर्यावर्त्त– दिन चढणेके संग शिर दुखणेलगे सो (सूर्यावर्त्त) शिरके रोगमें सूर्य ऊगणेके पहली दही मीठा और भात खाणा (२) तृष्णा– (प्यास) श्रीखंड वणाकर खिलाणा अथवा मीठादही १२८ तोला वूरा ६४ तोला घी ५ तोला सहत ३ तोला काली मिरचका चूर्ण २ तोला सूंठका चूर्ण २ तोला इलायची २ तोला सव मिलाकर काचके या कलीके वासणमें रखकर थोडा २ खाणा (३) अजीर्ण) दही अथवा वरावर जल मिली भई छाछ पीणी (४) हरस) चित्रकके जडके महीन चूर्णकूं पाणीमें पीस दही जमाणेके पात्रमें अंदर लेप करणा उसमें दही जमाकर अथवा छाछ करके पीणी अथवा भोजनमें लेणी (९७ दशमूल–) उष्ण वातहर त्रिदोपहर दशवनस्पतीकी जडसो दसमूल इनोमें वहुत मतभेदहै तोभी सुलभता लिखतेहै. जंगलीगांजा वहुफलीकी जड पसरकंटाली खडीकंटाली तथा गोखरूकी जड यहतो लघुपंचमूल और वीलकी जड अरणीकी जड अरडूसेकी जड कांकचकी मूल खाखरा पलासकी जड (ये वृहत्पंचमूल) जंगली गांजेके वदले कोइ समेरवा और कोई कासंदरीकी जड लेते हैं, और वहुफलीकी जगे पीलूकी जडभी लेते है वायु तथा कफका सन्निपातज्वर सूतिकावाली स्त्रीका सर्वरोग ऊरुस्तंभ शूल दम खासी मींट पसीना शीतांग वगेरेमें अछा फायदा देताहै (९८ दूध) दूधके गुण तीसरे प्रकाशमें लिखाहै इहां दवा मुजब उपयोग लिखतेहैं गऊके दूधका गुण सर्वोपरी है इहां उसकाही ग्रहण हैं (१) आधाशीशी–) दूधकी मलाई अथवा विदाम और वूरा डालकर दूधकी खीर खाणी (२) (धतूरेकाजहर–) सहज साधारण धतूरेका जहर दूध मिश्रीसें दूर होता है (३) सोमल–) नीलाथोथा–) वछनाग–) इन जहरोंपर उलटी होय जहांतक दूध पिलाणा कै वंद होय वादनहीं पिलाणा मिश्री डालकर पिलाणा लेकिन् जहर जादा खालिया होय तो इस साधारण सादे इलाजपर विश्वास रखकर निर्चिंत-नहीं वैठे रहणा दुसरा वडा इलाज करणा (४) गंधकका जहर, दूधमें घी डालकर पीणा (५) जीर्णज्वर–) दूधमें घी सूंठ खारक कालीदाख डालकर पीणेसें पुराणाज्वर मिटताहै (६) मूत्रकृछ्र–) दूधमें गुडडालके पीणा (७) रिदयरोग–) याने छातीके रोगमें–दूधमें भिलावेके तेलकी १० वूंद डालकर पीणा (८) रक्तपित्त–) दूधमें पांचगुणा जल डालके पाणी जलेवाद ठंढाकरकेपीणा (९) हाडोंका टूटना–) दूधमें वूरा डालकर गरमकर पीछे उसमें घी तथा लाखका महींन चूर्णडालकर ठंढाकरके पीणा (१०) श्लेषम–) शरदी, आधादूध आधाजल अढाई मासे या पांच मासे वूराडाल आधे रुपेभर सूंठकी भूकी चार पांच विदाम दोयचार केशरकी पांखडिया डाल पाणीजले तहांतक पीछे सूंठके टुकडे

निकाल दूधपीजाणा विदाम चावजाणा इसतरेका दूध तयार कर रातके सोंणेके वखत पीणा फेर जलपीणा नहीं दूधमें मिश्री और काली मिरचका भूका डालकर पीणेसे भी जुखाम मिटता है (११) महनत काथकेला– महनत करके थकाभया अदमी गरम किया भया दूध पिये तो थकेला उतर जाताहै और हुसियारी आतीहै, (१२) पुष्टि– (वीर्यवृद्धि–) गरम करेभये दूधमें घी तथा वूरामिलाकर पीणा इसके जेसा धातुपुष्टीका कोइ दुसरा इलाज नहीं (१३) इंद्रीजुलाव–) दूध तथा जल संगमे मिलाकर पीणेसें पेसाव वहोत आता है, (१४) वच्चेके (दूधकी उलटी–) चूंगणेसें या दूधपिलाणेसें जो वच्चाकै करके दूध निकाल डालता है उसकूं दूधके संग चूनेका नितरा भयाजल डालकर पिलाणेसें दूधपेटमें रहजाता है (९९ देवदारू–) स्वेदल कफघ्न तथा पेसाव लाणेवाला है (देवदार्वादिक्काथ–) देवदारू वच पीपर सूंठ कायफल मोथ चिरायता कुटकी धाणा जोहरडे गजपींपर गोखरू कोंचवीज धमासा भोंरीगणी अतीस गिलोय काकडासींगी और स्याहजीरा सव चीजोंकों समवजन लेकर उसमेंसें २। रुपिया भरसे ३ रुपयेभर तककी पुडी वणाकर सोलेगुणे जलमें काढा करणा ये काढा प्यास औरतोंके सूआरोगमें वहोत फायदा करताहै, सूआरोगमें वुखार सोजा दस्त शूल हिचकी वगेरे डरावणे रोगोंमें फायदा करता है थोडादिन देणेसे जापेका रोग मिटजाताहै (१०० धतूरा–) नशोंकों ढीला करणेवाला तथा पीडाशामक धतूरा जहर है, इसवास्ते विद्वान वैद्यकी या डाकदरकी सल्ला विगर दवातरीके भी कभी नहीं वरतणा इसवास्ते इहां संक्षेप वर्णन कराहै शीतज्वरवालेकूं १० वूंद चढणेके डेढ कलाक पहले पत्तोंके रसकी आनेभर गऊके दहीमें देणेसें शीतज्वर मिटता है धतूरेके पत्तोंकी तथा डांखलियोंकी बीडी दमके जोरकों शांतकर देतीहै जो कभी इससें दमका रोग नहीं मिटे तोभी रोगीका दरद तथा घवराट कमहोकर वायु और कफ दवजाताहै तवदमभी बैठजाताहै लेकिन् वो बीडीपीती वखत वहोत संभाल रखणा चाहिये क्योंके शक्ति ऊपरांत पीणेसें तोफान करजाताहै, धतूरेके पत्तोंका लेप स्तनपकणा तथा स्तनोंमें दूध चढजाता है उसके सोजेकूं मिटाता है (१०१ धाणा–) दीपन तथा पित्तशामक है (धान्यादिहिम–धाणा तथा दाखका हिम येहिम आधाशीशी तथा गरमीसें शिर चढताहै, उसकूं मिटाता है धाणाकूं रातकूं मिश्रीके जलमें भिगाके रखणेसें फजर घोट पीणेसें हाथ पैरोंकी जलण मिटतीहै, (१०२ द्राख-) मुनक्का दीपन शीतल पित्तशामक तथा सारक याने दस्तावर है दाखोंकी वहोत जातिहै लेकिन् दवामें और वेमारकू खिलाणेमें काली मुनक्का अछीहै (द्राक्षासव) इसकी दवा वणतीहै सो क्षयजेसें वेमारकूं सतेज रखकर शक्ति देती है दवा मुजव दाख इकेली कम घलती है (द्राक्षादिहिम–) मुनक्का पित्तपापडा तथाधाणा इस हिमसें पित्तका वुखार जलदी पकताहै सादा गरमीका तप इसहिमसें वुखारकूं कमकर देताहै शिरकी ओर

की गरमी शांत होतीहै उनालेकी सखत गरमी तथालूमें दाख वरियालीका हिम सरबत प्यास तथा बुखारकूं कमकर देती है दाख हरड वहेडा आंवला पींपर मिरच तथा खजूर ये सब सम वजन लेकर सहत घी मिलाकर गोली वणाणी सूकी खासी तथा अवाज बैठै जिसमें फायदा करती है (१०३ नगड–) संभालू–) वादीहर तथा सोजनहर है सूजन तथा गांठपर संभालूके पत्तोंकों वाफकर वांधतेहै अछा फायदा करता है, (१०४ नवसादर–) पित्तकूं श्रवाणेवाला ऋतूलाणेवाला शोधक तथा तीक्ष्णहै दुसरी दवाइयोंके संग खाणेमें दियेजाताहै शरीरके कोइभी भागमें खूनका जमाव होकर सोजन होगया होय तो नवसादरके पाणीका वस्त्र भिगाकर रखणेसें सूजन पकता वंधहोकर खूनविखर जाता है सुआवडपीछै तुरत औरतोंके स्तनमें दूध पैदा होते कितनीक वखत उनोंमें सो जा तथा दरद होताहै जो उस स्तनका जलदी इलाज नहीं किया जायतो स्तन पककर फूट जाताहै, और कठण गांठे वंध जातीहै नव सादरका भीगा कपडा फायदा करताहै अंडवृद्धिरोगमें आंतरे उतरते है उसमें जो आंडोपर नवसादरका भीगा कपडा धरणेसें आंडोंके सुकडतेही आंतरे उंचे चढजातेहैं और सोजा नरम पडताहै और उलटी वगैरे दुसरेभी चिन्ह होते होय सो वंध होजाताहै (१०५ नसोत–) दस्तावर जुलावमें अम्ल-पित्तरोगमें काम देतीहै निसोत ॥ भर आंवले ॥ रुपेभर पावजलमें उकाल आना जल रखके ठंढाकर छाण मिश्री सहत उनमान मुजव डालकर पीणेसें वहोत दिनोंका आम्ल-पित्त महीनाभर पीणेसें मिटजाता है (पथ्य) दूध भातमिश्री (त्रिवृतादि चूर्ण दस्तावर–) निशोत ४ भाग सूंठ १ भाग सींधा ॥ भाग मात्रा अढाईमासेसें ५ मासां (१०६ नाग केशर–) शीतल ग्राही दीपन नागकेशरका चूर्ण वूरा तथा मखणमिलाकर खाणेसें मस्से-मेंसें गिरता खून वंध होजाताहै, मात्रा २ आनीसें चार आनीभर औरतोके पाणी जेसा प्रदर वहताहै उसमें नागकेशर छाछमें पीस तीन दिनपीणा छाछभात भोजन करणा रक्त-प्रदरपर चूर्ण घीमें देणा (१०७ नालियर–) शीतल तथा पेसाव लाणेवाला नालियेरका पाणी ठंढा तथा मूत्रल है, इसवास्ते पेसावकी जलण मूत्रकृच्छ्र तथा प्यासपर देणेमें आता है टोपसीकूं जलाकर लगाणेसें अंगारसें जलेवाद जो जखम होजाता हें सो रुक जाताहै टोपसीकूं याखोपरा जलाकर लगाणेसें अंगारसें जले वाद जो जखम होजाताहै, सोरुकजाता है, टोपसीके भूकेका धूआंपीणेसें हिचकी वैठजातीहै इसकी जोटी जलाईराख रेसमकी राख मोरके चंदेकी राख जीराकोरेतवेपर भूनाभया पींपर लोंग तवेपर उनारा भया सहतमें या अनारके सरवतमेंकै उलटी होते ही दोतीनवखत चटादेवेतो उलटी हिचकी बंध होजा-ती है (शूलहर चूर्ण–) नालेरमें छेदकरके अंदर सेंचलनिमक भरणा पीछे छेदकूं बंधकरके कपडमिट्टीकरणा फेर छाणोके जगरेमें सिलगा देणा पीछै इसका चूर्ण पीपरके चूर्णके संग खाणेसे शूल मिटती है (१०८ पारा) शोधक तथा पौष्टिक शास्त्रोंमें पारेका अनंत

गुण लिखा है सो सच है जो पूरे संस्कारसें पारेका शोधन मूर्छित कर देणेमें आवेतो अद्भुत गुण दिखाताहै लेकिन् पारेके शोधनवास्ते तथा उससें बडे दरजेका रस बणाणेवास्ते जादा अनुभवकी जरूरी है पारेगंधकसें हजारो रस बणते हैं जिसमें चंद्रोदय मकरध्वज रससिंदूर सुवर्णपर्पटी पंचामृतपर्पटी चिंतामणिरस लोकनाथरस वन्हिरस त्रिविक्रम आदि मुख्य है पाराके बनावटकी चीजों अनुभवी वैद्योंसिवाय दुसरे पासलेणेमें जोखम है, मिलावा शुद्ध १ तोला पाराशुद्ध १ तोला अजमोद १ तोला अजवाण १ तोला १ खुरासाणी अजवाण दूधमें सुद्धकरी १ तोला जोड अजवाण १ तोला तिल १ तोला सबकूं ४ पहर खूब खरलकर झाडवेर २ जितनी गोली करणी गोली १ दहीकी मलाईमें लपेट प्रभात अधर निगलजाणी १ सांझकूं(पथ्य)अलूणी रोटी गहूंकी और घी दहीकी मलाई या मीठा दही दिन ७ दवालेणी १४ दिनपथ्य इससें सुजाक गरमी गरमीकी गंठिया वदन फूटा दिन ३० लेणेसें भगंदर नासूर कीडीनगरा प्रमुख सब मिटजाताहै, मरदमी आतीहै, भूखक्रांतिकामेछा वढतीहै केइयक लोककेरीके अचार तेलके वेंगण बडोंमें भीये पारे हींगलू रसकपूरकी गोली इस रोगपर देतेहैं अशुद्ध पारा वगैरेकी दवा मूर्ख अनाडीयोंसें बचके रहणा पारामलममें गिरताहै शुद्ध होयतो अछा नहीं तो जादा नुकशान सोवेर वस्त्र छाणेवाला नहीं करता(पारेकी कजली) गंधकपारा सम वजन लेकर४पहर घोटणेसें खरलमें स्याह कजली होतीहै गरमीकी चांदी इसके लगाणेसें मिटजातीहै (पारेका मलम–) पारा १ भाग सादा मलम तीनभाग मिलाणा ये वदवगेरे उठती गांठोंपर लगाणेसें वैठजातीहै (१०९ पटोल) ज्वरघ्न शोधक तथा रेचकहै पटोलकूं परवलभी कहते हैं (पटोलादिक्काथ–) संतत शतत आंतरेवाला विषम ज्वरमें फायदा करता है, पटोल इंद्रजव देवदारू हरडे वहेडा आंवला मुनका नागरमोथा मोलेठी गिलोय अरडूसेके पत्ते इन इग्यारे चीजोंका काढा करणा पीलियेमें पटोलका जुलाव फायदा करता है पटोलकी एवजीमें कितनेक कडवी तोरी लेते हैं. पटोल अथवा तोरीके रसकी बूंद नाकमें डालणेसें पाणी झरकर पीलियेका जहर निकल जाताहै, गरमी उपदंश जो वदनमें फूटकर वाहिर निकलतीहै उसमें पटोलाष्टक क्काथ अछा फायदा करता है, पटोल हरड वहेडा आंवला नींवकी छाल चिरायता खैरकी छाल और वीचूला जिसकूं कितनेक लोक मिलामा कहतेहैं, पेटमें पीणा इन आठोंका काढा करणा (११० पीपर–) उष्ण दीपन पाचन तथा वातहर है एकतो लींडीके सिकलवाली लींडी पीपर कहलाती है वडीसो घोडा पींपर कहलाती गजपीपलकी ओरही सिकलकी लकडी आतीहै, जहां पीपर लेणा लिखा होवे उहां लींडी पीपर लेणी पींपर वहोत दवाओंमें गिरती है इकेली पींपरभी युक्तिसे ताकतकूं पहचानके देणेमें आवे तो वहोत रोगोंकों मिटाती है पीपरका चूर्ण पुराणे गोलेके रोगमें अरुचि हृदयका रोग श्वास काश कामला मंदाग्नि जीर्णज्वर वगेरेमे फायदा देती

है सहतमें खाणेसें मेद कफ श्वास ज्वरमें फायदा करतीहै, छालमें पींपर तथा सहत डालकर पीणेसें पेसावकी रेती और पथरीमें फायदा करती है पेटके रोगमें गोमूत्रमें कितनेक दिन भिगाकर रखी भई पींपर फायदा देती है वर्द्धमानपीपलीका प्रयोग वहोत अछा है, गायका दूध तो ४ पाणी १६ तोला और २ या तीन पींपर पाणी जलेजहांतक उकालकर पीछे पींपर चावकर दूध पीजाणा दुसरी तरे इकेले दूधमें पींपर एकेक हमेस वढती और पीछे ऊतरती एसें २० दिनतक आधा दूध रढे तहांतक ऊकालणा वो दूधपींपर चावके पीजाणा इस वर्द्धमान पीपलके प्रयोगसें पेटके रोग मंदाग्नि जीर्णज्वर उध रस पांडू गुल्म हरस और वायुके दुसरेभी रोग चले जाते हैं एकसेर गऊका दूध मंद आंचसें उकालकर आधा जले तव उतार ठंढा भयां पीछे उसमें आधा तोला वूरा आधा तोला घी तथा इतनाही सहत और ॥ रुप भर १ भरतकपीपर डालकरके पीणा रिदयका रोग खास तथा जीर्णज्वरमें अछा फायदा देता है, सहत घी दूध पींपर और मिश्री पांचोकों मिलाकर पीणेसे दम खासी क्षय विपमज्वर तथा रिदयका रोग मिटता है इसकूं पंचसार कहते हैं (पींपर पाक–) ३२ तोला दूधमें ३।४ रुपेभर पींपरका चूर्ण उकालकर मावा (खोवा) करणा उसमें २ रुपेभर घी डालकर मधुरी आंचसे घोटकर कीटी वणाकर दाणा पाडणा पीछे आठ रुपेभर वूरेकी चासणी करके कीटीडाल देणी तज तमालपत्र नागकेशर तथा इलायची हरेक डेढ २ रुपेभरका चूर्ण डालकर एकेक तोलेकी गोली वांधणी ताकतमुजब एक दो गोली खाणी उससें धातुगत जीर्णज्वर खासी दम पांडू धातुक्षय और मंदाग्नि ऊपर अछा फायदा करतीहै, एसे रोगवालेकू ठंढकालेमें पींपरका पाक वणाकर खाणा (१११ पीपला मूल–) उष्ण दीपन पाचन तथा वातहर है पींपलामूल और पींपर ये दोनूं एकही दरखतके हैं जडतो पींपरामूलहै फलपींपर है, लकडियां चव्य है गुण मिलते भये है लेकिन् पींपर जादागरम ओर सखत है, मंदाग्नि अजीर्ण जीर्णज्वर पेटकीवायु शरदी दम शूल निर्वलता इन सवोमें पींपलामूलकी गांठों काम देतीहै सहतमें गुडमें इसकी रावडी वणाकर लीजाती है पींपलामूल वहोतसे पाकोंमें तथा दवाइयोंमें गिरता है (११२ पीपल वृक्ष–)व्रणकूं भरणेवाला इसवास्ते पंचवल्कलके काढेमें गिरताहै, उसके छालकी सुपेद भस्मी होतीहै वो भस्मी दोदो वाल सहतके संग देणी पित्ताजीर्णमें अर्थात् अजीर्णहोकर छाती तथा गलेमें झलझल जलण रहा करतीहै, जिसकूं गुजरातवाले गलधरी कहते हैं, वो मिटती है पींपर आंवली तथा आंवेकी छालकी राखमें भी यहीगुण है पीपलकी राखमें सोमल हरताल शुद्धकर हंडीके आधी राख नीचै आधी ऊपरदेके वीचमें रखकर मूं वंधकर वारेपहर मंद आंच दीपसिखासीदे तो निर्धूम शुद्ध भस्मी होतीहै, अंगारपर धरणेसें धूआं देतो अशुद्ध जाणनी पीपलकी लाख छातीमें जखम पडीभई खासीमें सहत घी मिलाकर चटावे तो वहोत फायदा करती है

(११३ पीलूडी– जाल मारवाडमें कहते हैं, सोजाकूं दूर करे पीलूडीका रस सोजेपर लेप किये जाता है, पत्तोंकी लुगदी वदपर वांधणेसें फायदा होताहै (११४ पपइया–) गरम है एरंडककडीका दूध कृमिदूर करणेवाली है पक्के पपइयेकूं चीर उसमें जीरा तथा बूरा सांझकूं भरके रख फजरमें खाणेसें पित्तका तथा खूनके हरसरोगमें वहोत फायदा करती है, (११५ फिटकडी–) रक्तस्तंभक तथा ग्राही है फिटकडीकूं फुलाकर धरणके दस्तमें तेसें गिरणेमें गुडसंग देणा मूंमेसें अथवा हरकोइ द्वारसें खून गिरता होय तो फिटकडी देणेसें वंध होताहै फिटकडी रातकूं भिगाकर कुरला करणेसें मूंके सव रोग अछे होते हैं फिटकडीके पाणीकी वूंद डालणेसें दुखती आंख मिटती है चढाभया खून उतरता है तथा जिस आंखमें पककर पीपपड गया होय एसी आंखकूं फिटकडीके जलसें धोकर अंदर वूंदे वेर २ डालणेसें पकी भई आंखभी अछी होती है, औरतोंके प्रदर वगैरे कितनेक गुह्य रोगमें फिटकडीकी पिचकारी तथा गर्भस्थानमेंसें खून गिरता होय तो भी फायदा करतीहै पिचकारीसें अगर वंध नहीं होय तो अंदर फिटकडीका टुकडा दवाणेसें नसों संकुडाकर खूनका गिरणा वंध होता है दुखते मस्सेपर फिटकडीका चूर्ण मसले तो खून और चिमचिमाट दरद वंध होजाता है वच्चोंकी कांच तथा औरतोंके योनिपर फिटकडीका पाणी छांटणेसें संकुडाकर मजवूत सकत होकर अंदर चलीजाती है धरणके मूंपर फिटकडीका टुकडा धरा होयतो हरगज पुरुषका वीर्य अंदर नहीं जासकता वीर्यकूं फाडके निकाल देती है खाणेकी मात्रा १ सें दो वाल (पिचकारी) १ रतलपाणीमें अढाई मासा या पांचमासा देसीपत्ने लिखणेसें स्याही फूटकर आरपार होती होय तो फिटकडीके जलमें भिगाकर सुकाकर घोटलेवे हरगिजनहीं फूटेगा (११६ फालसा) पित्तशामकहै, गरमीकी मोसममें इसका सरवत करके पीणा दाहकूं मिटाताहै (११७ फुदीना) पोदीना उष्ण तथा दीपन पाचन है हैजा चूंक उलटी अरुचि मंदाग्नि ऊपर पोदीनेका रस अथवा उसकीचा फायदा करतीहै, उसके सवगुण पेपरमींटके मिलता है, (११८ वदाम) ठढी तथा पौष्टिक है मगज तथा आंखके रोगमें वहुत फायदेवंद है, विदामका पाक सीरा कतली वणतीहै गायके घीमें विदामकूं सुंघणेसें नाकमें जमते भये छोडे नरम पडतेहैं मगजकी नाताकती दूर होकर आंखका तेज वढताहै विदाम तथा केसर गऊके घीमें घोटकर उसकी नास लेणेसें वदाम कपूर दूधमें घसकर शिरपर लेप करणेसें तैसें विदामकी दूधमें खीर रांधकर फजरमें खाणेसें शिरकी शूल दरद तथा आधाशीशी मिटती है मगज तरकरणेकूं शिरपर विदामका तेल रगडणा विदामकी मींजीशेक वूरेके संग खाणा एकघंटे वाद मखण मिश्री मिलाकर चाटणा (११९ वनफसा) शीतल स्वेदल तथा कफघ्न है वुखार तणख सलेषम तथा कफमें दीजातीहै, वनफसा मोलेटी अफीमके डोडे उकालकर उसके जलमें थोडा बूरा डालकर रावडी जेसी चासणी करके चाटणेने

उधरस तथा कफकूं अछा फायदा करतीहै (१२० वहुफली) मूत्रल तथा पौष्टिक है पेसाबके रोगोंमें फायदेवंदहै गरमवायु तणख तथा प्रमेहकी जलणमें वहुफलीका लुआव वूरा डाल पीणेसें फायदा करतीहै दूधके संग वहुफली पीणेसें धातुपुष्टि तथा नाताकती मिटतीहै,(१२०वांबल)वंबूल ग्राही शीतल तथापौष्टिकहै वंबूलकी फलियों जव पकणेपर आवै उसकूं जलमें पीस २॥ रुपियाभर रस वूरा मिलाकर दिनमें तीन वखत पीणेसें प्रमेह जलण गरमवायु तजागरमी मिटतीहै वंवूलके छालका रस पीणेसें अतिसार वंध हो जाताहै बंवूलके कच्चेपानोंका रस आंखमें आंजणेसें आंखकी गरमी तथा जल गिरणा वंध होताहै छालकूं उकाल जलसें कुरला करणेसें मूंकी गरमी मिटतीहै (१२२ वील) ग्राही दीपन तथा पित्तशामक है दवातरीके विशेष करके वीलकी जड तथा कच्चे वील अथवा वीलगिर काम देतीहै संग्रहणी तथा अतिसारमें वहोत वरतते हैं वीलके पक्के फल जरा रेचकहै इसवास्ते वंधकोष्टमें कच्चेफल अथवा उसका मुरव्वा दस्तकूं रोकणेवाला है अतिसार तथा खूनके मरोडेमें वीलकी गिर अढाइमासे दहीमें पीस दिनमें दो तीन वखत पीणा (विल्वादिचूर्ण) सूकी वीलगिर मोथ धावडीके फूल कालीपाट मोचरस ये सम वजन लेकर महीन चूर्ण करणा ये चूर्ण गुड तथा छाछमें पीणेसें सखत अतिसार मिटताहै (१२३ वकरीका दूध) गर्भिणीस्त्रीके विपमज्वरमे वकरीका दूध वहोत फायदेवंद है, अधसेर वकरीका दूध अधसेर जल मिलाकर उसमे थोडा दूध तथा सूंठकी किटकियां डाल जल जले उहांतक उकाल पीछे दूधकूं छाणके पीणेसें गर्भिणीका वुखार उतरेगा और ताकत आवेगी मिजाजकूं सूंठ गरम पडे तो मोलेठीके टुकडे डालणा छोटे वच्चोंका मूंपकताहै तव वकरीके दूधकी धार दिराणेसें फायदा होता है (१२४ वहेडा–) शीतल शोधक तथा पित्तशामक है वहेडेकी छाल त्रिफलामें आतीहै, मूंमें छालरखणेसें खाली खासी वंद होती है (वहेडा पुटपाक-) खासीमें वहोत फायदा करताहै (१२४ ब्राह्मी) शोधक तथा पौष्टिक है चित्तभ्रम मिरगी तथा जीर्ण उन्माद रोगमें ब्राह्मीके पानोका रस या चूर्ण घीके संग वहोत दिन सेवन करणेसें फायदा करता है, उन्मादके जोरमें ब्राह्मी देंणेसें उलटा नुकशांन करतीहै, उन्मादका जोर कम पडे पीछै ब्राह्मी देणी अछीहै, (ब्राह्मीघृत) ब्राह्मी का रस १ सेर घीसेर १ वच कूठ संखाहोलीकी जड इनोंका चूर्ण २० तोला ये डालकर उकालते रस जलजाय घी वाकी रहै तव ठंढा भये छाणलेणा खाणेकी मात्रा २सें ४ तोला (१२५ बोदार) रेचक तथा रोपणहै धूलमट्टी खाणेवाले वच्चोंकूं उसका जुलाव दिये जाताहै, एकदो वालवोदारमाके दूध या सादे दूध संगदेणेसें जुलाव लगकर पेटका भार निकल जाता है घीके संग मिलाकर लगाणेसें घाव भर जाता है, (१२६ भांग) पीडाशामक नींदलाणेवाली तथा नसोंकों ढीला करणेवाली भांगमें नसा है इसवास्ते दवाइमें वहोत सावचेतीके संग उपयोग करणा दूधमें उकालणेसें भांग शुद्ध होतीहै, शुद्ध भांगकूं

सेककर अथवा घीमें तलकर उसका चूर्ण रती १ से १ वालतक सहतमें चाटणेसें नींद लाता है भांग पीडाकारी रोगोंमें तेसें अनिद्रावाला मगजके रोगोंमें भांग देणेमें आती है, भांग वाजीकर होणेसें कितनेक पाक तथा आकूती माजमोंमें गिरतीहै,(१२७ भोंपाथरी) गलजीभी पिछाडी लिखी है वोही भोंपाथरीहै, मूत्रलहै, (१२८ भोरींगणी–कफघ्न तथा ज्वरघ्न है, भोरींगणीकी वहोत जातिहै, लेकिन् दवामें जादातर छोटी वैठी भोरींगणीका पंचाग वापरते हैं खासी दम श्वास तथा कफके वुखारमें वहोतही उपयोगीं चीजहै, भोरीं गणीका काढा अथवा पुटपाक कर उसके रसमें पीपल मिलाके देणेसें दम तथा कफमें फायदा करती है, (कंटकारी अवलेह–) लेणेसें दम तथा हिचकीकूं वैठाता है, छातीके कफकूं तोडताहै, (१२९ मजीठ–) शोधक शीतल तथा पित्तशामक है, (मंजीष्टादिक्वाथ-) मजीठ हरडे वहेडा आंवला कुटकी वच दारूहलदी गिलोय तथा कडवे नीमकी छाल सम वजन सव खूनकूं साफ करता है, वातरक्त विस्फोटक वगैरे चमडीके रोगोकों मिटा ताहै, (वृहत्मंजीष्टादि क्वाथ–) जिसमें ४५ चीजों आती है वो जादा गुणकारी है, मजीठ मोलेठी तथा लोद इन तीनोंकों जलमें पीस छाण मिश्री डालकर पीणेसें गर्भणीका दस्त मिटता है (१३० मधु)(सहत–) कफशामक सारक पौष्टिक तथा रोपणहै, रोपण और भेदक गुणसें अनुपान तरीके उपयोग होताहै प्यासके रोगमे सहत और पाणी पीकरके उलटी करणेसें प्यास मिटती है, सहत पाणी पीणेसें चरवी वढा भया मोटा अदमी पतला होताहै, दवामें वहोत काम देती है (१) दाहमें– चावलोके धोये जलमें चंदन घसकर सहत मिश्री डालकर पीणी (२) कलेजेका सोजा–) कलीचूना तथा सहत सोजेकी जगापर लेपकर ऊपर रूदचादेणी (३) कानमें वुग्ग–) चलाजाय तो इकेली सहत अथवा तेल सहत सामल कर डालणा (४) मेदरोगमें–) फजरमें जलदी ऊठके ४ तोला गरम जलमें २ तोला सहत डालकर पीणा (५) मुखरोगमें–) मूंमें सहतका कुरला भरके कितनीक देर रखकर डालदेणेसें इसतरे कितने एक कुरलोंसें मूंके अंदरके व्रण घावचांदी गरमी जलण तथा प्यास दूर होकर मूं साफ होगा(६) रक्तपित्त–) सहत तथा मिश्री वकरीके दूधमें पीणेसें खूनका गिरणा वंध होताहै(७) तृष्णा–) ठंडा पाणी तथा सहत मिलाकर खूव पिलाकर उलटी कराणी (८) कुचीलेका जहर–) सहत घी मिश्री चटाणी (१३१ मिरी मिरच–) दीपन पाचन तथा सारक है मौल पेटचूंक सा-धारण अजीर्ण वगेरेमें काली मिरच चवातेहैं तंद्रा वेहोसीकू दूर करतीहै, मिरचकी चाय मिश्री डाल पीणेसें सादा वुखार मिटातीहै, दस्त खुलास आताहै, ये चाय वच्चोंको चुगा-णेसें माकूं अथवा वच्चेकूं पारगला रोग होजाता है सोभी मिटाती है वूरा तथा घीके संग मिरचका चूर्ण खाणेसें शिरकी भमल आंखकी गरमी हाथपांवोंकी जलण मिटती है आंखोंकी तेजी वढातीहै मिरचका चूर्ण गुड दहीमें डाल पीणेसें नाकका सलेखम तथा

पीनसरोग मिटता है (१३२ माया–) मांजूफल) ग्राहीहै, मूंका पकणा उसलणा चीरा वगेरेमें मांजूफल तथा फिटकडीके कुरलोंसें वहोत फायदा होताहै, इसका पाणी छांटणेसें कांचसंकुडाकर अंदर चलीजातीहै, हरसके मस्सेपर अफीम तथा मांजू फल लगाणेसें फायदा होताहै, (हरसका मलम)–अफीम तोला २ मांजूफलका चूर्ण तोला ५ सादा मलम तोला ३० (सादा मलम, मेण घीका आगेलि०) तीनोंको मिलाकर हरसपर लगाणेसें जलण खूनका गिरणा वंध होता है, मस्से सूकजातेहैं औरतोके० योनिसंकुडाणेकूं मांजूफल फिटकडीका चूर्णकी पोटली धरे जाती है, अथवा कपूर और मांजू फलकूं पीस अंदर लेपकरणेमें आता है, (१३३ मालकांकणी) उष्ण स्वेदल वातहर तथा बुद्धिवर्द्धक है, मगजके रोगोंमें मालकांकणीके बीज तथा तेल वहोत फायदा करताहै बीजोंमेंसें पीले रंगका तेल निकलताहै, यादशक्ति जादा इस तेलसें रह सकती है हमेसपांच या दस बूंद मिश्रीमे या दूधमें लेणा मूं साफ करणेकूं ऊपरसे इलायची खाणी तेल हाजर नहीं होयतो बीज वरतणा इसके संग मिरच जेसीं दुसरी वादी हरता दवाकी फाकी लेणेसें बेहोसी भ्रमवायु आंचकी वगेरे वादीके रोग मिटजातेहै तेल मसलणेसें हिचकणेके जाडा खुलतीहै और हैजेके वांईटे मिटते है मालकांगणीकी जड सांपके डंकपर लगाणेसें जहर ऊतरता है (१३४ मींढल) मेणफल) वांतिकराणेवाला जहर खाये भयेकूं उलटी कराणे मैणफल दिया जाता है दो एककूं पीसणा बीजनिकाल डालणा शक्ति और तासीर मुजब दो आनीसे चार आनी भरतक सींधा निमक मिलाकर जलके संग लेणा जादा उलटी करणी होयतो ऊपर गरम पाणी पीणा (१३५ मीण) मैण) व्रण रोपण तथा हाडोंकों सांधणेवाला मेणकामलम होताहै, (सादामलम) मेण १ भाग तेल १॥ भाग दोनोंकों एक वासणमें धरके मंद आंचदेणी एक रस होकर जमजावै तब उतारकर धर देणा (१३६ मूसली) धातुपौष्टिक तथा वाजीकरहै, मूसली काली तैसें धोली दोजातकी होतीहै सुपेद जादा गुण करतीहै इसका पाक धातुपुष्टी करताहै अथवा दूधमें उकाल कर पीणेमें आतीहै लेकिन् वहोत दिन पीणेसें फायदा दिखाती है (१३७ मेथी) वादीहर तथा पौष्टिकहै (मेथीमोदक) मेथीदाणोंकों दलके किया भया आटा घी तथा बूरा मिलाकर नव २ टंककी गोलियां करणी इसको दोनों टंक १४ दिनखाणेसें वायु सरण कमरका दुखणा संधिवात वगेरें रोगमें फायदा करता है (१३८ मेंहदी) ठंढीहै, उसके पत्ते पीस लेप करणेसें हाथपांवोकी जलण पांउकी व्यायु फटणी तथा हर किसी जगेकी दाह मिटतीहे चिकते घावकी खुजाल तथा जलणपर लुगदी धरणेसें मिटजातीहै, (१३९ मोचरस) शीतल ग्राही तथा स्तंभक है (वृद्धगंगाधर चूर्ण) नागरमोथा इंद्रजव अरडूसेकी जड सूंठ धावडीके फूल लोद वाला बीलगिर मोचरस कालीपाठ कूडेकी छाल आंबकी गुठली अतीस लजालू ये १४ चीजोंका चूर्ण सब तरेका अतिसार तथा मरोडामें

बहोत फायदाकारक है, मात्रा अढाइमासे सें ५ मासेतक (अनुपान) चावलोंका धोवण तथा सहत (१४० मोथ) देखो पिछाडी नागरमोथा (१४१ मोरथोथा) स्तंभन उलटी लाणेवाला और रोपण है, तांबेके खारकूं नीलाथोथा मोरथोथा कहते हैं शुद्धकरे विगर खाणेके कामका नहीं उलटीके कामसिवाय दुसरी तरे पेटमें नीलाथोथा अछा नही जहर खाया होय तो उलटी कराके निकाल देताहै गरम होताहै रोगी इसकी कराई उलटीसें नाताकत नहीं होता गरम जलमें १ चाल देणेसें कैलाताहै इसके अलावा संग्रहणी रक्तपित्त औरतोंका सुवारोग तथाहिस्टीरीया मिरगी उपदंश उपदंशकी गंठियापर दोतोले नीलेथोथेकूं सोंनीवूकेरसमें खरलकर झाडवेर जितनी गोलियां करणी दहीके संग गोली १ देणी दही भात खाणा अलूणा ये दवासें कितनोंकी गरमी चलीजाती है, केइयकेरीके आचारमे देकर दही वगेरे सब खिलाते हैं नीलाथोथा आककी जड अथवा कडवी तूंबीके जडकों गरमीपर चिलममें डालकर पिलातेहैं इसका जलाभया गुलपीस गरमीके घावपर घीमें मिलाकर लगाणेसें गरमी मिटती है ये दवाइयें मूं आणेकी नहींहै आंखके दरदमे मोरथोथा फायदेचंद है, आंख दुखणा शांतपडे पीछै आंखकी ललाई खीलों वगेरेमें इसके जलकी बूदे फायदा करतीहै, आंखकी खील गुरांजणीपर नीलेथोथे काटुकडा दोतीनदिन एकवेर फिराणेसें खीलमिटतीहै (अंजनशलाका) मोरथोथा फिटकडी तथा सोरा तीनोंकों सामलकर नीचे आंच देणा तब रस होगा उसके अंदर तीनोंके वजनसें ५० मे भागका कपूर डालणा बाद इसकी सलियां वणाणी भांफणेकूं उलटाकर येसली एकदोदफे हमेस फेरणेसें खीलघस जातीहै और पाणीका झरणा बंध होताहै, (मोरथोथेकीबूंद) २ तोला जलमें एक रत्ती नीला थोथा आंखकी मांसवृद्धि चेपलगणेसें अथवा शीतला वगेरेसें गरमीसे दुखणी आई आंखकी सखत पीडा मिटेवाद मोरथोथेकी बूंदे डालणी चमडीके रोगोंमें बाहिर लगाणेमें न्यारी रीतसें लगाये जाताहै जोजगे घावसें चिक २ ती होय उसकूं इसके जलसें धोणेसें जलदी सूकजातीहै दुष्टव्रण घावपर नीले थोथेका टुकडा लगाणेसें अथवा इसके जलसें धोणेसें उसका सडा भया भाग जलजाताहै नीलाथोथा जुआरके दाणेजितना गुडमें गोलीकर तीन दिन निगलाणेसें नारू अंदर मरजाताहै ये दवा किसी अनुभवी पुरुषकी कही भईहै, हमनें अजमाया नहींहै, कहाके जहातक नारूमरेगानही उहांतक उलटी होयगी नहीं नारूमरे वाद उलटी होयगी ये निशानी हैं, इसवास्ते नारूसे दुखपाते भये रोगीने इस प्रयोगकी अजमायस करणी इसमें कोइ जोखम नहींहै इसीतरे हींगका प्रयोगभी सुणाहै माही सातमकूं माघमें मिश्री विनाजलपिये रातकूं चवाकर सुलादेणा तारे नहीं देखे, पावभर, इयप्रयोग अजमायाभयाहै, नारूनहीं निकलता(१४३मोरका चंदवा)मोरके चंदवेकी राख और लींडीं पींपर मिलाकर सहतमें चाटणेसें हिचकी तथा उलटीभी मिटजातीहै मोरकाचंदवा तमाखू संग

चिलममें पीणेसें सांपके जहरकूं उतार देताहै, (१४४ रतवेल) शीतल दाहशामक रतवेलकी नदीके किनारोंपर वेलों पसरतीहै गुजरातकी तरफ जादा है, रगतवायुके चठोंपर चोपडे जाताहै, (१४५ रतांजली) रगतचंदण शीतल तथा पित्तशामक है वहोतसे काढोंमें गिरताहै कितनेक ठंढे लेपमें गिरताहै रगतचंदण तथा नींवकूं जलमें घसकर मसलणेसें टपोरिया गरमीके गडगूमड और दाहकू शांत करताहै, (१४६ राई) तीक्ष्ण क्षोभक वांतिकारकहै, राईतेमें आचारमें लेप करणेमें और उलटी कराणेमें काम देती है, राईकूं भरडके फोतरे निकालकर लोक इसकूं पीस आटा करतेहैं राईका लेप याने पलास्टर मारणेकूं जलमें मिलाकर अथवा सावित राईकों जलमें पीसकर कागजपर लगाकर दुखती जगापर चेपदेणा फेर कितनीकदेरसें वोजगे जलणी सरू होतीहै उससें डरणा नही आधी घंटे या घंटेभर रखणा दरदका जोर होयतो एसा पलास्टर दिनमें दोतीन वखत इसी जगे लगाणा पलास्टरकी जगे चमडी लाल होतीहै, लेकिन् फफोला उठेगा नहीं कोई वखत चमडी जरा उपस जातीहै पट्टी उखेडे पीछै चमडीपर जलण जादा होती होयतो घी लगाणा इससें दरद कम होजाताहै, होजरीपर राईका पलास्टर लगाणेसे उलटी और दस्तवंध होजाताहै, पेटपर मारणेसें पेटका दरद मिटता है, पेडूके दुखणेपर लगाणेसे मरोडा मिटताहै, पांवोंकी पींडियोंपर तेसें होजरी तथा हाथ पांवोंपर मारणेसें हैजेका जोर कमपडताहै, हाथपांवपर राईमसलणेसें गरमी आतीहै गरम पाणीमें राईका आटा डालकर पांव डुबाकर रखणेसें पसीना आकर बुखार उतरताहै वदनके कोईभी जगे शरण शूल चसका आंकसी वगेरेकूं राईका लेप मिटा देताहै राईतेमें अथवा मसालेमें राईखाणेसें रुचि तथा पाचन होताहै जादा गरम पाणीके संगपीणेसें कै होतीहै सहजनेकी छालका चूर्ण राई जेसा कांम करतीहै, (१४७ रास्ना) उष्ण तथा वातहरहै रासनाकी जड मारवाडमें राठ नांमसें प्रसिद्धहै पत्ते इसके सोनामुखी जैसे होतेहै. जादातर दवामें जडलीजातीहै, वजारमें कितनीक वखत रास्नाकी जडकी एवजीमें हरकोई जड पसारी पकडा देते हैं, इस वास्ते दवामें असली गुण जो रास्नाका है सो होता नहीं सब तरेकी वात व्याधिपर रास्ना वहोतं अछीहै, महारास्नादि रास्ना सप्तक रास्ना पंचक वगैरे जुदे २ काढेंमें रास्ना मुख्यहै इनकाढोंमें रास्ना दुसरी दवाइयोसें जादा फायदा करतीहै, (रास्नापंचक) रास्ना गिलोय देवदारू सूंठ एरंडकी जड सव समवजन लेकर काढा करणा इयइकेला अथवा गूगल अथवा योगराज गूगल मिलाकर पीणेसें अथवा लिखे भये और काढोंसें पीणेसें सव वादीमें फायदा करती है (१४८ रेवचीणीका सीरा) रेचक तथा कृमिघ्न है रेवचीणीका जुलाव करडालगता है इसवास्ते जलंधर जेसे रोगमें तथा सखत वंध कुष्टमें दिये जाता है जुलाबकी वावत इसका जादा वरताव नही करणा इससें पेटमें चूंक होती है मात्रा १ रत्तीसें

१ वाल (१४९ लवंग) उष्ण वातहर तथा दीपन है लोंग मुख खसवोईमें तथा गरम मसालोमें काम देता है अजीर्ण वगेरेमें चवाते हैं (लवंगादिवटी) लोंग मिरच-काली वहेडा और खैरसारका चूर्ण इनोंकों वांवूलके छालके काढेमें कितनेक दिनखर-लकर मूंग प्रमाण गोलियें वांधणी येगोलियां खाली सूकी खासीमें वहोत फायदा करती है मूंमें रखकर चूसणा (१५० लसण) वादीहर तथा उष्ण है सांधोंकी वादी कम-रका दुखणा हिचकी चमकणा चूंक वायुका गोला तथा हैजेमे दिया जाता है लसण आमके पाचन करणेमें सूंठ जेसा गुण धराता है इससें आमातिसार अजीर्ण हैजे वगे-रोंमें तथा दस्तके रोगमें लसणका रस अथवा उससेंवणी कोईभी दवादस्त वंध करता है (लशनादि चूर्ण) लसण जीरा सेंचल सूंठ मीरच पींपर और हींग सव समवजन चूर्ण करणा अजीर्ण तथा हैजेके दस्तकूं मिटाता है खाज खुजलीपर लसणकी लुगदी धरणेसें जलण तो होती है लेकिन् खाजकी चमडी जलके लाल चमडी हो जाती है पीछै उसकूं कोइभी सादा मलम अछा कर सकता है चार तोले लसणके छिलके अलग कर हिंग जीरा सींधानिमक सेंचल सूंठ मिरच पीपर इन सवोंका तीन वाल चूर्ण मिलाकर गोली करणी इन गोलियोंकों ताकत पहचान करके एरंडीके जडके उकालेमें सव तरेकी वायुमें दीजाती है कुत्तेके काटे जहरपरभी लसणका लेप करणा लसण उ-कालके पीणा खुराकमेंभी लसण खाणा अर्दित वायु (मूटेढा होय सो) लसण पीस इस रोगमें तिलके तेलमें खाणा अथवा उडदके आटेमें लसण मिलाकर तिलके तेलमें वडे तलकर तेलमें फेर खाणा अथवा मक्खणके संग खाणा लसण घीमें खाणेसें शूल मिटती है (१५१ लीव) (नींव) ज्वरघ्न शोधक पित्तशामक पौष्टिक तथा कुष्ट हर है नींमके अंतर छालकाहिम सादा हमेसका एकांतरा तेसें चोथिया वुखारमें वुखारके पहिले देणेमें आवे तो वुखार वंध हो जाता है इस हिममें कुछ एक कोनाइन जेसा गुण है इतना इसमें जादा गुण है सो कोनाइनतो वदनमें वुखार होय तो दिये नहीं जाता और नींवकाहिम तो वुखार रहतेभी देणेसें गुण करता है पित्तके वुखारमें तेसें सादा अणउतार वुखारमें शीतला ओरी अछवडामें और पित्तके हरेक रोगमें ये हिम अछा है नीव पंचाग चूर्ण—नीमका पंचाग एक भाग जो हरडे पवाडके वीज चित्रककी जड मिलावा वाय विडंग आंवला हलदी सूंठ मिरच पींपर वावची किरमाला गोखरू तथा चूरा ये सव मिलकर पंचागकी वरावर इस चूर्णकूं वण सके तो खैरसारके का. ढेकी तथा भांगरेकी एक अथवा जादा भावना देणी इस चूर्णका वहोत दिन सेवन करणेसें वातरक्त अथवा रगतपित्त कोढ चमडीके सव रोग अछे हो जाते हैं नींवके पत्तोंको उकाल उससें स्नान करणेसें खसरा लूखास दाद वगेरेकी चलहलकी होती है जो घाव वहोत चिकता है जिसमें कीडे पडते हैं वो सव नींवके उकाले जलके धोणेमें

मिट जाते हैं पत्तोंकी लुगदी सहत मिलाकर घावपर बांधणी नींबका रस और आंवलेका रस पाव पाव तोला पीणेसें शीलस लुखस तथा खोटी गरमी दवती है नींबके पत्ते बकरीकी मींगणी दोनोंकों वाफके सांधोंके दुखणेपर तथा सोजेपर बांधणेसें हलका पडता है नींबके वाफे भये पत्तोंकी पोटिस गड गूंमडकूं पकाती है नींचोलीमेंसे तेल निकलता है वो तेल कान वहतेकूं बंध कर घावकूं भरता है मगज पकणेसें नाकके रस्ते खून गिरता होय अगर मगजमें कीडे पडणेका सक होय तो ये तेल नाकमें सुंघणेसें जंतु मिटते हैं खून बंध होता है सापके जहरमें नींबके पत्तोंका रस अथवा छिलकोंका रस-उसकूं खारा मालम दे जहांतक पिलाणा क्योंके जहरका जहांतक जोर होगा जहांतक नींब कडवा मालम देगा नहीं छालकूं ऊकाले जलमें धाणा तथा सुंठका चूर्ण डालकर पीणेसें सब विषम ठंडका आंतरेका वुखार सब मिटता है हैजा प्लेग वगेरे मरकीके वख, तमें कडवे नींबके पत्ते १ रुपिये भरमें रत्तीभर कपूर रत्तीभर हींग मिलाकर गोलीकर ये गोली आधे रुपेभर गुडके संग हमेस रातके खाणेसें इस रोगके जुलमसें वचता है, (१५२ लींबु) नींबु शीतल दीपन तथा पित्तशामक है जठराग्नि प्रदीप्त करता है इसवास्ते खुराककी चीजों संग इसका उपयोग करणा चाहिये तोभी देश काल प्रकृतीका विचार करके उपयोग करणा वहोतसी दवा गोलियों नींवूके रसमें वणती है नींवूका सरवत गरमीकूं पित्तकूं जलदी शांत करता है पित्तकी उलटीकूं जलदी मिटाता है दांतकी छेकडोंमेंसें मसूडोमेंसें खून गिरता होय वो नींबु चूसणेसें बंध होता है चूसणेमें खट्टे नींबुसें मीठे नींबू अछे होते हैं (१५३ लोबान) कफ शामक तथा रोपण है लोबान एक दरखतका रस है वो कफ शामक होणेसें २ से ४ वाल देणेसें सादी खासी बंध होती है लोबानके फूलमोल मिलते हैं वो उलटीकूं बंध करता है लोबान रोपण है इसवास्ते कितनेक मलमोंमें गिरता है (१५४ वखमा) वातहर ज्वरघ्न है कृमिघ्न है तथा कटु पौष्टिक है वखमा वछनागकी जाति है लेकिन् जहरी नहीं है अतीसभी इसी दरखतकी पैदाश है वखमा गुणमें तथा कीमतमें चढता है अजीर्ण गोटा पेटका दरद तथा अजीर्णका दस्त उलटीकूं वखमा तुरत मिटाता है पेटकी कृमिकूं भी मिटाता है जीर्ण-ज्वरमें बहोत फायदा करता है (मात्रा) १ सें २ वाल) (१५५ वछनाग) ज्वरघ्न तथा वातहर है वछनाग बहोत रसादिक दवायोंमें गिरता है इसकूं मारवाडीमें संगी मोहरा कहते हैं सींग जेसा होता है इसवास्ते ॥ जहरी चीज है सावचेतीसें वरतना तीन दिन गोमूत्रमें भिजाये रक्खे तो शुद्ध होता है मोलेठी मासा भर वछनागरतीभर कपड छाण कर सुंघणेसें चाहे जैसा सिर दुखता मिटता है हमारा अजमाया है (आनंद-भैरवरस) हिंगलू शुद्ध (शुद्ध करणेकी विधि) पहली गाडरके दूधमें खरलकर सुका देणा सातवेर वाद नींवूके रसमें सातवेर भावना देके सुकाणा एसा हींगलु शुद्ध

वछनाग मिरचकाली टंकन शुद्ध पींपर ये सब सम वजन लेकर चूर्ण करना या गोली वांधणी अतिसार ज्वर खासी मंदाग्नि वगेरे रोगोंमें फायदा करता है मात्रा १ सें दोय रती (१५६ वज) वातघ्न कफघ्न तथा उलटी लाणेवाली है वचकी मुख्य दोय जाति है एक तो दूधिया अथवा सुपेद वज दुसरा गंधीला घोडा वच वचमिरगी रोगमें हिस्टीरीया जेसा मगजके रोगमें फायदा करता है मात्रा दो आनी भर सहतमें मिलाय चटाना (१५७ वड) ग्राही तथा कफ शामकहे वडका दूध पौष्टिक है (पंचवल्कल) वड पींपल पीपलो पारसपीपल तथा गूलर ये पांच दरखतोंके छालकूं पंचवल्कल कहते हैं इसकी उकालीके पाणीसें फोडे घाव चांदी विस्फोटक वगेरे चमडीके सडे भये जगेकूं धोणेसें बहोत फायदा होता है चिकते भागपर इनोंका कपड छाण किया चूर्ण दवानेसें घाव जलदी भर आता है वड गूलर पीपर पीपला आंब तथा जांमूनकी जडकी छाल तथा भिलावा इन सबोंका काढा कर एक तोलेसें सरू कर चार तोलेतक चढते २ पीणेसें कफ प्रमेह अर्थात् नींदमें पेसाब हो जाता है सो मिटता है (१५८ विरियाली) (सूंफ) दीपन तथा वातहर है बुखारकी उलटीकूं सूंफका हिम मिटाता है (१५९ वायविडंग) कृमिघ्न तथा वायु हरता है कृमि कैंचूये कृमिके सब विकारोंकों मिटाती है वायविडंगका चूर्ण सहतमें लेनेसें अथवा उकालीसहतडाल पीणेसें तमाम जंतु मिट जाते हैं मात्रा बच्चोंकूं १ सें २ वाल वडेकूं अढाई मासेसें पांच मासे तक (१६० वाला) ठंडा शोधक तथा पित्तशामक है ठंडे लेपमें सरबतमें तथा पित्तके बुखारके काढेमें गिरता है एक तो काला नेतरवाला कमलके तंतु दुसरा सुपेद खसवाला (१६१ वांस कपूर) शीतल कफशामक पौष्टिक और मरदमी देनेवाला है वंसलोचन लोक प्रसिद्ध नाम है (सीतोपलादि चूर्ण) मिश्री १६ भाग वंश लोचन८ भाग इलायची ४ भाग पीपर २ भाग तज १ भाग सबोंका चूर्ण करना पुराणी खासी दम तथा क्षयमें सीतोपलादि चूर्ण बहोत फायदा करता है सरू होते क्षयकूं मिटाता है बच्चोंके दम खास जीर्ण ज्वर तथा नाताकतीपर बहोत दिनोंतक ये चूर्ण खिलाना मात्रा दो आनी भरसें चार आनी भरतक अनुपान घी अथवा सहत अथवा तासीर मुजब फेरफार करना(१६२ विदारी कंद) पौष्टिक तथा वाजीकर है तथा मूत्रल है ये कंद भूकोला भू आंवलेके नामसें प्रसिद्ध है इस कंदके ऊपर वेल होतीहै, कंदजमीनमें बहोत गहरा होताहै जों पुराना होताहै, त्यों कंद बडा होताहै, ताजेविदारी कंदका रस काम देता है सूकेकूं उकालकर रस करणा कंदकारस ४ रुपेभर घी तथा सहतमें पुरुषातन तथा धातु बढाताहै मगज भरताहै, औरतोंके दूध बढता है मात्रा ५ मासा या रुपेभर घी मिश्रीमें (१६३ शतावरी) शीतल मूत्रल धातुपौष्टिक और ग्राहीहै, शतावरी धातुवर्द्धक और मगजकूं पुष्टी देणेवाली है, वो दूधमें डाल अथवा पाक बणाकर खाये जाताहै, औरतोके गर्भाशय

दोष धातु प्रदर वगैरेमें बहोत फायदेबंदहै औरतोके दूध बढाता है,चूर्ण स्वरस इसका काम देताहै, चूर्ण घीसक्कर सहत मिलाकर चाटणा (फलघृत) घी सेर १ सतावरका रस तथा गोमूत्र चार २ सेर जीवनीय गणमें मिले सो सब दवा एकेक तोला उनोंकों जलमें पीस कल्ककर उसके अंदर डालणा घी पकाणेकी विधिसें पकाणा उसमेंसे २ तोला घी पीणा ये घी वंध्यादोष दूरकरता है, औरतोका गुह्य दोष मिटाता है, ताकत देता है, (१६४ सरपंखा) पौष्टिक मूत्रल कफघ्न है जडके कांटेमें मिरच डाल पीणेसें प्रमेह मिटताहै, बीजोंके तेलसे खुजली मिटती है, चाहे उकालके तेल वणालेवे जड छालके संग पीणेसें तिल्ली मिटती है, इसके जड़का चूर्ण एक महीना लेणेसे अंडवृद्धिमें फायदा देताहै, जडकी छालका कल्क वणाकर सींधानिमक कुलथीके काढेसें पीणेसें पथरी रेती निकल जाती है, (१६५शिलाजीत–)पौष्टिक मूत्रल शोथकपेसावके सब रोगोंकूं मिटाताहै पेसावकूं वधारणा खुलासा लाणा ये उसका खासगुण है, प्रमेह मूत्रकृच्छ्र रेती पथरी गरमवायु चणख वगेरेमें फायदा करता है, चंद्रप्रभा नामकी गुटिका ये शिलाजीतकी खास वनावट है, सो ऊपर लिखे सरवरोग गरमी खून विगाड और चमडीके सब विकारोंमें बहोत अछी दवाहै, धातू गिरणा नाताकती और नपुंसकपणा इसमेंभी शिलाजीत अछा फायदा करताहै, दूधमें पीये जाती है, औरतोंका ऋतुदोष और वीर्यकूं सुधारतीहै,(१६६ शेवाल)पाणीपर शेवाल आता है, उसकूं गरमकर सहसके एसा पेडूपर वांधणेसें वंध भया पेसाव खुलजाता है, (१६७ शेलारस) पौष्टिक कफशामक ग्राही तथा वदनमे गांठोंके दोषोंकों दूर करणे-वाला इसका मुख्य उपयोग आंडोंके वढणेपर होताहै, सूजे भये आंडपर शिलारस लगाकर ऊपर तमाखूका पत्ता वांधणा सोजा ओर गांठ दरद कम होजाताहै, (१६८ शेसगूंद) एकेक दोदो वाल सहतमें दो तीन वखत चटाणेसें दिनमें कितनेक दिन चाटणेसें अंडवृद्धिमें फायदा करताहै, औरतोका ऋतुधर्म वंध होयतो लाताहै, शेसगूंदका गुण गूगल तथा वीजा वोल जैसाहै, (१६९ शंख) पाचक रोपण दंभक तथा वात हरहै, दवामे शंखकी भस्मी कामदेतीहै, शंखके टुकडोकूं नींवूके रसमें ४ घंटा रखकर पीछे एक संपुटमे रखकर जलाणेसे सुपेद भस्मी होतीहै शंख भस्म प्राये इकेली नहीं दीये जाती कितनीक दवायोंमें गिरतीहै, (शंखवटी) आंवलीकी छालकी राख ४ तोला पांचनिमक सींधा सेंचल विडलूंण खावेसो सेंभरसूंण कचसूण कोइ नहीं मिलेतो एवजीमें सींधा निमक जादा डालणा ४ तोला इन दोनोंकों खरलमें नींवूका रस निकाल भिजाणा पीछे शंखके टुकडे ४ तोला अंगारमें खूवलाल वंधकर २ के खरलमें रहा नींवुका रस उसमें वुझाते जाणा जव निजोरा पीसा जाय एसा मूका होजाय तवतक फेरसेकी हींग सूंठ मिरच पींपर ये हरेक एकेक तोला और शुद्धगंधक शुद्धवछनाग शुद्धपारा हिंगलूमेंका निकाला भया ये तीनों सवापांच २ तोला पहलें पारे गंधककी कजली करणी पीछे

कपड छाण सब चीजों मिलाणी नींवूके रसमें खूब घोट झाड वेर जितनी २ गोलियां करणी इससें अजीर्ण चूंक गोला हैजा उलटी दस्त मंदाग्नि वगेरे पेटके सब रोगोमें फायदा करती है (अग्निकुमार रस) शुद्ध टंकण शुद्ध पारा शुद्ध गंधक ये तीनों एकेक भाग कोडी भस्म शंख भस्म मिरच ४ भाग नींवूके रसमें चार पहर खरल कर वाल वालकी गोलियां करणी पेटकी चूंक मंदाग्नि अजीर्ण मोल उलटी वगेरेमें देना (१७० शखा होली) मगजकूं ताकत देनेवाली पौष्टिक तथा सारकहै शंखके आकारके फूलवाली होनेसें शंखपुष्पी इसका नाम है मगजकूं ताकत देनेवाली होनेसें उन्माद हिस्टीरीया मिरगी चित्तभ्रम मनकी नाताकतीकूं अछा फायदा करती है (शंखावली स्वरस) स्वरसमें सहत तथा कूठ मिलाकर देनेसें पागलपणा मिटाती है, शंखावलीका काढा—क्काथ कर उसके संग योगराज गूगल मिलाकर देनेसें चित्तभ्रम तथा मगजके दुसरे विकारोकूं मिटाकर बुद्धिकूं अछी करती है (१७१ समुद्रफेण) ठंडा स्तंभन तथा आंखोंकों हितकर है, समुद्र फेण ये एक जातकी मछलीका हाड है, आंखकी तेजी वढाती है, मिश्रीके संग आंखमें अंजन करनेसें रातींधापणा ललाई और खुजाल मिटती है, कानमें भूकी डालकर ऊपरसें नींवूका रस निचोडेतो कानका पीपवहणा वंध होता है, (१७२ सहजना) (सरगवा) मूत्रल दंभक तथा सोजन हरता है सहजनेकी फली का साग तथा दक्षणी लोक कढीमेंभी डालते हैं रुचिकर तथा पाचन है छालकी उकाली कर पीनेसें कलेजेका सोजा तिल्लीका सोजा नरम पडता है, छालकी उकालीमें जरा २ सें चल औरसेकी हींग डालकर पीनेसें पेटमें ओर पेडूके अंदरमें सोजा होय सो मिटता है, (दोषघ्न लेप) सहजनेके जडकी छाल सरसूं सूंठ देवदारू तथा साटेकी जड इनोंकों छाछमें पीस जाडा २ लेप करनेसें जलण सिवाय तमाम सोजा सांधोंका सोजा गांठ तथा गुंमडके दोषकूं खेंच लेता है, पाठे जेसा भयंकर रोग व्रण तथा रसोली और अर्बुद जेसी करडी असाध्य गांठोंकूंभी ये लेप नरम करता है, उसके अंदरके दोषकूं धीमे २ खेंच लेता है, वायु तथा कफके सोजेमें तथा गांठोंमें ये लेप फायदा करता है, ये लेप नरम चमडीपर जरा जलण करता है, लेकिन् डरणा नहीं जलण कम करनेकूं अथवा वद वगेरे गरमीकी गांठोंपर लगानेकी जरूरत पडे तो अंदर जरा गहूंका आटा तथा नीमके पत्ते मिलाकर लेप करना (१७३ सरेस) शीतल तथा दाहशामक है, (दशांग लेप) सरेसकी छाल मोलेठी तगर इलायची रक्तचंनण जटामांसी लोद दारूहलदी कूठ तथा वाला इसकूं दशांग लेप कहते हैं, रक्त वायु गलगंड वगेरे गरमीका अथवा जलणवाले सूजनपर अथवा सोजे विनाके दाह ऊपर ये लेप भीजा या सूका चुपडणेसें तुरत आराम होता है, इस लेपकूं जरामा घी देकर मकरोना पीछे उसकूं ठंड जलसे पीस चंदनकी तरे लेप करना सुकेके फेर लेप करना

(१७४ सरसुं) वादीहर उष्ण शोथघ्न दोपघ्न लेपमें सरसूं गिरती है, (१७५ सरसूंका तेल) सरसूंका तेल आचारमें तथा सागके वघार वगेरेमें बंगाली तथा गुजराती लेते हैं वो रुचिकर अग्निप्रदीपक और उष्ण है श्वास रोगपर सरसूंका तेल गुडमें दिया जाता है कानमें शूल चलती होय तो इसकी बूंदे डालणी वंग देशवाले वदनके भी यही मसलाते हैं (१७६ साजीखार) पाचन दीपन तथा वातहर है (अंग्रेजी कारबोनेट ओफ सोडा) उसके वहोतसे गुण जवखारके मिलता है अजीर्णमें वो वहोत फायदा करता है (सर्जिकादि लेप) साजी मेदा लकडी तथा आंबीहलदी इन तीनोंकों जलमें पीस गरम कर लेप करनेसें गुप्तचोट पछाट किचरागया जमा भया खून विखर जाता है ओर सोजा हलका पडता है (१७७ साटा) शोथघ्न शोधक सारक तथा मूत्रल है साटेकी जड दवामें काम देती है दोपघ्न लेपमें तथा कितनेक काढोंमें उपयोग होता है अंदरके तेसें वाहर सोजेमें फायदा करती है सूंठ तथा सुदर्शनका काढा पीणेसें जलंदर तेसें पेटके सोजेपर सव विकारोंकूं मिटाती है सोजेके संग बुखार होता है सो भी नरम पडता है जडकूं घीमे घसकर अंजन करनेसें आंखकी झांख फूला दाह पाणी खुजाल सव मिटती है (पुनर्नवादि क्वाथ) पेटके अंदरके सोजेपर साटा गिलोय देवदारू हरडे सूंठ इनोंका काढा करके उसके अंदर गोमूत्र तथा गूगलमिलाकर पीणेसें अथवा विना डाले पीणेसें (शोफोदर) अर्थात् पेटके अंदर सोजा होता है सो सव मिटता है (पुनर्नवादि क्वाथ) शरीरके ऊपरके सोजेपर) साटा दारूहलदी हलदी सूंठ गिलोय जवाहरड चित्रककी जड भाडंगमूल तथा देवदारू काढा करना इससें हाथ पांव पेट मूं वगेरेका सोजा उतरता है (१७८ सिंकोना) उत्तम ज्वरहर कटु पौष्टिक ये दरखत पहली अमेरिकामे होता था लेकिन् थोडेसे वर्षोंसें वो दरखत इस आर्यावर्त्तमें वोया गया अव उसकूं देशी वनस्पतीमें गिणनेमें कोई हर जाना नहीं है सिंकोनेकी छाल दवामें काम देती है उसकी तीन जात है लाल पीली और भूरी उसमें पीली सर्वोत्तम है उसमें कीनाईन सत्व जादा है ठंढका वुखार इस दवासें वहोत जलदी अछा होता है कीनाईनकीतरे ये दवा वुखार आनेके पहली लेणी चाहिये सींकोनेकी छाल २॥ रुपिये भरकूं वारीक कूट उसकूं ॥ सेर जलमें डालणा उसमें नींवूका रस १ रु० भर अथवा गंधकका तेजाबकी १० या १५ बूंद डालकर उसका आठ हिस्सा कर वुखार उतर गये पीछै वुखार आनेके पहली दो दो घंटेसें आठ वखत देके पूरी करणी इसतरे देनेसें दो तीन पालीमें वुखार ऊतर जाता है जो वुखार अंतरदेके आता होय तो ये दवा वारीके दिन अथवा वुखार चढनेके वखत पहले वारे घंटेसे पहले देणी सरू करणी वुखारके वखततक दो दो घंटेसे चार ४ वखत पिलाणी चिरायतेकीतरे ये दवा अग्नि जाग्रत कर ताकत देती

हे (१७९ सिंदूर) शोधक तथा रोपण है चमडीके रोगोंमें कितनेक मलमोंमें सिंदूर गिरता है खुजलीमें मिरच सिंदूर घीमें मिलाकर लगाये जाता है इससे खाज खुजली मिट जाती है (१८० सूंठ) उष्ण दीपन पाचन और वादी हरता है त्रिकटुमें सूंठ होती है अनेक दवायोंके योगमें सुंठ गिरती है जापेवाली ओरतोंके फायदेवंद है वादीका जोर वधे तो घटा देती है सौभाग्य सुंठमें मुख्य सुंठ होती है बुखारमें सुंठकूं पीस जरा गरम कर कपालमें भरकर ओढ कर सोनेसें वहोत पसीना आकर बुखार उतर जाता है सुंठ मरोडा तथा दस्तके शूलकूं मिटाती है उसकूं घीमें तलकर देनेसें अथवा सुंठकी उकालीकर उसमें थोडा एरंडका तेल डाल पीणेसें वाइटे चूंक शूल वगेरे मिट जाता है एरंडीके जडकी उकाली कर हींग तथा सूंठ मिलाकर पीनेसे शूल मिटती है पाणीमें वहोत देर भीजे भयेकी ठंड मिटानेकूं सूंठ गुड घी मिलाकर चाटना गरमी लाकर फायदा करती है हैजे वगेरे रोगमें हाथ पांव ठंडा होता है तव सूंठका चूर्ण मसलनेसें गरमी ओर हुसियारी आती है गर्भणी ओरतकूं बुखार आता होय तो आधे रुपिये भरके छोटे २ टुकडे कर वकरीके दूधमें उकालकर अथवा पीसकर पीणी सूंठ आंवला ओर मिश्रीका वारीक चूर्ण फजरमें नित्यलेणेसें आम्लपित्तका रोग मिटता है सुंठ तज और मिश्रीकी उकाली पीनेसें सलेखम एकदम वैठ जाता है आम याने विगर परिपक्व हुआ मल पेटमें रह गया होय तो सूंठ विराली खसखस खारक सम भाग लेकर उसके दो भाग कर एक भाग घीमें तलना पीछे दोनुं भाग एकठा कर चूर्ण करना उसके वरावर बुरा मिलाकर फक्की लेणी सूंठ और वायविडंगकी फक्कीसें मंदाग्नि तथा पेटकी कृमि मिटती है (१८१ सूरण) शोधक तथा अर्शघ्न है सूरणका शाग होता है उसमें हरस मिटानेका गुण होनेसें मस्सेकी दवाईमें लोक वरतते हैं खुराकमें जुदी २ तरे लोक खाते हैं (सूरण मोदक) सुरण ८ तोला चित्रक जड ४ तोला सुंठ २ तोला मिरच १ तोला इन सवोंको १६ तोला गुडमें मिलाकर एकेक रुपे भरकी गोली करणी ओर हमेस फजर सांझ एकेक खाणी हरस रोगमें फायदा करती है (१८२ सोरा खार) मूत्रल स्वेदल तथा शीतल है इस गुणसें सोरा पेसावके जुलाचमें तेसें वहोतसे बुखारमें पसीनालानेकूं अंग्रेजी दवायोंके प्रवाही मिक्श्चरोंमें काम देता है कामला रोगमें भी काम देता है (१८३ सोवा) वातहर दीपन पाचन सोवेके पत्तोंका साग होता है सोवेका दाणा सुवावडमें ओरतोंके उकालीमें काम देता है छोटे वच्चोंके पेटमें दरद होता है तव सोवेका दाणा चावकर ऊपरसें उकालीका १० पनरे वूंद पिलानेसें पेटका दरद मिट जाता है और वच्चा खेलनें लगता है (१८४ सोना गेरू) गेरूके गुण पीछे लिखा है, (१८५ सोमल) सोमलकूं शंखियाभी कहते है ये जहरी चीज है इसका वरतावा अनुभवी पूरे विद्वान विना करना नहीं वो ज्वरघ्न तथा शोधक है तथा पौष्टिक है और

युक्तिसें उपयोग करनेसें भयंकर रोगोंकों मिटा देता है, सोमल १ तोला मारू १४ वें गणोंमें डाल कर कपड मिट्टी कर भोभरमें पकाना वाद मिरचकाली तोलेभर हींगलू सुद्ध तोला भर डाल खरल करना मोठ जितनी गोली ठंडका वुखार चढे तव डेढ घंटे पहले गहूंकी ताजी रोटी घी चूरा डाला भया झर २ ता चूरमांमे लेना जल नही पीना वारीटले वाद लूखी रोटी खाकर वाद जल पीना तीन दिनसें जादा देना नहीं ये पतवाणी दवा है चोकस रोगमें दरदीकी चोकस अवस्थामें सोमल देना वडा नुकशान करता है वादी कफकी प्रकृतीकूं माफगत क्रिया विधिसें कभी आता है पित्त प्रकृतीमें तथा पित्त रोगमें वडा नुकशान करता है फेर सोमलकी मात्रा जादा लेनेमें आ जाय तो हेरान करता है फेर सोमलका जहर जो एकठा हो जाय तो खरावी करता है (मात्रा १ रत्तीका शोलमा भाग) भी वहोतसी वखत सहन नही होता (१८६ सोनामुखी) सारक शोधक तथा चमडीका दोप हरती है सोनामुखीकूं गुजरातवाले मींढियावलभी कहते है सोनामुखी हलका ओर नरम जुलाव है छोटेसे वडे तककूंभी दिये जाता है वदनमें भरा भया विगाड पित्त तथा शिरकी गरमीकूं कम करती है चमडीके पुराणे विगाडमें सोनामुखी शोधक अछा असर करती है गलतकोढतककूं फायदा पोहचाती है पुराणे जहर दोपवालेकूं हलके जुलावकी जरूरी है और ये काम सोनामुखी अछा करती है वातरक्त रोगवालेने हमेस फक्की लेनी चहिये सुधार सकती है सो इस मुजब (पवित्र चूर्ण) सोनामुखीके पत्ते लेकर मट्टीके कोरे पात्रमें गोमूत्रमें भिगाके रखना फजरमें सुका देना फेर रातकूं भिजाणा एसें दस दिन कर फेर चूर्ण करना फेर रातकूं सोती वखत गरम पाणीसें हमेस लेना मात्रा १ सें २ तोला सोनामुखी गुलाबकली जो हरडे सुंफ सम वजन ले चूर्ण करना वरावर मिश्री मिलाणी रातकूं फक्की लेणेसें दस्त साफ आताहै, (१८७ सेंचल) दीपक पाचक तथा वातहर है लूणसादा और साजीकूं मिलाकर भठीमें मूंसकर ढालणेसें सेंचल वणता है, चूंक आफरा गोला वगेरे रोगोमें दुसरी दवायोंके संग दिये जाता है, (१८८ हरडे) सारक शोधक शीतल तथा रसायण है, आर्यदेशी वैद्योने हरडेका वहोतही गुण लिखा है, निश्चयमें येंचीज लायक तारीफकेही है, लेकिन् वापरणेमें उसकूं जरूरीमें जादा नहीं लिखी हरडे ज्यों वजनमें जादा होय त्यों उसका गुण और कीमतमें जादा होतीहै, हरडे वुखार आंखके रोग कोढ चमडीके रोग वायुके रोग विषमज्वर अजीर्ण सग्रहणी हरस खासी कफ पांडू तिल्ली गोला वगेरे वहोतसें रोगोंमें दीजाती है, हरडे वहोत तरेकी होतीहै मुख्य सात जाति हे, जो हरडे भी इसकी होतीहै, गुणमें दोनु हलकी होतीहै (वडीहरडे) वडी मात्रा लेणेसें जुलाव लगता हे, अपक्व दस्तकूं पकाके निकालतीहै, आमका पाचन करती है, वदनमें कुव्वत लातीहै, अजीर्ण हरस तथा चमडीके दोषका सोधन करणा दस्त साफ

लाणा अनाजकूं पचाणा क्षीणताकू मिटाकर ताकत देतीहै, ये हरडेका हितकारी स्वभावहै हरडे त्रिफला चूर्णमें क्काथ वगेरेमे पडतीहै, हरडे बदले जो हरडे काम देती है, २ तोले पीछे हरडे बडी जातमें गिणे जाती है, शिखर गिरिकी जादा गुण करता नहीं बद्रीनाथ हिमालियेकी हरडे गुणोंमें श्रेष्ठ होती है, जोकी पंजाब देश अमरसरसें आतीहै, जोहरडे सबसें छोटी होतीहै वो दस्तावर सारक है, जादा लेणेसें दो तीन दस्त लातीहै, घीमें तलकर रातकूं उसकी फक्की लेणेसें या चावजाणेसें फजरमें दस्त साफ लातीहै, हरसवाले रोगीकूं इसतरे हमेस लेणी चाहिये (हरीतकी अवलेह) पथ्यादिगुड) अभया मोदक अभयामलकी) अमृत हरीतकी) अभयादिक्काथ) मधुपक्क हरडे) इत्यादि हरडेके नाम गुणवाली दवाइयां बहोत उत्तम होती है, बहोतसे भयंकर रोगोंकूं मिटाकर ताकत लातीहै, (१८९ हरताल) शोधक कुष्ठहर ज्वरघ्न दंभक हरतालमें बहोतसे गुण सोमल जैसें हैं. उसमें सोमल ओर गंधकका तत्व मुख्य है, ज्वरहर तथा कुष्ठहर है लेकिन् जोखमकारी दवाहै, इसवास्ते सखतपरेज और पूरे चतुर वैद्यकी सल्लाविगर खाणी अछी नहीं है, (माणक्यरस शीतज्वरहर) शुद्धहरताल अभ्रकके पत्रेपर रखके ऊपरसें दुसरा पत्र देकर झग २ ते अंगारोंपर धरणा धूआं इसका लेणानही धूआं निकलकर जब लाल होजाय नीचै ऊतार लेणा (शुद्धकरणेकी विधि) कली चूनेका नितरे जलमें डोलायंत्रसें चारपहर आंचदेणा एसे चारपहर तिलोंके तेलमें वाफदेणा चारपहर सुपेद पेठेके रसमें पोटली बांध लटकाकर (हरतालका लेप) हरताल २ भाग मनशिल १ भाग वावची १ भाग पवाडके बीज २ भाग नीलाथोथा १ भाग टंकण १ भाग गंधक २ भाग कपूर १ भाग वारीक चूर्णकर नींवूके रसमें लेप करणा करोलिया चित्रीकोढ वाल उडजावे सो उंदरी रोग शिरका खोरा दाद वगेरेमें ये लेप बहोत अछा है (२९० हींग) उष्ण वातहर तथा कृमिघ्न है दालशागके वघारमें दीजातीहै, हिंगोडा दरखतका रस है, काबलमें होताहै, असल रसमें भेल करदिया करते हैं. सोनकली है, दांममे फरक पडता है, व्यंजनस्वाद होताहै, पेटमें वायु नहीं होणे देती पेटका दरद चूंक गोला अफरा शूल इसकूं मिटातीहै, घीमें तलकर गुडमें डाल निगलाणेसें पेटका दरद कृमिकूं वायु गोलेकूं तुरत मिटातीहै, दांतोमें रखणेसें पीडा शूल दांतोंकी मिटजातीहै, हिस्टीरीया वगेरेकी वदनकी खेंचा ताणमें उन्माद शूल श्वास दमवायु वगेरेमें अछा फायदा करती है, मात्रा दो दो घंटेसें चार २ वाल हींग छ छ घंटेसे देणा (हिंगाष्टक) तलीभई हींग सूंठ मिरच पीपर जीरा स्याहजीरा अजमाण सींधा निमक ये सम वजन लेकर चूर्ण करणा इससे अपचा मंदाग्नि आफरा चूंकगोले वगेरे सब मिटते हैं, हींगाष्टकमें १ रत्ती अफीम मिलाकर रातकूं लेणेसें मरोडेका सखत दरद वांईटे बैठ जाते है दस्त बंध होजाताहै, नींद आती है, (शिवाक्षार पाचन) हरडे हींगाष्टक तथा साजीखार सम भाग चूर्णकरणा फाकीलेणेसें अजीर्ण

दस्तकी कबजीयत आफरा चूंक अजीर्णका दस्त और हैजा मिटता है, चाहे केसाही सख्त अजीर्ण और हैजा होय तो सरू होतेही जोये चूर्ण ऊपरा ऊपरी लेणेमें आवे तो दस्त उलटी बंध होतीहै पेट आफरता नहीं और कचे मलकूं पकाकर दस्त उलटीके कारणकूं बंध करताहै, (१९१ हींगलू) पौष्टिक शोधक हिंगलू है, सो पाराहै, तव पारे जैसा गुण धारण करता है, शुद्धका उपयोग वहोत दवामें काम देता है फायदा करता है पारा रसकपूर हिंगलू वरतणेवाला पूरा विद्वानहोणा हींगलूयों पकाये जाताहै, ४ तोला हिंगलूकूं पात्रमें धरकर २ सेर नींवूका रस वूंद २ डालते जाणा नीचे आंचमंद२ देते जाणी वाद ५ सेर कांदेका रस इसीतरे सुसाणा फेर पांचसेर कांदेकूं कूट हांडीमें भर वीचमें हींगलू देकर मूं वंदकर मंद आंचसें पकाणा वाद सेर राई सेर मालकांगणी सेर कांदे सेर घी सेर सहत सेर कुचीला फेर मटकीभर वीचमें देकर ८ पहरमंद आंचसें पकाणा ये हींगलू वहोत गुण करता वादी कफके सव रोगोकूं मिटाता है हमारा अजमाया है, अनुपान जुदे २ है हींगलू १ भाग कथा ४ भाग पीसकर दवाणेसें चांदी घाव मिट जाता है (१९२ हीराकशी) पौष्टिक तथा स्तंभन है, हीराकसी लोहेका क्षार है, इस वास्ते उसमें लोह जैसा गुण है अंग्रेजीमें (सलफेट ओफ आयर्न) हीराकसीकूं कहते हैं, कलेजेका रोग तापतिल्ली पांडू कष्ट साध्यतक विषमज्वर अतिसार संग्रहणी तथा रक्त पित्त वगैरे रोगोंमें फायदा करती है हीराकसीका पाणी छांटणेसें कांच अंदर चली जाती है उस जलसें धोणेसें जखम तथा व्रण जलदी भर जाताहै, कासी साद्य तेल– हीराकसी आसगंध लोद तथा गजपीपर हरेक ४ चार २ तोला तेल ६४ तोला जल २५६ तोला सर्वकूं उकाल तेलवणाणा इस तेलके मालिससें स्तन तथा गुह्य अवयव कठण होजाते है, १०४ हीरा दखण) स्तंभन तथा शीतल है चमडीके रोग जैसें फटणा खुजली वगैरे ऊपर फायदा करती है, भूकी हीरादखण कत्था इलायची सम वजन तीनों कपूर थोडा मिलाकर चांदी घाव गरमी मूंका पकणा दांतका सडणा दांतकी शूल वगेरेमें वहोत फायदा देतीहै, घी अथवा सहतके संग मिलाकर लगाणा (१९४ हीरा बोल–) कफघ्न उष्ण ऋतुलाणेवाली रक्तस्तंभक तथा रोपण है औरतोंके ऋतु दोषमें वहोत फायदा देती है, हीराबोल हीराकसी और एलिया इनोंकों सामल करके वाल २ भरकी गोलियें वणाणी देणेसें ऋतु कम होय बंध होय अथवा दरद करके आता होय वो सब ऋतुदोषकूं मिटातीहै, हीरा बोल दांतके मंजनमें तेसें भगंदर नासुर तथा घाव वगेरेके मलमोंमें वो गिरतीहै, खूनकूं थांभती है जव कोइभी जखमका खून बंध नहीं होयतो हीराबोलका भूका दवाणेसे बंध जरूर होताहै.

गुणमुजब औषधोंका वर्ग.

(१अम्ल खट्टी दवायें–) इस दवायों में खट्टी दवायों आती है, वहोतसी खट्टी दवायें

शीतल अर्थात् ठंढी तेसें कितनीक दीपन पाचन होती है, पित्तकी शांति करेहै, लेकिन् कफकूं पैदा करती है,

(१) दीपन पाचन खट्टी) अंबली कवीठ चणेका खार नारंगी बीजोरा नींबु.

(२) दुसरी खट्टी दवाइयें) आंबले आंब जामुन अनार दाख (सामान्य उपयोग) इस तरेकी दवा पीणेसें या चूसणसें या शरबतकर पीणेसें पित्तकी उलटी दाह दांतमेंसें गिरता भया खून तथा मूं उसला होय सो सब मिटताहै, दीपन पाचन खट्टी दवाइयें जठराग्निकूं तेज करनेवाली होणेसें दाल शाग तथा मसालोंमें गिरती है इस वर्गकी सब दवा कफकारक है, इसवास्ते लेते सोवखत तासीर शरीरकी स्थिति तथा टेवका विचार करणा.

(१ अम्लविरुद्ध औषधें) इस वर्गकी दवायोंमें जादा करकें खारका समावेश होता है, जैसेंके साजीखार जवखार सेंधव सेंचल सादानिमक टंकण नोसादर आंधीझाडेका खार पापडखार शंखभस्म वगैरे सब खटाईके शत्रु है, (सामान्य उपयोग) होजरीमें खटासका जोर वढ गया होय खट्टीडकार यागुचलके आते होय दांत अंबीजगये होय और पेटमें पाचन क्रिया भये पीछै (वहोत करके जीमे वाद चार घंटेसें पाचन क्रिया पूर्ण होतीहै) पेटमे पवनका जोर पैदा होता होयतो और परिणामशूल जैसा अजीर्णका रोग रहता होय उसमें खार सेवन अछाहै, खायेवाद तुरत खारा पदार्थ कभी खाणा नहीं क्योंके जो खट्टारस खुराककूं पचाणेवाला है, उस रसका खार विरोधी है इसवास्ते जीमेवाद नारंगी अनार संतरे द्राक्ष वगेरे गीलामेवा खाणेकी रिवाज है वो वहोत फायदा करता है, लोक समझते हैं जैसा खार कुछ खुराककूं पचाणेवाला नहीं है लेकिन् पाचन-क्रियामें कोई विकार भया होयतो उसकूं सुधारणेवाला है क्षारपदार्थ खूनकूं तेसें शरीरके दुसरे रसोंकों गलाता है और पतला करताहै और हद उपरांत खाणेमें आजायतो वहुत नुकशांन करता हैं कफका चिकणास मिटाणेकूं उसमेंके कितनेक खार दवातरीके फाय-देवंद है सांधा पकडे जाताहै जकड जाताहै येरोग खट्टारस खूनमें वढणेसें होताहै और क्षार ये अम्लरसकूं तोडता है.

(२ शीतल दवाये) खाणेसें या शरीरपर लगाणेसें ठंढक देकर अंदरकी तैसें वाह-रकी दाहकूं मिटावे सो शीतल दवायोंमें ठंढताके संग दुसरी जुदे २ स्वभाववाली तासी-रकूं गिणतीमें लेंतो उसके वहोत वर्ग होसके शीतल पौष्टिक शीतल रोपण शीतल पित्त-शामक शीतल मूत्रल शीतल स्तंभन शीतल शारक शीतल दाहशामक.

(१) शीतल पौष्टिक–) आंवला गोखरू मोलेठी चिरमी विदाम वंवूल वंग-लोचन शतावर.

(२) शीतल रोपण–) कथा खैरसार गेरु मेंहदी हीरादखण.

(३) शीतल पित्तशामक) आंवला कूडाछाल गायजवां गिलोय गोखरू चंदन चंदलिया त्रिफला दारुहलदी धमासा नारंगी मजीठ रगतचंनण नींवू.

(४) शीतल मूत्रल) सोरा अलशी गाजवां कवाचचीणी चावल.

(५) शीतल स्तंभन) ईसवगुल कूडाछाल कत्था केशर जामुन बबूल मोचरस.

(६) शीतल सारक) आंवले गुलाबकाफूल हरडे.

(७) शीतल दाहशामक) इलायची केशर चंदन तुकमवालिंगा त्रिफला बहेडा सरेस.

(सामान्य उपयोग) ये दवायां दाह शमनवास्ते हिम शरबत लेप पोता घी तथा प्रक्षालन (धोणा) उसके रूपमें वापरते हैं गरमवायु प्रमेहकी जलण तथा होजरीमें दाह होताहै, और उलटी होतीहै तब इस वर्गकी दवाका हिम पानक अथवा शरबतकर पिये जाता है वातरक्त गरमीकी चांदी आंखके झमाले वगेरे दाहमें इस दवायोंका पाणी धोणेके काममें लेप तथा घी चुपडणेके काममें आता है (४ पित्तशामक दवायें) जो दवा वदनके अंदर कोपेभये पित्तकूं शांतकरे अथवा दस्तके रस्ते निकाल डाले वो पित्तशामक कहलातीहै बहोतसी दाहशामक दवाइयें पित्तशामक होतीहै इस वर्गकी दवायोंका कितनेक विभाग होसकतेहैं. कितनीक खास पित्तशामक है और कितनेक स्तंभक पित्तशामकहै.

(१) खास पित्तशामक) कोलापेठा पित्तपापडा गाजवां गिलोय चंदन धाणा नारंगी बहेडा भांगरा मजीठ रगतचंनण नींब नींबू बाला घी मखण वगेरे.

(२) सारक पित्तशामक–) नवसादर आंबली आंवला खारातूंवा कुवारपाठा चंदलिया त्रिफला दाख वगेरे.

(३) स्तंभक पित्तशामक) बील दारूहलदी अनार कूडाछाल आंब (सामान्य उपयोग) पित्तके विगाडमें तथा पित्त प्रकृतिवालेकूं इस वर्गकी वस्तु जादा माफगत आती है बुखारकी प्यास उलटी दाह धूपकी लू खूनके विगाडमें भी पित्तशामक दवाओं फायदेवंद है, पित्तके वडे कोपमें पित्तकूं निकालणेकूं सारक पित्तशामक दवायें कामकी है, पित्त कोपणेसें जठरमें तथा आंतरेमें नहीं जाकर खूनमें मिलके कामला पैदा करता है, तब पित्तसारक दवायें पित्ताशयमें वधे पित्तकूं आंतरेमेसें दस्तके रस्ते खेंचकर निकाल देती है ॥

(५) उष्ण दवायें) शरीरमें जागृति चेतन तथा गरमी देणेवाली दवायोंकों उष्ण दवायें कहनेमें आती है, इस दवायोंका मुख्य दो भाग हो सकता है ॥

(१) सब वदनमें गरमी लाणेवालीदवा– अजवाण अदरक सूंठ लोंग अंबर कस्तूरी कांदा पीपर भिलावा दशमूल आक वगैरे.

(शरीरके किसी भागमें गरमी लावे) हींग लसण मालकांकणी अकलकरा समुद्र-फल हीरावोल जावंत्री तुलशी कायफल जवखार आंधीझाडा पीपरामूल कपूर रास्ना वगेरे (सामान्य उपयोग) उष्ण दवाये प्रथम मगजकूं असरकर ज्ञानतंतुओंकों जागृत करती है ये ज्ञानतंतुओं रिदयके ज्ञानतंतुओंकों जागृत करतीहै, जिससें खून जलदी २ फिरता है और खून नहीं पोंहचणेसें भई वेशुद्धी इससें दूर होतीहै शक्तिक्षीण होगई होय मर्मस्थान मंद पडगयें होय शरीर वहोत अशक्त और हुसियारी करके विलकुल रहित होजाय इंद्रीयोंमें शून्यता आगई होय वदन ठंढा पडगया होय एसी स्थितिमें इसीवर्गकी दवा कांम देतीहै.

(६ दीपन पाचन–) जो दवा आमकूं पचावै और जठराग्निकूं प्रदीप्त करै वो दीपन और जिसकरके नहीं पचाभया खुराकका पाचन होय सो पाचन दवा कहलाती है, दीपनदवामें कचे खुराककूं पचाणेका और अग्निप्रदीप्त करणेका गुण है, कितनीक दवा दीपन है, कितनीक पाचन है और कितनीक दोनों गुणवाली है.

(१) दीपन वस्तुओ–) सूंफ बीजोरा नारंगी पीपलामूल धाणा तज जावंत्री जवखार चणेका खार अजवाण लूण जीरा स्याहजीरा सोवा वगेरे.

(२) पाचन वस्तुयें–) भीलामा कलंभा कुटकी नागकेशर कुचीला वगेरे.

(३) दीपनपाचन–) अद्रक सूंठ मिरच पींपर लोंग जावंत्री इलायची चित्रकमूल कवाबचीणी इंद्रजव साजीखार छाछ. सामान्य उपयोग–अजीर्णमें पाचन अथवा पाचनके संग दीपन दवा दीजातीहै, पाचन दवा अनाजकूं पचातीहैं, दीपन दवायें अजीर्णके विकार जैसेंके चूंक पेटपीडा वायु आफरा वगेरेकूं मिटातीहै,

(७) वादीहरता–) वायुकों मिटाणेवाली दवाइयें वायुहर वातहर वातघ्न एसे कहलातीहै लेकिन् उसमें भेदहै, पेटपर असर करणेवाली दवायें शरीरमें शूल चसका वगेरे दरदकूं मिटाणेवाली दवायें और मगजका चित्तभ्रम वगैरे वायुकों मिटाणेवाली दवायें पहले प्रकारकीकूं वायुहर दुसरे प्रकारकीकूं वातहर तीसरे प्रकारकीकूं वातघ्न एसी तीन संज्ञा दीगई है.

(१) वायुहर) पेटकी वायुपर असर करणेवाली लूण साजीखार अजमाण आदा चित्रकमूल कुचीला तज पींपर मेथी लोंग लसण वायविडंग सूंठ सोवा हींग.

(२) वातहर) शूल चसका अंगके दरदपर अरणी आक एरंड करंज कायफल चिरमी कांदा दशमूल संभालू वछनाग लोंग सूंठ अफीम कपूर वगैरे.

(३) वातघ्न) मगजके संग संबंध रखणेवाले वातव्याधिकूं मिटाणेवाले गूगल भिलावा दशमूल लसण वच वछनाग रास्ना पीपलामूल कोंचबीज.

(८) कफघ्न दवा) कफकी चिकणाई तथा कफके जत्थेकूं विखेरके पतलाकर बाहर

निकालणेवाली दवाकूं कफघ्न दवायें कहणेमें आती है, सो मुख्य २ लिखते हैं आंधीझा अरडूसा अरणी आक आंवाहलदी काकडासींगी शेशगूंद कायफल जवखार मोले तुलसी देवदारू भूरींगणी वच हीरावोल वगेरे इसमेंकी वहोतसी दवाई उष्ण वीर्य या गरम स्वभावकी है, थोडी एक शीत वीर्यभी है, मोलेठी हीरावोल वगेरे.

(सामान्य उपयोग) छातीके अंदरके कफकूं निकालणेवास्ते कफघ्न दवायोंका उप योग करणा चाहिये इसमें समझणेकी वात एसीहै, अफीम वगेरे दवा कफकूं दवातीहै लेकिन् जिसवखत छातीमें कफ पूरे जोरका भरा होताहै, उसकूं अफीम वगैरे दवा उलट नुकशान करताहै, कफघ्न दवा देकर कफकूं वहोतसा निकाले पीछे अफीम जैसी कफ शामक दवा देणी.

(९) कफशामक-) छातीमें थोडा कफ होय जिसकूं शमादेवे सो इसतरेकी दव कासश्वास तथा हांफणी दमकूं भी दवातीहै, खेरसार वंशलोचन अफीम सहत लोवा तमाखू मनशिल धतूरा वगेरे.

[१०] ग्राही दवायें) जो दवा वदनके प्रवाही पदार्थोंका शोषण करके उसकूं घट्टकरे उसकूं ग्राही दवा कहते हैं जो दवापाणी जेसा दस्तकूं वांधे सो ग्राही कहलाती है, इस वर्गकी दवा इसमुजब है, अरडूसा आंव इंद्रजव ईसवगुल कूडाछाल कत्था केश जामुन जायफल अनार दारूहलदी नागकेशर बील बंवूल फिटकडी मांजूफल मेंड मोचरस नीलाथोथा राल लोद वड शंखजीरा शतावर हीरादखण हीरावोल वगेरे.

(११) स्तंभन दवायें) जो दवा दस्तकूं पेसावकूं अथवा दुसरीभी वहणेवाली चीजोंकों थांभके रखे उसकूं स्तंभन दवा कहते हैं, तमाम ग्राही दवायोंमें कुछ इक स्तंभन गुण है तोभी जिस दवायोंमें जादा स्तंभन गुणहै, सो इसतरे अफीम मोचरस नीलाथोथा जायफल वगेरे.

(१२) रक्तस्तंभक दवाये) जो दवा खून गिरतेकूं वंधकरे वो रक्तस्तंभक कह लातीहै, इन दवायोंमें नाडी संकोचाणेका गुण होणेसें जहांसें खून गिरता होय उसजगे रक्तस्तंभक दवा पहोंचतेही उन नाडीयोंका मूं वंध होताहै, ग्राही और स्तंभक दवायें ऊपर लिखीहै. उनोंमें भी थोडा २ गुण खून थांभणेका है, खास रक्तस्तंभकमें अरडूसा हीरावोल तथा फिटकडी वगेरे मुख्य है, ग्राही तथा स्तंभक दवाओंका सामान्य उपयोग ऊपर लिखाहै, ग्राही दवाये स्तंभकहै तोभी उनोंसें पेट चढता नहीं और स्तंभक दवायें दस्तकूं रोकती है, लेकिन् उनोंमें दीपन पाचन गुण नहीं होणेसें पेट आफरणेका डरहै, इसवास्ते स्तंभक दवायोंके साथ वातहर गरम दवामिलाणी चाहिये प्रदर प्रमेह धातुका गिरणा कान तथा नाकका वहणा मूंसें नाकसें दस्तसें पेसावसें खून तथा कफ गिरता है, उसकूं तथा घाव फोडेमेंसें पककर पीप वहता है, उसकूं इस प्रकारकी दवा मिटाती है,

कोईमें तो खाणेसें कोईमें धोणेसें कोईमें पिचकारी मारणेसें और कोइमें लगाणेसे इन जुदे २ झरणेका अटकाव होताहै.

(१३ शोधक दवायें–) जो दवाइयां खूनके पित्तके वायुके तथा कफके विकारोंकों धीमे २ दवातीहै, वो शोधक कहलाती है, उसके विभाग वर्ग बहोत होसकता है.

(१) जीर्ण पित्तकूं शमन करणेवाली पौष्टिक शोधक) आसगंध, गूगल, ब्राम्ही.

(२) खूनकूं पुष्टि देणेवाला खुराक पौष्टिक शोधक–) शिलाजीत लोह माक्षी.

(३) उष्णवीर्य पौष्टिक शोधक–) सोमल, हरताल, हींगलू, पारा, तांवा.

(४) सारक शोधक–) गंधक, सोनामुखी, हरडे, पारा, आंवाहलदी, आंवला, आसोंदरा, एरंडीकी जड, तेल एरंडीका, अंकोल, कुंवार, चंदलिया, त्रिफला, जमालगोटा, साटा, कोला.

(५) खासरक्तशोधक–) अनंतमूल (उसवेकीजड) लालरोईडा मजीठ.

(६) खास उपदंश शोधक–) रसकपूर, पारा, चोपचीनी.

(७) खासपित्तशोधक–) नवसादर.

(स्वेदल दवायें–) पसीना लाणेवाली दवाकूं स्वेदल कहतेहैं सोरा अनंतमूल अफीम आक अंकोल कपूर देवदारु मोथ मालकांगणी गरमपाणी ये पसीनां लाणेवाली चीजोंहै सामान्य उपयोग– बुखार मर्मस्थानके अंदरका सोजा संधिवायु जलोदर चमडी सुकीभई लूखी रहाकरे एसे सबरोगोंमें पसीना लाणेवाली दवा अथवा पसीना आवै इसतरेया शेकया नास लेणेसें सब रोग मिटते हैं.

(१५ शोथघ्नदवायें–) खाणेसें अथवा बाहर लगाणेसें जो दवा सोजेकूं मिटावे सो शोथघ्न कहाती है, अरणी आंवला कडवीतोरी कालीपाट कीडामारी दशमूल साटा सहजणा वगेरे. सामान्य उपयोग– सोजा दोतरे ऊतरता है, सोजा उतरणेवाली रेचक दवा खाणेसें तेसें वायूका सोजा होयतो वातहर दवाके लेपसें पित्तका होयतो पित्तहर दवाके लेपसें मिटता है निवलाईकी सोजन ताकतवर दवा खाणेसें मिटता है.

(१६ मूत्रल दवा–) जो पदार्थ मूत्र पिंडऊपर असर करके पेसावकूं जादा खुलासा लावे सो मूत्रल कहातीहै, मूत्रल वस्तुओंका दो विभाग किया जाय तो एक तो खास मूत्रल और दुसरा पौष्टिक मूत्रलहै.

(१) खासमूत्रल–) टंकणखार सोरा आंधीझाडा ककडीके बीज कालीपाट पलासगरणी (गायजवां) देवदारू मोथ नालियेर सहजणा साटा अलशी आसोंदरो कबाबचीणी जवखार वलबीज बहुफली दूधपाणी तिल चावल वगेरे.

(२) पौष्टिक मूत्रल–) शीलाजीत तालमखाणा गोखरू विदारीकंद शतावरी वगैरे.

(सामान्य उपयोग–) खास मूत्रल दवायें पेशावकूं खुलासा लातीहै और तीक्ष्ण-

रूप रोगमें जादा असर करतीहै, पौष्टिक मूत्रल दवायें पुराणे भये रोगपर जादा फायदा करती है वीर्यके दोषकूं सुधारतीहै वदनमें ताकत लातीहै, पेशावके दाहमें तेसें बुखारमें मूत्रल दवा जादा काम देतीहै, पांडू कामलेमें ज्यों सारक दवाकी जरूरी है तैसें खास मूत्रल दवाकी भी जरूरी है और ये दोनोंतरे खूनमें वढे पित्तकूं निकाल देतीहै.

(१७ रेचक दवायें–) जो दवाओं दस्तकूं जादा खुलासा लातीहै. उसकूं सामान्य तरे रेचक दवाओं कहणेमें आतीहै लेकिन् एसी दवा वहोत तरेकीहै कितनीक दवायें मलकूं पचाकर वंधे भये मलकूं नीचै उतारती है, जैसे जोहरडे त्रिफला कितनीक कचे पक्के दोनुं मलकूं नीचे खेंचके लेजाके दस्त लाती है, जैसें करमाला. कितनेक गंठेभये और सूकेभये मलकूं उखेडकर न्यारा कर निकालतीहै, जैसें कुटकी जमालगोटा और कितनीक कचा पक्का दोनूं मलकूं तथा पित्तकूं पाणी जैसा पतला दस्तकूं वाहर निकालती है, जैसें निशोत. कडवी तूंवी, सोनामुखी एरंडीका तेल वगेरे निश्चै विचारके देखे तो ये चारों दवा रेचक गिणे जातीहै.

(१८ उलटीकी दवा–) मेंणफल निमक राई आक आरीठेका जल नीला थोथा कडवी तोरी वंदालफल जिसकूं डूंगर फलभी कहते हैं.

(सामान्य उपयोग–) खायेभये जहरी पदार्थकूं निकालणेवास्ते तेसें कफपित्तकूं और जादा खाये भयेकूं निकालणा होय तव उलटी लेणेकी जरूरत पडतीहै; कितनीक दवा पेटमें पोहचतेही उलटी लातीहै, और कितनीक होजरीमें गये पीछै खूनमें मिलकर मोल लातीहै, फेर उलटी लातीहै,

(१९ कृमिनाशक दवायें–) कितनीक दवा आंतरोंके अंदरकी कृमीकूं मार डालती है और कितनीक वाहरके जंतुओंको कितनीक दवा एसी है सो जिसके सेवनसें पेटमे कृमि पडतीही नहीं इन सवोंकी तपशील.

(१) पेटकी कृमिनाशक–) कांकच कीडामारी अजमाण (खुरासाणी) पलास अनार वखमा वायविडंग कालीजीरी वगैरे.

(२) कृमिघ्न तथा रेचक–) कडवातूंवा कपीला रेवचीणीकाशीरा वगेरे.

(३) कृमिपैदा नहीं होवै) इंद्रजव चिरायता नींव वज डीकामाली अतीस.

(४) घावके जीवोंकी दवा–) कपूर कील गंधक नींव हींग पारा.

(सामान्य उपयोग) जो दवा कृमिकूं परास्त करती है वो पेदाभी नहीं होणेदेती. फरक इतनाही है कृमिकूं परास्त करणेवाली दवा पेटमें जाकर तुरत कृमीपर असर करके कृमिकूं परास्त करतीहै अथवा दवाती है कृमिका विशेष जोर होय तो कृमिघ्न दवाओंका कितनेक दिन सेवन करणेसें कृमि परास्त होती है, जो कृमिघ्न दवा रेचक नहीं है वो खाये पीछे दुसरे दिन एक जुलाव लेणा जिससें सव मलामत निकलपडै.

(२० ऋतुलाणेवाली दवा) बंध ऋतूकूं खोले टंकण नवसादर एलिया हीराबोल वगैरे इनोंकी गर्भाशयपर असर होतीहै.

(२१ छींकलाणेवाली दवा) नक छींकणी तमाखू नवसादर कलीचूना सामिल किया (आमोनिया) नाकके श्लेष्म पुडतपर जाके उसमेंसें रसकूं टपकाता है, और पाणी झरणेसें शरदी वगैरे शिरका दरद कम पडता है.

(२२०) स्नायुयोकूं ढीली करता) जो दवा शरीरके खिंचती नसोकूं और संकोचाये भये अवयवोंकूं ढीला करे वो दवा इस वर्गमें गिणे जातीहै, अफीम खुरासाणी अजवाण भांग ताम्रभस्म कपूर तमाखू धतूरा हींग कस्तूरी तथा दुसरीभी वातघ्न दवाये मिरगी दिवानापणा हिस्टीरीया हिचकी धनुर्वात दम तथा मगजके रोगोंमें ये दवायें दीजातीहै.

(२३० नींद लाणेवाली दवा) अफीम भांग रोगीसें नहीं सहीजाय एसी पीडामेंसें रोगीकूं आराम देणेवास्ते नींदलाणेवाली दवाकी जरूरत पडतीहै, अफीम ये अछा काम करताहै, अफीम नींद लाता है, दरदके ऊपरके ज्ञानतंतुओंकों वेशुद्ध वणाता है, भांगसें शांतिसें नींद नहीं आती बेमार मदमें पडा रहता है, इन दोनों दवाकी मगज पर असर रहती है, तहांतक बेमार नींदमें या मदमें पडा रहता है, उहांतक दरदकी खबर नहीं पडती.

(२४ कटुपौष्टिक दवा) इस तरेकी दवा कडवी ओर पौष्टिक होतीहै, अतीस अरडूसा चिरायता कलंभा कांकच वखमा कालीपाठ सिंकोना वगैरे.

(सामान्य उपयोग) शरीरमें मंद २ बुखार रहता होय जीर्ण बुखार होय निबलाई होय उसमे ये दवायें काम देती है, साधारण बुखार तथा बुखारकी नाताकतीकूं मिटाकर बदनमें ताकत लाती है, जठराग्निकूं सतेज करती है.

(२५ पौष्टिक दवायें) जो दवाये शरीरके धातुओंका पोषण कर शरीरकूं पुष्ट ओर ताकतदार करती है वो पौष्टिक दवायें कहलातीहै, उसके कितनेक विभाग होते हैं कितनीक दवाये मगजकूं पुष्टि देणेवाली है, कितनी एक दवा खूनकूं पुष्टि देणेवाली है और कितनीक दवायें जठराग्निकूं उत्तेजन देणेवाली है.

(१) मगजकूं पुष्टि देणेवाली) ब्राह्मी शंखावली शतावर विदारीकंद वंशलोचन दूध बदाम बलबीज अशालिया कोंचबीज केशर सुपेदपेठा उडद सोमल सोना रूपा शिलाजीत नीलाथोथा मोती ताम्रभस्म वंगभस्म जसतभस्म अभ्रकभस्म वगैरे.

(२) खूनकूं पुष्टि देणेवाली) आंवले कचनार हीराकसी गिलोय लोहभस्म सुवर्णमाक्षिक भस्म वगैरे.

(३) जठरकुं पुष्टि देनेवाली) तमाम कटु पौष्टिक दवाये जेसें चिरायता कलंबा नींब अतिविष क्रांकच कालीपाट वखमा वगेरे.

(२६ रसायण दवायें) जो उत्तम दवायें जरा याने बुढापा ओर रोगोंकूं मिटाती है ओर वदनके वाय पित्त कफ वगेरे दोषोंकूं समानतामे रखे है उसकूं रसायण दवा कहणेमें आती है जेसें वडी हरडे आवला गूगल गिलोय त्रिफला चित्रककीजड नीमका पंचांग वगेरे.

(सामान्य उपयोग) इन उत्तम दवायोंका वहोत मुदततक युक्तिसें साधन करनेसें शरीर निरोग होता है आयुष्य वढती है, बल बुद्धिकी वृद्धि होती है हमारे विद्याशाला-की अमृतवटी वसंतमालती योगराज गूगल चंद्रप्रभा आरोग्यवर्द्धनी ज्वरहर रसायन कामोद्दीपक चूर्ण क्रांतिवर्द्धक शिशुपाल गुटिका वगेरे तइयार रहती है ये दवायां निर्भय-पणे हरेक अदमी साधन करे तो वडा जबर फायदा दिखाती है.

(२७ धातुवर्द्धक दवायें) जो दवा वीर्यकी वृद्धि कर वीर्यकूं घट्ट वनावै उसकूं (वीर्यवर्द्धक दवा कहते हैं) शतावर आसगंध वलवीज गोखरू सालम सपेद मूसली ओटिंगणके वीज ऊडदकी दालके लड्डू कोचवीज मिलावा दूध मिश्री घी सहत चणेकी भिजाई भई दाल वगेरे.

(सामान्य उपयोग) इन दवायोंकों दूध तथा मिश्रीके संग उकाल कर अथवा इनोंका पाक वणाकर खाये जाता है, जादा तर ठंडकालेमें अछीतरे पच सकती है और गुण भी जादा करती है, क्योंके इनमेंकी चीजें पौष्टिक और भारी होती है.

(२८ वाजीकरण दवायें) जिन दवायोंसें वदनमें ताकत आते कामोत्तेजक शक्ति वढे सो दूध कोंच आसगंध विदारीकंद पाक करके सालमपाक माषादि लड्डू वगेरे.

(सामान्य उपयोग) काम शक्तिकी वृद्धिकी इछा रखणेवालोनें जादातर इस वर्गकी दवा पाक वणाकर सेवन करणा चाहिये कितनेक अफीम सराप वगेरे दवा इस कामके वास्ते वापरते हैं, और उससें कामोत्तेजक शक्ति वढतीभी है लेकिन् ये दवायें ऊमरकूं कम करनेवाली है, ऊपर लिखी दवायें ऊमर वढानेवाली है.

(२९ कामोत्तेजक दवायें) जो दवायें वदनमें जागृती लाकर काम वृत्तिकूं उस्के-रता है वो कामोत्तेजक कहाती है, जायफल कस्तूरी भांग गांजा अफीम वगेरे.

(सामान्य उपयोग) ये दवायें जादा पुरुषोंके कामकी है, ओर कितनेक कामी पुरुष उसका वरतावा करते हैं, वहुत थोडी मात्रामें युक्तिसें ये दवायें इस तरेकी चेतन-ता वताकर शरीरमें कांटा रखती है, लेकिन् भांग अफीम गांजा वगेरे मादक वस्तुओंका मावरा पडणेसें फेर अदमी व्यसनी वन जाता है ओर वहोत खरावी होती है, इसवास्ते शरीरके आरोग्यताका विचार करके देखे तो कामोत्तेजक एसी नुकशानकारी चीजोंसें

दूर ही रहणा इसकी एवजीमें वाजीकरण ओर धातु पौष्टिक दवायोंका साधन करना.

(३० जीवनीयगणकी दवायें) १ काकोली २ क्षीरकाकोली ३ जीवक ४ ऋषभक ५ मेदा ६ महामेदा ७ जीवंती ८ मोलेठी ९ मुद्गपर्णी १० मापपर्णी इसके अंदरकी दवायें कितनीक पहचानमें नहीं आती इसवास्ते इसके वदलेकी नीचे लिखी मुजव दवायें इनके जेसा ही गुण लगभग देती है, काकोली क्षीरकाकोलीकी एवजीमें आसगंध जीवक तथा ऋषभकके एवजीमें विदारीकंद मेदा महामेदाकी एवजीमें सतावर जीवंती याने हरण वेल अथवा मीठी खरवोडी मोलेठी मुद्गपर्णी जंगली मूंग मापपर्णी याने जंगली उडद ये चारतो सजल जमीनमें मिलती है ।

(सामान्य उपयोग) ये दवायां जीवित देनेवाली है इसवास्ते हमारी अमृतवटीमें इसका योग मिलता है ये दवाया हमेस साधन करने लायक है इसमें वलवुद्धि पराक्रम दिन २ वढता है.

(३१ स्तनमें दूध वधाणेवाली दवायें) मेदा महामेदा आदि जीवनीयगणकी सव ओषधें ऊपर लिखे मुजव स्तनोंमें दूध वधाणेवाली है !

(देसी शुद्ध करनेकी दवायें)

कितनीक दवा शुद्ध करनेकी विधि आगे लिखी है, फेर दुसरी विधिसे या कितनेकका शोधन नहीं लिखा सोभी लिखते हैं, ये दवाये विगर सोधे वापरणेसे विकार करती है ।

(कुचीला) गोमूत्रमें वाफ कर ऊपरका छिलका तथा वीज निकाल घीमे तले तव शुद्ध (धतूरेका वीज) वारे घंटा गोमूत्रमें भिजाकर ऊपरका छिलका दूरकर मींजी लेणी (हिंगलूमेसें पारा) हींगलू पावभर नींवूके रसमें घोट दोय वरावर मुंजुडे एसी मटकिया लेकर विना छेदकीपकी फेर एकमें हींगलू तले विछा देना दोनोंका मुं मिलाय कपड मिट्टी कर देना सूके वाद चूले चढाणा एक भीगा कपडा ऊपरके मटकीपर चोपुडता रख देणा मंद २ आंच देणी ऊपरका कपडा हर वखत भीगा रहणा ऐसे चार पहर आंच १ पहर वाकी रहे तव खूव तेज आंच देणी वाद स्वांग शीतल होनेसे कपड मिट्टी खोल ऊपरकी मटकीमे कजलीमें पारा लगा भया उसकूं कपडेसें रगडणा पारा हंडीमें एकठा होगा कजली कपडेसे पूंछ २ कर या जलमें धोकर पारा अलग कर लेना ये पारा नामर्द शुद्ध है (मर्द करणेकी विधि) कांजी मटकीमें आधी भर एक जाडा कपडा जिसपर सूंठ मिरच पींपर पीपला मूल चित्रक सींधानिमक डाल नींवूके रसमें डाल घोटकर कपडेपर डाल लेपकर पारा उसके वीचमें वांध मटकीमें लटका देना मूंके ढकणा देकर कपड मिट्टी कर चार पहर आंच देणा डोलायंत्रसे स्वांग शीतल भये निकालणा फेर सव काममें लेणा ।

(भिलावा) गऊके गोवरमें उकालकर ठंडे जलसें धो डालणा ।

(मनशिल) वारीक २ टुकडे कर पोटली बांध डोला यंत्रसें वकरीके मूत्रमें तीन दिन पकाणा नींबूके रसमें या गोमूत्रमें घोटणेसें मनशिल शुद्ध होता है शुद्ध किया भया दवामें काम देता है।

(नीलाथोथा) नीलेथोथेकूं घी तथा सहतमें मिलाकर एक कुलडीमें डाल अंगारमें जलाणा पीछे तीन दिन कांजीमें अथवा खट्टी छाछमें घोट धूपमें सुकाना.

(सोमल) छोटे २ टुकडे कर डोलायंत्रसें चंदलियेके रसमें एक १ पहर पचाणा.

उपयुक्त इलाजोंका संग्रह.

दवायोंके वणानेकी विधि आगे लिखते हैं, जो नुकसे मुख्य २ रोगोंपर चलता है, ओर मिटाता है उसका नाम ऊपरके तरफ लिखा है, इसके अलावा ओर भी जो जो रोग उन योगोसें मिटता है, जिनोंका नाम दवा वनावटीके नीचे लिखा है.

क्काथ (उकाली) काढा.

सन्निपात ज्वरपर.

(१९५ अभयादि क्काथ) जोहरडे नागरमोथ धाणा रगतचंनण पदमाक्ष अरडूसेके पत्ते इंद्रजव वाला गिलोय करमालेकी गिर कालीपाट सुंठ ओर कुटकी इन १३ वस्तुओंका पींपरका अनुपान त्रिदोष ज्वर दाह खासी प्रलाप दम तंद्रा दस्तबंध उलटी शोष अरुचि।

सन्निपात ज्वरपर.

(१९६ भारंग्यादि क्काथ) भाडंगीकी जड चिरायता नींबकी छाल मोथ कुटकी वच सूंठ मिरच पीपर अरडूसा तूंबेकी जड रास्ना धमासा पटोल देवदारू हलदी काली पाट कुचीला ब्राह्मी दारूहलदी गिलोय नशोत अतिविष एरंडीकी जड त्रायमाण छोटी रींगणी वडी रींगणी इंद्रजव हरडे वहेडा आंवला कचूर ये ३२ दवायें इस क्काथकूं शास्त्रमें द्वात्रिंशांग एसा नाम भी दिया है जिस सन्निपात ज्वरमें शूल दम कफ दस्त वगेरे भयंकर उपद्रव होय उसमें ये क्काथ देणेकी जरूरी है.

विषम ज्वरपर.

(१९७ लघु भाडंग्यादि क्काथ) भाडंगकी जड नागरमोथा पित्तपापडा धमासा सूंठ चिरायता कूठ पीपर भोरींगणी गिलोय ये दश चीजें विषमज्वर त्रिदोषज्वर तथा उपद्रव.

सब साधारण ज्वरपर.

(१९८ गुडूच्यादि क्काथ) गिलोय धाणा कडवे नींवकी अंतर छाल रगतचंनण ओर पदमकाष्ट यें ५ चीजें जठराग्नि प्रदीप्त कर दाह प्यास उलटी तथा अरुचिकूं भी मिटाता है.

सब साधारण ज्वरपर.

(१९९ नागरादिक्काथ) सूंठ देवदारू धाणा छोटी भूरींगणी वडी भूरींगणी ये ५ चीजों बुखारकूं पकाकर तीनो दोषकूं बुखारकूं उतारे है.

वातज्वरपर.

(२०० गडूच्यादि क्काथ) गिलोय पीपर सूंठ तीन चीजों.

पित्तज्वर.

(२०१ पर्पटादिक्काथ) पित्तपापडा गिलोय तथा हरडे तीन चीजों.

कफज्वर.

(२०२ भूनिंवादि क्काथ) चिरायता नींवकी छाल पींपर कचूर सूंठ शतावर गिलोय वडी भूरींगणी ८ वस्तु.

खासीसंग बुखार.

(२०३ कट्फलादि क्काथ) कायफल नागरमोथा भाडंगी धाणा चिरायता पित्तपापडा वच हरडे काकडासींगी देवदारू सूंठ११चीजों खासी बुखार श्वास कफ वगेरेमें अच्छाहै.

जीर्णज्वर.

(२०४ गडूच्यादि क्काथ) गिलोयका क्काथ, अनुपान पीपरका चूर्ण.

सर्व शीतज्वर.

(२०५ क्षुद्रादि क्काथ) भूरींगणी धाणा सूंठ गिलोय मोथ पद्माख रक्तचंनण चिरायता कडवा परवल अरडूसा पोकरमूल (उसकी एवजीमें एरंडकी जड) कुटकी इंद्रजव नींवकी छाल भाडंगी पित्तपापडा १६ चीजों.

हमेसका विषमज्वर.

(२०६ पटोलादि क्काथ) कडवे परवल हरडे वहेडा आंवला नींवकी छाल मुनक्का करमाला अरडूसा ८ चीजों, अनुपान मिश्री सहत.

संततादिक सब विषमज्वर.

(२०७ पटोलादि क्काथ) पटोल इंद्रजव देवदारू हरडे वहेडा आंवला मोथ मुनका मोलेठी गिलोय अरडूसा ११ चीजों, अनुपान सहत संतत याने ७,१० या १२ दिनतक हमेस रहणेवाला अण उतार बुखार सतत याने रात दिनमें दो वखत आनेवाला बुखार चोथिया तेजरा तथा प्रथम दाहके संग आणेवाला इन सबोंपर.

ज्वरअतीसार.

(२०८ नागरादि क्काथ) सूंठ कूडा छाल नागर मोथा गिलोय अतीस ५ चीजों.

अतिसारसंग्रहणी.

(२०९ हीवेरादि क्काथ) नेतरवाला धावडीके फूल लोद कालीपाट रेसा खतमी

डे ी छाल धाणा अतीस मोथ गिलोय बीलगिर सूंठ १२ वस्तु वहोत दिनोंका अतिसार संग्रहणी अरुचि आम शूलज्वर.

(२१० त्रिफलादि क्वाथ) हरडे वहेडा आंवला देवदारु मोथ मूसाकर्णी सहजनेकी छाल ७ चीजों अनुपान पींपर तथा वायविडंगका चूर्ण पेटकी कृमि तथा उसके सर्व विकार मिटे.

पांडूकामला.

(२११ त्रिफलादि क्वाथ) हरडे वहेडा आंवला गिलोय कुटकी नींबकी छाल चिरायता अरडूसेके पत्ते ८ चीजों, अनुपान सहत.

रक्तपित्त.

(२१२ वासादि क्वाथ) अरडूसेके पत्ते मुनका दाख जो हरडे तीन चीजों, अनुपान सहत मिश्री अथवा इकेला अरडूसेका काढाकर सहत मिलाकर पीणा, रक्तपित्तयाने मूंसें दस्त ओर पेसाबसें नाक या कानमेंसें खून गिरे सो रोग खासी श्वास.

श्वास कास.

(२१३ क्षुद्रादि क्वाथ) भूरीगणी कुलथी अरडूसा सूंठ ४ वस्तुयें, अनुपान पोकर मूल वो नहीं मिले तो एरंड जडका चूर्ण दम या श्वास चढे सो रोग मिटता है.

वादी रोग.

(२१४ रास्नादि क्वाथ) (रास्नापंचक) रास्ना गिलोय देवदारू सूंठ एरंडीकी जड ५ चीजों सब तरेकी वादीपर दीजाती है.

सब वादीपर.

(२१५ रास्नादिक्वाथ) (महारास्नादि) रास्ना दूणी अथवा जादा लेणी ४ मासा चिकणेकी जड एरंडकी जड देवदारू कचूर वच अरडूसा सूंठ हरडे चव्य मोथ साटेकी जड गिलोय वधायरा वरियाली गोखरू आसगंध अतीस करमाला शतावर पींपर ऊंठकंटालाधाणा छोटी रींगणी वडी रींगणी २६ चीजों अनुपान सूंठका चूर्ण योगराज गूगल अजमोदादि चूर्ण अथवा एरंडीका तेल इसमेंकी कोइ एक चीज अनुपांन रोग ओर प्रकृतीमुजब देणी सर्वांगवायु हिस्टीरीया आमवायु अंत्रवृद्धि (जिसकूं गोसा उतरणा कहते हैं) वांझडीपणा पेटकी वायु वगेरे.

सब प्रमेहपर.

(२१६ फलत्रिकादि क्वाथ) हरडे वहेडा आंवला मोथ दारूहलदी कडवा तूंवा .६ चीजों अनुपान हलदीका चूर्ण.

प्रदर शरीर धुपणा.

(२१७ दार्व्यादि क्वाथ) दारूहलदी रसोत मोथ भिलावा बीलगिर अरडूसा

चिरायता ७ चीजों अनुपान सहत,शूल चलकर गिरणेवाला लाल पीला सपेद ओरतोंका प्रदर सब मिटता है.

सूवा रोग.

(२१८ देवदार्व्यादि क्काथ) देवदारू वच कूठ पीपर सूंठ कायफल मोथ चिरायता कुटकी धाणा जो हरडे गजपीपर छोटी रींगणी गोखरू धमासा वडी रींगणी अतीस गिलोय काकडासींगी साहजीरा २० चीजों सूवा रोगवाली ओरतकी पेटकी शूल खासी बुखार श्वास मूर्च्छा कंपवायु शिरकी शूल दस्त ये सब मिटता है.

सोजेपर.

(२१९ पुनर्नवादि क्काथ) साटा दारूहलदी हलदी सूंठ जो हरडे गिलोय चित्रक भाडंगी देवदारू ९ चीजों हाथ पैर पेट तथा मूंके सोजेपर फायदा करती है.

वृषणसोथ.

(२२० त्रिफलादिक्काथ–) हरडे वहेडा आंवला ३ वीलगिर अनुपान गोमूत्र आंडोकी सूजन उतरती है.

वातरक्त उपदंसपर.

(२२१ मंजिष्ठादिक्काथ–) मजीठ हरडे वहेडा आंवला कुटकी वच दारूहलदी गिलोय कडवेनींवकी छाल ९ चीजों.

चूर्ण–फकी–

वच्चोंका बुखारदस्त.

(२२२ कृष्णादिचूर्ण) पींपर अतीस नागरमोथ काकडासींगी ४ चीजों, अनुपान सहत वच्चोंका बुखार दस्त दम खासी उलटी.

वच्चेकी खासी दस्त उलटी.

(२२३ शृंग्यादिचूर्ण) काकडासींगी अतीस पींपर ३ चीज, अनुपान सहत अथवा इकेला अतीसका चूर्ण सहतमें.

अतिसार पतला झाडा.

(२२४ लघुगंगाधरचूर्ण) नागरमोथ इंद्रजव वीलगिर लोद मोचरस धावडीके फूल ६ चीजों अनुपांन छाछ तथा गुड रक्तातिसार पित्तातिसारका अनुपांन चावलोका धोवण तथा सहत.

अतीसार.

(२२५ वृद्धगंगाधरचूर्ण) नागरमोथा टेंट सूंठ धावडीके फूल लोध वाला वीलगिर मोचरस कालीपाट इंद्रजव कूडाछाल आंवकी गुठली अतीस लजालू १४ चीजों। अनुपान चावलोका धोवण तथा सहत.

अतीसार.

(२२६ अजमोदादिचूर्ण) अजमोद मोचरस अदरख धावडीका फूल ४ चीजों अनुपान दहींमें मिलाकर पीजाणा.

कास क्षय.

(२२७ सितोपलादिचूर्ण) मिश्री १६ भाग वंशलोचन ८ भाग पींपर ४ भाग इलायची ४ भाग तज १ भाग ५ चीज अनुपान सहत तथा घी श्वास खासी क्षय हाथपांवका दाह मंदाग्नि अरुचि ज्वर रक्तपित्त.

उलटीपर.

(२२८ एलादिचूर्ण) इलायची जटामांसी सूंठ मोथ पींपर सुपेद चंदण धाणा खारक तमालपत्र मोलेठी खस वाला नेतरवाला लोंग अनारका छिलका १४ चीज, अनुपान सहत.

(२२९ नींबपंचांगचूर्ण) बणाणेकी विधि नं० १५१ देखो, चमडीके सब रोगोंपर बहोत फायदेबंदहे.

(२३० आकरकरभादिचूर्ण) अकलकरा सूंठ कंकोल केशर पीपर जायफल जावंत्री चंदण सुपेद ये ८ एकेक भाग अफीम ४ भाग अनुपान सहत मात्रा एक मासा रातकूं चाटणा वीर्यका स्तंभन होय रतिसुखमें आनंद पावे.

(२३१ नारासिंह चूर्ण) भिलामा सूंठ मिरच पीपर हरडे बहेडा आंवला तिल मिश्री ९ चीज अनुपान घी तथा मध मंदाग्नि वायु और जलंदर वगैरे उदररोगमें भी फायदाबंद हे अनुपान दूध पथ्य भी दूध.

उदररोग.

(२३२) पवित्र चूर्ण) पंचलूणतोला ५ त्रिकटु तोला २॥ त्रिफलातो २॥ अजवाण तो २॥ अजमोद तो २॥ चित्रककी जड तोला २॥ गंधक तो १० हरडे तो १० सेंधव तो २० सुंठ तोला ४० पांचो निमककूं कडवे तूंबेमें भरणा उसके कपड मिट्टीकर भोभरमें पकाणा पीछे निमक अंदरसें निकाललेणा उसमें निमकके संग सब चीजे मिलाणी एकवखत नींबूके रसकी भावना देणी इससे तापतिल्ली जलंदर पेटका सोजा वगेरे सब तरेके उदररोगमें दीये जाताहै । मात्रा अढाइ मासेसें पांच मासा.

अतिसार.

(२३३ विल्वादीचूर्ण) पकी बीलगिर मोथ धावडीके फूल कालीपाट मोचरस पांच चीजों अनुपान गुड तथा छाछ.

धातुवर्द्धक.

(२३४ रसायण चूर्ण) गिलोय आंवला गोखरू ३ चीज घी तथा मिश्रीका अनु-

पान सब तरेका धातु दोष नाताकती नपुंसकपणा मगजकी बेमारी जेसेके मिरगी पागलपणा हिष्टिरीया.

उपदंश.

(२३५ चोपचीणी चूर्ण) चोपचीणी तो १० सक्कर तो ४ पींपर तो. १ पीपला मूल तो. १ मिरच तो १ लोंग १ अकलकरा १ खुरासाणी अजवाण. तो १ सुंठ तो. १ वायविडंग तो. १ तज तो. १। गरमजलमें लेणेसें प्रमेह उपदंश, तांतो जेंसा धातूका गिरणा क्षीणता तथा गरमीकी गंठिया.

दाहपित्त मूत्रकृच्छ्र.

(२३६ चंदनादिचूर्ण) अगर तगर चंदन वंशलोचन तथा वाला ५ चीजों सम वजन मिश्री बरावर अनुपान दूध.

पाचन.

(२३७ हिंगाष्टक चूर्ण) तली हींग सूंठ मिरच पीपर अजवाण जीरा श्याहजीरा सींधानिमक ८ चीजों अनुपान घी.

संग्रहणी अतिसार.

(२३८ लाहीचूर्ण) गंधक टंक २ पारां टंक २ सूंठ मा २० मिरच टां १ पीपर मासा १० पांचखार मासा १० शेकी अजमोद टांक ५ शेकाजीरा टांक ५ शेकी हींग टांक ५ टंकण फुलाया भया टंक ५ शेकी भांग तो ८ ये १५ चीजों पारेकी गंधककी कजलीके संग मिलाकर दो दिन घोटणा मात्रा २ मासे सें ४ मासेतक अनुपान गउकी छाछ संग्रहणी मंदाग्नि अतिसार हरस पेटकी कृमि.

गुल्म उदर.

(२३९ वज्रक्षारचूर्ण) सादानिमक सींधानिमक कचनिमक जवखार संचल टंकणखार साजीखार इन सबोंकों पीस एक दिन थोरके दूधमें भिगाणा धूपमें सुकाणा तीन दिन आकके दूधमें भिगाणा धूपमें सुकाणा पीछे आकके पानमें लपेट पालसियेमें संपुटकर गजपुटमें फूंके पीछे निकाल सूंठ मिरच पीपर त्रिफला अजवाण जीरा चित्रकमूल ये सब खारके बराबर वजनसे मिलाणी मात्रा टांक २ अनुपान गरमपाणी अथवा गोमूत्र गोला शूल अजीर्ण सोजा उदरके रोग मंदाग्नि आफरा मिटता है.

(२४० शतावर्यादि चूर्ण) शतावर गोखरू कोंचबीज नागबला बलबीज तालमखाना ये ६ अथवा नागबला नहीं मिले तो पांचोंहीका चूर्ण अनुपान गायका दूध रातका खाणा.

(२४२ मुसल्यादि चूर्ण) सुपेद मूसली गिलोयसत्त कोंच गोखरू शेमलकी जड मिश्री आंवला ७ चीजों सम भाग चूर्ण अनुपान गउका घी.

(२४२ नाराच चूर्ण) पीपर तो २ निशोत तोला ४ मिश्री तो ४ ये तीनोंका चूर्ण मात्रा २ तोला अनुपान सहत इस चूर्णसें पेटका चढणा मलबंध उदररोग कफ तथा पित्तकी शूल मिटती है.

(२४३ पाचक चूर्ण चित्रककी जड तो २ अजमोद०॥ भर साजीखार०॥ भर सींधा निमक एक तोला १ सादा निमक १ तोला सूंठ १ पींपर १ मिरच १ चव्य १ जवखार० ॥ सें चल० ॥ सांभरनिमक ॥ इन सबोंके चूर्णकूं पहले बीजोरेके रसकी वो नहीं मिले तो नींबूके रसकी भावना देणी पीछे अनारके रसकी भावना देणी.

(२४४ मलशुद्धिका चूर्ण) हरडे वडी २ तोला सोनामुखी २ तोला रेवचीणी०॥ मिरच० ॥ सूंठ १ तोला सेंचल० ॥ तोला सींधानिमक १ तोला इन सबोंका चूर्ण रातकूं गरम पाणीसें लेणा.

गुटिका-गोली मोदक.

(२४५ संजीवनी) वायविडंग सूंठ पींपर जो हरडे आंवले बहेडा वज गिलोय भिलावा शुद्ध वच्छनाग १० चीजों समवजन गोमूत्रमें घोट चिरमी २ जितनी गोलिये करणी अनुपांन आदेकारस अजीर्ण तथा गोलेमें १ गोली हेजेमें २ सापके जहरपर ३ सन्निपातमें ४ हैजेमें तूटी नाडीकूं पीछी लाती है, एसा एक वैद्यने अनुभव करा है, हैजेमें २ गोली कही भई है लेकिन् जहांतक दस्त उलटी लगती होय उहांतक दो दो घंटेसे १ एक २ गोली देते रहणा.

प्रमेहवगेरे.

(२४६ चंद्रप्रभा) कचूर वच मोथ चिरायता गिलोय देवदारू हलदी अतीस दारु हलदी पींपला मूल चित्रकजड धाणा हरडे बहेडा आंवला चव्य वायविडंग गजपींपर सूंठ मिरच पीपर सुवर्णमाक्षिक भस्म जवखार साजीखार सींधा निमक सेंचल वीडलूण ये २७ चीजों अढाइ २ मासा सवा पांच तोला निशोत, दंतीमूल तमाल पत्र तज इलायची वंशलोचन ये सब एकेक तोला लोहभस्म २ तोला मिश्री ४ तोला शिलाजीत आठ तोला गूगल ८ तोला सबकूं एकठी मिलाकर जलमें गोलियां वणाणी प्रमेह मूत्रकृच्छ मूत्रघात पथरी पांडू प्रमेह पिडिका (फुनसियां) कामला अंडवृद्धि दाह पित्त नेत्ररोग ओरतोंका ऋतुदोष पुरुषोंका धातुदोष ये दवा रसायणरूप है, युक्तिसें उपयोग करणेसें तीनों दोषोंकूं जीतती है.

क्षय जीर्णज्वर.

(२४७ वसंतमालती) वणाणेकी विधि नं० ५४ देखो क्षय जीर्णज्वर प्रदर मात्रा रत्तीसें मासेतक अनुपान घी सहत मिश्री.

बच्चोंका दस्त उलटी अनिद्रा.

(२४८ अजमोदादि गुटिका) अजवाण हरडे खारक केशर ये चार एकेक भाग

जायफल मोचरस अफीम ये तीन आधा २ भाग जावंत्री लोंग तथा सहत ये तीन दो दो भाग इन १० की गोलियां वाजरीके दाणे जितनी २ करणी.

खासी.

(२४९ कस्तूर्यादि गुटिका) कस्तूरी तथा कपूर एकेक भाग लोंग दोयभाग मिरच पीपर वहेडा तथा कुलिंजन आधा २ भाग अनारकी छाल ४ भाग ये ८ चीजों काथेके रसमें या जलमें पीस मूंग जितनी गोली.

खासी.

(२५० लवंगादि गुटिका) लोंग वहेडा काली मिरच खेरसार ४ चीजों समभाग बंवूलके छालकी उकालीमें केई दिनोंतक घोटणा चणेप्रमाण गोलियां करणी.

अतिसार.

(२५१ अनारवटी) वनाणेकी विधि देखो अनारके गुणोंमें.

मलशुद्धी.

(२५२ द्राक्षादि गुटिका) मुनका दाख सेर० ॥ सोनामुखी तो ४ हरडे वडी तो ४ मिश्री तो ४ जावंत्रीमा ६ केशरमा ३ इन सवोंका चूर्णकर दाखमे एकेक तोलेकी गोली वांधणी मलकी सफाई मलके आसरे रही वादी आम्लपित्त पित्तवायु वगेरे रोग मिटताहै.

खासी.

(२५३ मरीचादि गुटिका) मिरच तो १ पीपर तो १ जवखार तो० ॥ अनारकी छाल तो ४–ये ४ चीजों चूर्णकर आठ तोले गुडमें गोलिये करणी मात्रा ३ मासा सव तरेकी खासीकूं मिटाती है.

पीनस.

(२५४ व्योषादि गुटिका) सूंठ मिरच पींपर अम्लवेतस चव्य तालीसपत्र चित्रक जीरा अंवली ये सव एकेक तोला तज तमालपत्र इलायची ये तीन तीन २ मासा इन वारोंका चूर्ण और २० तोला गुड गोली मात्रा पांच मासा या १ तोला आम पीनस दम खासी.

(२५५ योगराज गुग्गल) वनानेकी विधि देखो नं० ५८ में.

२५६ किशोर गुग्गल–नं० ५८ २५७ त्रिफला गुगल–नं० ५८

२५८ गोक्षुरादि गुगल–नं० ५८ २५९ कांचनार गुगल–नं० ५८

जीर्ण धातुगतज्वर.

(२६० अमृतामोदक) वणाणेकी विधि देखो नं० ५७ में चाहे जेसा पुराणा विषम ज्वर जीर्णज्वर धातुगत ज्वर वहोत दिन सेवणेसें चलाजाताहे फेर ये बुखार पीछा उखडता नहीं. मात्रा तीन मासे सें १ तोला अनुपान दूध.

धातुपुष्टि.

(२६१ माषादि मोदक) छिलका विगर की उडद की दालका आटा, गहूंका रव छडेभये जवका आटा, चावलोंका आटा, पीपरका चूर्ण, ये पांच चीजे ४ चार २ तोला उसमें पावधी डालके, कडाहीमेसे कणा, पीछै सबके बराबर सक्करखांड, सक्करसें दूणा पाणी, उसकी मंद आंचसें चासणीकर, शेका आटाचासणीमें डाल चार २ तोलेका लड्डू वणाणा.

हरसमस्सा.

(२६२ बृहत्सूरणादि वटक) सूरण सुकाया भया भाग १६ वधायरा भाग १६ मूसली ८ भाग चित्रक ८ भाग हरडे बहेडा आंवला वायविडंग सूंठ पीपर मिलावा पींपला मूल तथा तालीसपत्र ये सब चार २ भाग इनके चूर्ण में दूणा गूड मिलाकर बडी गोली करणी मात्रा ५ मासे सें तोलेतक अग्नि प्रदीप्त होकर हरस तेसें वायु तथा कफसें भई संग्रहणी श्वास कास क्षय हाथी जेसे पांव सोजा हिचकी प्रमेह भगंदर वगैरे रोग अछा होताहे ये रसायणरूप सर्व रोग हरदवा हे.

अवलेह–चाटण–पाक.

कास श्वास हिचकी.

(२६३ कंटकारी अवलेह–खडी भूरींगणीका पंचांगदशसेर सूका अधकिचराकूट २५ सेर जलमें उकालणा चतुर्थांस बाकी रहे तब छाणकर मिश्री सेर २ घी तोला ३२ तेल तोला ३२ गिलोय चव्य चित्रक मोथ काकडासींगी सूंठ मिरच पीपर धमासा भाडंगी की जड रासना कचूर ये १२ चीजोंका चार २ तोलेका चूर्ण डाल फेर उकालते चाटणे जेसा पाक जब होजाय तबी नीचै उतार ठरवेाद ३२ तोला सहत वंशलोचन पींपरका चूर्ण १६ सोले तोला ये तीन चीजों मिलाकर मट्टीके चिकणे पात्रमें धर रखणा हिचकी दम खासी मिटतीहै.

हरसपर.

(२६४ कुटजावलेह) कूडेकी छालसेर १० अधकिचरी कूट २५ सेर जलमें उकालकर चतुर्थांसरहे तब उतार छाण तीनसेर गुड डाल फेर चूलेपर चढाकर पाक चाटणे जेसावणाणा पीछे ये कपडछाण चूर्ण डालणा रसोत मोचरस सूंठ मिरच पींपर हरडे बहेडा आंवला लजालूकी जड चित्रक पहाडमूल बीलगिर इंद्रजव वच मिलावा अतीस वायविडंग तथा वाला ये अठारे चीज चार २ तोला घी ३२ तोला ठंढा पडे पीछै सहत ३२ तोला डालणा इससें हरसके सब रोग अतिसार अरोचक संग्रहणी पांडू रगतपित्त कामला अम्लपित्त सोजन दुबलापणा वगेरे रोगमें दिये जाताहे अनुपान छाछ दूध दहीं घी पाणी इसमेंसें रोगानुसार देणा.

क्षय खास.

(२६५ हरीतकी अवलेह) २५६ तोला जव ८० तोला दशमूल १०० वडी हरडे चित्रकमूल पीपलामूल आंधीझाडा कचूर कोंच शंखावली भाडंगी गजपींपर चिकणामूल पोकरमूल ये एकेक आठ २ तोला इनोंकों सब दवाके वजनसें अठगुणे जलमें उकालणा तथा हरडे सो जब वाफीजजावै उनोंकों जलमेसें निकाल कूट कर उसका कपड छाण सत सब निकाललेणा पीछे उकालेके पाणीकूं फेर चूले चढाणा उसमें वो हरडेका सर्वस्वसत गुड सेर १० घी ३२ तोला तेल ३२ तोला डालकर पाक तइयार करणा ठंढाभये वाद तोला १६ सहत पींपरका चूर्ण १६ तोला डालणा अगस्तावलेह क्षय खासी बुखार दम हिचकी हरस अरुचि पीनसरोग संग्रहणी वगेरे रोगोंकूं मिटाताहे उत्तम रसायण है.

रक्तपित्त आम्लपित्त.

(२६६ द्राक्षावलेह) कालीमुनका दाखकूं दूधमें उकाल घीमे तलणी पीछे मिश्रीकी चासणीकर उसमें डालणी पीछै विदाम घीमें तलकर कूट कर चूर्ण करणा कीटी पकी करणी जायफल लोंग जावंत्री इलायची वंशलोचन तज तमालपत्र नागकेशर कमलगटा इन सबोंका चूर्ण उस चासणीमें मिलादेणा पीछै आम्लपित्त रगतपित्त क्षय पांडू कामला तथा अशक्ति दूर होतीहै.

दाहभ्रम.

(२६७ कूष्मांडावलेह) पके सपेद पेठेका जलनिकाल गिरकूं नीचो डकार घीमें तलणा पीछै द्राक्षावलेहकी सब चीजों अंदर मिलाणी और सब चीजोंके वजन बराबर बूरेकी चासणीकर पाक तइयार करणा आम्लपित्त दाह भ्रम शोष क्षीणता मंदाग्नि.

कासश्वासपर.

(२६८ आर्द्रखंडावलेह) पाव आदेकूं छीलकर उसका टुकडा करणा पीछै उसकूं थोडे घीमें सेकणा पीछै सेरगुड या बूरेकी चासणी करके उसमें घीमें सेकाभया आदा ओर इस चीजोंका चूर्ण करडालणा तज तमालपत्र इलायची नागकेशर लोंग जो हरडे भाडंगी अरडूसा नीमकी छाल देवदारू आसगंध जावंत्री जायफल अगर मुनका एकेक दो दो तोला कास श्वास क्षय मंदाग्नि हृदयरोगवगेरोंकी शांति होती है.

वीर्यस्तंभन.

(२६९ आकूती माजम) भांग तो २० कूं खूब जलसें मसल २ कर धोणा जिससें हरा रंगका पाणी निकल जाय पीछै उसकी पोटली बांध ४ सेर दूधमें डाल उस दूधकूं अछीतरे उकालणा पीछे दही जमाणा उसका विलोयकर घी निकालणा फेर उस घीमें विदाम तो २० पिस्ता तो २० खोवेकी कीटी तो २० मुनका तो २० चिरोंजी तो

२० इनोकूं तल लेणा पीछै एक सेर सक्करकी चासणीकर ये चीजें सब मिलाणी जायफल जावंत्री इलायची समुद्रशोषके बीज अफीम केशर रूमी मस्तंगी कंकोल ये एकेक तोला सालम सुपेदमूसली आसगंध सतावर कोंच गोखरू तालमखाना ये दरेक दो दो तोला तथा अकलकरा सूंठ मिरच पीपर ओर पीपलामूल ये चार एकेक तोला भांगका घी तलेवाद वचे सो पाकमें डाल देणा चाटणे जेसा पाक करणा मात्रा छ मासेसें तोला तक इससें वीर्यस्तंभन तथा वीर्यवृद्धि अच्छी तरे होती है, भांगमें नसाहै इसवास्ते जिसकू लेणेका मावरा नहीं होय उसकूं विचारके लेणा भांग चढ जाय तो नींबू चूसणा अथवा छाछ ओर भात खाणा दस्तकी कबजीयतवालोंनें आकोती खाणी नहीं.

वीर्यवृद्धि पुष्टि.

(२७० विदामपाक) बदामकी कुली २० तोला कीटी १० तोला बेदाणा ४ तोला लवंग जायफल जावंत्री केशर वंशलोचन कमलगट्टा ये एकेक आधा २ तोला इलायची तज तमालपत्र नागकेशर ये दरेक एकेक तोला सक्कर अढाई सेर घी २० तोला चासणीकर सब चीजोंका चूर्ण मिलाणा तीन मासा अभ्रक भस्म मिलाणा तीन मासा वंग सुवर्णमाक्षिक भस्म पूण तोला प्रवाल भस्म ॥ तोला जो ये चीजों नहीं मिले तो एसा ही लेणा वीर्यवृद्धी पुष्टि तथा बुखारसें भई नाताकतीमें ये पाक बहोत फायदेबंध है.

नामर्दाई.

(२७१ कंदर्पपाक) सपेद कांदा तो २० दूध सेर २ घी सेर १ सहत तोला १० बूरा सेर २ तज तथा जायफल एकेक तोला लोंग केशर आधा २ तोला शुद्ध ताम्र भस्म मिले तो ॥ तोला कीटी १० तोला इन सबोंका विधिसें पाक तइयार करणा ये नपुंसकपणा दूर करता है.

प्रदर रक्तपित्त.

(२७२ जीरापाक) जीरा सेर १ चूर्णकर चार सेर दूधमें पकाकर खोवावणा कर फेर घी डाल, कीटी वणाणी पीछै २सेर बूरेकी चासणीकर तज तमालपत्र इलायची नागकेशर पींपर सूंठजीरा नागमोथा वाला अनारकीछाल रसोत धाणा हलदी सालम वंशलोचन तवखीर ये दरेक दोदो तोला ये सब चीजें चासणीमें मिलाकर पाक वणाणा प्रदर रक्तपित्त मूंकारोग प्रमेह पथरी जीर्णज्वर दाह पीनस हरस ये सब रोग मिटजाता है.

आमवात सब वादी.

(२७३ मेथीपाक) मेथी दाणा तो १० सूंठ तो १० इन दोनोंका चूर्णकर ५सेर दूधमें रांधणा खोवा भयेवाद उसमें घी डालते जाणा ओर कीटी करणी ठंढा भये वाद दो सेर बूरेकी चासणीकर सूंठ पींपर पीपलामूल चित्रककी जड अजमोद धाणा जीरा सूंफ

जायफल कचूर तेज तमालपत्र मोथ ये हरेक चार २ तोलेका चूर्ण डालना लड्डू वणाणा आमवात सब वादीके रोग औरतोंका सूआरोग वायुरोगमें ये पाक वहोत अछा है.

धातुगतज्वर.

(२७४ पीपरपाक) पीपरका चूर्ण ६४ तोला चो गुणे दूधमें उकालकर खोवा करणा उसमें घी रुपिया २५६ भर डालकर मंद आंचसें कीटी करणी पीछे २५६ तोले चूरेकी चासणीकर पाक तयार होणेसें तज तमालपत्र नागकेशर इलायची हरेक चार २ तोलेका वारीक चूर्ण तेसें विदाम ओर ऊपरसें घी दिल चाहे जितना डालणा मात्रा १ लड्डूसें २ गरमीमालम देतो अनुपान दूध धातुगत जीर्णज्वर उधरस दम पांडु धातुक्षय और मंदाग्निपर फायदेवंद है.

खासी क्षय.

(२७५ अरडूसेकी अवलेही) अरडूसेके पत्तोंकों वाफके वस्त्रमें रस निचोड लेणा पीछे उसमें मिश्री मिलाकर चाटणे जेसा पाक वणाणा पीछे उसमें वहेडा हलदीका चूर्ण डालणा खासी कफ श्वास क्षय तथा रक्तपित्त मिटता है.

मंदाग्नि.

(२७६ आदेकी अवलेह) आदेका रस १० तोला जल १० तोला मिश्री २० तोला अग्निपर पाक वणाणा पीछै केशर इलायची जायफल जावंत्री लौंग दरेक एकेक तोलेका वारीक चूर्ण मिलाणा इससे मंदाग्नि खासी श्वास अरुचि मिटती है.

सूवारोग.

(२७७ सौभाग्य सूंठीपाक) अच्छी सूंठ तोला ३२ जिसकूं ३२ तोला गऊके घीमें मकरोय आठ सेर गउके दूधमें डाल खोवा करणा पीछे उसमें ओर घी डालते जाणा मंद आंचसे हिला कर कीटी करणी पीछै ८ सेर चूरेकी चासणी करके उसमें धाणा तीन मासा सूंफ सवा तोला वायविडंग सूंठ नागकेशर मिरच पीपर ओर मोथ हरेक चार २ तोला मनमुजव विदाम पिस्ता चिरोंजी ऊपरसें घी डालके पाक करणा.

पौष्टिक.

(२७८ सालमपाक) सालम लसणकी कुलीजेसी तो २० ऊपरके पाक मुजव साढी चौदे सेर दूधमें उकाल खोआकर घी डाल कीटीकर सवाई या डेढी वजनकी कीटीसें चूरेकी चासणी करणी उन मान मुजव केशर विदाम पिस्ता चिरोंजी तज तमालपत्र नागकेशर इलायची वगैरे डालणा.

वाजीकर वीर्यवृद्धि.

(२७९ कामवर्द्धक मोदक) तालमखाना गोखरू धलबीज सुपेदमुसली कोंच बीज आसगंध मोलेठी शतावर ये सम वजनसव मिलके २ सेर अठगुणे दूधमें उकाल की-

टी करणी घी डालकर कीटीमें दूणी सक्करकी चासणी कर नव २ टांकके लड्डू बणाणा इच्छा होय तो, तज तमालपत्र इलायची नागकेशर विदाम चिरोंजी थोडी २ डालणी और दवा कोइभी डालणी नहीं.

उपदंशसे भया चमडीरोग.

(२८० चोपचीणीपाक) चोपचीणीका चूर्ण) तो ४८ वहोत घीमें सेकणा ५६ तो वूरेकी चासणी करणी उसमें पीपर पीपलामूल सूंठ मिरच तज अकलकरा लोंग एकेक तोलेका चूर्ण कर सब मिलाणा विदाम चिरोंजीभी थोडी डालकर गोली वांधणी गरभी फूटे सांधोंमें गंठिया होजाय उसमें ये फायदा करताहै.

आम्लपित्त.

(२८१ कूष्मांड खंडपाक) सपेद पेठेका रस ४०० तोला गऊका दूध ४०० तोला आंवलेका चूर्ण ३२ तोला इन तीनोंको मंदाग्निसे पकाकर पीछे उसमें ७२ तोला वूरा डालकर पाक तइयार करणा.

रक्तपित्त.

(२८२ खंड कुष्मांडपाक) ३२ तोला भूरे कोलेका गिर लेकर उसकूं ६४ तोला जलमें उकालणा आधा पाणी जले जब कपडेसें नीचोकर पाणी छाण लेणा वो पाणी रहणे देणा ओर गिरिकूं २० रुपेभर घीमें सेकणा पीछे ६४ तोला वूरेकी कोलेके पाणीमें चासणी करणा उसमे सेकाभया पेठा डालणा पीछे इन चीजोंका चूर्ण डालणा मोथ आंवला वंशलोचन भाडंगी तज तमालपत्र इलायची ये तीनों एकेक तीन २ मासा सूंठ धाणा काली मिरच ये हरेक एकेक तोला लींडीपीपर ४ तोला.

आसव.

क्षतक्षयपर.

(२८३ द्राक्षासव) काली दाख सेर ५ उसमें पक्का सवामण जल डालकर उकालणा आधा पाणी जले तब उतारकर उसमें गुड सेर २० तथा तज तमालपत्र इलायची नागकेशर पीपर मिरच कंकोल दरेक ४ चार २ तोला कूटकर ओर धावडीका फूल तोला ५० सावत डालणा इन सबोंकों घीके चिकणे पात्रमें भर मूं वंधकर मटकीकूं एक महीनेतक धूपमें धरणा फेर उस आसवकूं अनारज लोक काममें लेते हैं. इससें छातीका क्षय क्षत खास श्वास मंदाग्नि पेटकी वायु चूंक दस्तकी कबजी खून विगाड वगेरे रोगोंमें फायदा करता है.

रक्तपित्त.

(२८४ उसीरासव) वाला नेतरवाला लालकमल कालाकमल गहूंला (गहूंमें पेदा होता है) पद्मकाष्ठ लोद मजीठ ४ मासा कालीपाट चिरायता कुटकी वडकी छाल

गूलरकी छाल कचूर पित्तपापडा सपेदकमल पटोल कचनारकी छाल जामुनकी छाल शेमलकी छाल ये सब चार २ तोला लेकर चूर्ण करणा दाख ८० तोला धावडीका फूल ६४ तोला पाणी २०४८ तोला वूरा सेर १० सहत सेर १० इन सबोंकूं एक मटकीमें भरकर मूं बंधकर एक महीना रखणा रक्तपित्त पांडु कोढ प्रमेह हरस कृमि शोष मिटता है.

पांडुरोग.

(२८५ लोहासव) लोहभस्म सूंठ मिरच पीपर हरडे वहेडा आंवला अजमोद वायविडंग नागरमोथ चित्रकमूल ये एकेक चीज सोले २ तोला धावडीका फूल २० तोला तमाम चीजोंका चूर्णकर उसमें २५६ तोला सहत ४०० तोला गुड और २०४८ तोला पाणी सब ऊपर लिखे मुजब मटके आदिमे भरणा इससें जठराग्नि प्रदीप्त होती है, पांडु सोजा गोला उदररोग हरस कोढ चमडीके विकार तिल्ली खुजाल खांसी दम भगंदर अरुचि संग्रहणी उदररोग मिटता है.

रक्तगोला.

(२८६ कुमारिकासव) कवारपठेका रस याने गिर २०४८ तोला गुड ४०० तोला भांग १०० तोला पाणी १०२४ तोला इन सबोंका क्वाथ करणा चोथा भागका जल वाकी रहणेसें छाण लेणा उसमें सहत २५६ तोला धावडीका फूल ६४ तोला जायफल मिरच कंकोल कवावचीणी जटामांसी चव्य चित्रक जावंत्री काकडासींगी वहेडा पोकरमूल ये दरेक चार २ तोला ताम्र तथा लोहभस्म तो २ अगली तरे मटकेमें भरणा मूं बंधकर २० दिन जमीनमें अथवा अनाजके ढिगलेमें रखणेसें आसव होता है, लेणेसें औरतोंका रक्तगुल्म पांचतरेकी खासी श्वास क्षय उदररोग हरस वादीके रोग मिरगी वगेरे रोग मिटता है, जठराग्नि प्रवल होती है, और पेटकी शूल तथा गुल्म रोग मिटता है.

घृत–घी.

कलेजारोग तिल्लीपर.

(२८७ क्षीरघृत) पीपर पीपलामूल चव्य चित्रक सूंठ सेंधव ये सब चार २ तोला उसकूं जलमें पीस चटणी करणी पीछै ६४ तोला गऊका घी घीसे चोगुणा गऊका दूध उसमें चटणी डाल घी वाकी रहे जहांतक उकालणा पीछे घीकूं कपडेसें छाण लेणा इस घीकूं भोजनके संग खाणेसें पेटकी तिल्ली गलती है, विषमज्वर तथा मंदाग्नि मिटती है.

वातरक्त कोढपर.

(२८८ अमृताघृत) गिलोयकूं कूट चोगुणे जलमें उकाल चतुर्थांस रखणा छाणकर उकालीके जलसे चतुर्थांस घी घीसें चतुर्थांस गिलोयकी जलमें पीसी भई चटणी

तीनोंको मंद आंचसें पकाकर घी वाकी रहें तब उतार छाण लेणा वातरक्त कोढ चम-डीके सब रोग मिटते हैं.

नेत्ररोगपर.

(२८९ त्रिफलाघृत) हरडे वहेडा आंवला इनोंका खरस सूका मिलें तो अठगुणे जलमें उकाल चतुर्थांस रखणा वोदरेकका जल ६४ तोला अरडूसेका रस ६४ तोला भांगरेका रस ६४ तोला वकरीका दूध ६४ तोला गऊका घी ६४ तोला तयारकर पीछे हरडे वहेडा आंवला पीपर दाख सपेदचंनण सींधानिमक चित्रकमूल आसगंध दूणी मोलेठी मिरच सूंठ वूरा सफेदकमल नीलकमल साटा हलदी दारूहलदी फेर मोलेठी ये उगणीस चीजों तोला २ भर लेकर चटणी करणी इन सब चीजोंको एक पात्रमें डाल आंचपर घी तइयार करणा इस घीसें रातींधापणा आंखमें जल वहणा खुजली जाला मोतियाविंद शिरका रोग वगेरे मिटता है.

वंध्यादोष.

(२९० फलघृत) हरडे वहेडा आंवला मोलेठी उपलेट हलदी दारूहलदी कुटकी वाय-विडंग पीपर मोथ कडवा तूंबा कायफल वच मेदा महामेदाके वदले दूणी सतावर का-कोली क्षीरकाकोलीकी एवजीमें दूणी आसगंध सपेद उपलसरी काली उपलसरी गहूंला सूंफ हिंग रास्ना सुपेद चंनण लाल चंदण जाईके फूल वांस कपूर कमल वूरा अजमोद दांतीमूल ३० चीजोंकी चटणी करणी पीछे वाछडेवाली इकरंगी गऊका घी ६४ तोला घीसे आधा गऊका दूध दूध जितना पाणी मिलाकर घी तइयार करणा ये घी पुरुष ओर औरत दोंनोंके लेणे लायक है मरदमी आती है, ओरतोंका बांझडीपणा दूर होकर पुत्र पैदा होता है जिसकी ओलाद जीवे नहीं वो इस घीसें केइयक दिन सेवन करणेसें उसका अमर होताहै रोग रहता नहीं.

वंध्यादोष.

(२९१ फलघृत दुसरा) घी चार सेर शतावरका रस १६ सेर गोमूत्र १६ सेर जीवनीयगणकी दवा एकेक तोला घी सिद्ध करणा ऊपर मुजब. फायदा ऊपर लिखे मुजब.

वंध्यादोष.

(२९२ लघुफलघृत) ऊंठकंटाशला पीलेया काले फूलका हरडे वहेडा आंवला गिलोय साटा अरडूसा हलदी दारूहलदी रास्ना मेदा सतावर इनोंकी चटणी करणी घी तो ६४ गऊका दूध २५६ तोला पाणी २५६ तोला इन सबोंको उकालकर घी उतार लेणा औरतोंका गुह्यरोग शूल दरद योनीका रस्ता चोडा होजाणा अंग वाहिर निकलणा स्थानभ्रष्ट होणा गर्भ नहीं रहणा वगेरे सब योनिदोष गर्भाशयके दोष मिटता है.

अपस्मार उन्माद.

(२९३ ब्राह्मीघृत) ब्राह्मीके पत्तोंकारस ३२ तोला घी १६ तोला सूंठ मिरच पीपर हलदी निशोत दंतीमूल शंखावली करमाला वायविडंग ये दरेक पाव २ तोला इन सबोंकी चटणीकर इन तीनोंकों पकाकर घी वणाणा.

तेल.

(२९४ अर्क तेल) तिलका तेल १ सेर आकका दूध चार तोला हलदी० ॥ सेर मनशिल० ॥ सेर आकके दूधमें हलदी तथा मनशिलको घोट थोडा पाणी डाल चटणी करणी पीछै चटणीकूं तेलमें डाल तेल उकालणा पीछै छाण लेणा इस तेलसें खाज खुजली खाजका घाव मिटता है.

(२९५ बिल्वादि तेल) कच्चा बीलफल गोमूत्रमें पीस चटणी करणी उसमें चोगुणा तिलका तेल मिलाणा उसमें चोगुणा बकरीका दूध ओर दूध जितना पाणी इन सबोंकों उकाल तेल बाकी रहे उहांतक उकालणा ये तेल कानमें डालणेसें बहरापणा दूर होताहै.

(२९६ वज्रतेल) डंडेवाली थोरका दूध आकका दूध धतूरेका रस चित्रकमूलका रस अथवा काढा भैंसके गोबरका रस ये सब समवजन पीछे पकाकर तेल वणाणा पीछे फेर उसमें तेलसें चोगुणा गोमूत्र डाल पकाणा छाणलेका ६४ तोला सिद्ध भये तेलमें इन चीजोंका बारीक चूर्ण मिलाणा गंधक चित्रक मनशिल हरताल वायविडंग अतिविष बछनाग कडवी डोडी उपलेट वच जटामांसी सूंठ मिरच पींपर दारूहलदी मोलेठी साजीखार जीरा देवदारू १९ चीजों ये तेल मसलणेसें चमडीके ऊपरके सब विकार मिटते हैं.

विषमज्वर क्षय.

(२९७ लाक्षादि तेल) घोरकी अथवा पीपलकी लाख २५६ तोला लाखसें चोगुणा पाणी उकालकर चोथाहिसारहे तब छाण लेणा उसमें ६४ तोला तेल गउका घोलिया दही २५६ तोला सूंफ आसगंध हलदी देवदारू कुटकी संभालूके बीज मरोडफली कूठ मोलेठी सुपेदचंदण नागरमोथा रास्ना इन सबोंका चूर्ण डाल तेल तइयार करणा इसकी मालिससें सब तरेका विषमज्वर श्वास कास कमर तथा पीठकी शूल वादी पित्त मिरगी उन्माद क्षय खुजाल दुर्गंधि चमडीका फटणा इन सब रोगोंमें ये तेल बहोत फायदा करता है.

हरस मस्सा.

(२९८ कासीसादि तेल) हीराकसी लांगली कूठ सूंठ पींपर सींधानिमक मनशिल कणेरकी जड वायविडंग चित्रकमूल अरडूसा दंतीमूल कडवी तुराइके बीज दारूडी हरताल १५ चीजोंकी चटणी करणी उसमें तेल ६४ तोला थोरका दूध ८ तोला

आकका दूध ८ तोला तेलसें चोगुना गोमूत्र उकालकर तेल वणाणा हरसके मस्सेवास्ते ये अछा इलाज है.

व्रण.

२९९ जात्यादि तेल) जाईके पत्ते तो ५ कडवानींब करंज कडवा परवल इन दरेकके पत्ते दो दो तोला करंजके बीज मोलेठी मेण कोष्ट हलदी दारूहलदी कुटकी मजीठ पद्मकाष्ठ लोद हरडे कमल नीलाथोथा उपलसिरी ये दरेक दो दो तोला इनोंकी चटणी करणी चटणीसें चोगुणा तेल तेलसें चोगुणा पाणी डाल तेल सिद्ध करणा ये तेल कानमें या नाकमें डालणेसें पीप बंध होय घाव भर जाता है.

कोढ चमडीके रोग.

(३०० मरिचादि तेल) मिरच हरताल नसोत रगतचंदण नागरमोथ मनशिल जटांमासी हलदी देवदारू दारूहलदी कडवे तूंवेकी जड कणेरकी जड कूठ आकका दूध गऊके गोवरकारस ये सब एकेक तोला शुद्ध वछनाग २ तोला चटणीकर इसमें सरसूंका तेल ६४ तोला तेलसें दूणा गोमूत्र गोमूत्र जितना जल तेल तयार करणा इसके मालिससें चमडीके वहोतसे रोग चमडी फटणी खुजली चित्रोंकोढ लालकोढ चेल फुटणा वगेरे मिटता है.

शिरकी टाट.

(३०१ करंजादि तेल) करंजकी छाल चित्रकमूल जाईके पत्ते कणेरकी जड इनोंकी चटणी करणी चटणीसें चोगुणा तिलका तेल तेलसें चोगुणा पाणी तेल आंच पर तइयार करणा इससें शिरमें टाट जो पडती है, सो मिटकर फेर बाल ऊग जाताहै.

पीनस.

(३०२ पाठादि तेल) कालीपाट हलदी दारूहलदी मरोडफली अथवा तज पींपर जाईके पत्ते दंतीमूल इनोंकी चटणी करणी इनोंसे चोगुणा तेल तेलसें चोगुणा पाणी उकालकर तेल तयार करणा नाकमें बूंदे डालणेसे दुष्ट पीनस मिटता है.

मल्लम लेप उबेरा.

व्रण.

(३०३ जात्यादिघृत) (घृत मल्लम) जाईके पत्ते नींब कडवेके पत्ते पटोल दारूहलदी हलदी कुटकी मजीठ मोलेठी मेण करंजके बीज वाला उपलसिरि नीलाथोथा ये दरेक एकेक तोला लेकर चटणी करणी इसके वजनसें चोगुणा घी डालकर पकाणा ओषधियोंसें तिरके जुदारहे तब पकाभया समझ उतारके घी छाणलेणा नासूर पीप वहणेवाला वडे वडे घाव होय एसा गंभीर ओर दुष्ट व्रण इस लेपसे अछा हो सकता है.

खाज खुजली

(३०४ कासीसादि घृत) (मलम) हीराकसी हलदी दारूहलदी मोथ हरताल मनशिल कपीला गंधक वायविडंग गुगल मोम मिरच कुटकी नीलाथोथा सरसूं रसोत सींदूर सुगंधी वच रगतचंदण खेरसार कडवे नीमके पत्ते करंजबीज उपलसिरी वच मजीठ मोलेठी जटामांसी शिरेस लोद पदमाख जो हरडे पवाडके बीज ये ३२ दवा एकेक तोला इसका महीन चूर्ण घीसेर ३ इन सवोंको तांवेके वरतनमें मिलाकर ७ दिन-तक धूपमें रखणा पीछै घी कांममें लेणा खाज खुजली दाद कोढ फोडा गडगूंमड खुजली सबपर.

खाज खुजली.

(३०५ पारदादि मलम) पारागंधक मनशिल सिंदूर मिरच हलदी दारूहलदी जीरा शंखजीरा पहली कजली करणी वाकीका महीन चूर्ण मिलाणा पुराणे घीमें अथवा धोये घीमें मिलाणा इससे खुजली गडगूमड शिरके चिकते चीरे मिटता है.

हरसका मस्सा.

(३०६ अफीम तथा मांजूका मलम) अफीम तो २ माजू फलका चूर्ण तोला ५ सादा मलम तो ५ तीनोंकों मिलाके उसका लेप मस्सेपर करणेसें मस्सेकी जलण ओर खून वंध होताहै, ओर मस्से सूक जाते हैं.

घाव चांदी.

(३०७ वोदारका मलम) वोदार तो २० राल तो २० कपूर तो १० मोम तो १० घी तो १० मोम घीकूं मंद आंचसें गरमकर पीछे तीनोंचीज मिलाणी ये मलम गरमी तथा खुजालवाला घाव चांदीपर फायदा करता है.

खुजली.

(३०८ वोदारका मलम २) वोदार १ भाग अलशीका तेल ५ भाग एकठाकर मलम वणाणा.

चांदी घाव.

(३०९ वोदारका मलम ३) वोदार तो ५ राल तो ५ कपूर तो २॥ चहिये इतनें घी तथा मोममें मलमकर पट्टी मारणी.

गरमीकी चांदी.

(३१० हीरा दखणका मलम) हीरा दख्खण इलायची तथा काथा एकेक तोला कपूर २ मासा महीन पीस घीमें मिलाय मलम करणा इस मलमसें पींप वहणेवाला गर-मीका घाव अच्छा होता है.

व्याउफटे.

(३११ रालका मलम) राल सींधानिमक गुड मोम सहत गुगल गेरू घी ये सब सम भाग भेण घी सहत गुड गूगल इन तीन चीजोंकों अनुक्रमसें मिलाणा अंगारपर पिघलेवाद वारीक चूर्णका मलमकर मिलाणा पाददारी व्याउ पांवोंमें फटती है और गरमीपर फायदा करता है, गडगूमड मिटाता है.

गांठ.

(३१२ दोषघ्न लेप) सहजणेके जडकी छाल सूंठ सरसूं साटेकी जड देवदारू इनको छांछमे पीस लेप करणा इससें तमाम गांठों तथा सोजा उतरता है,

गरमी.

(३१३ दशांग लेप) सरेसकी छाल मोलेठी तगर रगतचंनण जटामांसी लोद दारूहलदी कूठ वालो इलायची वारीक पीसणा समवजन पाणीमें लेप करणा इस लेपसें गरमीके घावका सोजा विस्फोटक जहरी जानवरके डंककी जलण जलणकी गांठो तथा सोजा मिटता है.

कोढ.

(३१४ अवलगूं जादिलेप) कालीजीरी पवाडिया हलदीसेंचल निमक समचीजों सम वजन पीसके लेप करणा चमडीके सब विकार मिटता है, सपेद कोढ झांखा पडताहै.

वातरक्त.

(३१५ गेरूका लेप) गेरू रसोत मजीठ मोलेठी वाला रगतचंनण पद्मकाष्ठ कपड छाण चूर्णकरणा पाणीमे पीस लेप करणा इस लेपसें रगतवायु काखोलाई गरमीका सोजा तथा दाह शांत होता है.

गरमीकी चांदी.

(३१६ शंखजीरेका लेप) शंखजीरा ५ भाग कत्थो १ भाग दोनोंकों वारीक पीस घीमें लेप करणेसें गरमीका घाव भर जाता है.

चमडीका रोग.

(३१७ हरतालका लेप) हरताल गंधक तथा पवाडके बीज दो दो भाग मनशिल वावची नीला थोथा टंकण तथा कपूर ये एकेक भाग वारीक चूर्ण नींबूके रसमें लेप करणा इस लेपसे गंज चीतरी फुनसियां शिरका खोरा कीड वगेरे मिटते हैं.

कोढपर.

(३१८ काली जीरीका लेप) कालीजीरी ४ भाग हरताल १ भाग त्रिफला १ भाग गोमूत्रमें पीस लेप करणेसें चित्री कोढ जलदी मिटता है, सपेद कोढ झांखा पडता है.

गुप्त चोट हाड सांधणेपर

(३१९ अस्थि संधानक लेप) गुजर ९ भाग जदवार १ भाग एलिया १६ भागफट-कडी ८ भाग मेदालकडी ४ भाग डामर ४ भाग ईसस (कोतरूगूंद लंद) ७ भाग आंबाहलदी ७ भाग रेवचीनीका शीरा १२ भाग इनोंकों पाणीसे खूब पीस लेपकर ऊपर रुई दवाणेसें गुप्तचोट गिरणेकी चोट वगेरेसे खूनका जमाव भया होय वो विखर जाता है, हड्डी तूटी होय किचर गया होय उसपर कितनेक दिन ये लेपकरणेसें तूटे अवयवकूं टेका साहरा देकर स्थिर रखणेसें लेप चूसकर हाड पीछा मजबूत होता है, उसपर सोजन दरद दूर होताहै.

कलेजेकी गांठ.

(३२० कलेजा यकृतकी गांठका लेप) तिल पवाडके बीज उपलेट हलदी तथा राई ये सब सम वजन सरसूंके तेलमें पीस कलेजेपर लेप करणेसें खूनका जमाव विखर जाता है.

सपेद कोढ.

(३२१ सुपेद कोढका लेप) पीले फूलोंकी कणेर हीराकसी वायविडंग मनसिल गोरोचन सींधा निमक गोमूत्रमें पीसके लेप करणा.

गंजपर वाल पैदा होय.

(३२२ इंद्रलुप्त [टाटका] लेप) (१) पटोलकारस निकाल लेप करणा (२) वडी भोरींगणीकारस निकाल सहत मिलाय लेप करणा (३) चिरमीकी जड तथा फल सहत मिलाकर लेप करणा (४) भिलावेकी दरखतके छालकारस निकाल सहत मिलाय लेप करणा ये चारों लेपवाल नहीं आतें होय उगे जिस जगे वाल पैदा करते हैं.

आंखका रोग.

(३२३ नेत्र रोगका लेप) (विलाडक लेप) हरडे सींधानिमक गेरू रसोत इनोंकों जलमें पीस लेप करणेसें आंखके आस पास तव नेत्रके कितनेक रोगोंमें फायदा करता है.

३२४ आंजणीका लेप–रसोत सूंठ मिरच पीपर जलमें पीसगोली करणी वोगोलीकूं जलमे घस कोयेमें अंजन करणा.

खाज खुजली.

(३२५ खसका लेप) पीले फूलकी दारूडी वायविडंग हींगलू गंधक पवाडिये उपलेट सिंदूर समवजन लेकर चूर्णकर धतूरेके पत्तोके रसमें नींधके पत्तोके रसमें नागर वेलके पत्तोंके रसमें एकेक दिन मर्दनकर लेप तइयार करणा इससे खाज खुजली दाद पांवोंकी व्याउ फटणी वगेरे चमडीके रोग जलदी मिटते हैं.

शीत पित्त.

(३१६ पित्तीका लेप) सपेद सरसूं हलदी उपलेट पवाडिये तिल ये पांच वस्तु

सम वजन लेकर चूर्ण करणा सरसूंके तेलमें लेप करणेसें शीत पित्तके चठे निकलते है, सो मिटते हैं.

घावके कीडे.

(३२७ कृमिघ्न लेप) करंज कडवे नींव नगोड (संभालू) इन तीनोंके पत्ते पीस जिस घावमें कीडे पडे होय उसमे भरणेसें कीडे मिटते हैं २ अथवा लसण पीसके लेप करणा ३ अथवा हींग नीमके पत्तोंका लेप करणा पीस करके.

राग सिरका.

रक्त वृद्धिकूं.

(३२८ नालियरका सिरका) ५० नालेरके अंदरका जल लेणा उसकूं मंद आंचसें कढाहीमें जाडा पडे जहांतक ऊकालणा पीछे उसमें केशर ६ मासा लोंगका चूर्ण १ तोला मिला देणा.

पित्त खासी.

(३२९ अनारका सिरका) पक्की २० अनारकारस उसकूं उकाल सेर वूरा डालणा जाडा होणेपर नीचे उतार छ मासा केशर तोला १ इलायचीका चूर्ण डाल सीसेमे भर रख छोडणा.

पित्त रक्तपित्त.

(३३० नींवूका सिरका) ऊपर मुजब.

श्वास खास मंदाग्निपर.

(३३१ आदेका सिरका) आदेकारस निकाल उसमें आधा जल मिलाणा वूरा डालकर पाक करणा पीछै केशर इलायची जायफल जावंत्री लोंग रस मुजब मिलाणा शीसीभर राखणी श्वास खास मंदाग्नि अरुचि वगेरेमें ये शिरका अछा है,

रस.

दस्त अजीर्ण.

(३३२ आनंद भैरवरस) हिंगलू वछनाग सूंठ मिरच पींपर गंधक टंकण समवजन नींवूके रसमें १२ घंटा खरलकर मटर २ जितनी गोलियां करणी मात्रा १ रत्तीसें २ रत्तीतक (अनुपांन) रोग मुजब जुदा २ अनुपांनसें वहोत रोगोंपर चलताहै, खास श्वास दस्त अजीर्ण सर्पकांडंक विछूके डंकपर.

वादीपर.

(३३३ वातारिरस) साफ अफीम कुचीला तथा मिरच जलमें पीस गोलियां वणाणी कितनेक तरेकी वादी सोजा हिस्टीरीया मिरगी वगेरेमें फायदा करती है.

वादीपर.

[३३४ वातगजांकुश) पारा ८ भाग कुचीला ८ भाग गंधक ८ भाग सूंठ मिरच पींपर १२ भाग सबकूं मिलाणा मात्रा १ रत्ती सब वादीके रोगोंपर चलती है.

(३३५ लघु मृगांकरस) पारा १ भाग सोनेका वरक २ भाग मोती १ भाग गंधक १ भाग टंकण पाव भाग इन सबोंकूं कांजीमें या छाछमें या नींवूके रसमें एकदिन खरल करणी पीछे वडे सरावेमें संपुटकर लूणके पात्रमें उपर नीचे निमक देकर अग्नि देणी ठंढा भयेवाद खरलकर शीशीमें भरणा मात्रा १ वाल अनुपान सहत पीपर अथवा घी पीपर.

श्वास.

(३३६ श्वास कुठार) पारा वछनाग मिरच टंकणखार मनशिल गंधक ये एकेक-तोला त्रिकटु छव तोला सबकूं खरलकर छोटा गजपुट देणा निकाल पीस शीसीमें रख छोडणा मात्रा १ से ३ रत्ती अनुपान पान घी वगेरे श्वासकाश मंदाग्नि कफकोप सन्निपात मिरगी वगेरेमें देणा.

क्षय जीर्णज्वर नाताकती.

(३३७ सुवर्णमालिनी वसंत) सोनेका वर्क तो १ मोती तो २ हिंगलू तो ३ सपेद मिरच तो ४ खापरिया तो ८ सबोंकों मिलाकर महीन खरलकर उसमें गऊका मख्खण तो २॥ इन सबोंकों मिलाकर एक दिन खरल करणी पीछे ४२ दिन नींवूके रसमें खरल करणी पीछे टिकिया वांधणी मात्रा १ सें तीन चिरमीभर (अनुपांन) सहत तथा लींडी पींपर अथवा रोग और प्रकृती मुजब अनुपांन देणा चाहिये इससें पुष्टि होती है, क्षय जीर्णज्वर खास श्वास शीतवायु गोला धातु गतज्वर रक्त विकार दुवलापणा वालरोग वृद्धरोग गर्भणीरोग सूतिकारोग अच्छे होते हैं, पथ्य दूध भातका.

संग्रहणी.

(३३८ गृहणीकपाटरस) सूंठ मिरच पींपर गंधक टंकणखार पारा कोडीकी भस्म वछनाग ए सम भाग नींवूके रसमें खरलकर गोलियां वणाणी मात्रा १ से ३ रत्ती (अनुपांन) घी मिरच मिश्री तीनों मिलाकर देणा.

अजीर्ण अग्निमंद.

(३३९ अग्निकुमाररस) पारा १ गंधक १ टंकण १ वछनाग २ कोडीभस्म २ शंखभस्म ८ भाग मिरच ८ भाग नींवूके रसमें घोटणा रती २ की गोलियां करणी अजीर्ण अग्निमंद शूल शीत अनुपांन आदेका रस अथवा सहत अथवा नागरवेलके पान.

कामवर्द्धक.

(३४० मदन कामेश्वर रस) पारा १ गधक १ अफीम १ इन तीनोंकों नागर-

वेलके पत्तोंके रसमें बाल २ की गोलियां करणी १ गोली सांझकूं साकरके संग लेणी गोली लिये पीछै रातकू जीमणा नही लेकिन् भेंसका दूध पीणा.

जुलाब.

(३४१ इछाभेदीरस) पारा १ टंकण १ मिरच १ गंधक १ सूंठ १ जमालगोटा १ सबकूं नींबूके रसमें खरल करणा मात्रा १ वाल इच्छा मुजब जितनी वखत सरबत वूरेका गुटका पीवै इतना दस्त होय ज्वर वगेरेमें ये जुलाब बहोत फायदे बंद है सुजाक गरमीकी चांदी ७ दिनमें मिटती है.

पेटकीकृमि.

(३४२ कृमिकुठाररस) कपूर तो ८ कूडाछाल इंद्रजव त्रायमाण अजवाण वायविडंग हींगलू केशर वछनाग पलास पापडा एकेक तोला सबका चूर्णकर ब्राह्मी तथा भांगरेके रसकी भावना देणी मात्रा १ वाल अनुपांन सहत.

अजीर्ण हेजा.

(३४३ लघुकव्याद रस) शुद्ध गंधक तो २ शुद्ध पारा तो १ लोहभस्म तीन-मासा सेंचल तो १ टंकण तो १ मिरच तो १ पीपर तो २ पीपलामूल तो २ चित्रक मूल तो. २ सूंठ तो. २ लोंग तो. २ नींबुके रसकी ७ भावना देणी मात्रा १ सें ४ वाल अनुपांन पाणी छाछ अथवा छाछ सींधानिमक शेकाभया जीरा हींग इससे सखत हेजा अजीर्ण अतिसार मंदाग्नि अरुचि पेटके वायु वगेरे उदर रोगमें अछा फायदा देता है,

कासश्वास.

(३४४ अग्निरस) शुद्ध पारा तो. १ गंधक तो. २ गजवेल तो. ३ इन तीनोंकों खरलमें खूब घोटकर कजली करणी पीछे उसमें कुंवारपठेका रस डाल खरलकर गोला करणा उस गोलेकूं एरंडियेके पत्तोंमें लपेट आठदिन रख छोडणा पीछै उसमें पींपर तो. २ हरडे तो. ४ बहेडा तो ५ अरडूसेके पत्ते तो ६ इनोंका चूर्ण मिलाणा पीछै इन सबोंकूं बंबूलके छालेके काढेकी २१ भावना देणी इससें खासीक्षय श्वास वगेरे कफरोगमें बहोत फायदे बंद है.

वखतपर ठंढ बुखारपर.

(३४५ स्वल्पज्वरांकुश—) पारा वछनाग गंधक सूंठ मिरच पींपर छ[illegible] तोला छउंकूं मिलाकर धतूरेके बीज तो. २ चूर्णकर नींबुके रसमें खरलकर दोदो [illegible]त्तीकी गोली बांधणी मात्रा गोली १। अथवा २ अनुपांन आदेका रस तथा सूंठका [illegible] पाणी एकांतरा दिनरातमें दो वखत आनेवाला तेजरा चोथीया वगेरे जो बुखार ठंढ [illegible] टेमोटेम आता है, उसके पहले दो घंटा पहली लेणेसें रोक देता है, वदनमें [illegible] एक बिलकुल बुखार नहीं होय ठंढ लगणेके पहली ये दवा लेलेनी.

किरण ३ री.

अंग्रेजी दवायें.

(३४६ एरगाट–) गर्भकूं बाहिर लाणेवाला रक्त थांबनेवाला स्नायुओंकों संकुडानेवाला गर्भाशयके नसोकुं संकुडाता है, इसवास्ते बालक अंदरसे जलदी निकल जाता है, औरतोंके रक्तगिरणेकूं बंध करता है, आमलकूं बाहर निकालता है ऋतु ओरतोके दोषपर बहोत फायदा करता है, दवामें इसका अर्क तथा एक स्ट्राक्ट वापरते हैं, मात्रा अर्ककी १० सें ६० बूंद लिक्विड एक स्ट्रक्टकी १० से ६० बूंद मात्रा वढती है, तब जहरका असर करती है.

(३४७ आयर्न हीराकसी) इसका मुख्य उपयोग शरीरमें फीकासकेसंग जब नाताकती होती है, मुख्यपणे ओरतोकुं और जवान छोकरियोंकूं ये बेमारी होती है, तब वदनमेंसें लाल रजकण खूनमेंसें कम होता है, तब आयर्न देणा चाहिये ओरतोंके ऋतूधर्मके रोगमें महीनेके महीने गिरनेमें ज्यादा या कम होय तब लोहका उपयोग होता है, किनाइनके संग आयर्न ज्यादे फायदा करता है, आयर्न याने लोह देनेके पहली रोगीका पेट दस्त देके साफ करणेकी हमेसां जरूरी है, आयर्नकी वहोतसी. वनावटी दवा वणती है, उसमेंकी थोडी एक इहां लिखते हैं.

(१) सल्फेट ओफ आयर्न–रक्तशोधक पौष्टीग्राहिक पांडू तिल्ली ज्वर अतिसार तथा प्रदर ऊपर उसका उपयोग होता है, पिचकारी तथा लोशनऊपर उसका उपयोग होता है, खानेकी मात्रा १ सें ५ ग्रेन.

(२) शिरप फेरी फोसफेटिस एट किनिन कमस्टिकन्या देखो इस्टन्ससीरप.

(३) फोसफेट ओफ आयर्न–मात्रा ३ सें १० ग्रेन उसके साइरपकी मात्रा १ द्राम नाताकती मगजका रोग आंखोंकी नाताकतीमें दिये जाती है.

(४) केमिकलफुड–अथवा कम्पाउन्ड साइरप पौष्टिक स्कोफयुला जीर्णज्वर तथा नाताकतीमें दीये जाती है, मात्रा १ सें २ द्राम बालककूं ५ सें २० बूंद.

(५) टिंकचर ओफ परक्लोराइड ओफ आयर्न–पौष्टिक रक्तशोधक रक्तस्तंभक ग्राही मुत्राशयके रोग जलोदर प्रदर नष्टार्त्तव रक्तपित्त दस्तपेसाव मूंकेरस्ते खून गिरता होय उसपर फायदेवंद है, क्षय रक्तवात रक्ताशयका रोग हिस्टीरीया पांडु तिल्ली दस्त नाताकती वगेरोंपर वहुत दिये जाता है, मात्रा १० सें ३० बूंद.

(६) कम्पाउन्ड मिक्श्चर ओफ आयर्न–हीराकसी २५ ग्रेन कारवोनेट ओफ पोटाश ३० ग्रेन हीरावोल ६० ग्रेन वूरा ६० ग्रेन जायफलका स्पिरिट ४ द्राम गुलावजल

९½ औंस सबकूं मिलाणा ओरतोकी नाताकती नष्टार्त्तव प्रदर क्षय पांडु वगेरेमें गुण करता है, मात्रा १ सें २ औंस.

(७) साइरप फेरी आयोडाईड–क्षय पांडू कंठवेल नष्टार्त्तव यकृत् प्लीह उपदंश वगेरेमें दिये जाता है, मात्रा० ॥ सें १ द्राम.

(८) रिडयुस्ड आयर्न–(लोहभस्म) पौष्टिक पांडु क्षय क्षीणता मात्रा २ सें ६ ग्रेन.

(९) परओक्षाईड ओफ आयर्न–गुण लोहभस्म मुजब मात्रा ५ सें १० ग्रेन.

(१०) टार्टरेटेड ओफ आयर्न–पौष्टिक उपदंश क्षय पांडुरोगमें दिये जाता है, मात्रा ५ सें १० ग्रेन.

(३४८ आयोडो फार्म–रोपण उग्र तथा दुर्गंध नाशक है, सडा वदवों घावकूं मिटानेकूं ये दवा निहायत ऊमदा है, खराब चांदी जखम पीली भुरकी चिलकती भरे जाती है उसकूं तिलके तेलमें अथवा ग्रिसरीनमें और ब्रांडीमें मिलाय घोटनेसें मलम होता है, १ भाग आयोडोफोर्म ३ भाग कोकमका तेल गरमकर उसमें मिला देना पीछे उसकी वट्टी बणा लेनी.

३५० आर्सेनिक–(शोमल) पौष्टिक ज्वरघ्न रक्तशोधक उग्रविष ठंढके बुखारमें उपयोग होता है, पुराणे चमडीके रोग जैसें शीतपित्तके ददोडे कोढ विस्फोटक खुजली तैसें नामर्दाईमें सोमलका उपयोग होता है, $\frac{1}{60}$ मात्रासे $\frac{1}{12}$ ग्रेन सोमलका सोल्युशन और हाइड्रोकलोरिक सोल्युशन होता है, दोनोंकी मात्रा २ से ८ बूंद.

(३५० ईथर) स्पिरिट ओफ नाइट्रीक–मूत्रल स्वेदल कफघ्न खासी बुखार श्वास वगेरे रोगोंमें दिये जाता है, पसीना तथा पेसावकूं बढाता है, शरदी बुखार दाह वगेरेमें चमडी सूकी रहती होय तथा पेसाव कम आता होय उसमें ईथर फायदा करता है, मात्रा ३० सें ६० बूंद एक वर्षके बच्चेकूं ६ सें ८ बूंद.

(३५१ ईपीकाक्युआन्हापाउडर–(ईपीकाक्युआन्हा नामके दरखतकी जडका चूर्ण उलटी लानेवाला है स्वेदल शोधक तथा कफघ्न है, इस चूर्णका रंग जरा भूरा होता उवाकी लावे एसी उसकी खसवो होतीं है, जादा मात्रा लेनेसें उलटी लाती है बुखार तथा खासीमें उलटी लाणेवास्ते दीये जाता है जादे मात्रा मरोडेपर दिये जाता है थोडी मात्रामें कफ श्वास नली और फेफसेके सोजनपर दिये जाता है, मात्रा–उलटीकेवास्ते १५ सें ३० ग्रेन वडी ऊमरवालेकूं और २ सें ३ ग्रेन एकवरसके बच्चेकूं कफ निकालनेकूं १ ग्रेण वडी ऊमरमें ओर $\frac{2}{21}$ ग्रेण बच्चेकूं मरोडेमें इस दवाकूं देनेसें फेर उलटी नहीं होसके इसवास्ते इसकेसंग लाडेनम मिलाते है, पेटपरराईका पलासटर मारते है, और दवा पिलाये पीछे थोडी देरतक कोइभी पतला पदार्थ पीनेकी मनाई करते है, नहीं तो उलटी हो जाती है.

(३५२ ईपीकाक्यु आन्हावाईन–शेरीवाईनमें ईपीकाक्युआन्हाकी जडकूं मिलानेंसे ये दवा तइयार होती है, देखणेमें उसका रंग शेरीवाईन जैसा होता है, गुणपाउडर मुजब वाईन प्रवाही होनेसें बच्चोकूं देनेमें सुगम पडता हैं, मात्रा उलटी वास्ते वडी ऊमरमें ६ सें ८ द्राम ४ औंस गरम पाणीमें मिलाकर देते हैं, एक वरसके बच्चेकू १ द्राम कफ निकालने तथा पसीना लानेकूं वडी ऊमरमें १० सें ६० बूंद.

(३५३ इसटन्ससीरप–(साइरप फेरी फोसफेटीस कम किना इन एटस्ट्रिकनीआ) इसटन्ससीरपमें फोसफेट ओफ आयर्न, फोसफेट ओफ किनाईन, और फोसफेट ओफ स्ट्रिकन्या मिलती है, १ द्राम जितनी दवामें पहली दवाका वजन दोनोंका दो ग्रेन है, तीसरीका वजन ३ ग्रेन है, नाताकती पांडु तथा जीर्णज्वरमें ये दवा देते हैं, मात्रा १ द्राम.

(३५४ एकोनाईट–देशी नाम वछनाग वातहर तथा ज्वरहर है, उसका टिंकचर बुखारमें तैसें संधिवायमें शूल वगेरेमें दिये जाता है, मात्रा २ सें १० बुंद अर्क बनानेकी रीत २॥ औंस वच्छनागके चूर्णकूं २० औंस रेकटीफाईड स्पिरिटमें दो दिन भिगाये रखणा फेर छाण लेणा (वछनागका तेल) वच्छनागका चूर्ण २० औंस कपूर १ औंस रेक्टिफाईड स्पिरिट ३० औंस वच्छनागकूं स्पिरिटमें ७ दिनतक भिगाकर पीछे छाणकर कपूर मिलाणा.

(३५५ एन्टिपाइरीन–ज्वरहर है बुखार उतारणेमें बहुत उपयोगी मालम दी है, मात्रा ५ सें २० ग्रेण बुखार तीक्ष्णसंधिवात कलेजेका सोजा फेफसेका सोजा टाइफोइड फीवर वगेरे रोगोंमें बुखारकी गरमी बढ जाती है उसकूं कम करणेमें ये दवा दुसरी दवायोंसें जादा नामी निकली है देनेकी विधि–बुखार आवे और झट उसी वखत ५ ग्रेन देते है, और पीछेभी दोदो घंटासें दोतीन वखत ये मात्रा देनी एक वेर बुखारको उतार देती हैं, और ६ से २४ घंटेतक उतरा रहता है, ये इस दवाका मुख्य गुण है, लेकिन् इस दवासे नाताकती आणेका पूरा डर है, इसवास्ते बहोत हुसियारीसें देणा एसी दवा विद्वान् डाकटरकी सल्लाविगर लेनी नहीं अच्छे नामी डाकटर विशेषकर ये दवा एका एक देते नहीं क्योंके जो दवा एक तरेका फायदा दिखाकर दुसरीतरे शरीरकूं नुकशान पहुचावे एसी दवा बिलकुल देनेलायक नहीं देशी इलाजोंमें रत्नगिरि नामकी दवा बुखार उतारणे वास्ते बहोतही अकशीर है, और उस दवासें नाताकती नहीं आकर उलटी ताकत लाती है, अच्छीतरे पसीना लाकर बुखारकूं रगोरगमेंसें निकाल देती है.

(३५६ एन्टिफेब्रिन–ज्वरहर है, ये दवाभी एन्टिपाइरीनकी तरे बुखारकूं निकालणेकूं नई निकली है, मात्रा ४ सें १० ग्रेण अज्ञान लोकोंकूं चमत्कार बताणेकूं ये दवा

अकसीर है, अनाडी वैद्योका अजड उपायों जेसा ये इलाज है, और लेभागु डाकटर भी इस चीजकूं देते हैं, सरकारी होस्पिटलोंमें एसी दवा भाग्ययोगही देते हैं.

(३५७ एन्टीमनी–(१) टार्टरेट ओफ एन्टीमनी अथवा टार्टरएमेटिक–पसीना लानेवाली कफघ्न पित्तवर्द्धक उलटी तथा दस्त लानेवाली है, ये दवा जादा वजनमें सोमल जैसी जहरी असर करती है, प्रमाणमुजब दीजाय तो बुखारमें पसीना लाती है, उधरस तथा दमकूं मिटाती है, (मात्रा) पसीना लानेकूं $\frac{1}{16}$ सें $\frac{1}{8}$ ग्रेन उलटी करानेकूं १ से ३ ग्रेन (२) एन्टिमोनियल पाउडर अथवा जेम्स पाउडर (वणावट) ओकसाइड ओफ एन्टीमनी १ औंस फोसफेट–ओफलाइम २ औंस दोनोंकों एक जगे करणा कफघ्न खेदल मात्रा ३ सें ६ ग्रेन (३) एन्टीमोनियल वाइन–बनावट–टार्टर एमेटिक ४० ग्रेन शेरी-वाइन २० औंस दोनों मिलाणा बुखार कलेजा फेफसेका दरद सन्निपातज्वर दम हांफणी वगेरे रोगोंमें, रोगी ताकतवर होय तो ये दवा दी जाती है २ ग्रेन टार्टर एमेटिक और थोडी बूंदें गरम पाणी दोनों संग मिलाकर उसमें १ औंस शेरी मिलाणा बच्चोंकी कुकडिया वडी खासी तथा छातीके रोगोंमे सावचेती रखकर उपयोग करणेसें ये मिलावट अछी कामदेती है, मात्रा २ सें ५ बूंद.

(३५८ ओनीसी–ओइल ओफ यानिसी) वातहर पेटकीवायु चूंक मिटाती है, मात्रा १ सें ५ बूंद.

(३५९ एप्सम सोल्ट–(विलायती निमक) सल्फेट ओफमेग्निशिया एसा नांमसेंभी प्रसिद्ध है, मूत्रल तथा रेचक है, बुखारकी सरुआतमें इलाज करते क्विनाइनके थोडे एक डोझमें इस निमकका मिलाणा फायदेबन्द है, पित्तप्रकृतीवाले अदमीका मूं फजरमें कडवा रहता होय और पेटमें दरद रहता होय वो थोडेदिनतक फजर २ में एक २ द्राम निमक ले तो बुखारके हुमलेसे बचता है, स्वाद उसका अच्छा करणा होय तो पीपर-मेन्ट अथवा डाइल्युट सल्फ्युरीक एसिडकी थोडी बूंदे मिलाते हैं, निमक पिये पीछै चा पीते हैं, बुखार अजीर्ण पित्तकी रुकावटसें भई दस्तकी कबजी जलोदर वगेरे रोगोमें इसका साधारण जुलाव दिया जाता है, कलेजेके रोगमें अच्छा फायदा करता है, मात्रा १ द्रामसे १ औंस.

(३६० एप्सम सोल्ट–साइट्रेट ओफ मेगनीशिया, बनावट–कारबोनेट ओफ मेग्नि-शिया–वाइ कारबोनेट ओफ पोटाश, नींबूका शरबत और सीट्रीकएसिड इन सबोंकी मिलावट. (मात्रा–(१) २ सें ४ द्राम) अथवा जादा मेग्नीशिया एक प्याले जलमें मिलाकर पीनेसें एक अच्छा हलका जुलाव लगता है.

(२) २ औंस पाणीमें १ द्राम मेग्नीशिया पीनेसें खटासकूं दूरकर ठंडक करता है.

(३) ०॥ द्राम मेझीशिया तथा २० बूंद स्पिरिट ओफ नाइट्रीक इथरका १॥ औंस पाणीमें डाल पीनेसें बुखारकी गरमीमें ठंढक तथा पसीना लाता है.

(३६१ एमोनिया–(लायकर) अम्लविरोधी (खटासकूं दूर करता) उलटी करानेवाला स्वेदल उष्ण वादीहर उत्तेजक कफघ्न (कफकूं निकालनेवाला) और चमडीपर फफोला उठानेवाला आमोनिया वदनमें गरमी और प्रकाश देता है, हिस्टीरीया शिरका दर्द मज्जातंतुओंकी नाताकती मूर्च्छा अतिक्षीणता अजीर्ण आम्लपित्त छातीका धडका और औरतोंके गर्भाशयके रोगोंमें दिये जाता है, (मात्रा–द्राम ॥ सें १ इससें जादा लेनेसें शिरमे दर्द तथा सुस्ती आती है, उलटी होती है अधिकमात्रासें जहरी असर करती है, मुख्य बनावट–(१) एरोमेटिक स्पिरिट ओफ आमोनिया–अथवा साल वोलेटाईल, गुण) उष्ण वातहर हिस्टीरीया मूर्च्छा निचलाई अजीर्ण पेट चूंक वगैरे रोगोंमें दिये जाता है, मात्रा २ से १० बूंद (२) कलोराईड ओफ एमोनिया अथवा साल एमोन्याक (देशी नाम नोसादर) गुण) यकृतशोधक वातहर ग्रंथीशामक तथा कफघ्न है, कलेजा तथा तिल्लीका शिरका चमका संधिवात पुराणी खासी तथा कामलेके रोगमें वापरते हैं, औरतोके स्तन पकते हैं वो तथा दुसरे सोजेपर और वद वगैरे गांठोपर उसके पाणी लोसनमें कपडा भिगाके धरा जाता है, पीणेकी मात्रा ५ सें ३० ग्रेन (३) कारबोनेट ओफ आमोनिया–उष्ण स्वेदल कफघ्न वामक उग्र नवसादर और चूना मिलाकर फूल उडानेसें ये दवा बणती है, शिरका दर्द हिस्टीरीया मूर्च्छा वगेरे रोगोंमें सुंघाणेसें जागृती आती है, आम्लपित्त श्वास खासी क्षय वगेरेमें दिया जाता है, मात्रा २ सें १० ग्रेन (४) लायकर आमोनिया एसेटेटिस–स्वेदल मूत्रल तथा शीतल है, कारबोनेट ओफ आमोनिया ३॥। औंस और एसेटिक एसिड १० औंस पाणी ५० औंस पहली दवाके भूकेपर दुसरी दवा धीमे २ डालनेसे ऊफण आती है, पीछे उसपर पाणी डालणा फुलप्रवाही ६० औंस होय इतना पाणी डालणा बुखारमें पसीना लानेवास्ते डाया फोरेटिक मिक्श्चरमें इस दवाका उपयोग करनेमें आता है, (मात्रा १ से २ द्राम) डायाफोरेटिक मिक्श्चर–लाईकर अमोनिया एसेटेटीस २ द्राम स्पिरिट ओफ नाइट्रीक इथर २० बुंद और एकवा क्यांफर (कपूरका पाणी) १ औंस तीनोकों मिलाकर मिक्श्चर करणा (५) लिनिमेन्ट ओफ आमोनिया–लायकर आमोनिया (स्ट्रोंग सोल्युशन ओफ आमोनिया २० औंस अच्छा पाणी ४० औंस) १ औंस अलशीका तेल २ औंस येदवा दोनों एकजगे मिलाणा अलशीके तेल वदले तिलका तेलभी काम देता है, उष्ण है, संधिवात तथा जकड गया अवयवोंपर मसलनेसें फायदा करता है.

(३६२ एलम–फिटकडी) स्तंभक सारक वामक तथा जंतुनाशक है, रसवाहिनी नसोकूं संकोच रसका शोषण करणा ये यालमका खास गुण है, वडी मात्रामें वो दस्त

तथा उलटी लाती है, खाणेकी मात्रा ५ सें १० ग्रेन है, फोडा तथा सोजेपर उसके जलका भीगा वस्त्र धरा जाता है, दुखती आंखोंमें उसकी बुंदे डालणीमें आती है, घाव तथा स्तन पाक धोनेवास्ते यालमकी जलकी पिचकारी मारते हैं, और मूंमे छाले होजाते हैं, तब इसके पानीसें कुरला कराते हैं, पोता तथा पिचकारीका लोसन–पाणी १ रतल और यालम तीनमासेसे ॥ तोला कुरला–पाणी १ औंस यालम ८ ग्रेन आंखकी बूंदे पाणी १ औंस यालम ५ ग्रेन एक ग्यालन गुडले जलमें थोडे ग्रेन एलम डालणेसें जल साफ होजाता है.

(३६३ एलोइ–देशी नाम एलिया) रेचक ऋतुदोपहर गर्भवंती औरतकूं तथा मस्से वालेकूं देना नहीं एकस्ट्राकट टिंकचर और जुदी २ जातकी पिल्स वापरते हैं, जैसेंके पिल ओफ यालोइ एट यासाफीटीडा पिल ओफ यालोइ एन्ड आयर्न पिल ओफ यालोइ एटमहर वगेरे एकस्ट्राक्टकी मात्रा २ सें ६ ग्रेन टिंकचरकी मात्रा १ सें २ द्राम और गोलीकी मात्रा ५ सें १० ग्रेन.

(३६४ एसिड–(अम्ल) एसिड बहोत तरेका होता है, थोडोंका नाम इहां लिखताहुं (१) एसेटिक एसिड (२) कारबोलिक एसिड (३) टार्टरिक एसिड (४) टेनिक एसिड (५) गेलिक एसिड (६) बोरेसिक एसिड (७) नाइट्रिक एसिड (८) फोसफोरीक एसिड (९) ल्याकटीक एसिड (१०) सल्फ्युरिक एसिड (११) साइट्रीक एसिड (१०) हाइड्रोक्लोरिक एसिड (१३) हाइडोस्यानिक एसिड (१४) क्राइसोफेनिक एसिड (१५) बेनझोइकि एसिड इस हरेकका वर्णन उस २ तरेके एसिडमें करनेमें आया है.

(३६५ एसेटिक एसिड–शीतल अम्ल टाटगंज दाद मस्सा वगेरे ऊपर लगाणेमें काम देता है, उससें लाल दाद जलदी अच्छा होता है, दाद वगेरे पर लगाणा होय तो उससें चोगुणा जल मिलाणा.

(३६६ आइन्टमेंट–(मल्लम) अंग्रेजी इलाजोंका मुख्य २ मल्लम लिखते हैं.

(१) सादा मल्लम–३ औंस सपेद मोम ३ औंस चरबी या घी तीन औंस विदामका तेल गरम पाणी ऊपर डाल छाणके मिलाना.

(२) टरपेन्टाइनका मल्लम–टरपेन्टाईन १ औंस रालका भूका ५४ ग्रेन लार्ड ॥ औंस मोम ॥ औंस गरमकर मिलाना.

(३) क्यान्थारीडीसका मल्लम–क्यानथारीडीस १ औंस अलशीका तेल ६ औंस पीला मोम १ औंस पहली दो चीज १२ कलाकतक सांमल रखकर पावकलाक गरम पाणीपर गरमकर महीन कपडेसें निचोयकर गरम करेभये मोमकेसंग मिला देना.

(४) क्रियासोटका मल्लम–क्रियासोट १ द्राम सादा मल्लम १ औंस अफीम ३२ ग्रेन मिलाना.

(५) मांजूफल अफीमका मल्लम–मांजूका मल्लम १ औंस अफीम वत्तीस ग्रेन मिलाना.

(६) मांजूका मल्लम–माजूफलका चूर्ण ८० ग्रेन बन्झो येटलार्ड १ औंस मिलाना.

(७) श्युगर लेडका मल्लम–श्युगरलेड १२ ग्रेन सादा मल्लम १ औंस मिलाना.

(८) रालका मल्लम–रालका चूर्ण ८ औंस पीलामोम ४ औंस विदामका तेल २ औंस सादा मल्लम १६ औंस.

(९) गंधकका मल्लम–गंधक १ औंस बेन्झो एटेड लार्ड ४ औंस दोनोंकों मिलाना.

(१०) पारेका मल्लम–पारा रतल १ लार्ड १ रतल स्वेट १ औंस मिलाकर पारा दिखता बंध होजाय उहांतक घोटणा.

(११) (कम्पाउन्ड) पारेका मल्लम ६ औंस पीलामोम ३ औंस ओलीवतेल ३ औंस कपूरकाचूर्ण १॥ औंस मोमकूं गरमकर उसमें डालणा वोठरे तव उसमें भूका तथा पारेका मल्लम मिला देणा.

(१२) रेडआयोडाइड ओफ मर्क्युरीका मलम–१६ ग्रेन उसकूं १ औंस सादा मल्लममें मिला देणा.

(३६७ ओपीयम–अफीम) उष्ण पीडाशामक शूलहर वातहर ग्राही मूत्रल स्वेदल खूनके वेगकूं दवानेवाला नींद तथा नसा लानेवाला और मरदमी देनेवाला है, दवा मुजव अफीमका उपयोग वहोत होता है, वहोततरे वरते जाता है, मगजके वहोतसे रोगोंमें सराप पीनेसें भये उन्मादमें सूवा रोगके उन्मादमें धनुरवादी हिचका चसका खास श्वास कफ दम मरोडा अतिसार हैजा चूंक उलटी होजरीका घाव मर्मस्थानसें खूनका गिरणा सूवा रोग संधिवात दरद अनिद्रा वगेरे असंख्य रोगोंमें अफीम चमत्कारी काम करता है, मधुप्रमेहपर अफीम वहोतही फायदे वंद देखणेमें आया है, इपीका क्युआना, केलोमेल वगेरे कितने एक अंग्रेजी दवायोकेसंग अफीम वहोतही अकसीर है, अंग्रेजी दवायोंमें अफीमकी वहुतही दवाइयां वणती हैं, टिकचर ओपीयम (लाडेनम) एकस्ट्राकट ओफ ओपियम हाइड्रोकलोरेट ओफ मोर्फिन (और अफीमका लेप) अफीमका तेल वगेरे) केम्फोरेटेड टिंकचर ओफ ओपीयम अथवा जिसकूं प्यारे गारीकभी कहते है, वो कफ हांफणी खुलखुलिया वच्चेकी खासी और छातीके दरदोमें वहुत उपयोगी है, इस अर्कमें एक औंसमें २ ग्रेन अफीम आता है, (मात्रा ३० सें ६० वूंद) एक स्ट्राकट(सत्व)की ॥ सें० २ ग्रेन मोरफिनकी $\frac{1}{2}$ सें $\frac{1}{3}$ ग्रेन अफीम जहरी होनेसें वहोत संभालकर देणा चहिये फेफसेके रोगमें श्वास रुकके आता होय तो उसमें अफीम कभी देना नहीं.

(३६८ ओरेन्ज) (नारंगी) दीपन रुचिकर इन्फ्युझन टिंकचर तथा सीरपके रूपमें दवातरीके वापरते हैं, (मात्रा—चाकी १ से २ औंस टिंकचरकी १ सें २ द्राम और शरबतकी १ द्राम.

(३६९ ओलाइव—ओलीव्हओइल वोस्पालड ओईल एसे नामसें पहचाणे जाती है, चमडीके खुजालवाला दरद अंगारसें जलेपर लगाये जाता है, उसमें अलसीके तेल जैसा गुण है.

(३७० ओलियम—(तेल) अंग्रेजी चलते इलाजोंमें तेलरूपसें वपराती मुख्य २ दवायोंके नाम.

(१) ओलियम एनिसी—(अलशीका तेल) गुण—वातहर पेटकी वायु तथा चूंकपर दीजाती है, मात्रा १ सें ४ बुंद.

(२) ओलियम ओलीव—(स्पालड ओईल) ये तेल बहोतसे मलम तथा चुपडणेका तेल (लीनीमेन्ट) बनानेमें वापरते हैं, जलगयेपर जलण खुजालपर लगाये जाता है, इस तेलकी एवजीमें अलसीका तेलभी काम आता है.

(३) ओलियम क्याजुपुटी—इसके तेलका गुण वादी हरता उष्ण मात्रा १ सें ४ बुंद

(४) क्रोटन ओइल—जमाल गोटेका तेल नेपालेके बीजोंमेंसें निकलता है, घाणी-द्वारा, देशी वैद्य शुद्धकर दवा बणाते हैं, डाकटरलोक तेल वापरते हैं, ये तेल बहोत तेज होता है, जलोदर वगेरे सखत कवजियतमें दिये जाता है, मात्रा १ सें २ बुंद.

(५) ओलियमजूनीयर—इसकाभी तेल गुण वातहर तथा मूत्रल है, मात्रा १ सें ४ बुंद पेटकी वायु चूंक सोजा जलोदर वगेरेमें दिये जाता है.

(६) टरपेनटाइन तेल—गुण) मूत्रल ग्राही रक्तस्थंभक कृमिघ्न रेचक वातहर तथा रोपण है, मात्रा १० बुंदोंसें ४ द्रामतक दीजाती है मूत्रल तथा ग्राहीगुण है इसवास्ते ५ सें ३०टीपा कृमिघ्न और रेचक गुण है इसवास्ते १ सें ४ द्राम टाइफस और टाईफो-इड नामके बुखारमें उसकूं आफरा चढता है, ऐसे रोगोंमें दिया जाता है, रक्तपित्तका जाता भया खून इससे बंध होता है, कृमि चूंक जलोदर और दस्तकी कवजियतमेंभी फायदा करता है, छाती तथा पेटके सोजेपर उसका सेक करनेसें फायदा करता है, अंगारके जलणेसें भये घाव चांदीपर तिलके तेलमें इतनाही टरपेन्टाइन लगानेसें अच्छा होता है.

(७) ओलियमथियोब्रोमी—कोकमका तेल कोकमके बीजोंकूं पीलके ये तेल निकाले जाता है, इस तेलकूं जमाकर गुजरात वगेरेमें बजारमें, गोला, तईयार विकता है, ये तेलके लगानेसें हाथ पांवोकी व्याऊफटी मिटती हैं.

(८) ओलियम फोसफोरेटम—[फासफोरसवाला तेल] विदामके तेलकूं तीनसें डिग्री जितनी आंच देकर पीछे उसकूं छाण लेना ठंढाभयेवाद ४ औंस विदामके तेलमें

१२ ग्रेन फासफोरस मिलाना पीछे एक सो अस्सी डिग्री गरम पाणीमें उसकी शीशी धर देनी और हिलाणी जब फासफोरस गलके मिल जाय गुण पौष्टिक मात्रा ५ सें १० बुंद.

(९) पीपरमींटका तेल-(ओल्यम मेन्थी पीपरीटी) उष्ण वातहर मात्रा १ से ४ बूंद पेटकी वायुमें तथा योगवाही दवागुजब दुसरी दवायोंके संग वापरते हैं.

(१०) कोडलिवर ओइल-क्षय कंठवेल नाताकती तैसें चमडीके रोगमें फायदा करता है, जादा वर्णन कोडलिवर ओईलमें करनेमें आया है, गुण-पौष्टिक मात्रा १ सें ८ द्राम आर्य लोकोंके नही खानेयोग्य है.

(११) केस्टरओइल-एरंडीका तेल रेचक मात्रा १ द्रामसें १ औंस.

(३७१ कलंबा-कलंभाका टिंकचर २½ औंस कलंभा २० औंस प्रुफस्पिरिट पहली १५ औंस स्पिरिटमें कलंभेके चूर्णकूं चोवीस घंटे रखकर हिलाना पीछे छाणकर वाकीका ५ औंस स्पिरिट डालणा मात्रा ½ से २ द्राम दीपन पाचन मंदाग्नि नाताकती उलटी अजीर्ण वगेरे रोगोंमें वापरते हैं मंद जठराग्निसें जिसका वदन फीका पडगया होय वेर २ दस्त होता होय और अजीर्णके दुसरे चिन्ह मालुम पडतें होय तव कलंभा तथा टींकचर फेरीका उपयोग वहोत फायदेवंद है, कलंभेके टिकचर सिवाय इन्फयुझन (चा) एक-स्ट्राकट (घन) और चूर्णभी इसका वापरते हैं.

(३७२ क्राइसोफेनिक एसिड-ये एसिड दादकेवास्ते उत्तम इलाज है, उसका ओइंटमेंट (मलम) होता है, क्राइसोफेनिक एसिड५ ग्रेन एसेटिक एसिड १ वूंद टींकचर आयोडीन १ वूंद ओइंटमेंट ओफ आयोडिड ओफ मर्क्युरी एक ग्रेन और वैसे लाइन १ औंस तमाम दादोकूं ये मलम मिटाता है.

(३७३ क्याटेकू-कत्था) टिंकचर तथा चूर्णभी काम देता है. टींकचरकी घनावट २½ औंस कत्थेका भूका २० औंस प्रुफस्पिरिट १ औंस तजका चूर्ण सातदिन भीगे रखणा छाण लेना मात्रा ३ सें २ द्राम गुण ग्राही स्तंभक शीतल अतिसार रक्तातिसार वगेरेमें वापरते हैं.

(३७४ क्यालोमेल-(हाइड्रारजीरी सव कलोरीडम्) रेचक तथा शोधक है, थोडी मात्रामें वो पित्त वगेरे रसका शोधनकर शरीरकी विगडी दशाकूं धीमें २ सुधारता है, मात्रा) शोधक गुण है, इसवास्ते २ सें १ ग्रेन रेचकगुण है, इसवास्ते २ से ६ ग्रेन रेचकतरीके इकेला क्यालोमेलका उपयोग करणा अच्छा नहीं है, शोधक गुणवास्तेभी वहोत दिनोंतक जारी रखणा नहीं क्योके इससें मूं आजाता है, वच्चोंका वुखार कृमि मगज तथा छातीके रोगोंमें वापरते हैं, वुड्ढे अदमीके वुखारमें किनाइन वगेरे दवा सरू करते केलोमेल और एन्टीमोनियल पाउडर एकेक तीन ग्रेन २ देनेसें फायदा होता है, (व्यायकवांस) चूनेका पाणी १० औंस क्यालोमेल ३० ग्रेण दोनोंके मिलाणेसे कालापाणी होता है उसका पोता गरमीका जखम मिटता है और सोजा होता है, सोभी ऊतरता है (वफारा) अंगारपर चार पांच ग्रेन क्यालोमेल डालकर उसका

धूंआ लेना धूआं लेते वखत गलेसें ऊपरका भाग खुला रखकर वाकी सव वदन कपडेसें ढक लेना वहोत दिन इसका वफारा लिये जाय तो मूं आजाता है, इससें विस्फोटक वगेरे फूटकर वदनकूं सडानेवाली गरमी अच्छी होती है, लेकिन् पारे की कोईभी दवा खाकर अथवा धूंआ लेकर जादा मुंआणा इससें फायदेके वदले नुकशांन वहोत है, जरासा मूं आवै थोडा मसूडे फुले तव तुरत दवा वंधकर देनी.

(३७५ क्युवेव–कवावचीणी–मूत्रल तथा शीतल है, प्रमेह तथा हरसमें उसका वहोत फायदा देखा है, खास गुण पुराणा प्रमेहपर वहोत अच्छा है, चूर्ण तेल अथवा इसका अर्क फायदेवंद है, चूर्णकी मात्रा २० ग्रेनसें २ द्राम दूध अथवा जलसें देणा तेलकी मात्रा ५ सें २ वुंद टींकचरकी मात्रा ½ सें २ द्राम ७ कवावचीणीका चूर्ण ॥ भर फिटकडी २ वाल और कत्था २ रतीभर दिनमें तीन वखत दोतीन दिन हमेस लेनेसे प्रमेह तथा प्रदर गिरता वंद होता है, कवावचीणी मस्सेके खूनकूं वंध करता है, हरस रोगमें माखण मिश्रीकेसंग इसका चूर्ण लेना.

(३७६ कलोरल–(क्लोरलहाईड्रेट) उसके सुपेद चिलकते पासें अथवा छोटे २ टुकडे होते हैं, पाणीमें डालणेसें पिगल जाता है, नींद लाणेकूं खासतरीके दिये जाता है. क्लोरल अफीमकीतरे नींद लाता है, लेकिन् दस्त कवज नहीं करता जुस्सा नहीं लाता चसका संधिवाय आंकसी धनुर्वात सन्निपात हिचका चित्तभ्रम और वेचेनी तथा अनिद्रा वाले रोगोंमें ये दवा वहोत फायदा करती है, धनकिया वादी कुचीलेका जहर चढनेसें अदमीका वदन खेंचीज जाता है, उसकूं एकदम आराम करता है, अफीमकीतरे वहोत दिनोतक लेनेसें उसकी टेव (मावरा) पड जाता है, जादा मात्रा लेनेसें जहरी चीज है, मात्रा–खेचा तान हिचका वगेरे मिटाणेकूं ५ से १० ग्रेन नींद लानेकूं १५ से ४० ग्रेन लेकिन वीस ग्रेणसें जादा देते वहोत हुसियारी रखणी चहिये मिश्रीके जल में गालकर क्लोरल देना जादे अच्छा है; केमीष्टके उहां इसका शरवत (सीरप ओफ क्लोरल) तयार मिलता है, उसमें १ द्राम शरवतमें १० ग्रेन क्लोरल होता है, वो वापरणा सुगम पडता है.

(३७७ क्लोराडाइन–ग्राही पीडाशामक दीपन पाचन और आंकसी तथा शूलकूं मिटानेवाला है, क्लोरोडाइन कालेंगका जाडा प्रवाही होता है, वो मोरफीया कलोरोफोर्म इन्डियन हेम्पहाइड्रो स्पानिक एसीड पेपरमिन्ट और स्पिरिटका वणता है, स्वादमें अच्छा होता है, पेटकी आंकसी अतिसार खासी दम वगेरे रोगोंमें वापरनेमें वहोत लोक घरमें रखते हैं, इसकूं देती वखत ऊमर तथा रोगका वरावर विचार करणा चाहिये मात्रा स्वेदल तथा पीडा शामकतरीके ५ से १० वूंद कफ शरदी ईन्फल्युएन्झा तथा एग्यु जातके वुखारमें दिये जाता है, आंकसी मिटाणेकूं १० सें २५ वूंद दम खासी वगेरेमें

इतनी मात्रा दी जाती है, ग्राहीपणेकूं १५ सें ३० वूंद हैजा अतिसार मरोडेमें ये मात्रा देणा चहिये बच्चोंकूं एकाएक देना नहीं जो कभी देना पडे तो बहुत सावचेतीसें ऊमरका विचार करके देणा चहियें एक वर्षके बच्चेकूं १ वूंद १–३ वरसके बच्चेकूं २ सें ४ वूंद इस क्रमसें ८–१६ वर्षवालेकूं ८ सें २० वूंद देणा, अनुपान–पाणी शरवत अलशीकी चा अथवा खांडमें वूंदे मिलाकर देणा क्लोरोडाइनकी वाटलीकूं मजवूत वंध रखणी और हिलायकर लेनी.

(३७८ क्लोरोफोर्म–वातहर मादक शामक खेंचाताणकूं वंध करता वेहोस करनेवाला है, जरूरपणे इसका उपयोग शरीरकूं काटणे वाढणेकी वखत वेशुद्ध करनेका है, लेकिन् वो उपयोग अनुभवी डाकतरोका है, इसके अलावा हैजा अतीसार चूंक वगेरे रोगोंमें वो दिये जाता है, मात्रा–१ सें ५ वूंद बच्चोंकों ये दवा पीनेकूं देना नहीं, १ सें ५ वूंद खांडमे मिलाकर देनेसें उलटी एकदम वंद होजाती है, दम तथा हैजेमें गुंदके पाणीमे ३ से ५ वूंद मिलाकर देना, वनावट (१) कमपाउन्ड टिंकचर ओफ क्लोरोफोर्म–क्लोरोफोर्म २ औंस रेकटीफाइड स्पिरिट ८ औंस इलायचीका अर्क १० औंस तीनोंकों मिलाणा मात्रा–२० से ६० वूंद (२) स्पिरिट ओफ क्लोरोफोर्म–क्लोरोफोर्म १ औंस रक्टिफाइड स्पिरिट १९ औंस दोनोंकों मिलाणा मात्रा २० से ६० वूंद (३) लिनिमेन्ट ओफ क्लोरोफोर्म–क्लोरोफोर्म २ औंस लिनिमेन्ट केम्फर २ औंस दोनोंकों मिलानेसें लिनिमेंट याने तेल वणता है, वो वदनके किसीभी जगेका दरद जलण तथा खुजालपर लगाणेसें मिट जाता है.

(३७९ काश्या–दीपन पाचन ज्वरघ्न वुखार मंदाग्नि तथा कृमिपर चा घन तैसें अर्क दिये जाता है, तांतू जैसें कृमियोंकों विलकुल मिटाता है, पीछे जुलाव देकर निकाल देते है.

३८० किनाईन–(सलफेट ओफ किनाइन) ज्वरहर पौष्टिक पाणीमें वरावर मिलता नहीं सल्फ्युरिक एसिड १० वूंद और किनाइन १० ग्रेन इय मिल जाता है, (अच्छे किनाइनकी परिक्षा)–एक चकूके पाणपर किनाइन धरकर उस चकूकूं स्पिरिट लेम्पर धरणा चकूका पाना लाल जव होगा तो किनाइन तो उड जायगा उस चकूपर फकत काला दाग रह जायगा अगर पिछाडी चकूपर कुछ पडा रह जाय तो समझणा के किनाइनमें किसी चीजका भेल है, किनाइन शरीरमें क्या किया करता है, वो डाकटरोके अभीतक पूरा समझमें नहीं आया है, लेकिन निरोगी खूनमें किनाइके मिलता कोइ पदार्थ देखनेमें आया है, एसा रसायणी विद्वानोका कहणा है, उसकू इसवास्ते किनाइन खूनमेके उसपदार्थकूं पुष्टि देता है वुखारमें खूनमेका इसतरेका पदार्थ कम होजाता है किनाइन पीछा वणा देता है. इसवास्तेही किनाइन सव वुखारमें अकसीर उपाय ठहरा है, जादातर मेलेरियल

फीवरमें और विषम ज्वरमें जादाही अकसीर है, वदनकी गरमीकूं कम करता है, उसके संग ज्ञानतंतुओंकोंभी मंद करता है, मेलेरिया बुखारमें खून में सपेद रजकण बढते हैं, किनाइन उसकों रोकता है, किनाइन जहरी कीडोंकों मिटाता है, उससें वदनके सडते भागकूं रोकता है, चसका तैसें संधिवाय जैसे रोग सो बहोतसी वखत दिखाइ देता है, और पीछै मिट जाता है, उसमेंभी किनाइन अच्छा फायदा करता है, इसका उपयोग करते एक दो वात ध्यानमें रखनेकी है, बुखारमे किनाइन सरू करती वखत एक दोय दस्त आवै पेट साफ होय एसा परगेटिवले लेना चहिये दुसरी वात इय हैके वदनमें ठंढ अथवा बुखार (गरमीका) जोर होय तव किनाइन नहीं लेणा दस्तका खुलासा होय पसीना आनेलगे तब किनाइन लेना डाकटरकी सलाह नहीं होय तव किनाइन लेना होय तव बुखार नरम पडे और पसीना आये पीछै अथवा चमडी भीजीसी होजावे तब लेना बडे बुखारमें जब शिर दुखता होय नाडी जोरमें होय और चमडी सूकी होय तब किनाइन विना डाकतरके हुकम विगर कभी लेना नहीं कितनी वेर एसाभी बणता है, शरीरमें क्षारकी व्यासि भये पीछेही किनाइनका पूरा असर होता है, इसवास्ते किनाइनकेसंग क्षार गुणकी दवाइयें जरूर मिलाकर देणा चहिये किनाइन जुदे २ शरीरमें जुदी २ असर करती है, कोईकूंवडी मात्रामेंभी चहिये एसा असर नहीं करता और कोईकूं थोडी मात्रामें शिरमें तथा कानमें अवाज तथा बहिरापणा लाता है, चमडीपर दाग उठ जाता है, मात्र एक ग्रेन किनाइनसें एसा अहवाल बणनेका किसी २ जगे दाखला बण आता है, जब एसा अहवाल बने तब मात्रा कम करणी अथवा बंधकर देणा किनाइनका वडा डोझ शिरमें अवाज कानोंमें बहरापणा आंखोमें अंधेरा लाता है, चहरा और आंखे लाल चोल होजाती है, ये असर थोडी २ कम होकर बंध होती है, लेकिन किसी २ वखत कानकी अवाज वगेरे निशानि या हमेसांकेवास्ते रह जाती है (मात्रा ३ से १० ग्रेन) अथवा वेर २ नहीं देना होय तो इससेभी जादा मात्रा दी जाती है, अनुपान-सामान्यतरे पाणीकेसंग लिये जाता है, लेकिन अच्छा अनुपान नींबुका रस है, अथवा सल्फ्युरिक एसिड है, कडवा बहोत होता है, अगर लिया नहीं जाय तो गूंदके पाणीमें अथवा ग्लिसेराइनसें गोलियां वांध लेनी बुखार सिवाय पाचन क्रियापरभी अच्छी असर करती है, और उससें डिस्पेपस्या नामके अजीर्णमें फायदा करती है, नाताकती दूर करनेवास्ते किनाइन ऊपर लिखी मात्रासें आधे वजनमे लेना मेलेरियावाली हवामें हमेस एकाध ग्रेन किनाइन लेणेसें मेलेरियाकी जहरी असरसे वचता है.

(३८१ काजुपुटी ओईल–पेटकी चूंकपर दीजाती है, मात्रा १ सें २ वूंद अथवा ऊपर चुपडे जाती है.

(३८२ कायनो–हीरादक्खन-ग्राही रक्तस्तंभक शीतल-अर्क तथा चूर्ण वापरते हैं,

टिंकचर–हीरादखनका चूर्ण २ औंस रेकिट फांइड स्पिरिट २० औंस ७ दिन भिगाकर छान लेना और स्पिरिट २० औसमेंसे कम होय इतना फेर डालकर २० औंस पूरा करना मात्रा १ सें २ द्राम-कम्पाउन्डपल्वीस–३।।। औंस हीरादक्खण .।. औंस अफीम १ औंस तजका चूर्ण इन तीनोंका महीन चूर्ण मात्रा ५ से १० ग्रेन दस्त खून गिरणा तथा उलटीमें देते है.

(३८३ कार्डेमम–इलायची दीपन पाचन रुचिकर टिंकचर कोर्डेमम दुसरी दवायोंके संग दिये जाती है मात्रा ½ सें २ द्राम.

(३८४ कारबोलिक एसिड–दाहक रोपण जंतु तथा दुर्गंध नाशक बुखारकूंभी मिटाता है, उलटी ज्वर रक्तदोषमें खाणेमें देते हैं, ग्लिसेराइन ४ औंस कारबोलिक एसिड १ औंस मिलाणा मात्रा ५ सें १० बूंद मुख्य उपयोग जखम घाव भरणेमें काम देता है, कारबोलिकका प्रवाही-१ भाग कारबोलिक एसिड और ४० भाग पाणी सांमल करणा जखम उपदंशकी चांदी दुर्गधी घाव हाड गंभीर नासूर भगंदर वगेरे रोगोमें धोनेवास्ते तथा पिचकारीवास्ते बहोत उपयोगी है, कारबोलिक तेल-१ भाग एसिड २० भाग मीठातेल मिलाना ऊपर लिखे तमाम चमडीके रोगोंमें इस तेलकी पट्टी मारणेसें बहोत जलदी भराव लाता है, जो घाव चिक २ तें होय ऐसे घावपर पहली आयोडोफोर्म भुरकाकर पीछै कारबोलिक तेलका कपडा भिगाके धरणा साचूमें तथा बहुतसे मलमोंमे कारबोलिक एसिड मिलानेसें चमडीके रोगोंमें बहुत फायदाबंध होता है, खानेमें उसकी मात्रा ½ से २ ग्रेन है, जादा लेनेमें आवे तो जहरके चिन्ह बताता है, मरभी जाता है.

(३८५ क्रियासोट–उलटी तथा दस्तकूं रोकता है, दुर्गधका नाश करता है, दांतके दुखणेकूं बंध करता है, उसका मलम दाद खुजली खाजपर काम आता है, मात्रा १ सें ३ बूंद क्रियासोट मिश्चर १ सें २ औंस.

(३८६ क्रीम ओफ टार्टर–दुसरा नाम एसिड टार्टरेट ओफ पोटास-बाईटार्टरेट ओफ पोटाश सारक शीतल मूत्राशयपर उसकी असर अच्छी होती है, बुखार हरस जलोदर तथा दस्तकी कबजीमें दिये जाता है, मात्रा २० से ६० ग्रेन (रेचक) मात्रा १ से ४ द्राम गंधकके संग मिलाकर हरसमें दिये जाता हे, गंधक ३ द्राम और क्रीम ओफ टार्टर १ द्राम दोनों मिलेभये मात्रा १ द्राम अनुपान सहत अथवा शरबत.

(३८७ केम्फर–कपूर जंतुनाशक निद्रानाशक ज्वरघ्न स्वेदल कफघ्न मूत्रल चमडीकी क्रिया और पसीनेकूं बधाता है, जादा मात्रा देनेसें वो खूनके वेगकूं नरमकर आंकडी तथा शूलकूं मिटाता है, हिस्टीरिया दम संधिवाय खुलखुलिया खासी छातीका धडका वगेरे रोगोंमें देते हैं, जलणकूं मिटाता है, नींदकूं उत्तेजन देता है. शिरके दरदकूं कम

करता है, और शरदीमें फायदा करता है, मात्रा–२ सें ४ ग्रेन (बनावट) १ केम्फरवाटर डिस्टील्ड बोटरसें भरी शीशीमें थोडा कपूर डाल थोडे घंटाओं तक केम्फरका जल खुसबोदार होता है, येजल इकेला दवातरीके दिये नहीं जाता लेकिन डाया फोरेटिक मिकश्चर जैसी बनावटोंमें उसका सादे जलके ठिकाने उपयोग होता है, (२) स्पिरिट क्याम्फर–१ औंस और १ द्राम रेक्टीफाइड स्पिरिटमें १ द्राम कपूर डालनेसें स्पिरिट क्याम्फर बणता है, शरीरके अंदर गरमी लानेवास्ते हिस्टीरीया वगेरे ऊपर लिखे रोगोंपर पीनेमें तैसें बाहर जलके संग (३) कम्पाउन्ड टिंकचर ओफ क्याम्फर अथवा पेरी गोरिक एलीक्सीर अफीम ४० ग्रेन लोबानका फूल ४० ग्रेन कपूर ३० ग्रेन एनिसी ओइल । द्राम प्रुफस्पिरिट २० औंस ये पांच चीजोंकों एक बाटलीमें ७ दिन रख छोडनी और बाटलीकूं बखतो बखत हिलाना पीछै छाण लेना इस दवासें हैजा अतिसार वगेरे रोगोमें दिये जाता है, मात्रा १५ सें ६० वूंद अर्थात १ द्राम बच्चेकूं ३।५ वूंद थोडी मिश्री ऊपर भुरकाकर देणेसें कफकूं बहोत फायदा करता है, खुलखुलिये खासीमें बुखार होय तो उसकूं इपीकाक्यु आन्हावाइन अथवा ओन्टीमोनियल वाइनकेसंग दिये जाता है.

(३८८ केशकारासे ग्रेडा–रेचक तैसें पौष्टिक है, बंधकुष्ट तथा उससें भये हरस रोगमें ये दवा देनेसें दस्तका खुलासाकर सफरेकूं साफ करता है, लिक्विड एकस्ट्राकट ओफकास्कारासे ग्रेडा दवामें दिये जाता है, उसकी मात्रा १ द्रामकी है.

(३८९ केस्टर ओइल–एरंडीका तेल ताजा पेटमें चूंक जलण पैदा करता नहीं और दस्त अच्छीतरे लाता है, इसवास्ते नाजुक मिजाजवालेकूं ये जुलाब अच्छा है, साधारण कबजियतमेंभी दस्त साफ लानेकूं ये दिया जाता है, बेर २ देनेमें आवे तो मात्रा कम करणी चाहिये दुसरी वखत जुलाब देनेसें कम असर करता है, इसवास्ते मात्रा वधाणा पडता है, लेकिन ये बात एरंडीके तेलमे नहीं है, इसकूं तो बलके कमही देना चहिये एरंडीके तेलमें फकत बकवो आया करती है, ये एक एब है, इसवास्ते मूंमें पहली नींबूके रसकी वूंदे डाल पीछे इसकूं पीवै अथवा पेपरमींटके पाणीमें डालकर पीणा अथवा तेल जितनाहीं ग्लीसराइन मिलाकर तजके अर्कसें वूंदोंसे सुवासित करणेसें उसकी खराब गंध मिट जाती है, जो क्यास्टर ओइल ताजा और अच्छा नहीं होय तो पेटमें गरमी आंकडी और मरोडा पैदा करता है.

(३९० क्रोटन ओइल–जमाल गोटेका तेल अतिरेचक तथा दाहक है, इससे पेटमें जलण होती है, जादाबंध कुष्टमे तथा जलोदरमें मिश्रीमें गोली बांधकर देते हैं.

(३९१ कोडलीवर ओइल–कोड नामकी मछलीके कलेजेका ये तेल बणता है, डाकतरलोक इसकुं पौष्टिक कहते हैं, क्षय नाताकती छातीके दरदमें बहोत देते हैं,

मात्रा १ से ८ द्राम ये तेल पचनेमें भारी है, और कितनोंको अजीर्ण होकर दस्त होने लगता है, दूधकेसंग अथवा चिरायतेके चासंग अथवा पेपरमेंटके जल संग देते हैं, जीमे बाद तुरत पीनेसे खुराककेसंग वो पच जाता है, बुखारमें तथा दस्तकी बेमारीमें देनेसें नुकशांन करता है, कोडलीवर ओइल विथ मालटाइन नामकी दुसरी बनावट इसकी होती है, वो स्वाद और गुणमें जादा वो लोक कहते हैं, इस वखत माल टाइन जादा वापरते हैं.

(३९२ कोपर) (सल्फेट ओफ कोपर) नीलाथोथा वामक ग्राही दाहक विष आसमानी रंगका टुकडा पासदार मिलता है, मात्रा ग्राही गुणवास्ते $\frac{1}{2}$ से २ ग्रेन वमनवास्ते ५ सें १० ग्रेण पेटमें कोइ २ जगे संग्रहणी तथा अतीसार में दिये जाता है, लेकिन उसका मुख्य उपयोग बाहर लगाणेमें आता है, आंखका लोसन–१ औंस पाणी १-२ ग्रेन नीलाथोथा जलमें डालनेसें आसमानी रंगका पाणी होजाता है, आंखकी खीलपर दुसरे २ दिन नीलेथो थेका कटका फेरणा ऊपरसे लोसनकी बूंदे डालणी प्रमेह सुजाकमें इसकी पिचकारी दिये जाती है, झींक जब हाजर नहीं होय तब जहर खायेको नीलेथोथेकी उलटी देणेमें आती है.

(३९३ कोपेवा–इस नामका दरखत होता है, उसमेंसे तेल जैसा निकलता है, उसकूं बालसम कहते है, ये रस मूत्रल तथा वस्तिशोधक है, प्रमेह सुजाकपर मुख्य चलता है, प्रमेहकी जलण कम होय तब सरू करणा प्रमेह प्रदरके पुराने मरजपर बडा फायदेबंद है, मात्रा ५ से २० बूंद.

(३९४ कोलशीकम–वातहर तथा रेचक है, मात्रा २ सें ८ ग्रेन गाउट तथा संधिवायपर उसका उपयोग साधारण है, यकृत् तथा मलकी कबजी और अजीर्णपरभी वापरते है, उसका एक स्ट्राकटभी वापरते है, मात्रा $\frac{1}{2}$ सें २ ग्रेन.

(३९५ कोलोसिथ–देशी नाम कडवा तूंबा गुण रेचक है, जलोदर मलावरोध तथा अजीर्णमें जुलाब दिये जाता है, उसके एकस्ट्राकटकी मात्रा ३ से १० ग्रेन.

(३९६ गम–देशी नाम गूंद मूत्राशयका वरम अथवा दाहमें तैसें बच्चोंके धातु गिरणेमें दिये जाता है, कफकेवास्ते मूमे रखकर चूसकर रस ऊतारणा अच्छा है २० औंस जवका पाणी और १ औंस गम मात्रा ६ औंस.

(३९७ ग्लिसराइन–चमडीका रोग ऊपर लगानेमें विशेषकरके वापरते हैं, ग्लिसराइन पेटकी खुजालपरभी कुछ इक असर करता है, चमडीका दाह स्तनपाक जीभ तथा मूका जखम गलेका पकणा वगेरे रोगोंपर ग्लिसराइन अकेला अथवा टेनिक एसिड टंकण फिटकडी कारबोलिक एसिड वगेरे दवायोमें कोइभी एकाधकेसंग मिलाकर लगाये जाता है, जिससें चमडीकी जलण मिटती है, इस मिलावटमें ग्लिसराइन ४ भाग और

तब डोवर्स पाउडरकेसंग क्वीनाइन देते हैं, फायदा करता है, मात्रा–डोवर्स पाउडर .८ ग्रेन क्वीनाइन २ ग्रेन डोवर्स पाउडर लीयां पीछै थोडी देरतक पतला पदार्थ पीणा नहीं, नहीं तो उलटी होती है, क्यूंके इपीकाक्युआन्हामें उलटीका गुण है.

(४१२ थाइमोल–अजमेका फूल उष्ण वातहर रोपण तथा दुर्गंधनाशक है, मात्रा ॥ से ३ ग्रेन १ भाग फूलकूं एक हजार गुणे जलमें मिलाकर वापरणा.

(४१३ नक्सवोमिका–देशी नाम कुचीला वातहर पौष्टिक कृमिघ्न मात्रा १ से ५ ग्रेन एकस्ट्राकटकी मात्रा ॥ से २ ग्रेन अर्ककी मात्रा १० से २० बूंद.

(४१४ नाइटर आफ पोटाश देशी नाम सोराखार उसकी नाइट्रीक एसिड नाइट्रो-म्युरियाटिक दवाओं बणती है, बजारमेंका सोरेखारकूं साफ करनेकूं गरम पाणीमें पिग-लाकर छाणकर ठरणेदेना तब उसके पासे नीचे बंध जाते हैं, ऊपरका पाणी फेंक देना ये बडा ठंढा खार है, मूत्राशय तथा चमडीपर उसका खास असर है, इसगुणसें बुखारमें कामलेमें संधिवायुमें जलोदरमें तथा वरममें वापरते हैं, बुखारकी गरमी मिटाणे सोरा २ द्राम दो नींबूका रस पाणी ४० औंस तथा थोडी खांड इन सबोंकों मिलाकर उसमेंका थोडा २ पाणी पीणा मात्रा ५ से २० ग्रेन सोरा बडी मात्रामें जहरी असर करता है, दम बेठानेकूं इसतरे उपयोग करणा १ भाग सोरा ८ भाग जलमें उकालना इस जलमें देसी कागजकूं दोतीन मिनटतक भिगाकर सुका डालना इस कागदकी वीडी सिलगाकर पीणी इससें दम चढा भया बैठ जाता है, नाइटर सिवाय स्ट्रोंग तथा डाइल्युटनाइट्रीक एसिड वापरते हैं.

(४१५ नाइट्रीक एसिड–(स्ट्रोंग) सोरेका तेजाब गुणमे अतिदाहक है, गंधाते भये घावोंकों जलाणेमें काम आता है. सापकाटे उसके डंकपर लगाणेसें उसका जहर नहीं चढता.

(४१६ नाइट्रीक एसिड–(डाइल्युट) १ औंस स्ट्रोंग नाइट्रीक एसिड और ४ औंस जल मिलानेसें डाइल्युट नाइट्रीक एसिड होता है, पाचन पौष्टिक तथा खून सुधारणेवाला है, मात्रा १० से ३० बूंद (अनुपान) १ औंस पाणी, आठ गुणा जल डालकर पिचकारी देनेसें मूत्राशयकी पथरी पिगलकर बाहिर आती है.

(४१७ नाइट्रेट ओफ सिल्वर–(अर्जेन्टीनाइट्रस) अच्छे रूपेकूं सोरा खारके तेजा-वमें पिघलाणेसें ये दवा तइयार होती है, उसके पासादार टुकडे अथवा गोलसलियां आती है, अजीर्ण उलटी गोला होजरीका घाव संग्रहणी अतिसार वगेरेमें उसका उपयोग होता है, ये दवा जलानेवाली है, इसवास्ते पेटमें लेनेकरके जितना फायदा है, तिस करके बाहर लगानेमें जादा फायदेवंद है, उपदंशकी चांदी तथा मस्सेकूं जलानेमें वापरते हैं, विसर्पके सोजेके तथा वात रक्तके सोजेके आसपास कास्टीककीलकीर लगाणेसें फैलता

बंध होता है, आंखका लोशन १ औंस वरसादका पाणी अथवा हंसोदक और १ से ४ ग्रेन कास्टीक मिलाकर वूंदे डालनेसें दुखती आंख मिटती है, सिराज (पिचकारी) प्रदर तथा प्रमेहवास्ते १ औंस पाणी और १ सें २ ग्रेन कास्टिक.

(४१८ नाइट्रो हाइड्रो क्लोरिक एसिड)–अथवा नाइट्रोम्युरियाटिक अेसिड (डिल्युट) वनावट ३ औंस नाइट्रिक एसिड ४ औंस हाइड्रो क्लोरिक एसिड २५ औंस जल मिलाकर देते हैं, मात्रा ५ से १० वूंद एक औंस जलमें अथवा चिरायतेकी चामें तावसे भई मंदाग्नि कलेजा तथा कमलेके रोगकूं मिटाकर खूनकूं शुद्ध करता है.

(४१९ पलास्टर–(लेप) अंग्रेजी उपचारोमें मुख्य लेप नीचै प्रमाणे (१) अफीमका लेप–अफीम १ औंस रालका लेप ९ औंस गरम पाणीसे मिलाणा (२) बोदारका लेप–मुरदासंग ४ रतल ओलिव तेल १ ग्यालन पाणी ६५ औंस वाफसे गरम कर लेप करना.

(३) बेलाडोणेका लेप–तयार विकता है.

(४) राईका पलास्टर–राई २॥ औंस अलशी २॥ औंस ऊकलता जल ८ औंस पाणी २ औंस अलशीकूं गरम पाणीमें और राईकूं ठंढे जलमें मिलाकर दोनोंकों मिलाना.

(४२० पेपरमिंट–(एसेन्स ओफ पेपरमिन्ट) उष्ण वातहर शूलहर पेटकी वायु आंकसी और चूंककूं वैठाती है, पेपरमिन्टके १ औंस तेलमें रेकटी फाइड इस्परिट ४ औंस मिलानेसें एसेन्स होता है, मात्रा १० से २० वूंद पेपरमिंटका जल वनानेवास्ते $\frac{1}{2}$ द्राम पेपरमिंटका एसेन्स और २० औंस पाणी एक वडी वोतलमें डालकर हिलाना मात्रा १ से ३ द्राम.

(४२१ पेपसिन पाचक–मंदाग्नि तथा अजीर्णमें वापरते है, मात्रा २ से ५ ग्रेन जीमे वाद पेपसीन वाइन आती है, वोभी एसा गुण करती है, उसकी मात्रा १ से ४ द्राम.

(४२२ पोटाश–पोटाशकी वहोत जात है.

(१) कास्टिक पोटाश–दाहक है, अर्वुद चांदी तथा मस्सेके जलानेमें काम देता है

(२) लाइकर पोटास–सोल्युशन ओफ पोटाश अम्ल (खट्टेका) विरोधी मूत्रल तथा शोधक है, पथरीका रोग उष्ण वाय प्रमेह अम्लपित्त संधिवाय मेद और अजीर्ण वगेरेमें देते हैं, मात्रा १० से ४० वूंद.

(३) आयोडाइड ओफ पोटासीयम–शोधक रक्तशोधक उपदंश स्कोफयुला तथा दमके दरदकेवास्ते अछा इलाज है, तैसें संधिवात गाउट हड्डी तथा चमडीके सडनेका रोग यकृत् प्लीह शिरका दरद शूल तथा पक्षाघातपर दिये जाता है, मात्रा २ से २० ग्रेन.

(४) एसेटेट ओफ पोटाश–मूत्रल तथा रेचक है, जलोदर तथा सोजा मूत्रपिंडके रोगोंपर दिये जाता है, मात्रा मूत्रल १० सें ६० ग्रेन रेचक २ से ३ द्राम.

(५) क्लोरेट ओफ पोटाश–शीतल तथा मूत्रल है, शोधक मात्रा ५ से ३० ग्रेन.

(६) टार्टरेट ओफ पोटाश–मूत्रल रेचक जलंदर मलावरोध तथा उष्ण वायु वगैरे रोगोंमें दिये जाता है, मात्रा १ से ४ द्राम.

(७) एसीड टार्टरेट ओफ पोटाश–देखो क्रीम ओफ टार्टर.

(८) नाइट्रेट ओफ पोटाश–देखो, नाइट्र.

(९) परम्यांगनेट ओफ पोटाश–विषघ्न दुर्गंध नाशक सांप काटेपर इसकी पिचकारी मारे जाती है, नष्टार्तव तथा अजीर्णपर दी जाती है, मात्रा १ सें ५ ग्रेन.

(१०) कार्बोनेट ओफ पोटास–अम्लविरोधी है, लायकर पोटास जैसा गुण है, तीक्ष्ण संधिवायकूं मिटाता है, पथरी चमडीके रोग गाऊट तथा आम्लपित्त ऊपर दिये जाता है, मात्रा १० से ३० ग्रेन.

(११) बईकार्बोनेट ओफ पोटाश–गुण तथा फायदा कार्बोनेट ओफ पोटाश मुजब

(१२) ब्रोमाइड ओफ पोटाश्यम–नींद लाणेवाला मगजके रोगकूं मिटानेवाला मिरगीके रोगमें बहुतही फायदेबंद हिस्ट्रीया खेचाताण अनिद्रा उन्माद बच्चेकी हिचकी बडी खासी शिरकी शूल वगैरे रोगोंपर उसकी बहुत अछीं असर होती है, मात्रा ५ से ३० ग्रेन.

(१३) सल्फेट ओफ पोटाश–रेचक मात्रा १५ से ६० ग्रेन.

(१४) साइट्रेट ओफ पोटाश–शीतल तथा मूत्रल है, पथरी तथा बुखारमें फायदेबंद है, मात्रा २० से साठ ग्रेन.

(४२२ पोडो फीलीन)–ये अमेरिकामें पैदा होता दरखतका चूर्ण है, उसका रंग झांखा नीला भूरा है, गुण रेचक है, और खास तौर लिवरपर असर करता है, उससें कवजियत तथा कलेजेका पुराणे रोगमें फायदा है, मात्रा अच्छे जुलाबवास्ते १ से २ ग्रेन मध्यम जुलाबवास्ते $\frac{1}{3}$ से $\frac{1}{2}$ ग्रेन इसका जुलाब बच्चेकूं देणा नहीं इकेला लेनेसें पेटमें आंटा चलता है, और दस्तभी बेसुमार आते हैं, इसवास्ते बेलाडोनाकेसंग लेनेसें आंटा नहीं आता और रुबार्ब कोलोसीन्थ एलोइ (एलिया) अथवा ब्लुपिलकेसंग लेनेसें प्रमाणसर दस्त आता है.

(४२३ पोमिग्रेनेट) (देशी नाम अनार) अनारके जडकी छाल तथा फलकी सूकी छाल दवामें काम देती है, टेपवर्म नामके जीवकृमिकूं मिटाने तैसें अतिसार और मरोडा मिटानेकूं जडकी छाल काम देती है, उकालीकर कुरला करनेसें मूंके घाव मिटते हैं २ औंस मूलकी छाल ४० औंस पाणीकूं उकालना आधार है, तब छाण कुरला

करणा टेपवर्म कृमिवास्ते २ औंस जल निराहार पेट पीणा आधी २ घंटासे छ वखत पीणा पीछै दस्त लगे एसी दवा लेनी इस दवासे उकारी होय तोभी ये दवा ऊपरा ऊपरी पांच छ वखत पीणी अतिसारमें एकेक औंस काढा दिनमें तीन वखत पीणा.

(४२४ पापी हेडस–पापीक्यापसुल्स) देशी नाम अफीमका डोडा शेक करनेके काममें वहुत उपयोगी है, उसके शेकसें शरीरके कोइ चोकस भागकूं रोगकूं पीडाकूं मिटाता है, २ सेर पाणीमें ५ रुपेभर डोडोंकूं कूटकर उकालना.

(४२५ फोसफरस)–ये एक चीज एसी है, सो हवामें रखनेसें तुरत सिलग उठती है इसवास्ते उसकूं पाणीमें रखते हैं, देखणेमें मीम जैसा होता है, दीयासली वनानेमें काम देता है, पेटमें लेनेसें पौष्टिक है, मगजकी नाताकतीमें खास करके दी जाती है, गोली तैसें तेलरूप वापरते हैं, फासफोरिसकी गोलियां तइयार विकती हें, गोलियोंकी मात्रा २ से ४ ग्रेन तेल–विदामका तेल ४ औंस गरमकर छाण ठंढाभये पीछै काचके वुच्च-वाली वाटलीमे डाल उसमें १६ ग्रेन फासफरिस डालकर गरम पाणीमें शीशी धरकर वाद हिलाणी फासफोरिस उस तेलमें मिल जायगा.

(४२६ ब्रांडी)–जंतुनाशक उष्ण मादक तथा पौष्टिक है, मात्रा ॥ से १ औंस उत्तेजक मादक जादा मात्रासें जहरी है, पीणेमें दवा तरीके डाकटर उसका विरले जगे उपयोग करते हैं, वदन विलकुल ठंढा पड गया होय तो गरमी लानेकूं देते हैं, वहोंत सखत नहीं पडे इसवास्ते इसमें थोडा पाणी डाल देते हैं, निद्रा लानेवास्तेभी कोइ वखत उपयोग करते हैं, किचर गया गुप्त चोट पछाट वगेरेमें वाहर लगानेमें काम देती है, सुआवडमें वच्चा भये पीछै औरत जादा क्षीण तथा ठंढी पड जाती है, उसकू कांटा तथा गरम करणेकूं थोडी ३ देनेकी डाकदरोंकी सम्मती दवा मुजव ब्रांडी थोडी कारण योगमें फायदा दिखलाती है, लेकिन आर्यदयावंतोके आचरने योग्य नहीं जो लोक शोख और व्यसनसें ब्रांडीके चक्करमें आते हैं, उनोंका ब्रांडी नाश करती है, जैनतत्वादर्श ग्रंथमे ५२ औगुण प्रगट दिखलाया है, ब्रह्माजी इसकू पीकरके वेहाल वण वेटीसें कुकर्म कर लिया भागवतके दुसरे स्कंदमें लिखा है, इसवास्ते वुद्धिवंतोकी वुद्धि विगाड देती है, ताकतका नाश करती है, और वडे २ रोग लग जाते हैं, कीडोंका रस इसमें सामिल होजाता है.

(४२७ वीसमथ)–ग्राही अजीर्ण कै मरोडा अतिसार तथा आम्लपित्तके रोगमें उसकी जुदी २ वनावट वणती है, जैसेके साइट्रेट ओफविसमथ एन्ड एमोनिया मात्रा २ से ५ ग्रेन कारवोनेट ऑफ विसमथ मात्रा ५ से २० ग्रेन सव नाइट्रेट ओफ विसमथ मात्रा ५ से २० ग्रेण साइट्रेट ओफ विसमथ मात्रा २ से ५ ग्रेन.

(४२८ वेनझोइन–देशी नाम लोवान कफघ्न उष्ण स्तंभक मात्रा १० से ३० ग्रेन वेनझोइन एसिड–लोवानके फूल १० से १५ ग्रेन उलटी खांसी दम वगेरेमें दिये जाता है.

(४२९ बेलाडोना)–बेलाडोणाके पत्ते जड उसमेंसे बहोतसी दवायें बणती है, तैसें बाहर लगानेमेंभी काम देती है.

(१) टींकचर ओफ बेलाडोना मात्रा ५ से २० बूंद.
(२) एकस्ट्रकट ओफ बेलाडोना मात्रा $\frac{1}{2}$ से १ ग्रेन.
(३) बेलाडोनापलास्टर–बेलाडोनेका लेप.
(४) लीनीमेन्ट ओफ़ बेलाडोना.
(५) आट्रोपीन–बेलाडोनेका खास सत्व है, मलम वट्टी वगेरेभी होती है.
(६) सल्फेट ओफ आट्रोपिया.

(गुण) पीडा शामक उष्ण स्वेदल स्नायुशैथिल्यकृत् दूध तथा थूक शुद्धकरता आंखकी कीकीकूं चोडी करनेवाला खासी धनुर्वात चस्का शिरकी आंखकी तथा कानकी शूल वगेरे रोगोंमें पीनेमें तथा ऊपर लगाणेमें काम देता है, आंखकी कीकी चोडी करनेकूं आट्रोपीन अथवा उसकी कोइभी बणी दवा आंखमें आंजते हैं, आंखकी कनीनीका सोजा फूला मोतियाविंद वगेरेभी उससे अच्छा होता है, आट्रोपीन १ ग्रेन पाणी १ औंस पेसावकी गांठ मलकी कबजी पेसावके अतीसारके रोगमें अंदर लेनेवास्ते तैसें औरतोके ऋतुधर्म संबंधी तथा गर्भस्थानके रोगमें उसकी सोगठी बणाकर गुह्य अवयवमें धरते हैं, वदनमें रसकी वढोतरी होती भईकूं रोककर पसीनेकूं तथा स्तनके जादा दूधकूं तथा जादा थूक आता होय तो बंध करता है.

(४३० बोर्याकस–(देशी नाम टंकण) मूत्रल तथा शीतल पेसावकी वृद्धि करता है, उसमें खटासकूं दूर करनेका थोडा खार गुण है, ऋतु लानेवाला है, जादा मात्रासें गर्भ गिरा देता है, मों तथा जुवानका जखम मूं आणा वगेरेमें कुरला कराते हैं, और बच्चोंकों सहतमें मिलाकर मूंमे लगाये जाता है, खानेकी मात्रा ५ से ४० ग्रेन कुरला १ औंस बोर्याकस ८ औंस पाणी दुसरी बनावटे (१) मेलबोर्यासीस टंकण ६० ग्रेन ग्लीसेरिन ॥ ड्राम और सहत १ औंस (२) ग्लीसेरीन ओफ बोर्याकस–टंकण १ औंस ग्लीसेरीन ४ आसैं पाणी २ औंस तीनोंकों घोटकर मिलाना ये दोनों मिलावटी दवा मुखपाक शिरका खोरा और मैलऊपर लगानेसे बहोत फायदा करता है, गरम पाणीमें टंकण डालके न्हाणेसें चमडी की खाजपर मसलणेसें फायदा करती है.

(४३१ मरक्युरी पारा) पारेका बहोतसा खानेकूं तथा लगानेकूं दवामें उपयोग होता है, पारेका अच्छीतरे सोधन तथा परेज कियेविगर पारेकूं खाणा अच्छा नहीं अंग्रेजी इलाजोमें पारेकी कितनी बनाइ भई चीज खानेवास्ते धुंयेवास्ते लेपवास्ते वापरते है, उसकी मुख्य असर शोधक है, इसीवास्ते उपदंसपर इसका मुख्य उपयोग होता है, लेकिन ये दवा देनेके पहली रोगीकी शक्ति प्रकृतीका बहोत बारीक विचार

करणा चाहिये क्युंके पारा तासीरकूं नमाने अथवा वजनसें जादा खानेमें आवे तो वदनकूं बिगाड देता है, उसके बिगाडके ऐसे लक्षण होते है, मूं आजाता हैं, जीभ गीली होकर घाव पडै दांत ढीले पडै चमडीपर फूट निकले और गति तंतुओंमें पारेकी खराब असर पोहचतेही हाथ पांवोंकी गतिमें बिगाड होकर धूजणे लगता है, इसवास्ते पारेसंबंधी कोइभी दवा खाते बहुत सावधान रहना चतुर वैद्य डाकदरोकी सल्लासेंही लेना अच्छा है.

(४३२ मसटर्ड–देसी नाम राई) मुख्यपणे उलटी कराणा तथा पलास्टरके काममें आता है, उलटीकी मात्रा १ से ४ द्राम राईका पलास्टर (पोल्टीस) २½ औंस राई २½ औंस अलशी ८ औंस ऊकलता पाणी २ औंस ठंढा पाणी २ औंसमें राईकूं मिला देना और अलशीके चूर्णको ऊकलते जलमें मिलाना पीछै दोनोंकों एकठा करणा मसटर्डकूं ठंढे पाणीमें पीसकरके पलाष्टर मारणेमें आता है.

(४३३ मेनथोल–पेपरमिनटके तेलमेंसे निकलता है, (गुण) पीडा शामक मात्रा ½ से २ ग्रेन मेनथोल घसणेसें तथा पीलानेसें शिरकी शूल तथा चसक मिटती है.

(४३४ मेलफर्न)–लिक्विड एकट्राकट ओफ मेलफर्न-कृमिघ्न है, पेटके अंदरकी लंबा चिपटा कृमियोंपर ये दवा फायदा करती है, रोगीकूं एक दस्त देकर कितनीक देरतक भूखा रखणा पीछै दवा देनी और फेर १ जुलाब देणा इसतरे करणेसें कृमि बाहर निकल जाती है, मात्रा ३० से ६० बूंद.

(४३५ रुबार्ब)–दीपन रेचक ग्राही अजीर्ण कबजियत चूंक दस्त वगेरे रोगोंमें दिये जाता है, अच्छा हलका जुलाब होजाता है, इसवास्ते बच्चोकूं अच्छा समझ दिये जाता है, उसके जडका चूर्ण हलदी जैसा पीला भूका होता है, मात्रा ५ से २० ग्रेन चायकी मात्रा १ सें २ औंस एकस्ट्राकट याने घनकी मात्रा ५ से २० ग्रेन अर्ककी मात्रा १ से २ द्राम जुलाब वास्ते ४ सें ८ द्राम ग्रेगरी पाउडर रुबार्बका चूर्ण २ औंस हलका मेगनिस्या ६ औंस सूंठ १ औंस इन तीनोंका चारीक चूर्ण मात्रा १० से ६० ग्रेन उसके गोलीकी मात्रा ५ से १० ग्रेन.

(४३६ रेत्रीन)–देशी नाम राल. ग्राही रोपण तथा उत्तेजक है, इसका मुख्य उपयोग मलमतरीके होता है, रालका मलम ८ औंस राल ४ औंस पीलामोंम १६ औंस सादा मलम दो औंस विदामका तेल गरमकर मिलाके मलम करना घाव फोडेपर पट्टी मारे जाती है.

(४३७ लाइम)–देशी नांम कलीचूना अम्लविरोधी ग्राही तथा दाहक है, दवाके वास्ते १ रत्तल चूनेके पत्थरपर आसरे १० औंस पाणी धीमें २ डालना जब वराल वाफ निकल चूके ठंढाभये बाद छाणकर हवा न लागे इसतरे सीसीमें रखणा दवामें

उसका पाणी काम देता है, जिसकूं लाइम वाटर कहते हैं–कलीचूना १ औंस अच्छा पाणी ५ रत्तल मिलाकर नीतरणे देणा ऊपरका नितरा भया साफ जल लीले रंगकी मजबूत बुच्चवाली शीशीयोंमें भरके राखणा पित्तसे अजीर्ण होकर उलटी होती है, उसकूं ये पाणी मिटाता है, बच्चोके पेटमें पिया भया दूध टिकता नहीं तब उसकेसंग लाइमवाटर मिलाकर देणा तो पचता है, मात्रा वडेकूं १ द्राम लाइमवाटर दूध अथवा कांजीमें बच्चेकूं १०-१५ बूंद दरवखत दूधकेसंग.

(४३८ लाक्टिक एसीड) मूत्रपिंडके रोगमें ए एसिड दिये जाता है, हाफणी कंठका रोग और गला बैठ जाता है, तब अठ गुणे पाणीमे डाल उसकी पींछी फिराणी.

(४३९ लाडेनम) अफीमका अर्क देखो ओपियम.

(४४० लीनसीड) देशी नाम अलशी-स्निग्ध तथा शोथहर है, पेशाबके रोगोंपर दिये जाता है, दाह तथा चणखकूं शांत करता है, शरीरके जुदे २ भागका सोजा तथा गांठे गडगूमडपर उसकी पोटिस बांधे जाती है, इसके तेलकूं सालीनसीड ओइल कहते है.

(४४१ लीनीमेन्ट) इस बहार लगानेका तेल) प्रवाही लिनिमेन्ट बहोतसी दवाइयोंका बणता है, मुख्य २ लिनिमेन्ट इसमुजब होता है.

(१) लिनिमेन्ट ओफ एमोनिया) लायकर अमोनिया १ औंस अलशीका तेल ३ औंस.

(२) आयोडीन) आयोडीन १। औंस ग्लीसेराईन । औंस पोटास आयोडीड औंस रेक्टीफाइड स्पिरिट १० औंस.

(३) एकोनाईट) वच्छनाग चूर्ण १० औंस कपूर १ औंस रेक्टीफाइड स्पिरिट ३० औंस चूर्णकूं स्पिरिटमें ७ दिन भिगाकर पीछै छाण लेना पीछै कपूर मिलाना.

(४) ओपियम) अफीमका अर्क २ औंस लिनिमेन्ट ओफ सोप.

(५) टरपेन्टाइन) साबू २ औंस पाणी २ औंस कपूर १ औंस टरपेन्टाइन १६ औंस

(६) केम्फर) कपूर १ औंस अलशीका तेल ४ औंस.

(७) केम्फर (कम्पाउन्ड) कपूर २॥ औंस लवंडर १ द्राम स्ट्रोंग सोल्युशन ओफ एमोनिया ५ औंस रेक्टी फाइड स्पिरिट १५ औंस.

(८) लीनीमेन्ट ओफ लाइम) चूनेका जल सालीड ओइल समवजन.

(९) क्लोरोफोर्म) २ औंस कपूरका लिनिमेन्ट २ औंस मिलाणा.

(१०) सोप) साबूका लीनीमेन्ट.

(११) मरक्युरी-१ औंस पारेका मलम १ औंस आमोनियाका सोल्युशन १ औंस कपूरकातेल गरमकर उसमें पारेका मलम मिलाणा पीछै आमोनिया मिलाणा

(४४२ लेमन)-देशी नाम नींबू) शीतल तथा खट्टा हे नींबू योगवाही हे. दवामें

इकेला नींबूका रस नहीं दिये चाहता उसका शरबत अर्क तेल वगैरे वापरते हैं, स्कर्वी (रक्तपित्तमें नींबु खानेसें फायदा होता है. (शरबत) नींबूकी छाल २ औंस नींबूका रस २० औंस बूरा २। सेर पहली नींबूका रस उकालना पीछै एक पात्रमें नीबूकी छाल धर उसपर नींबूका उकाला भया रस डालना ठरे जहांतक रहणे देणा पीछे छाणकर बूरा मिलाकर धीमी आंचसें चासणी करणी.

(४४३ वेलेरियन) उष्ण वातहर तथा शूलहर है, हिस्टीरीया औरभी वायुके दुसरे चिन्होंमें दिये जाता है, मगजके रोगोंपर तथा चित्त भ्रम ऊपर इसकी अछी असर होती है, मात्रा टिंकचरकी १ से २ द्राम.

(४४४ श्युगरलेड) (एसेरेट ओफलेड) इसके सुपेद टुकडे भया करते है, गुणमें ग्राही तथा शोथघ्न है मात्रा १ से ५ ग्रेन अतिसार मरोडा हैजा फेफसा होजरी मूत्रापिंड अथवा गर्भाशयमेंसे खून गिरता होय उसमें अछा फायदा करता है, दूखती आंख तथा खील गुरेजणीमें उसकी बूंदे डाली जाती है, उसका मलम खुजली जखमपर काम देता है.

(४४५ सल्फर) गंधक शुद्ध कियाभया अथवा गंधकके फूल दवामें काम देता है, चमडीके रोगोंमें उसका उपयोग होता है, दस्त साफ लाता है, मात्रा २० से ६० ग्रेन बच्चेकी मात्रा २ से ५ ग्रेन खुजलीके मलममें गंधक गिरता है, (सल्प्युरिक एसिड) (ओइल ओफ ब्रिटिओल) शीतल पौष्टिक और ग्राही बुखार नाताकतीमें होता भया पसीना अतिसार वगैरे रोगोंमे चलता है, मात्रा २ से ३० बूंद ११ औंस अच्छा पाणी १ औंस सल्प्युरिक एसिड मिलानेसें डाइल्युट सलप्युरिक एसिड होता है बुखारमें इस एसिडका ५ से १० बूंद और क्विनाइन ३ से ६ ग्रेन मिलाकर देना अतिसारमें इसकी २० बूंद और लाडेन मना ५ से १० बूंद ४-५ रुपेभर जलमें मिलाकर पिलाना.

(४४६ स्ट्रीकनिया) कुचीलेका निखालस सत्व निकालते हैं, जिसमें बहोत जहरका असर होता है, गुण कुचीले मुजब मात्रा $\frac{1}{36}$ से $\frac{1}{12}$ ग्रेण.

(४४७ स्पिरिट दारू) आल्कोहोल याने ब्रांडी ये दारूका सत्व है, आल्कोहोलमें ८४ भागमें १६ भाग जलके मिलाणेसें रेक्टिफाइड स्पीरिट होता है, और ५ भाग रेक्टिफाईड स्पिरिटमें ३ भाग जलके मिलानेसे कूफ स्पिरिट बणता है, गिरणेसें लगी जो चोट छिलगया किंचरके सूजगया होय तब जलकेसंग मिलाकर लगाना चाहिये वदनपर पत्थर गिरता है, तथा औरतोंके स्तनके वीट लियोंपर चीरे पडते हैं, उसपर जलके संग भीगा भया वस्त्र धराजाता है टींकचर वगैरे बणानेमें रेक्टिफाइड तथा कूफस्पिरिट इन दोनोंका उपयोग होता है, ये स्पिरिट मिश्री वगैरे पदार्थोंमेंसें यंत्रोंसें खेंचकर निकाले जाता है.

ब्राह्मी पुत्रीकूं सिखलाई फेर पूर्वोक्त पंचपरमेष्टीका आदि अक्षर एकेक लेकर जैनेंद्रव्याकरण बणाकर उसके सूत्रोंसें ॐ एसा प्रणव बीज सिद्धकूं साधकर बतलाया वो सिद्धांत चंद्रिकाके सूत्रोंसें हम साधकर दिखलाते हैं अरिहंतका अकार सिद्ध अशरीरीका अकार आचार्यका आकार उपाध्यायका उकार मुनिःका मूकार अ अ आ उ म् सवर्णे दीर्घः सह यह सूत्रसे दोनों अकार मिटकर आउम् रहा उओ इस सूत्रसे आ और उ मिलके ओम् भया मोनुस्वार सूत्रसें ॐ भया फेर विद्वज्जन विचारके देखेगें जिसके वदनमें लाल रंग कम पडा होवे उसकूं गद्देमेंसें सिद्ध परमात्माकी मूर्त्ति जो लाल रंगकी है, इसपर एकांतमें बैठकानोसे दुसरेका शब्द सुणाइ नहीं देवे एसी जगे मुखकी श्वासकूंरोकनाकसें श्वास लेता ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं मनमें जपता भया दोनुं नेत्र सिद्धमूर्त्तिपर रख्के लाल रंग बराबर होजायगा रोग निश्चे मिटेगा आसमानी रंग कम पडा होयतो साधूपदकी मूर्त्ति जो गद्देमे स्याम रंगकी है, उसपर पूर्वोक्त विधिकरे मनके अंदर ॐ ह्रीं नमो लोएसव्वसाहूणं जपे पीला रंग कम पडा होयतो आचार्य पदकी मूर्त्ति पीले रंग सुनेरी है, उसपर पूर्वोक्त विधिकरे मनमें ॐ ह्रीं णमो आयरिआणं एसा जाप जपे वीर्य रस कफ स्वेत रंग कम पडा होयतो अर्हंतकी मूर्त्तिपर पूर्वोक्त विधिकरे ॐ ह्रीं णमो अरिहंताणं जाप जपे हरा रंग कम होणेपर या वायुके विकारोंमें उपाध्यायकी मूर्त्ति हरे रंगपर एकाग्रता करे ओं ह्रीं णमो उवज्झायाणं एसा जाप करे इस विधिसें सर्व रोग मिटते हैं. इसकी विस्तार विधि बृहत्नमस्कार कल्पमे हैं, ये विधि सर्वज्ञ परमेश्वरकी बताई है, अब मनुष्यकृत इसका भेदांतर जो चला है सो लिखते हैं क्रोमोपथीका इलाज लेन्सीस याने काच करके वदनमे रंग देकर करणेका है उसके वास्ते खास जुदे २ रंगोंके काच चस्मे तथा दुरबीनके जेसा बाहरसें तेसें अंदरसें उपसे भये तइयार आते हैं लेकिन् एसा काच हरकोई अदमीकूं मिल सके एसा मुस्किल है, इसवास्ते क्रोमोपथीका इलाज हर कोइभी सहजसें करसके उसकेवास्ते एक सुलभ रीती सोधकर निकाले गई है, इस सुगम रीतके दो प्रकार है, १ जुदे २ रंगकी सीसीयों २ जुदे २ रंगके काच प्रथम शीशीयोंका इलाज जुदे रंगकी शीशीयों खाली एकठीकर उसकूं अछीतरे साफ करणा उसमें कूवेका पाणी अथवा वाफ रूप निकाला भया डिस्टील्ड पाणी अथवा वरसादका झेला भया पाणी भरणा और मजबूत बुचसे बंध करणा पीछै उस सीसीयोंकूं सूरजका सख्त धूपमें कमसे कम दो घंटेतक रखणा दोघंटेसे जादा धूपमे रखणेसें बाटलीका पाणी जादा गुणकारी होता है इसमुजब धूपमें रखा भया शीशीका पाणी दवा मुजब गुण करता है, और जुदे २ रंगकी बाटलीमें तइयार किया भया पाणी जुदे २ रोगोंपर असर करता है, शीशीयोंको दर तीसरे दिन बहोत अछीतरे धोकर साफ पारदर्शक करणी चाहिये नहीं तो उसमें धूपका तइयार किया भया पाणी अछीतरे असर करेगा नहीं. इन शीशीयोंका

जल रोगोंपर वाहिर लगाणेमें तथा अंदर पीणेमें दोनोंतरे फायदा करता है, इस पाणीकी मात्रा वडी ऊमरवालेकूं२॥ रुपिये भरकी है ऊमरके वधघटमुजव इस पाणीकी मात्रा कम वेसी करी जाती है, पुराणे रोगोंपर ये पाणी दिनमें कम देणा चाहिये और ऊपर लगाणेमें ये पाणी चाहे जितना लगाया जाता है कोइ किसमका डर नहीं है, खांड अथवा खांडकी गोलियां चोमासेमें काम देती है कारण चोमासेमें सख्त धूप गिरता नहीं. तव एसा पाणी तइयार होसकता नहीं और एक वखत शीशीमें तइयार किया भया पाणी एकाध दिनसे जादा गुणवाला रह सकता नहीं इसवास्ते एसी ऋतूकेवास्ते सिद्ध चक्रके गट्टेके रंगका अथवा यंत्रके स्नानका जल अथवा क्रोमोपथीके रंगका इलाज करणेवास्ते शीशीयोंमें मिश्री अथवा होमियोपैथियोकी वनाई भई खांडकी गोलियां जुदे २ रंगकी शीशीयोंमें भरके एक पखवाडेतक हमेस सूर्यके धूपमें धरणा चाहिये पीछे इस मिश्रीका या गोलियों का रोगोंपर अनेक प्रमाणमें वरतावा करणा.

(**काचका इलाज**) जुदे २ रंगके काचका याने काचमेसें पसरी भई रोसणीका दवामुजव रातका तेसें दिनका उपयोग हो सकता है, दिनकूं ओरेमें उजाला आणेका सव रस्ता वंधकर रंगीन काचवाली वंध करी भई काचकी रोसनी रोगीके शरीरपर लेणेसें वो रोसनी दवाका काम करती है, और जिस तरेके रंगकी जरूरी होय वोही रंगकी काचकी रोसनीका उपयोग करणा. वदनके जिस जगे रोग होय उसही जगे उस रंगके काचकी छाया पडे एसा होणा चाहिये जो धूपकी सख्त रोसनी नहीं सही जाय एसा होय तो उजाला होय एसी धूप विगरकी याने छायावाली जगामें ये इलाज अजमाणा रातकूं काचके रंगका उपयोग करणेकूं लालटेन रंगीलका उपयोगकरणा चारोंतरफ चार रंगका काच लगवाणा लाल आसमानी हरा पीला पीछै जिसरंगकी रोसणी रोगीके वदनपर अथवा रोगकी जगे देणा होय उस भागपर वेसे काचकी रोसणी अंदर धरी चराकसें गिरती है.

रंगोंकी वदनपर असर–१ ब्ल्यु (असमानी) गहरा काला लाल पीला वगेरे रंग जुदे २ वदनपर कैसा असर करता है उसकी सामान्य समझ नीचेमुजव.

ब्ल्यु–आसमानीरंग–आसमानी लाल पीला इन मुख्य स्वाभाविक रंगोंमें आसमानी रंग जादा जरूरीका है. सृष्टिका दरेक प्राणी आसमानीरंगके भानमे जीते हैं. याने आकाश तथा सर्व साधुपदकी थापनाका आसमानी रंग है. इसवास्ते दुनियां अवाद रहती है ये ब्ल्यु रंग ठंढा शांति देणेवाला स्तंभक (दस्त तथा खूनके प्रवाहकूं अटकाणेवाला) वदनकी गरमी तथा उष्णताकूं मिटाणेवाला है. एसाही शांतदांतके दातार अशुभ कर्मोंकेवश अधोगतीमें जाणेवाले जीवोंके स्तंभक क्रोधादि कषायकी उष्णताकूं मिटाणेवाले षट्कायाके पालक आकाश जैमें सुपेत वदलोंकों धारणकर सर्व तरेका रस

पैदा करनेवाला मेघ वरसता है, तैसे जती साधु श्वेत वस्त्र धारणकर अनेक स्याद्वादनय. वादकी धाररूप झडीसें वाणी अमृतरूप मेघ वरसाते नव रसोंका स्वरूप प्रकट करते हैं, इस रंगका पाणी अथवा प्रकाश इतने रोगोंमें जादा फायदे वंद है.

(१) गरमीके रोग.	(२) चमडीके रोग.
(३) हैजामरी.	(४) व्युबोनिक प्लेग.
(५) हडकवायु.	(६) मरोडा.

गहराव्ल्युरंग–इस रंगमें नीलका रंग अथवा जामूनी रंगका समावेश होता है, इस रंगमें लाल रंगका अंश होता है, कितनेक रोगोंमें व्ल्यु रंगके संग लाल रंगकी भी जरूरी पडती है, उस जगे ये रंग फायदा करता है, जिनरोगोंमें खुला आसमानी रंग वापरणा कहा है, और जो रोग वुड्ढे तथा नाताकत अदमीकूं भया होय उहां खुला आसमानी रंगकी एवजीमें गहरा आसमानी रंग वापरणा–फेफसेका वरम (न्यूमोनिया) श्वास-नलीका सोजा खालीठसका और वच्चेकी कुकडिया खासी वगेरे रोगोंमें गहरे व्ल्यु रंगका पाणी पीणेकूं देणेमें आता है, वहोत दिनोंकी वदहजमी पेटका रसविकार जिसमें अंगार सीजले तथा उलटी होय और दस्तमें गहरा व्ल्यु रंग फायदा करता है.

पीलारंग–शुद्ध पीले रंगकी शीशियों मिलणी मुस्किल है, जो वजारमें पीले रंगकी शीशियों मिलती है, उसमें लाल रंगका जरा अंस होता है, इसकूं फीका नारंगीके रंगके नामसें लोक कहते हैं, जिस रोगमें लाल रंग फायदा करता है, उसरोगोंमें वीश वरसके अंदरके दरदियोंपर पीला रंग वापरणेसें जादा फायदा करता है पीले रंगकी वाटलियोंके पाणीका उपयोग इनरोगोंमें करणा (१) पेटकी कवजी (२) वदहजमी (३) रक्तपित्त जिस रुजगारवालोंकूं वहोत देरतक वैठे रहणा पडता होय जैसेंके दुकानदार वेपारी और कोर्टोंमें वैठके काम करणेवालोंकूं ये रंग वहोत फायदा करता है.

लाल रंग–गरमी देता है, नसोंकूं ढीलीकर श्रावकूं वढाता है, और वदनकी सुस्तीकूं मिटाय वदनमें तेज लाता है, जादा आसमानी रंगसें वदनके जो भाग सुकड गये होय उसकूं लाल रंग खुलाकर देता है, इस रंगसे लकवा वगेरे वायुके रोग अच्छा होणा संभव है.

इतिश्रीमज्जैनधर्माचार्यसंग्रहीते उपाध्याय श्रीरामऋद्धि सारगणिः विरचिते वैद्यदीपक ग्रंथे औपध्यादि निघंटवर्णनो नाम पंचमः प्रकाशः ॥

प्रकाश ६ छठा.

परिक्षा इलाज पथ्य.

इस छठेप्रकाशमें नीचे लिखे विषयोंकों किरणोंद्वारा प्रकट किया है.

किरण पहली १ वदनके सामान्य रोग,
किरण दुसरी २ श्वासोश्वासकी क्रियाके रोग,
किरण तीसरी ३ रक्ताशयसंबंधी रोग,
किरण चौथी ४ पक्काशयसंबंधी रोग,
किरण पांचमी ५ मूत्राशयसंबंधी रोग,
किरण छठी ६ मगजसंबंधी रोग,
किरण सातमी ७ आंख कान नाकके रोग,
किरण ८ मी–चमडीके रोग,
किरण ९ मी–छुटकर रोग,
किरण १० मी–स्त्रीयोंके रोग,
किरण ११ मी–बच्चोंके रोग,
किरण १२ मी–पशुओंके रोग,
किरण १३ मी–मरदमीकी दवा,
किरण १४ मी–छुटकर इलाज,

किरण पहली १

ज्वर–बुखार.

(बुखारका संक्षेपवर्णन)–बुखारका मरज जेसा सामान्य है, तैसे बडासख्त भी है, सब रोगोंमें वो मुख्य होणेसें वो रोगोंका राजा कहलाता है बुखारोके कितनेही भेद है, लेकिन् ये सब तरेका बुखार किस मूल कारणसें पैदा होता है, तथा किसतरे चढता है, और उतरता है, इन सब बातोंका संतोष करनेवाला समाधान करनेकूं विद्वान लोक अभीतक कोईभी शक्तिवान् नहीं भया है, किसीभी ग्रंथमें ज्वरकी बावत समाधान पूरा खुलासेके संग किया भया नहीं है, बुखारका विषय बहोत गहन है, इसवास्ते ऐसे ग्रंथोंसें बुखारका फकत सामान्य स्वरूप और उसकी सामान्य चिकित्सा जाणनेमें आवे इतनाही बस है, एसा विचार कर इसजगे मुख्य २ बुखारका कारण लक्षण और उपाय बताणेमें आया है.

वदन गरम होकर तपना अथवा वदनमें जो स्वाभाविक उष्णता होणी चहिये उससें जादा गरम होना ये बुखारका चिन्ह है, लेकिन् इसतरे शरीर तपनेका क्या कारण है, और वो क्रिया किसतरे होती है, ये बावत बहोत सूक्ष्म है, देशी वैद्यकशास्त्र बुखारका खुलासा इसतरे किया है, वात पित्त कफ ये तीनों दोप अयोग्य आहार विहारसें जठरमें जाकर रसकूं दूपितकर कोठेकी अग्निकी उष्णताकूं बाहर निकाल ज्वरकूं पैदा करता है, इस बावतकूं विचारते एसा सिद्ध भया के वाय पित्त कफ इन तीनोंकी समानता यही आरोग्यताका चिन्ह है, और विषमता अथवा कम वेसीपणा येही रोगका चिन्ह है, ये समानता अथवा विषमता आहार विहारपर आधार रखता है, इस क्रमके देखणेमें यहभी

सिद्ध भयाके जैसें वदनमें वायुका वढणा और रोगोंकों पैदा करता है, तैसें वातज्वरकूंभी पैदा करता है: इसीतरे पित्तकी अधिकता पित्तज्वरकूं कफकी अधिकता कफज्वरकूं पैदा करता है, इसमेंके दोदो दोपोंकी अधिकता दोदो दोषोंके लक्षणवाले ज्वरकूं पैदा करता है, और तीनों दोप विगडता है, तब तीनों दोपोंके लक्षणवाला त्रिदोष सन्निपात ज्वरकूं पैदा करता है.

(बुखारका भेद) बुखारके भेद किसतरे करणा ये तो वडी कठिन वात है, क्योंके बुखार वहोत कारणोंसे पैदा होता है, ये कारण दो प्रकारका है, आंतर याने शरीरके अंदरसे पैदा होनेवाला वाहिर याने वाहिरसे पैदा होनेवाला आंतर कारनोंका तीन भेद है, आहार विहारसें रश विगडकर बुखार आता है, उसमें सर्व साधारण बुखार जैसेंके तीन तो अलग २ दोपवाला दोदो दोपवाला तीनों दोपवाला विपमज्वर वगेरे ज्वरोंका समावेश होता है, और वदनके अंदर सोजा तथा गांठके होनेसें बुखार आता है, और जिसकूं अंग्रेजी वैद्यकमें बुखारके प्रकरणमें गिणनेमें नहीं आया लेकिन देशी वैद्यकमें जिसकूं बुखारके भेदोमें गिणा है, वो अंतर कारणसें आनेवाला बुखारका दुसरा भेद गिणा है, वाहिर कारणोंके ज्वरमें सर्व आगंतुकज्वर (जिनोंकी वावत पीछै लिखणेमें आवेगा) तथा हवामें उडते चेपी बुखारोंका समावेश होता है.

देशी वैद्यकशास्त्रमुजव बुखारका भेद– नीचेमुजव

(१) वातज्वर,	(६) कफपित्तज्वर,
(२) पित्तज्वर,	(७) सन्निपातज्वर,
(३) कफज्वर,	(८) आगंतुकज्वर,
(४) वातपित्तज्वर,	(९) विपमज्वर,
(५) कफवातज्वर,	(१०) जीर्णज्वर.

अंग्रेजी वैद्यकशास्त्रमुजव बुखारका भेद–नीचेमुजव.

(१) जारी बुखार उसके भेद नीचे मुजव.

(१) सादा तप (२) टाइफस (३) टाईफोइड (४) फिरफिर आनेवाला आंतरका भेद (१) हमेशका ठंड देके आनेवाला.

(२) एकांतर. देशी वैद्यकमुजव विपमज्वरके भेद.

(३) तेजरा (४) चोथिया.

(३) रिमिटंट फीवर–देशी वैद्यकमुजव विपमज्वरका एक भेद संतत.

(४) फूटकर निकलनेवाला बुखारका भेद नीचेमुजव

देशी वैद्यकमें मसुरिका क्षुद्ररोग तथा मूंधोरा नामसें लिखा है.

(१) शीतला,	(७) हेजामरीका तप,

(२) ओरी,	(८) इन्फल्युएनझा,
(३) अचपडा,	(९) मोतीज्वरा,
(४) लालबुखार,	(१०) पाणीज्वरा,
(५) रंगीला बुखार,	(११) थोथीज्वरा,
(६) रगतवायुविसर्प,	(१२) काला मूंघोरा.

(बुखारके सामान्य कारण) अयोग्य आहार और अयोग्य विहार ये बुखारका मान्य कारण है, इस कारणोंसे वदनका धातुविकार पाकर बुखारकूं पैदा करता है, योग्य आहार विहारमें बहोतसी बातोंका समावेश होता है, बहोत गरम तथा बहोत ा खुराक बहोत भारी खुराक बिगडा भया और बासी खुराक तासीरके विरुद्ध खुराक तु विरुद्ध खुराक बहोत महनत बहोत गरमी लेना अति ठंढ बहोत भूख बहोत बिलाश राब पाणी खराब हवा ये सब बुखारके तरे २ के कारण है.

(बुखारके सामान्य लक्षण)— बुखार बहार दिखाणेके पहले थकला त्तकी बेचेनी मूंमें विरसपणा आंखोंमें पाणी आणा जंभाई ठंढ हवा तथा पकी वेर २ इच्छा और भूखका अभाव अंगोंका टूटणा वदनमें भारीपणा रूंखडे णा खुराककी अरुचि इत्यादिकलक्षण सरू होते हैं, ज्वरभरे पीछै चमडी गरम मालम णा ये बुखारका प्रगट चिन्ह है, बुखारमें पित्त अथवा गरमीका मुख्य उपद्रव होता है, खार प्रगट भया पीछै वदनमें उष्णता भरणेके संगऊपर लिखे सब चिन्ह जारी रहते हैं.

वातज्वर.

(कारण) विरुद्ध आहार विहारसें कोपपाया भया वायु होजरीमें जाकर होजरीका स (आम)कूं दूषितकर ज्वरकी गरमीकूं बाहर निकालती है, उसकरके वातज्वर दा होता है.

(लक्षण) जंभाई आणा ये वातज्वरका मुख्य चिन्ह है, सिवाय बुखारका वेग मती वेसी होणा गला होठ तथा मूंका सूकणा निद्राका नाश छीकका बंध होणा में लूखापणा अवयवोंका दूखणा दस्तकी कबजी इत्यादिक दुसरे भी चिन्ह गडते हैं, ये बुखार जादातर वायुप्रकृतीवालेकूं तथा वायु प्रकोपकी मोशमवर्षा हूं होता है.

वातज्वरमें एकाधटक लांघनकर पीछे तासीर तथा दोषके अनुसार हलका खुराक लेणा ऊपर लिखासो बुखारका उत्तम पथ्य है, पथ्य यथार्थकरणेसें दवा नहीं लेणी पडती (२) लघुसुदर्शन चूर्ण (नं० ३२ में दिया भया है, उसकी फक्की अथवा फांटचा अथवा हिमकरके पीणा इसतरे लंघन तथा सादे इलाजसें बुखार नहीं जायतो सब बुखारवालोंकों तीनदिन बाद देवदारु तोला २ धाणा तोला २ सूंठ. तोला २ रिंगणी तोला २ वडी कंटाली तोला० २ देवदारू तोला २ इन सबोंकों कूट १ तोलेभरका काढा पाव पाणीका डेढ आना पाणी रखके देणा ज्वर पाचन होकर उतर जायगा अथवा सातमें दिन दोपकूं पकाणेकूं नं० २०० वाला (गुडुच्यादि क्वाथ) गिलोय सूंठ पीपरामूलका काढा शरू करणा उस करके बुखारका पाचन होकर ऊतर जायगा.

पित्तज्वर.

(कारण) पित्तकूं वधाणेवाले अहार विहारसें बिगडामया पित्त होजरीमें जाकर होजरीके रसकूं दूषितकर जठरकी गरमीकूं बाहर निकालता है, एक दोप कोपणेसें दुसरे दोषोंकों बिगाडता है, एसानियम है, इसवास्ते जठरमें गया दूषित पित्त जठरकी वायूकूं कोपाता है, और कोपी भई वायु अपणे स्वभाव मुजब जठरकी गरमीकूं बाहर निकालती है, उस करके पित्तज्वर पैदा होता है.

(लक्षण)–आंखोमे दाह जलण होणी ये पित्तज्वरका मुख्य लक्षण है, बुखार बहोत जोरका दस्त उलटी पसीना वकणा दाह प्यास कंठ होठ मूंकापकणा मल मूत्र नेत्र पीला होणा और भ्रम ये पित्तज्वरके दुसरे लक्षण है, जादातर पित्त प्रकृतीवालेकूं तेसें पित्तके कोपकी शरद तथा ग्रीष्मऋतूमें इस बुखारका विशेष उपद्रव होता है.

(इलाज) (१) लंघन, दोपके जोर मुजब एकटंक अथवा एकदिन अथवा भूख लगणेकी खबरपडे जहांतक लंघण कराणा अथवा मूंगके दालका पाणी भात अथवा साबूदाणे पीणा डाकदर दूध पिलाते हैं, पाचन देकर (२) पित्त पापडा अथवा घासिया पित्त पापडेका उकाला फांट अथवा हिम पीणा (३) पर्पटादि क्वाथ (नं० २०१) उसका फांट याहिम करके पीणा (४) दाख हरडे मोथ कुटकी किरमालेकी गिर और पित्तपापडा इनका काढा पीणेसें पित्तज्वर शोप दाह भ्रम मूर्छा वगेरे उपद्रव मिटकर दस्तसाफ आता है, (५) पित्तपापडा रगतचंनण सुपेद तथा काला दोनोंवाला इनोका उकाला फांट हिम पित्तज्वरकूं मिटाता है, (६) रातकूं ठंढे पाणीमें भिजाया भया धाणोका हिम अथवा गिलोयका हिम पीणेसें पित्तज्वरका दाह शांत होता है (७) पित्तज्वरके संग बहोत दाह होता होय तो कच्चे चावलोंके धोवणमें थोडा चंदन तथा सूंठकूं घसकर चावलोके धोवणमें मिलाकर थोडा सहत तथा मिश्रीडालकर पिलाणा.

(२) ओरी,	(८) इन्फल्युएनझा,
(३) अचपडा,	(९) मोतीज्वरा,
(४) लालबुखार,	(१०) पाणीज्वरा,
(५) रंगीला बुखार,	(११) थोथीज्वरा,
(६) रगतवायुविसर्प,	(१२) काला मूंधोरा.

(बुखारके सामान्य कारण) अयोग्य आहार और अयोग्य विहार ये बुखारका सामान्य कारण है, इस कारणोंसे वदनका धातुविकार पाकर बुखारकूं पैदा करता है, अयोग्य आहार विहारमें बहोतसी बातोंका समावेश होता है, बहोत गरम तथा बहोत ठंढा खुराक बहोत भारी खुराक बिगडा भया और बासी खुराक तासीरके विरुद्ध खुराक ऋतु विरुद्ध खुराक बहोत महनत बहोत गरमी लेना अति ठंढ बहोत भूख बहोत विलाश खराब पाणी खराब हवा ये सब बुखारके तेरे २ के कारण है.

(बुखारके सामान्य लक्षण)— बुखार बहार दिखाणेके पहले थकेला चित्तकी बेचेनी मूंमें विरसपणा आंखोंमें पाणी आणा जंभाई ठंढ हवा तथा भूपकी वेर २ इच्छा और भूखका अभाव अंगोंका टूटणा वदनमें भारीपणा रूखडे होणा खुराककी अरुचि इत्यादिकलक्षण सरू होते हैं, ज्वरभरे पीछै चमडी गरम मालम देणा ये बुखारका प्रगट चिन्ह है, बुखारमें पित्त अथवा गरमीका मुख्य उपद्रव होता है, बुखार प्रगट भया पीछै वदनमें उष्णता भरणेके संगऊपर लिखे सब चिन्ह जारी रहते हैं.

वातज्वर.

(कारण) विरुद्ध आहार विहारसें कोपपाया भया वायु होजरीमें जाकर होजरीका रस (आम)कूं दूषितकर ज्वरकी गरमीकूं बाहर निकालती है, उसकरके वातज्वर पैदा होता है.

(लक्षण) जंभाई आणा ये वातज्वरका मुख्य चिन्ह है, सिवाय बुखारका वेग कमती बेसी होणा गला होठ तथा मूंका सूकणा निद्राका नाश छीकका बंध होणा वदनमें लूखापणा अवयवोंका दूखणा दस्तकी कबजी इत्यादिक दुसरे भी चिन्ह पेडते हैं, ये बुखार जादातर वायुप्रकृतीवालेकूं तथा वायु प्रकोपकी शीतमवर्षा ऋतुमें पैदा होता है.

इलाज (१) लंघन सब बुखारोंमें लंघन हितकारक है, तोभी दोष तासीर बालक वृद्ध शरीरकी स्थितिका विचारकर लंघन कराणा वातज्वर प्रथमें तीन लंघन कराणा लेकिन् शरीर ताकतवाला होय तो शक्ति मुजब १ से ६ तक लंघनकराणा लंघणकरणा याने मुदल नहीं खाणा एसा लंघनका अर्थ नहीं है, थोडाखाणा हलकाद-लिया या भात या मूंगकी अरहडकी दालपीणा ये भी लंघनही कहलाता है, साधारण

वातज्वरमें एकाधटक लांघनकर पीछै तासीर तथा दोषके अनुसार हलका खुराक लेणा ऊपर लिखासो बुखारका उत्तम पथ्य है, पथ्य यथार्थकरणेसें दवा नहीं लेणी पडती (२) लघुसुदर्शन चूर्ण (नं० ३२ में दिया भया है, उसकी फक्की अथवा फांटचा अथवा हिमकरके पीणा इसतरे लंघन तथा सादे इलाजसें बुखार नहीं जायतो सब बुखारवालोंकों तीनदिन बाद देवदारु तोला २ धाणा तोला २ सूंठ. तोला २ रिंगणी तोला २ वडी कंटाली तोला० २ देवदारू तोला २ इन सबोंकों कूट १ तोलेभरका काढा पाव पाणीका डेढ आना पाणी रखके देणा ज्वर पाचन होकर उतर जायगा अथवा सातमें दिन दोषकूं पकाणेकूं नं० २०० वाला (गुडुच्यादि क्वाथ) गिलोय सूंठ पीपरामूलका काढा शरू करणा उस करके बुखारका पाचन होकर ऊतर जायगा.

पित्तज्वर.

(कारण) पित्तकूं वधाणेवाले अहार विहारसें बिगडाभया पित्त होजरीमें जाकर होजरीके रसकूं दूषितकर जठरकी गरमीकूं बाहर निकालता है, एक दोष कोपणेसें दुसरे दोषोंकों विगाडता है, एसानियम है, इसवास्ते जठरमें गया दूषित पित्त जठरकी वायूकूं कोपाता है, और कोपी भई वायु अपणे स्वभाव मुजब जठरकी गरमीकूं बाहर निकालती है, उस करके पित्तज्वर पैदा होता है.

(लक्षण)–आंखोमे दाह जलण होणी ये पित्तज्वरका मुख्य लक्षण है, बुखार बहोत जोरका दस्त उलटी पसीना बकणा दाह प्यास कंठ होठ मूंकापकणा मल मूत्र नेत्र पीला होणा और भ्रम ये पित्तज्वरके दुसरे लक्षण है, जादातर पित्त प्रकृतीवालेकूं तेसें पित्तके कोपकी शरद तथा ग्रीष्मऋतूमें इस बुखारका विशेष उपद्रव होता है.

(इलाज) (१) लंघन, दोषके जोर मुजब एकटंक अथवा एकदिन अथवा भूख लगणेकी खबरपडे जहांतक लंघण कराणा अथवा मूंगके दालका पाणी भात अथवा साबूदाणे पीणा डाकदर दूध पिलाते हैं, पाचन देकर (२) पित्त पापडा अथवा घासिया पित्त पापडेका उकाला फांट अथवा हिम पीणा (३) पर्पटादि क्वाथ (नं० २०१) उसका फांट याहिम करके पीणा (४) दाख हरडे मोथ कुटकी किरमालेकी गिर और पित्तपापडा इनका काढा पीणेसें पित्तज्वर शोष दाह भ्रम मूर्छा वगेरे उपद्रव मिटकर दस्तसाफ आता है, (५) पित्तपापडा रगतचंनण सुपेद तथा काला दोनोवाला इनोका उकाला फांट हिम पित्तज्वरकूं मिटाता है, (६) रातकूं ठंढे पाणीमें भिजाया भया धाणोका हिम अथवा गिलोयका हिम पीणेसें पित्तज्वरका दाह शांत होता है (७) पित्तज्वरके संग बहोत दाह होता होय तो कच्चे चावलोंके धोवणमें थोडा चंदन तथा सूंठकूं घसकर चावलोके धोवणमें मिलाकर थोडा सहत तथा मिश्रीडालकर पिलाणा.

कफज्वर.

(कारण) कफ करणेवाले पदार्थ अहार विहारसें दूषितभया कफ जठरमें जाकर जठरके रसकों दूषितकर उसकी उष्णताकूं बाहर निकालता है, कफकोपपाकर वायूकों कोपाता है, कोपी भई वायु उष्णताकूं बाहर लाती है.

(लक्षण)—अन्नपर अरुचि ये कफज्वरका मुख्य लक्षण है, शिवाय अंगोमें भीगा पणा बुखारका जोर मंद आलस मूंमे मीठास मलमूत्र नेत्रका रंग सुपेद अवयव अकड जाणा वदनमें भारीपणा ठंढ श्लेष्म बहोत नींद उबाकी छातीमे कफ मंदाग्निवगेरे दुसरे चिन्हभी होते हैं, ये बुखार विशेष करके कफ प्रकृतीवालेकूं तथा कफके कोपकी ऋतू वसंतमें होता हैं.

इलाज (१) लंघन कफज्वरके रोगीकूं लंघन विशेष सहन होता है, और योग्य लंघनसें दूषित भया दोपका पाचन होता है, इसवास्ते रोगीकूं जहांतक पक्की भूख नहीं लगे उहांतक खाना नहीं अथवा मूंगकी दालका ओसामण पीणा (२) गिलोयका काथ फांट अथवा हिमसहत डालकर पीणा (३) भुनिंवादि काथ (नं० २०२) (४) लींडी पींपर हरडे बहेडा आंवलोंकूं समभाग लेकर चूर्णकर उसमेंसें पाव २ तोला लेकर सहतमें चाटणेसें कफज्वर तथा उसके संगकी खासी श्वास कफ दूर होता है. (५) अरडूसेका पत्ता भूरींगणी तथा गिलोय इनोंका उकाला सहत डालके पीना.

दोदो दोप मिलातप.

दोदो दोप मिले तपमें दोदो दोपोंके लक्षण मिले होते हैं, और अनुभवी सूक्ष्म दृष्टि वाले वैद्यही पहचान सकते हैं, इस बुखारकूं द्वंद्वज और मिश्र कहतें है.

(वातपित्तज्वर) (१) लंघन (२) किरातादि काथ) चिरायता गिलोय दारु आंवला और कचूर इसकी उकालीमें गुड तीनवर्षका डालके पीणा (३) पंचभद्र क गिलोय पित्तपापडा मोथ चिरायता तथा सूंठका काढा.

(कफवातज्वर) (१) लंघन (२) लघुक्षुद्रादि काथ—पसरकंटाली सूंठ गिले एरंडीकी जड इनोका काढा (३) आरग्वधादि काथ—किरमालेकी गिर पीपलामूल मो कुटकी जो हरडे इनोंकी उकाली (४) इकेली लींडी पीपरकी उकाली.

कफपित्तज्वर (१) लंघन पाचन (२) लोहितचंदनादि काथ—रगतचंदन पदमा धाणा गिलोय और नींवकी अंतर छाल उकाली देनी (३) कुटकी आधा रुपियेभर जलमें पीस मिश्री मिलाकर पीणीया फाकणी इतनी गरम जलसें (४) अरडूस पत्तोंका रस (२ रु० भर) उसमें २॥ मासा मिश्री २॥ मासा सहत डालकर पीणा.

सादा जारी बुखार.

(कारण तथा लक्षण) अनियमित खानपांन अजीर्ण एकाएक अति ठंडीया गरम

लगणी उजागरा और अतिश्रम विशेष करके एसा सादा बुखार ऋतूके वदलनेसें हो जाता है, और उसकी मुख्य ऋतु मार्च अप्रेल अथवा वसंत तथा सप्टेंबर अक्टोंबर अथवा शरद है, शरदमें पित्तका बुखार होता है, वसंतमें कफका होता है, और जुलाइ महीनेमेंभी वरसादकी वातप्रकृतीवाली ऋतुमें वायुके उपद्रव समेत बुखार चढ आता है, ऊपर जो जुदे २ दोपका बुखार वर्णन किया है, उन सवोंकी सादे जारी बुखारमें गिणती हो सकती है, ये बुखार अंतरिया बुखारकीतरे चढा उतार नहीं रहता लेकिन एक दोदिन जारी बुखार आयकर तुरत उतर जाता है.

(इलाज) सादा जारी बुखारके ऊपर तीनों न्यारे २ दोप वाले इलाज लिखे हैं, इसके सिवाय सामान्य इलाज लिखते हैं, वो सव जारी बुखारपर चल सकते हैं, जहांतक बुखारमें किसी एक दोषका निश्चय नहीं होवे उहां इस इलाजोंकों चलाणा सादे जारी बुखारमें विशेष दवाकी जरूरी नहीं रहती एकाध टंक लंघन करनेसें आराम लेनेसें हलका खुराक खानेसें और दस्तकी कवजी होय तो उसका खुलासा करनेसें बुखार उतरजाता है, शरुआतमें गरम पाणीमें पांव डुवाणा उससे पसीना आके आराम होता है, बुखारमें गरम किया तीन उकालेका ठंढा किया भया पाणी मांगे जव पीणेकूं देणा आंखमें सूठ काली मिरच पीपरकूं घस अंजण कराणा वहोत हवा खुलेछत सोने नहीं देना खानेकूं थलीदेशमें वाजरीका दलिया, पूरववालेकूं, भातकी कांजी मांड, मध्यमारवाडमें मूंगका ओसामण भात, दक्षिणमें तूरकी दाल पतलीका पाणी अथवा भात मिलाकर, ये बुखार दोतीन दिन रहता है, लेकिन मिटकर वाजे वखत पीछा आजाता है, इसवास्ते बुखार गयेवादभी पथ्य रखना जहांतक ताकत नहिं आवे उहांतक भारी अनाज खाणा नहीं और महनतका काम करणा नहीं, (१) गडूच्यादि काथ (नं० १९८) (२) नागरादिपाचन) पिछाडी लिखा है, पांच चीजोंका सो (३) क्षुद्रादि काथ, भूरींगणी चिरायताकुटकी सूंठ गिलोय एरंडीकी जड (४) दाख धमासा अरडूसेका पत्ता (५) चिरायता वाला कुटकी गिलोय और नागरमोथ इनोंमेंका कोइभी काढा काथकी विधिमुजव तइयारकर थोडे दिन दोनुं टंक पीणा इससे बुखार पाचन शमन होकर उतरजाता है (६) लघुसुदर्शन चूर्ण (नं०३२ उसकी फकी हिम अथवा चा करके पीनेसें सादा जारी तप उतर जाता है, जोरवाले सादे बुखारमेंभी ये चूर्ण वहोत फायदा करता है, इस चूर्णसे पसीना आता है, बुखारभी अटक जाता है बुखार उतरेवादभी किनाइनकीतरे ये चूर्ण थोडे दिन देनेसें बुखार उथलके नहीं आता और ताकत आजाती है.

(अंग्रेजी इलाज) (७) प्रथम दस्त साफ लानेकूं सिडलिझ पाउडर (नं०४५३) का देणा उलटी होतीभी वंध होगी प्यास कम पडेगी अथवा पसीना लानेकूं पहली खुराक एप्सम सोल्ट रोगीके कोठेकी स्थितिमुजव २ से ४ ड्राम डालकर देना.

(८) नं० ५७०) वाला मिक्श्चर पहली खुराकमें पसीना लाणे वास्ते दिनमें तीनवखत देणा पसीना आके बुखार बंध होणेसें मिक्श्चर बंध करणा.

(९) पसीना लाणेकूं इकेले गरम पाणीमें अथवा निमकया राईका आटा डाले भये पाणीमें थोडे मिनटतक रोगीके पांवडु वाणा पीछै पूंछकर ओढायकर विछोणेमें सुलाणेसें पसीना आता है.

(१० नं० ५७१) वाली मिलावटकी पुडी देणेसें भी पसीना आता है, और बुखार उतर जाता है, इसमें टार्टर एमेटिक उलटीकूं लाणेवाली है, उससे उलटी जो जादा होय तो वो नहीं डालकर एन्टीमोनियल पाउडर फक्त.

(११) बुखारके संग उलटी होती होय तो ऊपर (नं० १०) के नुसखेवाली दवा पेटमें नहीं टिके तो (नं० ५७८) वाला मिक्श्चर देणा अथवा वो दवा हाजर नहीं होय तो साजीखार ३० ग्रेण खट्टे नींबूका रस ३ द्राम और पाणी ६ औंस इन तीनोंकों मिलाकर पिलाणेसें उलटी बुखार प्यास नरम पडेगा.

(१२) बुखार उतरगये पीछै नाताकती मिटाणेकूं बुखार पीछा नहीं आवै इसवास्ते इकेला किनाइन रोगीकी शक्ति तथा प्रकृतीके अनुसार दर टंकमें २ ग्रेनसें ५ तक देणा अथवा (१३) नं० ५७४) वाला किनाइन मिक्श्चर देणा.

(१४ होमियोपथी इलाज)-(एकोनाईट) खूनमें जहरका असर नहीं होय तो ये दवा देणेसें नाडी धीरी पडकर पसीनेके संग बुखार उतर जाता है, मात्रा दर दोदो तीन २ घंटेसें दोदो बूंद एक तोला पाणीके संग पीना सख्त बुखार होय तो आधे २ कलाकसें पीना.

(१५ जेल्सिमियम) ऊपरकी दवासें बुखार नहीं उतरे और रोगी सुस्त होगया होय तो ये दवा ऊपरकी दवा मुजवही देना.

(१६) इसके सिवाय पाचनशक्तिकी गडबड होय तो बेप्टिसिया जो रोगी बेहोस होकर पडा होय तो आर्सेनिक और मींट तथा शिर बहोत दुखता होय तो बेलाडोना देणा चहिये.

सन्निपातज्वर.

(समझ) तीनों दोषोंका कोपणा उसकूं सन्निपात त्रिदोष कहते हैं, और एसे हाल सबरोगोंके आखरीदशामें भया करता है, बुखारमें एसा होय तब बुखारका सन्निपात समझणा शास्त्रोमें एक दोष प्रबल दो दोष कम कहां इदो दोष प्रबल एक दोष कम एसें एकोल्बणादि ५२ भेदभी दिखलाया है, तेरे दुसरे नाम धरकरके भी सन्निपात लिखे हैं, लेकिन् हम जो आगे चौदे सन्निपातका स्वरूप लिखते हैं, इनोंमें प्राये सब आजाते हैं, सन्निपात बिगर मौत नहीं चाहे बोलना चलता खाता पीता क्यों नहो पण

निदान अनुभव और कालज्ञानवाला पहचान सकता है, वा जे मूर्ख अंत दशातक नहीं पिछान सकते.

(सामान्य लक्षण)–जिस बुखारमें वाय पित्त कफ तीनों दोषोंका कोप भया होता है, वो सन्निपातज्वर क्षणमें दाह क्षणमें ठंढ हड्डी और जोडोंमें दरद शिरमे दर्द आंखोंमें आंसू कानोंमे अवाज गलेमें कांटे नसा मोह मींट वक वाद खास श्वास अरुचि हांफणी जीभटेढी काली अंगढीला शिर हिलाना नींदका नाश दस्त पैशावका वहोत देरसे थोडा उतरना गलेमें अवाज गूंगापना पेटका आफरना वदनपर चठे दाफड अथवा गोल चकते इनोंमेंके थोडे लक्षण कष्ट साध्यमें, पूरे लक्षण असाध्य सन्निपातमें होते हैं.

(सन्निपातके भेद)–सन्निपातमें जुदे २ दोष मुजव लक्षणों करके विद्वानोंने अनुभवकर सवोंके लक्षणपर उपाय ग्रंथोमें लिखे हैं, वडे भयंकर सन्निपातोंमें फूंकी भई रसमात्रा ओं वहोत कामदेती है, इस जगे तो सुलभ सामान्य इलाज लिखते हैं, इनोंसें भी फायदा होता है, सन्निपातज्वर १३ तथा १४ प्रकारका है, + संधिक १ अंतक २ रुग्दाह ३ चित्तविभ्रम ४ शीतांग ५ तंद्रक ६ कंठकुब्ज ७ कर्णक ८ भुग्ननेत्र ९ रक्तष्ठीवी १० प्रलापक ११ जिह्वक १२ अभिन्यास १३ हारिद्रक १४.

(१ संधिकके लक्षण)–सांध २ मेदरद शूल प्यास चित्तकूं संताप निद्राका नाश नाताकती कफ संबंधी पीडा और ज्वर पसलियोंमें दरद इसकी मुद्दत सातदिनोकी है, मारे चाहे जीये. ७ वर्षभी है.

(संधिकका इलाज)–रास्ना सूंठ गिलोय कांटाशेलिया नागरमोथ शतावर हरडे देवदारू कुटकी कचूर अरडूसेके पत्ते एरंडकी जड तथा दशमूल इनसबोंकी उकाली.

(२ अंतकका लक्षण) दाहकरे संतापकूं वढावै मोहरोणेलगे शिर हिलायाकरे हिचकी होय और खासी होय ये त्यागने योग्य असाध्य है, इसकी मुद्दत १० दिनोंकी है, वकवाद वेशुद्ध श्वास नसा येभी होता है.

(अंतकका इलाज)–हरडे अरडूसा करमाला देवदारू कुटकी रास्ना गिलोय कुलिंजन.

(३ रुग्दाहका लक्षण)–वकवादकरे संताप अतिमोह दाह वेहोसी वहोत प्यास श्वास काश हिचकी शिथलपणा चक्कर भ्रांति गलाहिडकी ठोड़ी गरदनमें दरद इसकी मुद्दत २० दिनकी है येभी असाध्य है.

+ सन्निपातका १३ भेद प्रथकारोने लिखे हैं. आयुर्ग्यानार्णवमें हेमाचार्यने १४ माहारिद्रक सन्निपातलिखा है, सो हमने केइवरात मनुष्योके देखभी लिया है, इसमें आयेवाद वचणा मुसकिल है, योगचिंतामणीमे जैनाचार्यने इसके इलाज भी लिखे है, इनचोदेमें मलपाकी होय सो वचना है, धातुपाकी मिवे मरता है, इन दोनोके होणेमें आयुकर्म परमुदार है, संधिक १ तंद्रिक २ चित्तभ्रम ३ कर्णक ४ जिह्वक ५ कंठकुब्जये छय कष्टसाध्य है, वाकी ८ असाध्य है, लेकिन् इलाज लिखा है, केम्यात् कोइ एसाभी वचजावै कदाच प्राणतक दया देणा ये चिकित्सावी प्रणाली है, वाकी वचना मुसिकल है, कष्ट साध्यो हमने सदकडो वचाये है

(रुग्दाहका इलाज) वाला रगतचंनण नेतरवाला दाख आंवला पित्तपापडा उकालीकर पिलाना.

(४) चित्तविभ्रम लक्षण) चित्तभ्रमित बने धतूराखाने जैसी अवस्था हो संताप व्याकुलपणा आंखोंमें विकलपणा रोनेलगे हसनेलगे गावे नाचै और बकवाद करे इसकी मुदत २४ दिनकी है वाजेकूं वर्षोंतक रहता है.

(चित्तविभ्रमका इलाज) मोलेठी नखला शेमल पीपर अर्जुन वृक्ष (सादड) हरडे जटामासी रगतचंनणका काढा.

(५) शीतांगका लक्षण वदन वरफ जैसा ठंढा पड जाणा कांपणा श्वास हिचकी सब अंग शिथिल शोष मनकूं संताप खासी दस्त उलटी अबाज खोखरी इसकी मुदत १५ दिनोकी है असाध्य है.

(शीतांगका इलाज) आककी जड जीरा सूंठ मिरच । पींपर भारंगी भूरींगणी काकडासींगी पोकर मूल नहीं तो एरंडीकी जड गोमूत्रमे उकाली करणी.

(६) तंद्रिकका लक्षण–मींटरहै. आंख कम खोले बुखार कफ प्यास जुवान काली जाडी और कांटोसें व्याप्त दस्त श्वास दाह कानोमें वहरास गलेमे सोजा सो जाड़ावोले निद्रा वगेरे मुदत २५ दिनोंकी कष्ट साध्य है.

(तंद्रिकका इलाज) भारंगमूल गिलोय मोथ भूरींगणी हरडे पोकरमूल इसकी उकाली.

(७) कंठकुब्जका लक्षण–शिरमे दर्द गलेमें कांटे दाह वेशुद्धि कंप बुखार वकवाद वातरक्तकी पीडा मूर्छा मुदत १३ दिनकी कष्टसाध्य है.

(कंठकुब्जका इलाज) काकडाशींगी चित्रक हरडे अरडूसा कचूर चिरयता भाडंगी भूरींगणी पोकरमूल नागरमोथ कूडा छाल कुटकी हलदी आमले देवदारू वहेडा चव्य सूंठ पींपर कायफल इसकी उकाली.

(८) कर्णकके लक्षण–कानकी जडमें सोजा वहोत वेदना वहरापण हाफणी वकवाद संताप ज्वरवगेरे ज्वर आतेही उठे तो असाध्य, ज्वरके मध्यमें उठे तो कष्टसाध्य अंतमे उठे तो साध्य मुदत तीन महेनेकी है कष्टसाध्य.

(९) कर्णकका इलाज–वहोत मूं सूजगया होय पका नहीं होय तब घी पिलाणा ४ दिन वादशक्ति मुजब कानके नीचे जोक लगाकर खून निकलवाणा अथवा ये लेप करणा रास्ना सूंठ वीजोरेकी जड चित्रक दारू हलदी अरणी इससें सूजन उतर जाती है साधारण कानके नीचे वचोंके सोजन आजाती है, जिसपर मुलतानी मट्टी रास्ना निमकका लेप करणा रास्ना आसगंध नागरमोथ दोनोंजातकी भूरींगणी भाडंगी काकडासींगी हरडे वच पोकरमूल कुटकीकी उकाली देनी.

(९) भुग्ननेत्रका लक्षण–आंख टेढी श्वास खासी नसा वकणा कंप वहेरापणा मोह सोजा वगेरे मुद्दत ८ दिनकी है असाध्य है.

(भुग्न नेत्रका इलाज) दारू हलदी पटोल नागरमोथ भूरींगणी कुटकी हलदी नींवकी छाल त्रिफला इनोंकी उकाली.

(१०) रक्तष्टीवीके लक्षण–मूंमेसें खून आणा बुखार उलटी प्यास मूर्छा शूल दस्त यामरोडा हिचकी पेटपर आफरा भमल जीभकाली अथवा लाल होणी आंख लाल जीभ पर चकत्ते मुदत १० दिनकी वेहोस असाध्य है.

(रक्तष्टीवीके इलाज) मोथ पद्मकाष्ट पित्तपापडा रगतचंनण मोलेठी वाला शतावर कृष्णागर कडवे नींवकी छाल इनोकी उकाली.

(११) प्रलापकका लक्षण–वकवाद कंप संताप शिरमे दर्द वडी २ वातें करणी स्वच्छतापर प्रीति दुसरेका फिकर बुद्धिकेनाशसे भई गभराट इसकी मुद्दत १४ दिनकी है असाध्य है.

(प्रलापकका इलाज) नागरमोथ वाला सूंठ पित्तपापडा रक्तचंनण अरडूसा इनोंकी उकाली.

(१२) जिव्हकका लक्षण–जुवानपर कांटे गूंगापणा वहरापणा ताकतका नाश खांसी संताप वगेरे मुदत १६ दिनकी हे कष्टसाध्य है.

(जिव्हकका इलाज) वच भूरींगणी धमासा राखा गिलोय मोथ सूंठ कुटकी काकडासींगी पोकरमूल ब्राह्मी भाडंगी चिरायता अरडूसा कचूरकी उकाली.

(अभिन्यासका लक्षण) बोलचाल बंध होकर अचेत होजाणा वेचेनी बडे कष्टसे एकाध दफे बोलणा शक्ति जाते रहणी श्वास मूंपर चिकणास तेजी नींद मुदत १६ दिनोंकी है असाध्य है.

(अभिन्यासका इलाज–काकडासींगी लाल धमासा पोकरमूल भाडंगी कचूर भूरींगणी इनोकी उकाली.

(१४) हारिद्रकके लक्षण—अंग नख नेत्र हाथ पाव वगेरेका रंग हलदी जैसा होजाय बुखार खांसी दस्त पेशाबभी हलदी जैसा ये सन्निपात क्वचित् २ देखणेमें आता है असाध्य है मुदत इकीस दिनोंकी है.

(हारिद्रकका इलाज) विशेष असाध्य है तोभी वृहत् भारंग्यादि क्वाथ देणा.

सर्व सन्निपातज्वरका सामान्य इलाज.

सन्निपात अथवा त्रिदोषके साधारण लक्षण विद्वान वैद्य और डाकदर सहजसें जाण सकते हैं मुसलमीनी इलाजोमें दोयही भेद सन्निपातोंके माने हैं, सरसाम १ बोहरान २ रातदिनके अभ्यासी, विगर पढे भी मृत्युके निशाण वहोतसी बखत बता देते हैं, मतलब

मूं काला पडजाय सुइचुभाणे कैसी पीडा होय अन्नपर अरुचि प्यास मूर्छा होती स्थावर विषमें दस्त होता है, क्योंके जहर नीचेकों गती करता है, उलटीभी होती ... ७।८ ...

(२) औषधी गंधजन्यज्वर–किसी तेज खराब बदवोवाली वनस्पतीकी खसबो चढेज्वरमें मूर्छा शिरमे दर्द तथा कैहोती है.

(३) कामज्वर–इच्छित स्त्री अथवा पुरुषकी प्राप्ति नहीं होनेसें जो ज्वर पैदा हो है, उसकूं कामज्वर कहते हैं, इसमे चित्तविभ्रम मींट आलस छातीमें दरद अरुचि क डके मोडणे गलहत्था देकर फिकर करना किसीकी कही बात अछी नहीं लगणी औ वदनका सूकणा मूंपर पसीना निसासे डालने आदि चिन्ह होते हैं.

(४) भयज्वर–डरसें बुखार चढे उसमें बकवाद बहोत करता है.

(५) क्रोधज्वर–गुस्सा आणेसे चढे ज्वरमें कांपणी मूं कडवा होता है.

(६) भूताभिषंगज्वर–में उद्वेग हसे गावे नाचै कापे तथा अचिंत्यशक्ती इसके शिवाय (क्षतज्वर) वदनमें घाव पडनेसें चढे बुखार, दाहज्वर, थकेलेका ज्वर, वदनक कोइभाग कटणेसें चढे सो छेदज्वर, वगेरे आगंतुकज्वरमें, बहोत कारणोंका समावेश होता है, नीचे मुजब इलाज करणा.

(१) जहरका, तथा औषधीगंधकेज्वरमे, पित्तशमन होय एसा इलाज करणा, तज तमालपत्र इलायची नागकेशर कबाबचीणी अगर केशर लोंग इत्यादि सब थोडे सुगंधी पदार्थ लेकर क्वाथ करके देणा.

(२) कामसें भये ज्वरमे, वाला कमल, चंदन नेत्रवाला तज धाणा जटामासी वगेरे ठंढे पदार्थोंकी उकाली ठंढा लेप तथा इच्छित वस्तुकी प्राप्ती.

(३) क्रोध, भय, शोक, वगेरे मानसिक विकारोके बुखारोंमें, उसके कारण दूर करणा, दिलासा देना इच्छितवस्तु मिलणा, पित्तकूं शमाणेवाले शांत उपचार, आहार, तेसें बाहर उपचार करनेसें मिटता है.

(४) चोट, श्रम, रस्ते चलनेका थकेला गिरजाणा वगेरेके बुखारमें पहली दूधभात खाने देना, रस्ते चलणेके ज्वरमें तेलका मालिस, और नींद लेने देना.

(५) आगंतुकज्वरवालेकूं लंघन करणा नहीं, चिकणा तरावटवाला पित्तशामक ठंढा भोजन कराणा मनकूं शांतकरवाणा इन बातोसें बुखार नरम पडता है.

विषमज्वर.

(कारण) एकवखत आयेभये बुखारके दोषोंका शास्त्रकी रीतविगरसें निवारण किये पीछे दवा जैसें क्विनाइन वगेरेसें बुखारकूं दवा देणेसें उसकी लिंगस नहीं जाती तब बुखार धातुओंमें छिपकर रहता हैं तब अहित आहार विहारसें दोष कोप पाकर बुखारकूं

पीछे प्रगट करता हैं, और वो विषमज्वर कहलाता है, खराब हवा वगेरे दुसरे कारणोंसें भी सरुआतमें विषमज्वरकी पैदास है.

(लक्षण) विषमज्वरका कोई मुकरर वखतन हीं है, उसमे ठंडी गरमीकाभी नियम नहीं है, उसके वेगकाभी तादाद नहीं है, किसी वखत थोडा किसी वखत जादा रहता है, उसमे ठंड किसी वखत गरमी लगके चढता है, किसी वखत जादा जोरसें किसी वखत कमजोरसें इस बुखारमें जादा तर पित्तका कोप होता है.

(भेद) विषमज्वरका पांच भेद है, १ संतत २ सतत ३ अन्येद्युष्क एकांतर, तेजरा ४ चोथिया ५.

(१) कितनेक दिनोंतक अणउतार एक सदृश रहणेवाला बुखारकूं संतत कहते हैं, वात ७ दिन पित्त १० दिन कफ १२ दिन दोपके ताकत मुजब रहकर पीछै उतरकर फेर बहोत दिनोंतक आते रहता है, ये बुखार वदनके रस धातूमें रहता है, एसी शास्त्रकी आज्ञा है.

(२) सतत–१२ घंटेके अंतरसे आणेवाला तैसें दिनमें और रातमें दोवखत बुखार आवे वो सतत कहलाता है, इस बुखारका दोप खून धातूमें रहता है.

(३) एकांतरा–(हमेसांका) २४ घंटेके अंतरसे आता है, दररोज एक वेर बुखार चढे और ऊतरे, ये बुखार मांस धातूमें रहता है.

(४) आर्सेनि ४८ घटेके अंतरसें आता है, विचमें एकदिन नहीं आता इसकूं तेजरा कहते दवा उ एकांतर कहते हैं, ये मेद धातूमें दोप रहता है.

(५) णेकूं क्वि -७२ घंटेसे ये बुखार आता है, विचमें दो दिन नहीं आता पीछे तीसरे दिन अब असर पहिले दिनकी अपेक्षा चोथिया कहलाता है, इसका दोप हाड धातूमें रह आईपीक्य मज्जा धातूमें रहता है, दोपजुदे २ धातूका आश्रय लेकर रहणेसें रसगत र ये दवा देण नामोंसे वैद्य कहते हैं. इस अनुक्रमसें हाड तथा मज्जामें गया भया चो नक दा भयंकर है, अगर जो दोप वीर्यमें पोहचता है, तो जरूर प्राणी मर जाता है, अब विपमज्वरोंका सामान्य जुदे २ इलाज लिखते हैं.

देशी इलाज.

(१) संततज्वर–पटोल इंद्रजव देवदारु गिलोय नींबकी छाल.

(२) सततज्वर–त्रायमाण कुटकी धमासा उपलसिरी.

(३) एकांतर–दाख पटोल कडवानींब मोथ इंद्रजव त्रिफला.

(४) तेजरा–वाला रगतचंनण मोथगिलोय धाणा सूठ सहतमिश्री.

(५) चोथिया–अरडूसा आंवला सालवण देवदारु जोहरड सूंठ सहत और मिश्री मिलाकर.

सामान्यइलाज (६) दोजातकी रींगणी सूंठ धाणा देवदारू ये क्वाथ पाचन है, इसवास्ते विषम तथा सवतरेके ज्वरोमें पहिली देणा चहिये.

(७) पटोलादि क्वाथ (नं० २०७) सवतरेकें विषमज्वर तेसें दाहज्वर तेसें नवीनज्वर वगेरे तमाममें अच्छा फायदा करता है.

(८) भारंग्यादि क्वाथ (नं० १९६) सवतरेके विषमज्वरकूं फायदा बंद है.

(९) मुस्तादि क्वाथ—मोथ भुरींगणी गिलोय सूंठ आंवला इन पांचोंकी उकाली ठंढीकर सहत पींपरका चूर्ण डालकर पिलाणा.

(१०) ज्वरांकुश—बुखार आतेकूं रोकणे वास्ते तथा ठंढ लगतीकूं मिटाणे वास्ते छोटा ज्वरांकुश (शुद्धपारा गंधक वछनाग सूंठ मिरच पीपर ये सब एकेक भाग शुद्ध किये धतूरेके बीज दोभाग इनोंमे प्रथम पारे गंधकी कजलीकर बाकी ४ कूं कपडछांणकर सबोंकों मिलाकर नींबूके रसमें खूब खरलकर (२) दोरत्तीकी गोलियें बणाणी ये गोली १ तथा (२) पाणीमें या आदेके रशमें या सूंठकें पाणीमें बुखार ठंढ लगणेके पहिले देणी बुखार या ठंढतो बिलकुल बंध होजाता है, ठंढके बुखारमें ये गोली किनाइनसें भी जादे फायदेबंद है.

(११) अमृतामोदक (नं० ६७) वेर २ उलटकर आणेवाले धातुगत जीर्णज्वर विषमज्वर जब कोई भी दवासें शरीरकूं छोडता नहीं तब इस मोदकका सेवन वखतसर करणेसें निश्चै जाता है.

(१२) छुटकर इलाज—चोथिया तथा तेजरे बुखारमें अगस्तके सूकेपत्ते पीस कपड छाणकर सुंघाणा अथवा पुराणे घीमें हींग पी विषमज्वरोंमें नीचे लिखे उपाय सब अच्छे हैं, खपाटकी जड रुपेभर काला जीरीकूं जरा सेककर एक रुपियेभर गुडमिलाकर खा शीकेपत्ते घोटकर पीणा कालीजीरी तथा गुडमें थोडी कालीमिर जीरा तथा गुड गरमपाणीमें अथवा पुराणे सहतमें अथवा जाडी बुखार उतरजाता है, अथवा कांकचियाके बीज शेके भये दोभाग और मिर इसका चूर्णकर टंकमें तीनमासा चूर्ण पाणीसें फाकणा, इकेली नींबकी अंतरछाल, गिलोय, अथवा चिरायतेका पत्ता, रातकूं भिगाकर फजरमें थोडी मिश्रीमिलाय, कालीमिरच डाल पीणेसें, ठंढके बुखारमें बहोत फायदा करता है, (नं० ६९२) ६९३) वाले हकीमीनुसके ठंढके बुखारपर बहोत फायदे मंद है.

(देशी इलाजोमें) वनस्पतीके क्वाथ देणेमें सवतरेका निडररस्ता है, तथा साधन और धर्मरक्षणता है. क्योंके सवतरेके काढे बुखार होय चाहे नहींभी होय तोभी हरवखत देसक्ते हैं, फेर उसमें मलका पाचन होय दस्तभी आता है, इसवास्ते दस्तके खुलासा

वास्ते अलग जुलाब देणेकी जरूरी नहीं रहती धर्मरक्षा तो प्रगटही है, लिखणेकी जरूरी क्या है.

(अंग्रेजी इलाज)–विषमज्वर ऊपर लिखे मुजबका होय अंग्रेजीदवा खाणेवालोंनें अजमाणा चाहिये.

(१) बुखार चढा होय तब देणेका इलाज (नं० ५७०) ५७१ की मिलावटकी योग्यलगे उसका उपयोग करणा.

(२) पसीना आयगये पीछे देणेके मिक्श्चरो नं० ६७४–७५ मेंसें योग्य लगे सो.

(३) पित्तका जोर जादा होय उलटी होती होय तो नं० ६७८ का मिक्श्चर देणा.

(४) बुखारकी वारी आणेके पहिली अटकाणेकूं किनाइन सबसे उत्तम मांनते है, लेकिन् जहांतक बणे इसकीमात्रा बहोत कमही देणी क्योंके ये जादा मात्रासें बुखारकूं तो उतारता है, लेकिन् दुसरी बहोत खराबियां करता है, दाह धातुजाणा पांडू भ्रमआदि अनेक रोगोंका कारण बणजाता है, बहोतसे डाकटरलोक हठमें आकर किनाइन धकेलते इजाते हैं, लेकिन् उसका परिणाम एकंदर ठीक नही आता.

होमियोपथिक इलाज एकंतरादि ठंढके बुखार ऊपर इस मुजब.

(१) एकोनाइट–सख्त बुखारकी गरमी कम करणेकूं इसके जैसी एकभी दवा नहीं है, दर दोदो घंटेसे देणा.

(१) आर्सेनिक–जब ठंढविगर बुखार आवे अथवा पसीना आयेविगर ऊतर जावे तब ये दवा उपयोगी है, बुखार नहीं होय उसवखत तथा फेर बुखार नहीं आवे उसकूं रोकणेकूं किनाइन सर्वोत्तम इलाज है, लेकिन बुखार जब पुराणा होय और किनाइन जब असर नहीं करे तब ये देणा मात्रा ०॥ चाल दिनमें चार वखत.

(२) आईपीक्याक–बुखारकेसंग मोल उलटी श्वास पाणी जैसे दस्त वगेरे उपद्रव होय तब ये दवा देणी मात्रा दोदो बूंद पाणीमें डाल चारवेर देना.

(३) नकसवोमिका–दस्तकबज होय और किनाइन दिये पीछेभी फायदा नहीं होय तो ये दवा देनी मात्रा दो बूंद थोडे पाणीकेसंग दिनमें ४ वखत.

संततज्वर-रिमिटंट फीवर.

(कारण) विषमज्वरका कारण ये संततज्वरही है, पहली संक्षेपसें उसके लक्षण तथा उपाय लिखा है, वो मेलेरियाकी जहरी हवामेंसे पैदा होता है. और विषमज्वर दुसरे भेदोंसे ये बुखार बहोत सख्त होता है.

(लक्षण) ७।१० या १२ दिनोंतक एक सरीखा आया करता है, कोईभी वखत उतरता नहीं ये तीनों दोषोंके कोपणेसें आता है, इस बुखारकी शरुआतमें पाचनक्रियाकी

अव्यवस्था वेचेनी खिन्नता तथा शिरमे दर्द वगेरे लक्षण मालम देते हैं, ठंढकी चमकारी इतनी तो थोडी आती है, सो ठंढ चढणेकी खबरतक नहीं पडती और एकदम गरमी जाती है, चमडीमें दाह उलटी शिरमे दर्द नींद नहीं आणा मींटभी होजाती है, अंतरिया बुखारमें बुखारका चढणा उतरणा प्रगट मालम देता और इसमें मालम नहीं देता क्योंके पहिले प्रकारका तप तो बिलकुल ऊतर जाता है, और इसमें उतरता नहीं लेकिन् कुछएक कम होय अथवा बहोत थोडा कम होणेसें इतनी खबर नहीं पडतीके कब जादाभया और कब कमभया वो समझ जाहिरमें थरमोमिटर ठीक देती है, इस बुखारकी स्थिती है, पहली स्थितिमें थोडे २ अंतरसें ऊपरा ऊपरी बुखारकी चढ ऊतार होती है, और पीछै दुसरी स्थितीमें बुखारकी भरती आसरे आठ २ घंटेतक रहती है, उसवखत चमडी बहोत गरम रहती है, नाडी बहोत जलदी चलती है, श्वासोश्वास बहोत जोरसें चलता है, और मनकूं चैन नहीं होता बुखारकी गरमी (१०४) उससेभी आगे किसी वखत १०५, १०६ और १०७ तकभी चढ जाती है, आठदशघंटे पीछै कुछ नरम पडता है, थोडा पसीना आता है, बुखारकी गरमी बहोत होणेसें इसकेसंग खासी लीवरका वरम पाचन क्रियाकी गडबड अतीसार मरोडा होजाता है, और बहोत करके ७ में १० में दिन मींट अथवा सन्निपातका लक्षण दिखणेलगता है, अच्छीतरे इलाज नहीं होणेके सबब २१ दिनतक ये बुखार चलता है.

(इलाज) संतत अथवा रिमिटंटफीवर बहोत भयंकर बुखार होता है, इसवास्ते आप घरतरीके अच्छीतरे नहीं समझ सके तो कुशल वैद्य या डाकटरका इलाज करवाणा सख्त और भयंकर बुखारमें रोगी ७ सें १२ दिनके अंदर मरजाता है, और जादादिन ठहरता है, तो गंभीर स्वरूप पकडता है, इस बुखारका मुख्य इलाज ये है, बुखारकी टेम्परेचर (गरमी) जैसें बणें तैसें कमती रखणी नहीं तो एकदम खूनका जोस चढके मगजमें सोजा आता है, तंद्रा और त्रिदोप होजाता है, देशी इलाज तो पहिले लिखाहीहै.

(अंगरेजी इलाज) (१) उलटीका उछाला होय तो इपीकाक्यु आन्हाचूर्ण ग्रेन (२०) एक औंस पाणीमें देणा पाव घंटे पीछै गरम जल पिलाणा उससें उलटी होकर पित्त निकल जायगा बुखार कम पडेगा होजरीपर राईका पलाष्टर मारणेसेंभी के होती है.

(२) बुखारमें प्यास इसमें बहोत लगती है, सोडावोटर लेमोनेड वगेरे देणा वरफ चूसाणा अथवा वरफ डालाभया पाणी या दूध देते हैं.

(३) एन्टीपाईरीन एन्टीफीब्रीन और फीनासी टीन ये दवाये बुखारकूं एकदम ऊतार देती है, लेकिन् वो देते वखत बहोत सावधान रहणा क्योंके शक्ति उपरांत दिये जाय तो हृदयका काम अटककर प्राणी मरजाता है, इसवास्ते एमी दवा पूरे अनुभव विगर वरतणेकी परवानगी नहीं दिये जाती इसकी एवजीमें रत्नगीरी नामकी देशी

उत्तम कीमती दवा है, उसमे कोइकिस्मका डर नहीं मिले तो इसका उपयोग करणा रत्नगिरी एकदम बुखारकूं उतारती है, पसीना लाती है.

(४) शिरपर (नं० ३१२) वाले लेपमें कपडा भिगाकर कपालपर धरणा वरफ धरते हैं, अथवा एसा कोईभी ठंढा दुसरा इलाज करणा जिससें शिरमें गरमी चढे नहीं.

(५) बुखारकी गरमी जादा होय तो और पसीना नहीं आता होय तो गरम पाणीमें कपडा भिगाकर वदनपर लगाणा गरम जलमे पांव डुबाणा अथवा खूब गरम पाणीमें गरम ऊनकी धावली डुवाकर निचोड वदनपर लपेटना और रोगीकूं सुला देणा और उसपर दुसरी धावली ओढाणी.

(६) पसीना लानेकूं (नं० ५७०) वालामिक्श्चर सरू रखणा इकेला टिंकचर एकोनाईट दोदो वूंद पाणीकेसंग देणेसें बुखारकूं नरम करता है.

(७) बुखार नरम पडे पीछै (नं० ५७४ वाला) किनाइनमिक्श्चर देणा बुखार में किनाइन देणा अच्छा नहीं है, तोभी बुखार उतरे पीछै थोडी २ मात्रा किनाइन देनेसें नुकशान नहीं है.

(९) इसबुखामें जो कलेजेमें खूनका जमाव भया होय एसा मालम देतो क्या-लोमेल ग्रेन ५ तथा कम्पाउन्ड जालप ग्रेन ४० देणेसें अच्छादस्त लगता है, दरदी शक्तिवान् होय तो जोकलगाणा कलेजेका तेसें फेफसेके वरममें राईका पलाष्टर तथा शेक फायदा करता है.

(होमियोपथीक इलाज)–विषमज्वरमें दिया है वोही इसमें जाणना.

जीर्णज्वर.

(कारण)–जीर्णज्वर ये कोई खास कारणका नया बुखार नहीं है, नया बुखार नरम पडे पीछै जो कितनेक दिनोंवाद अर्थात् २१ दिनोंवाद जो मंदवेगसें बुखार वदनमें रहजाता है, उसकूं जीर्णज्वर कहते हैं, ये बुखार ज्यों ज्यों पुराणा होता है, त्यों त्यों मंदवेगवाला होता है, हाडज्वर भी इसे कहते हैं.

(लक्षण) बुखारका वेग मंद वदनमें लूखापणा चमडीपर सूजन थोथर अंगोमें जकडपणा तथा कफ ये क्रम २ से लक्षण वढते २ जीर्णज्वर कष्टसाध्य होजाता है.

(इलाज (१) गिलोयका काढाकर उसमें लींडीपींपरका चूर्ण अथवा सहत गिला कितनेकदिन पीनेसें जीर्णज्वर मिटता है.

(२) खासी श्वास पीनसरोग तथा अरुचिके संग जीर्णज्वरमें गिलोयके संग भूरींगणी तथा सूंठडाल इसका काढा पींपरका चूर्ण मिलाकर पीणेसें फायदा करता है.

(३) अमृतामोदक (नं० ५७) उसका वहोतदिन सेवनकरणेसें हाउतक पोहचा भया कष्टसाध्य और असाध्य जीर्णज्वरभी मिटजाता है.

(४) हरीगिलोयकूं पाणीमें पीस उसका रस निचोडकर पींपर छोटी तथा सहत मिलाय पीनेसे जीर्णज्वर कफ खासी तिल्ली और अरुचि मिटती है.

(५) दोभाग गुड और एक भाग लींडीपींपरका चूर्ण मिलाकर इसकी गोलीकर खाणेसें अजीर्ण अरुचि अग्निमंदता खासी श्वास पांडु तथा शमीके संगका जीर्णज्वर मिटता है, इसीतरे लींडीपींपरकूं सहतमें चाटणेसे तथा २।३।५।७। शक्ति और तासीर मुजब रातकूं जलमें या दूधमें भिगाकर दूधमें उकालकर अथवा पीसकर गोलीपर गरमकर ठंढा दूध पीणेसे नित्त इस मुजब वढाकर पीणेसें वो जीर्णज्वरादि अनेक रोग मिटाता है.

(६) आमलक्यादि चूर्ण–आंवला चित्रक हरडे पींपर सींधानिमक इस चूर्णसें बुखार कफ अरुचि जाती है, दस्तसाफ आता है, अग्निदीप्त होती है.

(७) लाक्षादि तेल (नं० २९६) में लिखा है, इससें जीर्णज्वर मसलाणेसें मिटता है, इससिवाय नारायण तैल चंदनादि तैल भी मसलानेसे बहोत फायदा है.

(८) हमारी बनाई अमृतवटी दूधके और शितोपलादि चूर्णके संग लेणेसें जीर्णज्वर खासी अरुचि मंदाग्नि नाताकती धातुक्षीणता छाती दरद वगेरे सब मिटता है, या स्वर्ण-वशंतमालनी चोसठपहरी पींपरसंग अथवा सादे पीपर सहतसंग अथवा पींपर दूधसंग अथवा शितोपला दूधसंग देणा.

बुखारमें दुसरे उपद्रवोंका इलाज.

(कासज्वर)–कायफल मोथ भाडंगी धाणा चिरायता पित्तपापडा वच हरडे काक-डासींगी देवदारु सूंठ इन ११ चीजोंकी उकालीसें खासी कफसमेत बुखार जाता है, (२) पीपर पीपरामूल इंद्रजव पित्तपापडा सूंठ इनोंका चूर्ण सहतमें.

(ज्वरातिसार) –(१) लंघन (२) सूंठ कूडाछाल मोथ गिलोय अतीसकीकली इनोंकी उकाली (३) कालीपाठ गिलोय पित्तपापडा मोथ सूंठ चिरायता इंद्रजव इनोंकी उकाली.

(दुर्जलज्वर)–खराव गंदा शिखरगिरि वद्रीनाथ आसाम अडंग वगेरेका पाणीके लगणेसें होय सो बुखार (१) हरडे नींवके पत्ते सूंठ सींधानिमक तथाचित्रक इनोका चूर्णकर बहोतदिनोंतक सेवनकरणेसें ये बुखार मिटता है,(२) पटोल अथवा कडवीतुराई मोथ गिलोय अरडूसा सूंठ धाणा चिरायता इनोका क्वाथ सहतडालकर पीणा(३) चिरा-यता निशोत खसवाला पींपर वायविडंग सूंठ कुटकी इनसबोंका चूर्णसहतमें चाटणा (४) सूंठ जीरा तथा हरडे इनोंकी चटणीकर भोजनके पहली चटणी खाणी (५) वछनाग दोभाग जलाइ कोडी पांच भाग और मिरच ९ भाग कूट आदे केरसमें घोट मूंग जितनी गोलियोंकर फजर सांझ दोदो गोली पाणीसें लेनी आमज्वर खराब पाणीकाज्वर अजीर्ण आफरा मलबंध शूल श्वास खास वगेरे सब उपद्रव ऊपर ये गोली देणेसें फायदा होता है.

(बुखारमें प्यास) चांदीकी गोली मूंमें चूसाणी आलूबुखारा खजूरकी गुठली चुसाणी सहतपाणीके कुरले कराणा अथवा जहरी नारेलकी गिर रुद्राछ लोंगसेकाभया सोना, मोती अबींध खरड, मूंगिया, मिले तो फालसेकी जड, और संख, इनोंको घस सींपणीमें धररखणा जुबानके घंटा २ से लगाणा पहरभर बाद दुसरा घसणा इससें पाणी झरा मोती झरेकीप्यास त्रिदोपकी प्यास कांटे जीभकी स्याही उलटीतक कष्टसाध्यकी मिटजाती है खुराक जितना रोगीकूं साहरा और ताकत देती है हमारी पतवाणी भई है.

(बुखारमें हिचकीका इलाज) मोरका चंदवा चार जलाकर पींपर भूणी भई जीरा सेका भया नारेलकी जोटी जलाई भई रेसमका कूचा या कपडा या अच रेसम, रेसमके कीडोंका पिछला भाग रहासो जलाया भया, पोदीना, कमलगट्टेके अंदरकी हरियाई इन सबोंको पीस सहतमें या अनारके शरबतमें नहीं तो मिश्रीकी चासणीमें उलटी होतेइ चटाणा चटाये बाद फेर घंटा २ से चटाणा इससें उलटी छर्दि त्रिदोपकीभी बंध हो जाती है (२) अथवा मखीका हंगार सहतमें चटाणा ३ भुजाकी दोनो नस खेंचके बांधणी ४ (धूम्रपान) नारेलकी चोटी हलदी काली मिरच उडद मोरके चंदेका कराणा ५ नीलेथोथेकी भस्मी या ताम्रभस्म पींपरसंग चटाणा.

(बुखारमें श्वास) दोनों भूरींगणी धमासा कडवीतोरी, अथवा पटोल काकडासींगी भाडंगी कुटकी कचूर इंद्रजव इनोंकी उकाली (२) लींडी पीपर कायफल काकडासींगी इन तीनोंका चूर्ण सहतमें चाटणा.

(बुखारमें मूर्छा) (१) आदेका रस सुंघाणा (२) सहत सींधानिमक मनशिल और काली मिरचकूं महीन पीस उसका आंखमें अंजन करणा (३ ठंढा पाणी आंखपर छांटणा (४) सुगंध धूप देणा पंखेकी हवा देणी.

(बुखारमें अरुचि) (१) आदेका रस जरा गरमकर उसमें सींधानिमक डाल थोडा चाटणा (२) बीजोरेके फलके अंदरकी कलियां सींधा निमक मिला मूंमें रखणा.

(बुखारमें उलटी) (१) गिलोयका काथ ठंढा कर मिश्री तथा सहत डालकर पीणा (२) पित्तपापडेका हिम मिश्री डालकर पीणा (३) आंवला दाख तथा मिश्रीका पाणी (४) दाख चंदन वाला मोथ मोलेठी तथा धाणा ये सब चीजों अथवा इनमेंकी जो मिले उसकूं भीगाकर पीसकर उसका पाणी पीणा (५) नींबकी अंतर छालका पाणी मिश्रीडाल पीणा.

(बुखारमें दाह) (१) उलटीके कितने एक इलाज दाहकूं फायदा करणेवाला है अंदर दाह होता होय तो (२) कचे चावलोंके धोवणमें चदन घसा भया एकचाल सूंठ घसा भया १ रत्ती उसमें जरा सहत मिलाकर चाटणा अगर पाणीमें मिलाकर पीणा बाहर दाह होता होय तो (३) चंदन सूंठ वाला तथा निमक इसका लेप करणा

दशांग लेप (नं० ३१३) पाणीमे पीस लेप करणा अथवा इस लेपकूं मट्टीमें मिलाकर उस मट्टीका खरड करणा तेसें मगजपर मुलतानी मट्टीका थर भरणा.

(क्षयका बुखार) क्षय तथा फेफसा और यकृत् (लीवर) के वरममें.

(सोजेका बुखार) जो बुखार आता है, उसका इलाज उन २ रोगोंमें लिखणेमें आवेगा.

बुखारवालेकूं हितकारी सूचना.

(१) महनतका काम लंघण (याने उपवास) और वायुसे चढे बुखारमें दूध उसके संग भात हितकारक है कफके बुखारमें मूंगकी दालका पाणी तथा भात पथ्य है, ऐसाइ पित्तवालेकुं समझणा लेकिन् उसकूं ठंढाकर जरा मिश्री मिलाकर देणा दो दो तीन २ दोष सामल होय तो उसमें फक्त मूंगकी दालका पाणी पथ्य है.

(२) मूंगका पाणी भात अथवा साबूदाणा ये सब सामान्य बुखारका निडर खुराक है, और जहां दूध पथ्य लिखा है, उस जगे साबूदाणा दूध देणा या जलमें सिजाकर दूध मिलाकर देणा.

(३) लंघन ये वहोतसे बुखारोंमें प्रथम इलाज हितकारक है खास करके कफ तथा आमके बुखारमें पित्तके बुखारमें दो दो तीन २ दोष सामल होय उसमें लंघन अच्छा है, एक टंक हलका आहार करना अथवा फक्त मूंगका पाणी पीणा ये सब लंघन तुल्य है, फकत वादीका बुखार जीर्ण ज्वर आगंतुक ज्वर क्षयका तथा यकृत्के वरमका ज्वर इतनोमें लंघन करनेसें उलटा नुकशाण है.

(४) दूध तथा घी तरुण ज्वर १२ बारे दिन तकमें जहर समान है, लेकिन् क्षय सोस राजरोग उरक्षतके बुखारमें यकृतके ज्वरमें जीर्ण ज्वरमें आगंतुक ज्वरमें दूध हितकारक है, जिसमेंभी जीर्ण ज्वरमें कफ क्षीण भये पीछे २१ दिनों बाद दूध अमृत समान है.

(५) जो बुखारवाला रोगी वदनमें दुर्बल होय जिसके वदनका कफ कम पडगया होय जीर्णज्वरकी तकलीप होय दस्तका बंध कुष्ट होय वदन लूखा होय पित्त या वायूका बुखार होय प्यास तथा दाहकी तकलीप होय उसकूंभी दूध बुखारमें पथ्य है.

(६) बुखार सरू होते लंघन, मध्यमें पाचन दवा, अंतमें कडवी कपायली दवा, आखरी दोप निकालनेकूं जुलाव, ये चिकित्साका उत्तम क्रम है.

(७) बुखारका दोप कम होय तो लंघनसेंही जाते रहता है जो दोप मध्यम होयतो लंघन पाचन दोनोंसें जाता है, वहोत वढे दोपका शोधन इलाज करणा.

(सात) दिनके लंघनसे वायुका दोप पकता है, १० दिनसें पित्तका १२ दिनमें कफका और दोपोंका जादो कोप भया होयतो दुणी मुदततक देर लगे.

(८) जिस बुखारमें दोषोंके अंशांशकी खबर न पडे तबतक सामान्य इलाज करणा.

(९) बुखारके रोगीकूं वायु विगरके मकानमें रखणा पंखेकी हवा डालणी भारी तथा गरम कपडे पहराणा तेसें ओढाणा और मोसमके अनुसार पका भया पाणी पिलाणा.

(१०) बुखारवालेकुं कचा पाणी पिलाना नहीं तेसे वेर २ बहोत पाणी पिलाणा नहीं लेकिन् बहोत गरमी तथा पित्तके बुखारमें प्यास तथा दाह होता होय उस वखत पाणी रोकणा नहीं बाकीके बुखारमें खयालकर थोडा २ पाणी देणा क्योंके बुखारकी प्यासमें जल प्राणरक्षक है.

(१२) बुखारवालेकूं खाणेकी रुचि नहीं होय तोभी उसकूं हितकारक पथ्य दवातरीके थोडा जरूर खिलाणा.

(१२) बुखारवालेके तेसें बुखारमेंसें छूटे भयेकेवास्ते (नुकसान करनेवाला आहारविहार) स्नान लेप मालस चिकणा पदार्थ जुलाब दिनकी नींद रातका उजागरा मैथुन कसरत ठंढे पाणीका बहोत पीणा बहोत हवाकी जगे अतिभोजन भारी आहार तासीरकूं नहीं माने एसा भोजन क्रोध बहुत फिरणा तथा परिश्रम इन सब बातोंका त्याग करणा जो बुखारमें अथवा बुखार उतरे पीछे तुरत एसा कोइ विरुद्ध वर्त्तन करणेमें आवें तब बुखार बढता है अथवा गया भया पीछा आता है.

(पथ्य) साठी चावल लाल जाडे चावल मूंग तथा तूरके दालका पाणी चंदलियेका सोवेका तथा मेथीका शाग घीयातोरी परवल तोरी वगेरेका शाग घीमे बघारा भया दाख अनार सफरजंद.

(कुपथ्य) दाह करणेवाला कठोल जेसेके उडद चवले तेल दही और खट्टे पदार्थ बहोत पाणी, नागर वेलके पत्ते, घी दारू वगेरे.

टाइफस, टाइफोईड, तथा उलटता बुखार, क्वचित् २ देखणेमें आता है, इसवास्ते इसतरेके बुखारकी निसबत जादा इस ग्रंथमे लिखा नहीं पहिले दो तरेके बुखार गटर वगेरे दुरगंधी हवामेंसें पैदा होता है और उलटता बुखार कैदशाली (दुष्काल) तथा भूख मरणेवाले स्नान नहीं करणेवाले मेले वस्त्र रखणेवाले भिक्षुकोंके संगसें पैदा होता है, तथा दुकालकी वखतमें पैदा होता है, इसीवास्ते वीतरागसंजमी बाहिर जंगलमें साफ हवामें सहरके बाहिर उतरा करतेथे जिससे हवामें परमाणूकोसों दूर उडजाते व्याख्यानादि सुणनेकूं आणेवालोंकूं कोइ तकलीप नहीं होतीथी बेठणेवाले नाति दूरे नाति सन्ने तिष्ठति, जबसें पंचमकालमें मुनियोंने नगरमें वास किया तबसें सूत्रकारनें बकुस तथा कुशील ये दोयनि ग्रंथही पंचमकालमें रहेगें एसा लिखा हे, और बकुशके पांच भेदोमें वस्त्र तथा बदन सुंदर साफ रखणेकी व्यवस्था भेद दिखलाया अपणे पंथमें

झुकाणेकूं उपदेश देणा लावणी वगेरे रागगाणा चेला वगेरोंका समुदाय वणाणा इत्यादिक वर्त्तमान चलती व्यवस्थासें मुनियोंमें प्रायेसरागसंजमही देखणेमें आता है, ये श्रावग हमारा है, अथवा किसीतरे हो जावै उसकेवास्ते अनेक विवस्था करणी मनकल्पित मत चलाणा केवल मलमलीन गात्र और मेले वस्त्र रखणेसें रातकुं पाणी नही रखणेसें रातकुं दिशा जंगल जाणा पडे तो पेसावसें गुदा धोणेसे, पात्रमेंही पेसाव करणेसे, वोही पात्रमें गृहस्थके घरसें आहार पाणीलाके खाणेसे, ऋतुवती स्त्रीकी छूत नहीं रखणेसे जन्ममरणका सूतकवाले घरका आहार पाणी खाणेसे, वासी रोटी खाणेसे, छाछ खीचडा संग खाणेसे, इत्यादिक धर्मविरुद्ध लोकविरुद्धता करणेसें वीतरागसंजमी जैनमुनि कभी नहीं हो सकते, इस मलीन अचरणासे आपकूं और परजीवोंकूं रोगाग्रस्त करके सर्वज्ञकी आज्ञा खंडन करणा रूप महा पाप है, और नही रंगणा, नहीं धोणा, वस्त्रोंकूं ये सूत्र आचारांगका हुकम वज्र ऋषभ नाराच शरीरवाले चोथे अरेके वनवासी वीतरागी संजमियोंके वास्ते है, पांचमारेके सरागसंजमी वस्तीमें रहणेवाले, छे वर्त्त सरीरवालोंकूं भगवतीके २५ में शतकमें देह वकुश उपगरण व कुशकी जो मर्यादा वो मर्यादा समझणी, जूंवस्त्रोमें पडे उनमुन्योंनें कत्थेसें लोदसे या पद्मचूर्णसे वस्त्रकूं पास देणा एसा निशीत सूत्रमे हुक्म है, अपवाद मार्गमें, सूत्रोंकी शैली, यथाख्यात चारित्रवालोंकी पहली है, सो पंचमकालमें विच्छेद है, दुसरी कलम सामायक च्छेदोपस्थापनी चारित्रवालोंकी है, सो विद्यमान है वृथा कष्ट लोकोंकों दिखाणा अंतर आत्मा शून्य इसमे क्या सिद्धि है, जो तुम लोकोंकी करणी पूरे त्यागकी है, तो पंचमकालमें भरतक्षेत्रसें मुक्ति क्यों नही पधारते वस सव वकजाल है, उदरनिमित्तं वहुकृत भेपा इत्यलं ॥

फूटकर निकलणेवाले वुखार.

(१५) अमृताद्य घृत–गिलोय मोलेठी दाख त्रिफला सूंठ खपाट अरडूसा अमल तास सपेद साटेकी जड देवदारू गोखरू कुटकी मजीठ पीपर रास्ना एरंडीकी जड वरधारा मोथ कमल इनोका कल्क करणा ६४ तोला आंवलेका रस ६४ तोला घी और १९२ भर पाणी सबकूं एकठा मिलाकर पकाकर तइयार करणा इस घीकूं दवा तरीके तेसें भोजनमें लेणेसें इस रोगमें बहुत फायदा करता है, (१६) गडूची तेल–गिलो तोला ४०० भर उसकूं १०२४ तोला पाणीमें उकाल चोथा भागका पाणी रखके छाण लेणा उसमें १०२४ तोला दूध तथा मोलेठी मजीठ जीवनीय गणके मिले इतनी दवा कूठ इलायची अगर दाख जटामांसी नखल्या संभालूका बीज गोरख मुंडी सूंठ मिरच पीपर सोवा काकडासींगी उपलसिरी तज तमालपत्र अरणी समेरवा भू अंवली तगर नागकेशर वाला पद्मकाष्ट कमल रगतचंनण इनोमेंसें जितनी मिले इतनी दवायें एकेक तोला लेकर चटणी करणी तथा २५६ तोला तेल इन सबोंकों धीमें तापसें पकाकर तेल सिद्ध करणा ये तेल वातरक्तके रोगीके पीणेकूं देणा वदनपर मसलणा पिचकारी मारणी इससें वातरक्तके सर्व विकार मिटते हैं, (१७) मधुक तेल–चार तोले मोलेठी का कल्क करणा ६४ तोलाभर तेल २५६ तोला दूध तीनोंकों मिलाकर मंद आंचसें तेल तइयार करणा इसतरे तइयार किये तेलकूं फेर इसीतरे १०० वेर अथवा १००० वेर पकाणा एसे तेलसें वातरक्त वगेरे बहोतसे रोग मिटकर धातू पुष्ट होता है, तथा ऊमर बढती है.

(१८) मंजीष्टादि काथ–(नं० २२०) त्रिफला गूगलके संग अथवा किशोर गूगलके संग बहोत दिनोंतक सेवन करणा (१९) चद्रप्रभा गुटिका– (नं० २४६) अनुपान–पाणी दूध छाछ दरटंक २॥ मासेसें १ तोलेतक गोलीका सेवन करणा (२०) किशोर गूगल त्रिफला गूगल तथा गोक्षुरादि गूगल नं० ५८ अमृता काथ (नं०५७) वासादि काथ नं० २१२ अमृता घृत (नं० २८८) जो गलत रोग अंदर बहोत नहीं घुसा होय तो उसपर लेप मालिस सींचणा तथा ऊपर दवा बांधणी अगर जो दोष अंदर घुस गया होय तो जुलाब पिचकारी तथा स्नेहपान घी तेल पिलाणा बाद योग्य दवायोंका सेवन करणा बाहारके इलाज इस मुजब (२१) बकरीके धीमें अथवा दूधमें गहूका आटा मिलाकर लेप करणा (२२) तिलकूं शेकर पीसणा उसकी चटणी दूधमें उकाल उसका लेप करणा (२३) अलशीकूं दूधमे पीस लेप करणा (२४) एरंडीके बीजोंकों पाणीमें या दूधमें पीसकर लेप करणा (२५) भेंसका मक्खण गंधक गोमूत्र दूध और सींधानिमक इन सबोंको एकठाकर धीमें तापसें अग्निपर गरमकर वदनपर मसलणेसें वदनका फटणा तथा चिणक मिटती है, (२६) सो वेर अथवा हजार वेर पाणीसें धोया गया घी और राल मिलाकर लेप करणा तो

खूनके विगाडका वातरक्त मिटता है, (२७) दशांग लेप नं० ३१२ असालिया और तिलका लेप करणा (२८) सरसूं नींचके पत्ते आक जटामासी जवखार और तिलकूं पीस लेप करणा (२९) मसूरकी दालकूं मखणमें पीस अथवा सहजणेके फलीके बीज पीस लेप करणा (३०) गरजनका तेल १ भाग और सालिड ओइल ४ भाग मिलाकर फजर सांझ वदनके मसलणा अथवा बावचीका तेल या चिरोंजीका तेल अथवा कारबोलिक तेल (१) भाग कारबोलिक एसिड और १०–१५ भाग तिलका तेल वदनके मसलणा अभयामोदक पतवाणी दवाहै.

विशेष सूचना–वातरक्तका रोग वहोत भयंकर है, इस वास्ते इस रोगमें दवाका साधन वहोत महीनोंतक करणेसे फायदा होता है, इस रोगीकूं कुटंबसें अलग रखणा अदमीसें स्पर्शतक नहीं होणा चहिये अच्छा पथ्य खुराक स्वच्छ हवा सफाई रखणी चाहिये पथ्य–पुराणे जव पुराणे चावल पुराणे गहुं साठी चावल तूर मूंगकी दाल अथवा ओसावण कुलथी चवलाई (चंदलिया) ये दवाका काम कर सकती हे, दूधी (कडूलवा) तोराई दूध घी सींधानिमक वगेरे–कुपथ्य–कसरत स्त्री सेवन क्रोध उष्ण पदार्थ खट्टा तथा खारा पदार्थ दिनकी नींद शरद तथा भारी पदार्थका त्याग करणा.

रक्तपित्त.

स्कर्वि.

कारण–तीक्ष्ण क्षार उष्ण तथा लवण पदार्थका अति सेवन अतिताप वहोत कसरत वहोत रस्ते चलणा वहोत शोक वहोत मैथुन इत्यादिक आहार विहारसें पित्त विगडकर खूनकूं विगाडता है, और ये विगडा भया खून रक्तके वहणेवाली नसोसे निकलकर उंचेके द्वारसें अथवा नीचेके द्वारसें पडता है, अभीके यूरोपी विद्वानोने एसा सिद्ध किया है, की ताजी वनस्पति शाग तरकारी नहीं खाणेसें रक्तपित्तका रोग होता है, इस वास्ते ही आनंदगाया पतीने उपाशक दशा सूत्रमें सव वनस्पती छोडके एक खीराम्ल फल मोकला रक्खा है, के स्यात् रक्तपित्त न होजावे वाकीके सव साधन जो जो उसने मोकले रखे हैं, वो सव आरोग्यताके हेतुभूत है, तेसें और भी अयोग्य आहार विहारमें ये रोग होता है, एसा देखणेमें आता है, रक्त याने खून और पित्त दोनों अथवा रक्त याने लाल रंगका पित्त होकर वहणे लगता है, इस वास्ते इस रोगका नाम रक्तपित्त एसा धरा है.

लक्षण–नाक कान आंख मूं योनी तथा गुदा तेसें वदनके महीन छेदोमेंसें लाल रंगका पित्त अथवा खून गिरता है, वदनमें दुर्वलपणा फीकापणा उदासीपणा श्वास काम ज्वर उल्टी दाह शिरमें परिताप आलस मूंमे खराव वो अरुचि मंदाग्नि वगेरे इस रोगके उपद्रव है, इस रोगवालेके मसूंढे सूजकर खून और पीप गिरता है, मसूंढे काले होजाते है,

इसके सिवाय पांवपर और दुसरी जगे भी जामुनके रंग जेसें चट्टे होते है, चांदी(घाव) गिरता है, उसमेंसें खून गिरता है, पांवपर सूजन होता है, जखम रुककर फेर फूट जाता है, भूख लगती नही दस्तकी कबजी होती है अथवा जादा दस्त मरोडा रक्तातिसार होजाता है.

प्रकार–देशी वैद्यकशास्त्र मुजब रक्तपित्तका मुख्य दोप्रकार है, १ उर्द्धगत तथा २ अधोगत, उर्द्धगत ऊपरके छेद नाक कान आंख मूंके रस्ते वहणेवाला और अधोगत याने नीचेके छेदोमेंसें योनी गुदामेंसें वहणेवाला ऊर्ध्वगत रक्तपित्त साध्य होता है, अधोगत कष्टसाध्य होता है, तथा दोनों संग होय और रोगी वृद्ध होय और अशक्त होय तो असाध्य होता है.

इलाज–कमया जादा दोष मुजब छोटे बडे उपाय नीचे मुजब (१) अरडूसा अछा इलाज है, उसकी बनावट–वासास्वरस–वासा पुटपाक वासादिकाथ–वासावलेह वासाखंड पाक देखो (नं० ६) अरडूसेका चाटण (नं० २६८) (२) कोला-उसकी बनावट–खंड कुष्मांडपाक (नं० २८२) कुष्मांडावलेह (नं० २६६) (३) दाख द्राक्षावलेह (नं० २६५) (४) जीरा–जीरापाक (नं० २७३) (५) वाला–उ-सीरा सब (नं० २८३) (६) बकरीका दूध सहत मिश्रीमिलाकर पीणा (७) मोलेठी धाणा रगतचंनण अरडूसा तथा वाला इनोका काथ सहत मिलाकर पीणा (८) शंखजीरा घी मिश्री (९) दाख वेदाणा तथा धाणा इनोकी उकाली (१०) जव कूसेक आटा करके पाणी घी मिलाकर पीना (११) आमकी छाल जामुनकी छाल अर्जुन वृक्षकी छाल इनोंकों महीन पीस रातकूं मट्टीके पात्रमें २४ तोला जलमे भिगाकर फजरमें छाणकर सहत डालकर पीणा (१२) धाणा आंवले अरडूसेके पत्ते दाख पित्त-पापडा इनोका हिम करके पीणा (१३) कमलके तंतु मजीठ कचावचीणी वलवीज कपूर वाला मोथ रगतचनण और पद्माख ये दरेक एकेक तोला लेकर इनोंका कल्क करणा पीछे ६४ तोला चावलोका धोवण ६४ भर बकरीका दूध ६४ भर बकरीका घी उसमे वो कल्क मिलाकर पकाकर घी बनाना वैद्यकशास्त्रमें इस घीकूं दुर्वाद्य घृत कहते हैं, मूंमेंसें खूनकी उलटी होती होय उसकूं ये घी पिलाणा नाकमेंसें गिरता होयतो इसकी नासदेणी कानमेंसें वहता होयतो डालणा आंखमेंसे जाता होयतो आंखमें डालणा गुदा तथा पेशाबके रस्ते जाता होयतो इस घीकी पिचकारी मारणी रुरुमेंसे निकलता होयतो मालिस करवाणा (१४) दाख चंदन लोदगहूला ये चारोका चूर्णकर अरडूसेके पत्तोंके रसमें तथा सहतमें पीणेसें तमाम जगेका खून झरता बंध होता है (१५) आंवलेके चूर्णकूं घीमे सेक पीछे पाणी मिलाकर सिरपर लेप करणेसें नकीसीर बंध होती है, (१६) नकसीरवालेकूं मिश्रीका सरवत पीणा नाकसे दूध पीना दूधमें दाखका रस मिलाकर पीना अथवा मिश्रीके संग इक्षुका रस सुंघानेसें नकसीर बंध होती है (१८) जमृतवटी

चंद्रकला रस हमारे दवाखाणाकी दवाइ वहोत श्रेष्ठ इलाज है, (१९) नींबूका रस ४ औंस कलोरेट ओफ पोटास १ द्राम टिकचर सीकोना कम्पाउन्डर ४ द्राम मिश्री २ औंस ब्रांडी २ औंस पाणी ४ औंस मात्रा ½ औंस दिनमें तीनवेर पिलातेहैं (२०) टिंकचर फेरीपर क्लोराइड १ द्राम क्वीनाइन ६ ग्रेन क्लोरेट आफ पोटाश ०॥ द्राम पाणी ३ औंस तीन भागकर दिनमें तीनवेर पीणा (२१) नं० ७२६–८२७ केहकीमीनुसखे (२२) नींबू अनार जामुन अंवली आंवले वगेरेका शरवत पीणा तथा फल खाना.

विशेष सूचना–ताकतवर और खूनवाले अदमीका कोई भी जगेसें एकदम खून पडे तो विशेषकारन विगर उसकूं रोकणेका इलाज नहीं करणा क्योंके वहोतसी वखत कुदरती आपहीसे वधे भये खूनकूं इसतरे रस्ताकरके अदमीकूं रोगमेंसें वचाय देता है, वुड्ढा दुवला और कम खूनवाले आदमीके वदनमेंसें खूनगिरे तो जलदी रोकणेका इलाज करना–पथ्य–चावल, साठी चावल, जव, कांग, कोद्रव सामा मूंग मोठ तूर मसूर चणा परवल मीठानींबू चंदलिया वड तथा पींपलकी कूंपल दूध घी केला भूराकोला (पेठा) तरवूज इक्षु मिश्री अनार आंवले वगीचे तह खाना ठंढी हवा इत्यादि पित्तशामक चीजे कुपथ्य–कसरत रस्ते चलना गरमी धूप मलमूत्रकूं रोकना घोडेकी सवारी अग्नि धूम्रपान (हुक्का चिलम) स्त्रीसेवन कुलथी गुड तिल उडद दहीं खारापदार्थ पानसुपारी लसण वासी अनाज कडवा खट्टापदार्थ ये सव खराव है.

कंठवेल–गंडमाल–ग्रंथी.

स्क्रोफ्युला–ट्युवरकल.

कारन–१ इसरोगमें वदनमें गलेमें गांठें होजाती है, तोभी वो एक शारीरक रोग है, खूनका विगडना ये इसरोगका मुख्य कारण है, खराव खुराक खानेवाले और शरदीवाली नीची जगोंमें वसणेवाले लोकोंके ये रोगविशेष देखणेमें आता है, अशुद्ध पारा खाया होय गरमी सूजाककी वेमारी भई होय तो भी खून विगडके ये रोग होता है, आहार विहार कसरत हवा पाणी वगेरेमें विपरीत याने प्रकृती विरुद्ध आचरणसें खून विगडता है, उससें वदनका सव भागोंकूं यथास्थित पोषण नहि देनेसें दोष गांठके रूपसें वाहर आता है, ये रोगभी ओलादमें ऊतरता है, इसीवास्ते ये रोग वच्चोंके जादा देखणेमें आता है, २ अभीके नये सोधकोंके प्रमाणमें इसकी पैदाशके दुसरे कारण कहनेमें आते रक्ताएक मत एसा है, के ये रोग चेपी है, दुसरे एसा कहते हैं, (ट्युवरकल लक्षणनामके जंतुसे ए रोग हयातीमें आता है, (३) वापके ये रोग होय अथवा रोगका पित्त वखत माताके प्रदर रोग होय तोभी किसी २ कूं ये रोग होता है.

ज्वर उलटी दोरोगके लक्षण अथवा चिन्ह शारीरक तेसें इस्थानिक इसतरे दो प्रकारसें उपद्रव है, इस शारीरक चिन्ह–शरीर नाताकत नाजुक वहोत मंदाग्नि नाडी जरा जल्द

वदन गरम और थोडा २ बुखार (स्थानिकचिन्ह–गलेमें काखोंमें खंधेमें काछोंमें और जांघोंमें गांठे होती है, इतनाहीं नही लेकिन् चमडी पेट मगज फेफसा रसपिड सांधे हाड और आंखके अंदरके भागके साथ इस रोगका संबंध होता है, चमडीपर वडे दुरगंध-वाले जखम सडे भये जखम होते हैं, जादा करके पैरोंपर तेसें हाथ छाती पीठ गरदन वगेरे भागोंपर होते हैं, बहोत मुदत तक भरता नहीं फैलता है, औरको रखरखोदरी जेसी होती है, पेटमें ये दोष भरजाता है, तव बच्चेका पेट घडे जेसा होता है, तकी कबजी रहती है. उससे जलंदर भी होजाता है, इसीतरे मगजके बीच रस डमें इस दोषका जमाव होकर सोजा होता है, और सखत बुखार आता है, मगजका ये दोष पांच वर्षके अंदरके बच्चेके होता है, बालक बेचैन बेहोस होजाता है, दांत पीसता है, चीस मारताहै आंख मुंची रखता है, उलटी होती है, दस्तकबूज शिर गरम और आंखकी कीकी सकुडाय जाती है, फेफसेमें इस दोपका जमाव होणेसे उहां सोजा होकर पकता है, और क्षयकी बेमारी होजाती है, रसपिडमें ये दोपका संचय होता है, और गरदन वगल और पेटके अंदरका रस पिंड वडा होता है, गलेमें इस दोषका संचय होकर गांठ होती है, गलेके दोनों तरफ एसी गांठे होती है, और पीछेसे बंधकर हारके मुजव गांठोकी श्रेणी होती है, इसवास्ते इसकूं कंठमाल कहते हैं, इय गांठ छोटी नारगी जेसी होती है, किसी २ के वढकर नालियेर जितनी भी होती है, इस गांठोमें बहोत दरद नहीं होता लेकिन् जो उसका इलाज नहीं होय तो दोप अंदर घुस वढकर श्वासनली और अन्ननलीके ऊपर दवाव होणेसें जिंदगीकूं जोखम पहुंचती है, बहोत वखत हांसकी हड्डी भी सड जाती है, और वदनके दुसरे भागमें भी ये दोप भरजाता है, जव हाडोंतक पहुचता है, तव अस्थिव्रण होजाता है, आंखमें ये दोप आता है, तव आखोमें फूला पडता है, पाणी झरता है, सूर्यका प्रकाश सहा नहीं जाता स्क्रोफ्युलाका दोपवाले बच्चेके वद-लें गांठे चांदी कान वहणा सांधा और खाजखुजली जेसे चांदी खासी आपर क्षय जेसी स्थिति होती है.

इलाज (१) देशी वैद्यक शास्त्रमें कंठवेल वगेरे ग्रंथी गांठोंके रोगमें कचनार नाम वृक्षका बहोत गुण लिखा है, उसकी छालका उकाला चूर्ण अथवा न० ४० में लिखा भया कचनार गुगलका सेवन करणा इसके सिवाय खूनकू शुद्ध करणेवाली सब दवाइयां जेसेंके चंद्रप्रभा किशोर गुगल त्रिफला गूगल मंजिष्ठादि क्वाथ वगेरे इस रोगमें फायदा करता है, (२) अंग्रेजी दवाओमें कोडलीवर लोह पोटास आयोडाईड सिर पेफेरी आयोडाईड हाईपोफोस्फेट ओफ लाइम सोडा वगेरे असरकरता है.

(३) होमियोपैथिक दवायोमें आयोडाईन सीलीशिया हियारसल्फ वेलाडोना फोसफारस वगेरे–वाहरका इलाज–(१) सरसूं सहजणे की फली सणके वीज अलसी

है, मगजमेंभी किसी वखत पाणी भरजाता है, और इस करके एसे रोगवाले वच्चोंका शिर वडा होता है, आंडोंकी गोलीमें पाणी भरजाता है, उसकूं अंडवृद्धि एसा रोग कहते हैं, त्वचाके नीचे पाणी भरजाता है, उसकूं लोक थोयर तथा सूजन कहतेहैं सूजन आती है, तव उसकूं पका जलंदर गिणणेमें आता है.

कारण–मिथ्या आहार विहार ये इस रोगकूं पैदा करणेका कारण है, मिथ्या आहार विहारसें वदनमें खून फिरणेमें एक तरेका अटकाव होता है, तैसें खून विगडणेसें भी किसी २ जगे ये वेमारी होती है, जव खून वरावर फिरता नहीं तव साफ होता नहीं और जव एक जगे खूनके प्रवाहका अटकाव होता है, तव दुसरी जगे उसका जमाव होता है, और जमाव भये खूनमेंसे खूनके अंदरका पाणी महीन खूनकी नलियोंमेंसे जम २ के एकठ्ठा होता है, वदनके सर्व भागमें वारीक रक्त नलियोंमेंसें हमेस प्रवाही रस झरते रहता है, उसकरके शरीरके भागोंका पोपण होता है, और वधा भया रस सूकजाता है, लेकिन् ऊपरके कारणसे जव कोईभी भागमें खूनमेंसें झरता ये रस जव वढजाता है, अथवा शोपणक्रिया कम होजाती है, तव वो रस अथवा पाणीका उस जगे संग्रह होता है, जलोदर ये फक्त जलका संग्रह है, रक्ताशय फेफसा मूत्राशय यकृत् तिल्ली इण अवयवोंके विकारसें जलोदर पैदा होता है, पांडुरोगसें वहोत खून जाणेसें और वहोत नाताकतीसें भी जलंदर पैदा होता है.

लक्षण–जलोदरका रोग स्वतंत्र नहीं है दुसरे रोगका फक्त एक लक्षण है, जलोदर जैसें उदर रोगकी एक जात है, तेसें कितनेक विद्वानोंके मतमुजव जलोदर ये यकृतोदर प्लीहोदर वगेरे उदर रोगका आगे वढा भया स्वरूप है, अर्थात् ये रोग जव वढता है, तव आखर उसके अंदरका दोप प्रवाही रूप वणता है, जुदे २ कारणमुजव उसके चिन्ह जुदे २ होते हैं, पांडु रोगसें अथवा नाताकतीसें जलंदर होता है. तव पहली सूजन चढती है, पीछे जांघ इद्री और पेट इस क्रमसें सोजन चढती है, ऊपरके भागमें सूजन थोडा होना है, पांडुरोगके वहोत लक्षण होते हैं, रक्ताशय रोगसें जो जलंदर होता है, उसमें रक्ताशयके लक्षण मालूम पडते हैं, पहली पांवके पोंचेपर अथवा आंखके पोपचेपर थोयर आती है, फेर पीछे पांव तथा पेटपर सोजन आती है, किसी २ वखत पेटका जलंदर नहीं होता कलेजेके रोगसें जो जलदर होता है, उसमें पहले पेट वढता है, और पीछे दुसरे भागपर किसी २ जगे सोजा आता है और किसी जगे नहीं आता कलेजेके दरदमें प्रथम रोगी दुवला वनकर पेट वडा तुंवे जेसा होता है, वदन सूकजाया फीका कामला उलटी दस्तकी कवजी और कलेजेमें दरद होता है, ये रोग जादातर मराप पीवेवालेकूं होता है–मूत्राशयके रोगसें जो जलंदर होता है, उसकी जड मूत्रपिंडके रोगमें होती है, विशेष करके वहोतसे जलदरवालेकी जड गुरदेके

दरदमें होता है, मूत्राशयके रोगके चिन्होंके साथ पहली आंखके पोपचे सूजजाते हैं, पीछे चहरा तथा हाथ पांवपर सोजन आता है, आखर पेट वढता है, मूत्राशयके जलंदरमें किसी २ वखत हाथ पांव चहरा तथा पेट वहुत सूज जाता है, जिस करके रोगी वडे मुस्किलसें वैठकर ऊठ सकता हे आंख मिच जाती है हाथ पांव तथा वृषण इतने सव तंग होकर फूलता है किसी वखत फूटकर उसमेंसें पाणी झरता है.

इलाज–वहोत करके उदररोगोंका तथा सोजेका इलाज जलंदर रोगकू फायदा करता है उदर रोगके पेटेमें जलोदरका इलाज लिखेगें अथवा थोडे इलाज नीचै लिखते हैं.

(१) दूध सव खुराक तथा पाणी वंध करके इकेले दूधपर रखणा तथा दूधके संग योग्य दवा देणी जेसे नारसिंह आरोग्यवर्द्धनी विजयवटी दुग्धवटी नारसिंह वगेरे साधारण वैद्योंकेपास दवा मिलेगी नही नवण सकती है प्रख्यात वैद्योकेपास मिलेगी हमारे दवाशालामें मिलसकती है. (२) गोमूत्र इकेला अथवा दुसरी दवाके संग पीणेसें फायदा होता है (३) त्रिकटू पांचों निमक चित्रक जवाखार टकणखार इनोंका चूर्ण त्रिफलाके काथमें लेणा (४) सूंठ मिरच टंकण साजीखार गंधक– सम भाग शुद्ध किया भया जमालगोटा दो भाग इनोंकी दो २ रत्तीकी गोलियो करणी मात्रा १ गोली (रोगीकी शक्ति देख वहोत हुसियारीसे देणी. एसी जमालगोटेकी दवा दरहमेस नहीं देणी.)

अंग्रेजी इलाज– पांडू नाताकती तथा तिलीका जलंदर भया होयतो (४) लोह भस्म मंडूर भस्म क्वीनाइन और एसी दुसरीभी पौष्टिक दवायें तथा दूध वगेरे खुराक देणा (६) नं०५९५–५९६ तथा न०६९९ वाली मेलवणिये उपयोगमें लेणा और दस्तकी कव्जी होयतो एरंडी तेल एलिया सोनामुखी वगेरेका उपयोग करणा.

रक्ताशयका जलंदर–मुस्कलसें मिटसकाता है इसमें पेशाव तथा दस्त खुलासा लाणेवाली दवा देणी नीचेका मिक्श्चर इस कामकेवास्ते अच्छा है (७) क्रीम ओफ टा-र्टर १ द्राम टिंकचर ओफ स्कील २० वूद स्पिरिट नाइट्रिकइथर १॥ द्राम केम्फर वोटर ४ औंस मिलाकर उसके तीन हिस्से हमेस तीन वखत देणी इसके सिवाय पेशाव साफ लाणेवास्ते (८) सोरा अलसीकीचा तथा मूलेका रस पिलाणा और सोनामुखी तथा विलायती निमक देकर दस्त साफ लाणा नं० ७१३ का उसका–कलेजके जलंदरमें– पेशाववास्ते ऊपर लिखी दवा देणी इसके सिवाय (न० ७११ तथा ७१२ का इकीभी मुसके देणा मूत्राशयके जलदरमें तीक्ष्णरूपमें पेशाव वधाणेकी दवा देणी नहीं तीक्ष्ण सूजन होयतो गरम पाणीका शेक करणा राईका पलास्टर मारणा पोटिस वांधणी (१०) नं० ५९८ की मिलावट देणी तथा वुखार नहीं होयतो और रोग पुराणा पडगया

होयतो जवकीचा सोराखार तथा एपीकाक्युआन्हा वाइन मिलाकर वेर २ देणा अथवा इकेला लीकर आमोनी एसेटेटीस २ औंसमें ४ औंस पाणी मिलाकर चार छ वखत देणा, (होमियोपथिक इलाज).

सब शरीरका जलंदर–एपोसाइनम, आर्सेनिकम. ब्रायोनिया वगेरे (मूत्राशयका जलंदर) केन्थेरीस टेरेविन्थ आर्सेनिक.

(पेटका जलंदर) एपोसाइनम आर्सेनिकम वगेरे.

(यकृतका जलंदर) पोडोफाइलम पल्सेटीला चाईना आर्सेनिकम कालीकार्व वगेरे.

(रक्ताशयका जलंदर) डीजीटेलीस आर्सेनिकम वगेरे.

(गर्भाशयका जलंदर) आर्सेनिकम आयोडाइन सेनिसीया.

उदररोग.

(कारण) जठराग्नि मंद पडणेसें जेसें दुसरे रोग होते हैं तेसें उदर रोगभी होता है अजीर्णसें अति दोष करणेवाला अन्नपानसें दोष तथा मलकी अत्यंत बढोतरीसें उदररोग होता है संचय भया दोष पसीना तथा जलकुं वहणेवाले रस्तोंकूं रोक जठराग्निकूं प्राण-वायूकूं तथा अपानवायूकूं दूषितकर उदरके रोगोंकूं पैदा करता है.

(प्रकार) उदररोग आठ प्रकारका है वायूसे १ वातोदर, पित्तसे (२) पित्तोदर-कफसें (३) कफोदर तीन दोपसें (४) सन्निपातोदर प्लीह तिल्ली बढणेसें प्लीहोदर गुदाका रस्ता रुकणेसें (६) बद्धगुदोदर आंतमें जखम पडणेसें (७) क्षतोदर और पेटमें पाणीका जमाव होणेसें (८) दकोदर याने जलोदर पैदा होता है, एसें उदरके आठ रोग होते हैं.

लक्षण–पेट ढमढोल चलणेकी अशक्ति वदन दुबला जठराग्नि मंद सूजन ग्लानी अपान वायू (पाद) तथा दस्तका रुकना जलण आलस नींद वगेरे लक्षण सब उदररोगोंमें होता है.

(१) वातोदर–हाथ पांव नाभि तथा पेटमें सोजा पेटके दोनों पांसोंमें मध्यमें कमरमें तथा पीठमें दरद सांधाओंमें फूटणी सूकीखासी अंगमें भारीपणा मलका संचय चमडीपर कालापणा दरदका कमवेशीपणा पेटमें सुइ-चुभाणेकेसीपीडा पेटपर बजानेमें धमन जेसा अवाज होना ये और भी केइयक वातोदरके लक्षण होते हैं, (२) पित्तोदर–बुखार मूर्छा प्यास चक्कर दस्त चमडी आंख तथा नाखूनमें पीलापना पेटके अंदर उष्णता बाहरदाह पसीना पेटपर हरापणा लाल पीलेरंगकी रगे ऊपसआना आहार-का पाचन जल्दी होय और बहोत दुखे (३) कफोदर–सूजन भारीपणा ग्लानी नींद जादा जादा सर्दीका ज्ञान नहीं रहे अरुची चमडीका रंग फीका सुपेद पेट करडा और सुपेदरंगे दिखाईदे बडा और बहोत मुदतमें बढणेवाला सजड स्पर्शमें ठंढा बोझेवाला

और अवाज विगरका होता है (४) सन्निपातोदर–खराव दुष्ट पदार्थ खाणेसें जहर खाणेसें सडे जलके पीणेसें इत्यादि कारणसें रक्त तथा वातादिक दोप वहोतही दुष्ट होकर इस दुष्ट उदररोगकूं पैदा करता है, इसवास्ते कोइ २ ग्रंथकार इसरोगकूं दुष्योदर भी कहते हैं, वेर २ मूर्छा वदनका रंग सुपेद अति दुवलापणा और शोप होता है, (५) प्लीहोदर–तिल्लीके वढणेसें जो चिन्ह होते हैं, वो सव प्लीहोदरका समझना सूक्ष्मवुखार मंदाग्नि रंगसुपेद इसीतरे दहिने तरफ यकृत वढता है, उसकूं यकृतोदर कहते हैं, (६) क्षतोदर–अन्नकेसंग अथवा दुसरीतरे पेटमे खाणेमें आयाभया कांटाकंकर वगेरोसें आंतरेमें छिद्र पडके उसमेंसें निकलता भया पाणी जेसागुदाके रस्ते निकले और सूंटीके नीचेके भागमें पेट वधे सूइ चुभाणे जेसी तथा चीरणे जेसा दरद होय (७) वद्धगुदोदर–अन्न शागवगेरे चिपटके रहनेवाला पदार्थ रेती तथा और कचरेसें आतरेके नलमें मल जमा होजाय गुदाका मल रुकजाय और कष्टसें थोडा २ दस्त उतरे और रिदय तथा नाभिके वीचमें पेट वधे (८) जलोदर–घी तेल जेसा चिकणा पदार्थ पिये पीछे चिकणी दवा खाये पीछे उलटी भयां पीछे जुलावलियां पीछै जो तुरत ठढा जल पीनेमें आवे तो वो रस वाहनी नलियों तुरत विगडकर वो नलियो तेल जेसें चिकणे पदाथोसे लिपायजाकर जलोदर पैदा होता है, पेट वधणा सरू होता है, तव नाभीके आगेसें उपसा भया लगता है, औरतोंके वच्चे जणते वखत जेसी पीडा होती है, एसी पीडा होती है, और पाणीकी पखालकी तरे लचक २ और डव २ कर हलता है, तथा वजता है.

(इलाज)–उदरके सवरोग कष्टसाध्य याने मुस्कलसें मिटे जेसा है, जव उदररोग मिटता नहीं तव आखर २ पाणी भरनेसें जलोदर होजाता है, और जलोदरके दशहज्जार रोगीयोमेंसें एक रोगी वचता है, एसा वैद्यकशास्त्रमें परमात्मा ऋपभ अरिहंतका वचन है, (श्लोक) शतेपु जीवते कुष्टी, सहस्रेपु जलोदरी, मेही शतसहस्रेपु, राजरोगी नजीवति१ तोभी परमात्माने एसा उत्तम प्रयोग लिखा है, सो उसका युक्तिसें आसरा लेणेसे वहोतसे उपद्रव अच्छा होसकते हैं, उदरका और सोजेका इलाज मिलतेसे होते हैं,और इस इलाजोंमें दस्तकी दवा विरेच मुख्य है, लेकिन् वो जुलाव एसा होणा चाहीये रोगीकी ताकतकूं कायम रखकर दोपकूं दस्तके रस्ते या पेसावके रस्ते निकालदेवे उदररोगकी ग हालतमें नीचे लिखे सो साधारण इलाज करणा लेकिन् वध गये पीछे इन इलाकोईभी असर होगा नहीं रोग वढगये पीछे चतुर वैद्य और डाक्तरोंका आश्रय (१) एरंडीका तेल दसमूल और गोमूत्र ये तीनो चीज गुणकरती है, (२) उपलेट लगोटा जवखार, दुगण सूंठ, मिरच पींपर सींधानिमक सेंभरनिमक सेंचल वच जीरा वाण तली भई हींग सज्जीखार चव्यचित्रक इनोंका चूर्ण जलसे पीणा (३) तूवा-रा जिसमें अजवाण भरणा फेर धूपमें धरना वाद सुकाके कूटना उसमें सूंठ काली-

मिरच पींपर चित्रक चव्य पींपलामूल वायविडंग हरडेकी छाल बहेडाकी छाल आवला तज तमालपत्र बडी इलायची छोटी इलायची नागकेशर दोनूं जीरा अजमोद सोरा नोसादर साजीखार जवखार पापडखार इत्यादिक जो जो खार मिले सो सब जेसें अमलीका आंधी झाडेका कुवारपठेका पलासका इत्यादि मिलादेना सोनामुखी निशोतकी छाल कपीला कुटकी चिरायता नीमके सूकेपत्ते दारूहलदी एरंडीकी जड नागरमोथा इंद्रजव ये सब चीज एकेक तोला ले कूटकर मिलाणा बाद कवारपठेके रसकी सातभावना सात अमलीके रसकी सात तूंबेके रसकी देकर रख छोडना बच्चेकुं २ मासातक देना बडेकुं पांच मासातक पथ्य दूधभात मिश्री इससे सर्व उदररोग जाय ये चीज हमने कई जगे पतवाई है, पाणी थोडा सोडा डालके पिलाना या तीन उकालेका ठारके पिलाना बाद खीचडी दालभात चंद लियेका साग देणा (४) मारवाडमें वूइ होती है, उसकी जड कूटकर २।३ मासा जलसें फकी देना इससें दस्त लगकर साफ होता है, पथ्य दूधभात (५) लसन १०० तोला जल २५६ तोलाभर इसका काथ करना पीछै उसमें सूठ मिरच पींपर हरडे बहेडा आंवला जमालगोटा हींग सींधानिमक चित्रक देवदारू वच उपलेट सहजना साटेकी जड सेंचल वायविडंग अजवान तथा गजपींपर ये हरेक ४ चार २ तोला और निसोतकी छाल २४ तोला इन सबोंकों पीस चटनी करनी और उसमें काथ बराबर तेल डाल तेलपकाना ये तेल उदरके सबरोग तथा वायुके सबरोग मिटाता है, (६) पींपर तथा सींधानिमक डाली भई खट्टी छाछ पीणी (७) त्रिफलेका चूर्ण गोमूत्रमें पीणा–(पित्तोदर)–निशोतकाकल्क एरंडकी जडका काथ और दूध इससें जुलाब लेना (२) मिश्री तथा मिरचका चूर्ण मिलाकर ताजी मीठी छाछपीणी (३) निशोत तथा त्रिफलाके उकालीमें सिद्ध किया भया घी पीणा–(कफोदर)–(१) निशोतका चूर्ण सांड (ऊंठनीके) दूधमें पीणा (२) सोवासींधानिमक जीरा सूंठ मिरच पींपर इनोंका चूर्ण मिलाके छाछ पीणा (३) गरम जलसें वेर २ पेटपर शेक करना (४) कुलथीके काथमें त्रिकुटका चूर्ण डाल पीना दूधमें एरंडीतेल पीणा–सन्निपातोदर–(१) जो हरडे निर्गुंडीका रस गोमूत्रमें पीणा (२) त्रिकटु जवखार सींधालून छाछमें पीणा (३) चंदलियेकी जड जलमें पीस इसमें चोगुणा घी और घीसे चोगुणा दूध डाल उकालकर घी तय्यार करणा इस घीमें सब जहरोंका नास होता है, (शीहोदर)–यकृतोदर–(१) निर्गोडकारस २ तोला और गोमूत्र २ तोला (२) लालरोहीडा और हरडेका कल्ककर गोमूत्रमें अथवा भैंसके मूत्रमें पीणा (३) लसण पीपलामूल हरडे जोहरडे पीस गोमूत्रमें पीणा (४) सहजनेकी छालके रसमें सींधानिमक चित्रक पींपर तथा खारेका जवखार डालके पीणा (५) कवारपठेका रस हलदी डालकर पीणा (६) पींपर और महल डालकर छाछ पीणी (७) जो हरडे तथा लालरोहीडेकी छालका काथकर उसमें जव

जलोदरका इलाज.

खार तथा छोटी पीपरका चूर्ण डालकर प्रभातसमें पीणा (८) कवारपठेके रसमें हलदीं डालकर पीणेसें तापतिल्ली मिटती है (९) भिलावा ३ भाग जोहरडे तीन भाग वायविडंग ३ भाग स्याहजीरा १ भाग इनोकी गोलीकर सातदिन खाणी (१०) सहजणेकी छालके उकालेमें शंखभस्म देणी (११) नींवूके रसमें शंखभस्म देणी (सोथोदर)–पेट जा वढता है, तव अंगपर सवमें सूजन आती है, उसकूं सोफोदर कहते है (१) पुनर्नवादे काथ अछा है, साटेकीजड गिलोय देवदारू हरडे सूठ इसकू पुनर्नवादि काथ कहते है, इसमें गूगल तथा गोमूत्र डाल पीणेसें सोजेवाला पेट मिटता है, (२) पुनर्नवादि काथ दुसरा, साटेकीजड जोहरडे, कडवे नींवकी छाल, दारूहलदी कुटकी पटोल गिलोय सूठ इसका काथ गोमूत्रडाल पीणा (३) पीपर तथा सूंठका चूर्ण गुडमें मिलाकर देणा (४) त्रिफला गोमूत्रमें पीकर दूधभात ३ घंटेवाद पथ्य लेणा–(जलोदर)–(१) भिलावादेणा पथ्य दूधभात (२) त्रिकट्ट तथा निमक छाछमें पीणा (३) सहजणेका काथ देणा (४) ऊंठनीका दूध पीणा (५) अर्कादि काथ–गजपींपर सूंठ मिरच पीपर तथा सींधानिमक सम वजन और आककी छाल सवके वजनसे वीसमा भाग इसका काथ पीणा (६) जमालगोटा अथवा दंतीमूल नेपालेकूं सोध उसमें दुगणा कथा मिलाकर रती २ की गोलियां करणी दस्तलगे वाद पथ्य दूधभात (७) दंतीमूल ५ सेर निशोत ५ सेर हरडे वडी नग २५ इन सवोकू २॥ मण पाणीमें उकाल अष्टमांस वाकी रहे तव ऊतारकर पाणी छाणकर हरडोकूं सावूत निकालकर तेलमें तलणी पीछे ५ सेर गुडकी चासनीकर उसमें हरडे तथा नीचे लिखी चीजोंका चूर्णडाल पाक वणाना–निशोत छाल ३२ तोला छोटी पीपर सूठ आठ २ तोला सहत ३२ तोला तज तमालपत्र इलायची नागकेशर ये एकेक आठ २ तोला (८) पेशाव लानेवाली पसीना लानेवाली और दस्तावर दवा देनी (सव उदररोगोका सामान्य इलाज)–(१) रेचन, पाचन, फस्तखोलण,(२)दूध अथवा गोमूत्रमे, एरंडी तेल वेर २ पीणा (३) पीपर वर्द्धमान खानी (४) चव्य चित्रक सूठ देवदारू इसका काथ निशोतका चूर्ण गोमूत्र मिलाकर पीणा(५)इच्छाभेदीरस (न० ३४१) (उदररोगका पथ्य)–रेच लघण मूंग लालसाठी चावल, पुराणी कुलथी, कांजी मद्य सींधानिमक उडद छाछ लसण, एरडी तेल, अद्रक परवल सहजणेकीफली इलायची नागरवेलके पान वकरी भेंस तथा गऊका दूध तथा मूत्र हलका तीखा और अग्निदीपक अनाज ये सव हितकारक है–(कुपथ्य)–घी वगेरे चिकणे पदार्थोका सेहपान धूम्रपान उलटी वहोत रस्ते चलना दिनकी नींद आटेमेंसे वनाया पदार्थ जडकरडा अनाज जलके जीवोका मांस भाजीपाला तिल दाहकरनेवाला अन्न निमक फलीका अनाज खराव जल दस्त कवजकरे एसा अन्नपान ये सव उदररोगकूं हानि करता है.

किरण दूसरी २.

श्वासोच्छ्वासकी क्रियाके रोग.

छातीके अंदर श्वासनली फेफसा रक्ताशय वगैरे बहोतसे जरूरीके मर्मस्थान आये भये है, ये मर्मोके ठिकाणे आपसमें संबंध रखे है, तेसें रक्ताशयके भी संबंध है, तोभी श्वासोच्छासकी क्रिया और खुन फिरनेकी क्रियाके स्थल अलग २ है, और उस २ मर्मस्थानोंके रोगभी जुदे २ है, इसवास्ते इस किरणमें श्वासनलीके रोगोंकी परिक्षा इलाज लिखते हैं, तीसरी किरणमें रक्ताशयके रोग लिखेगें श्वासोश्वासकी कियामें श्लेषम कंठनलीका सोजा हांफणी खासी फेफसेका वरम दम क्षय उरक्षत वगैरे रोगोंका समावेश होता है.

(श्लेष्म, सलेषम, शरदी, जुखाम)

(कोराईझा)

(कारण)–जादा करके हवाके फेरफारसें सलेषम होता है, एकही स्थलमें हवाके याने ऋतूकी फेरफारसें जेसें सलेषम होता है, तेसें अदमी एकजगेंसें मुसाफरीकर दुसरी जगें जब जाता है, उसकरके हवाका फेरफार होणेसें कफ बिगडजाता है, सलेषम शरदीसे होता है, और पालर पाणीसें नया अनाज खाणेसें बहोत शरदी हवामें रहणेसें भीजी जमीनपर चूनागचीके अंगणपर सोनेसें इत्यादिकारणोंसें सलेषम होजाता है, कितनेएकको ये रोग वेर २ होजाता है, और मिट जाता है, इसरोगमें ऊपर लिखे कारणोंसें नाकके अदरके पुडपर सूजन होता है.

(लक्षण)–एसे थोडेही अदमी होयगें सोजिनोंकों सलेषमका अनुभव नही होयगा सरुहोते वलगमके वदनमें वेचेनी हाथपांवोंमे टूटणा शिरमें भारीपणा कमरमें दरद नाकमें सूकापणा छींक दमलेते अडचल और प्रगटलक्षणोंमें गलेमें जलन दाह नाकमें जलन नाक आंखमेंमें पाणी झरे गला बैठजाय जीभपर सुपेद थर थोडासा बुखार भूख मद दस्तक ब्ज होय.

(इलाज)–जुखामके रोगमें वैद्य डाक्तरके पास विरले जाते हैं, लेकिन् इतना या दरखणा चाहिये किसी २ वखत इस निकामे छोटे रोगसें बडे २ असाध्यरोग होणा संभव है, जेमेके पीनस नाककारोग कफकारोग खासी और क्षय जेसा भयकर रोग होजाता है, इसवास्ते छोटासा मरज जांणके छोडना नहीं चाहिये.

(१) रोगीकूं वरमें रहना कांजी दलिया दालभात चाह वगैरे हलका और गरमागरम खुराक लेना पांवोंकूं गरमपाणीसें झरना पीछे पोंछ मोजापहराना दूध और पाणी गरमकर या चा करके गरमागरम पिलाना और हलका जुलाव लेणा (१) वलगमका जोर जादा होय ऊपर लिखाइल्याजमें शांत नही पडे तो जरूरीका खरम सहत डालके पिलाना त्रिफलादि चूर्ण (न० २२७) सहतमें चाटना अथवा कोरा फाकना सूठ उकाल

चाह डाल पीणा दूध पाणीका अथवा चाका वफारा या नासमे लेणा पोस्तके डोडेका भीगा शेक करना तज लौंग सूंठ वगेरे गरम दवाओंका ललाटपर लेप करना (नं० ६३२) वाली बुकनी अथवा त्रिकटुकी बुकणी सूंघकर कफकूं छुटाना रातकूं एन्टिमोनियल-पाउडर ।३।४। ग्रेन फाककर ऊपर चाह पीनी अथवा डोवर्सपाउडर दस ग्रेन, सोते वखत लेकर फजरमें दस्त साफ लानेकुं एक हलका जुलाव लेना हरडेकी फक्की सिडली-झपाउडर अथवा एप्समसोल्टका जुलाव लेना (नं० ८१५) तथा ८१६ काहकीमी उसका देना (३) जुखाम शरदी पुरानी होकर झरे वाद दूध और पाणी सम वजन मिला-कर उसमें सूंठके टुकडे आठ आनेभर मिश्री आठ आनेभर केशर १ रत्ती विदामके गोटे ५ डालकर जलजले जहांतक उकाल दूध छानलेना और विदाम चवाकर दूध पीजाना और जल पियेविगर सूजाना ये प्रयोग सोतेवखत करना अकलकरा पींपलामूल पींपर सुपेद मिरच ये चारों सम वजन मिलाकर इनोंकी थोडी फक्की पानमें धरकर चावलेना (नं० ३६५, ३६८, ३६९, ३७०) में लिखे भये दवायोंका वहोतदिनोंतक सेवन करना

(कंठनलीका सोजा)

(लारीन्जाइटीस)

(कारण)–ठंढ और शरदीसें कंठकी नलीमें सोजन होजाता है, नुकशान करनेवाला धूआं अथवा धूडगलेमें जाणेसें अथवा गरमागरम पाणी पीजानेसें तैसें उपदंससे भी ये रोग होता है.

(लक्षण)–विशेषकरके ये रोग वचोंके होता है, श्वास तथा नाडी जलदी चलती है, श्वास लेते गलेमेंसें तीक्ष्ण अवाज निकलता है, छाती तथा वायुनली उछलती है, गला बैठ जाता है, वेचेनी वहोत रहती है, और १ दिनसें ५ दिनके अंदर गलेकी सूजनसें रोगी मरता है, अथवा अछा होजाता है.

(इलाज)–तीक्ष्ण सोजा वहोत भयंकर होता है रोगी तकदीरसेंही वचता है, देशी वैद्यकशास्त्र मुजव तो मुखरोगीकुं दूध कुपथ्य है, मूंगकी दाल वगेरे हलका सादा और पतला पदार्थ देणा चाहिये, दाक्तरलोक दूध चावलोका दलिया पतला पथ्य दिलाते इस रोगीकूं गरम और तेज खुराक कभी देणा नहीं वायूनलीपर गरमपाणीका सेक करणा विल्स्टर अथवा जोक लगणा और सोजन नरम करणेकू रोगीका गूंगाट और घभराट मिटाणेकूं उलटीकी दवा देणी मेणफल अथवा इपीका क्युअनाकी भूकी पिलाकर उलटी कराणी अरडूसेका पुटपाक अथवा स्वरस सहत डालकर पीणा और छाती तथा गलेपर अरडूसेके पत्ते वाफकर वांधना नं० ६३३ का मिक्चर देणा अथवा इकेला इपीका क्यु अन्हावाइन उन मान मुजव जलमें मिलाकर पिलाणा.

किरण दूसरी २.

श्वासोच्छ्वासकी क्रियाके रोग.

छातीके अंदर श्वासनली फेफसा रक्ताशय वगेरे वहोतसे जरूरीके मर्मस्थान आये भये है, ये मर्मोंके ठिकाणे आपसमें संबंध रखे है, तेसें रक्ताशयके भी संबंध है, तोभी श्वासोच्छासकी क्रिया और खुन फिरनेकी क्रियाके स्थल अलग २ है, और उस २ मर्मस्थानोंके रोगभी जुदे २ है, इसवास्ते इस किरणमें श्वासनलीके रोगोंकी परिक्षा इलाज लिखते हैं, तीसरी किरणमें रक्ताशयके रोग लिखेगें श्वासोश्वासकी क्रियामें श्लेषम कंठनलीका सोजा हांफणी खासी फेफसेका वरम दम क्षय उरक्षत वगेरे रोगोंका समावेश होता है.

(श्लेष्म, सलेपम, शरदी, जुखाम)

(कोराईझा)

(कारण)–जादा करके हवाके फेरफारसें सलेपम होता है, एकही स्थलमें हवाके याने ऋतूकी फेरफारसें जेसें सलेपम होता है, तेसें अदमी एकजगेंसें मुसाफरीकर दुसरी जगें जब जाता है, उसकरके हवाका फेरफार होणेसें कफ विगडजाता है, सलेपम शरदीसे होता है, और पालर पाणीसें नया अनाज खाणेसें वहोत शरदी हवामें रहणेसें भीजी जमीनपर चूनागचीके अंगणपर सोंनेसें इत्यादिकारणोंसें सलेपम होजाता है, कितनेएकको ये रोग वेर २ होजाता है, और मिट जाता है, इसरोगमें ऊपर लिखे कारणोंसें नाकके अंदरके पुडपर सूजन होता है.

(लक्षण)–एसे थोडेही अदमी होयगें सोजिनोंकों सलेपमका अनुभव नहीं होयगा सरुहोते वलगमके वदनमें वेचेनी हाथपांवोंमे टूटणा शिरमें भारीपणा कमरमें दरद नाकमें सूकापणा छींक दमलेते अडचल और प्रगटलक्षणोंमें गलेमें जलन दाह नाकमें जलन नाक आंखमेंसें पाणी झरे गला वैठजाय जीभपर सुपेद थर थोडासा बुखार भूख मद दस्तक ब्ज होय.

(इलाज)--जुखामके रोगमें वैद्य डाक्तरके पाश विरले जाते हैं, लेकिन् इतना या दरखणा चाहिये किसी २ वखत इस निकामे छोटे रोगसें वडे २ असाध्यरोग होणा संभव है, जेसेके पीनस नाककारोग कफकारोग खासी और क्षय जेसा भयंकर रोग होजाता है, इसवास्ते छोटासा मरज जांणके छोडना नहीं चाहिये.

(१) रोगीकूं घरमें रहना कांजी दलिया दालभात चाह वगेरे हलका और गरमागरम खुराक लेना पांवोंकूं गरमपाणीसें झरना पीछे पोंछ मोजापहराना दूध और पाणी गरम कर या चा करके गरमागरम पिलाना और हलका जुलाब लेणा (१) वलगमका जोर जादा होय ऊपर लिखाइलाजमें शांत नही पडे तो-अरडूसेका स्वरस महत डालके पिलाना शितोपलादि चूर्ण (नं० २२७) महतमें चाटना अथवा कोरा फाकना सूठ उकाल

ाह डाल पीणा दूध पाणीका अथवा चाका वफारा या नासमे लेणा पोस्तके डोडेका भीगा शेक करना तज लोंग सूंठ वगेरे गरम दवाओंका ललाटपर लेप करना (नं० ६३२) वाली वुकनी अथवा त्रिकटुकी वुकणी सूघकर कफकूं छुटाना रातकूं एन्टिमोनियल-पाउडर ।३।४। ग्रेन फाकर ऊपर चाह पीनी अथवा डोवर्सपाउडर दस ग्रेन, सोते वखत लेकर फजरमें दस्त साफ लानेकुं एक हलका जुलाव लेना हरडेकी फक्की सिडली-झपाउडर अथवा एप्सम्सोल्टका जुलाव लेना (नं० ८१५) तथा ८१६ काहकीमी उसका देना (३) जुखाम शरदी पुरानी होकर झरे वाद दूध और पाणी सम वजन मिला-कर उसमें सूंठके टुकडे आठ आनेभर मिश्री आठ आनेभर केशर १ रत्ती विदामके गोटे ५ डालकर जलजले जहांतक उकाल दूध छानलेना और विदाम चवाकर दूध पीजाना और जल पियेविगर सूजाना ये प्रयोग सोतेवखत करना अकलकरा पींपलामूल पींपर सुपेद मिरच ये चारों सम वजन मिलाकर इनोंकी थोडी फक्की पानमें धरकर चावलेना (नं० ३६५, ३६८, ३६९, ३७०) में लिखे भये दवायोंका वहोतदिनोतक सेवन करना

(कंठनलीका सोजा)

(लारीन्जाइटीस)

(कारण)–ठंढ और शरदीसें कंठकी नलीमें सोजन होजाता है, नुकशान करनेवाला धूआं अथवा धूडगलेमें जाणेसें अथवा गरमागरम पाणी पीजानेसें तैसें उपदंससे भी ये रोग होता है.

(लक्षण)–विशेषकरके ये रोग वच्चोंके होता है, श्वास तथा नाडी जलदी चलती है, श्वास लेते गलेमेंसें तीक्ष्ण अवाज निकलता है, छाती तथा वायुनली उछलती है, गला वैठ जाता है, वेचेनी वहोत रहती है, और १ दिनसें ५ दिनके अंदर गलेकी सूजनसें रोगी मरता है, अथवा अछा होजाता है.

(इलाज)–तीक्ष्ण सोजा वहोत भयंकर होता है रोगी तकदीरसेंही वचता है, देशी वैद्यकशास्त्र मुजव तो मुखरोगीकुं दूध कुपथ्य है, मूगकी दाल वगेरे हलका सादा और पतला पदार्थ देणा चाहिये, दाक्तरलोक दूध चावलोका दलिया पतला पथ्य दिलाते इस रोगीकू गरम और तेज खुराक कभी देणा नहीं वायूनलीपर गरमपाणीका सेक करणा विस्टर अथवा जोक लगणा और सोजन नरम करणेकू रोगीका गूंगाट और घभराट मिटाणेकू उलटीकी दवा देणी मेणफल अथवा इपीका क्युअनाकी भूकी पिलाकर उल्टी कराणी अरडूसेका पुटपाक अथवा स्वरस सहत डालकर पीणा और छाती तथा गलेपर अरडूसेके पत्ते वाफकर वांधना नं० ६३३ का मिक्श्चर देणा अथवा इकेला इपीका क्यु

(कासश्वास, दम)

(ब्रोनकाईटिझ)

(कारण)–काशश्वास अथवा हांफणीका रोग होणेका बहोतसे कारण है, शरदी उसका मुख्य कारण है, शरदी करणेवाले आहार विहारसे हांफणीका रोग होजाता है, वायूनलीके दरदोमें काशश्वासका दरद होजाता है, जेसेके अर्बुद वगेरे गांठोके लिये तेसें वायूनलीमें धूल धातू तेसें हवामें उडते भये रजकण अंदर जाणेसें वरम होकर दमका रोग होता है, फेफसेका दरद रक्ताशयका रोग बुखार नाताकती संधिवायू वगेरे रोगोंसे भी दमका रोग होजाता है, नलीमे सोजन होणेसे अंदरका सलेपम पुडत सूजकर लाल होजाता है, पहली वो पुडकोराहोता है, और पीछै उसमेंसें कफ गिरता है, पहले झाग जेसा कफ गिरता है, पीछेसें पका भया पीला अथवा पीप जेसा कफ निकलता है, नलियोंके दोनों तरफका वरम पुडत आपसमें मिलाजाता है, इस सोजेके सबब अंदर कफ भरजाणेसें हवाकूं आने जानेकूं चहिये इतना रस्ता नही मिलणेसें. खासीके संग श्वास चढता है.

(लक्षण)–दमके रोगमें जादा करके हमेसां बुखार आता है, तब नाडी जलद चलती है, पेशाव लाल उतरता है, छातीमे दरद होता है, श्वास रुकजाता है, कफ गिरता है, कितनेक रोगमें पहली सलेपम होकर पीछै ये रोग होता है, उसमें गला आजाता है, कंठमे घरघराट बोलता है, ठंढ देके बुखार चढ आता है, भूख मंद होती है, दस्त कब्ज होता है, जीभपर सुपेद थर जमती है, पीठ अथवा छातीकी हड्डीमें दरद होता है, खासी आती है, श्वास जलदी चलता है, छाती भीडाती है, हांफणी बोलती है, सोणेसे खासी जादा चलती है, जो वरम महीन नलियोंमें भया होता है, तो छातीमें दरद होता नहीं लेकिन् खासीसे पसलियां दुखती है, श्वास जोरसें चलता है, कफ बोलता है, दमके जोरसे सोणे नहीं पाता खासी बहोत जोरसें वेर २ आती है, चिकणा कफ बहोत मुस्किलसें निकलता है, बुखार जादा चढता है, और जो फायदा नहीं होय तो नाताकती बढकर कफ निकल नहीं सकता और बदन ठंढा पडणे लगता है. इस रोगवालेकी छाती उपसीभई तथा बडी मालम देती है पांसली तथा पेट उछलता है. और छाती टोककर बजाणेमे पोकल आवाज आती है, और श्वासका अवाज मोटा और उंचा सुणाई देता है, कफका जोर जादा होता है, तो छाती ठोकणेका अवाज भरा मालम देता है.

(इलाज)–(१) दमके रोगमें श्वासनलीमें सोजा होतेजाता है इसवास्ते उस सोजेकू मिटानेका इलाज करणा रोगीकूं मकानके अंदर बिछोणेमें रखणा गरमकपडे पहराना तथा ओडाना शरदीके संग हांफणी भई होयतो खूबपसीना आवे एसा इलाज करना

सो इसतरे, पाणीमें राई डालकर गरमकर पांवोंपर झारना छातीपर राई पीसकर धरणा पाणीमें लुगदीकर तथा फुलालेण वगेरे गरम कपडा बांधणा श्वासके संग गरम पाणीका वफारा लेना छातीपर गरम पाणीका शेककरणा अथवा अलसीकी पोटिस वेर २ गरमा-गरम धरणा आखर जरूरी पडे तों डाक्टरके पास विल्स्टरभी धरवाणा (२) सरुआतमें (नं० २२३) का शृंग्यादि चूर्ण सहतमें देणा अथवा डोवर्सपाउडर देणा (३) क्षुद्रादि क्वाथ (नं० २१३) अथवा इकेली भूरींगणीका चूर्ण अथवा उकाला सहत डालकर देणेसें भी श्वास नरम पडता है (४) सुदर्शन चूर्ण (नं० ३२) में अथवा महासुदर्शन चूर्ण नांमी वैद्योके पासही खरा मिलता है, उसकूं अरडूसेके स्वरसमें सहत मिलाकर पिलाणा (५) वच्चोंके वास्ते पहली लिखा जो शृंग्यादि चूर्ण सहतमें चटाणेसे वच्चोंकी हाफनी मिटाती है, सितावके पत्तोंकूं पीस एक दोय, कालीमिरचके संग पिलाना तेसें छातीपर गरमकर पीसे भया बांधणा (६) कफका जोर होयतो उलटीकी दवा देकर कफकूं निकाल डालना उसकी विधि सलेषम प्रकरणमें लिखाही है, (७) श्वास कास अथवा हांफणीका रोग भये पीछे ये देशी इलाज देकरके पतवाना इन दवायोकूं युक्ति मुजव वहोत दिनोंतक सेवनकरणेसें ताकत आकर रोग मिटजाता है.

(१) शितोपलादि चूर्ण (नं० २२७) अनुपान घी सहत मात्रा ३ मासा.
(२) अग्निश (नं० ३४४) अनुपान घी सहत वुखार नहीं होयतो देणा.
(३) आनंदभैरव रस (नं० ३३२) अनुपान नागरवेलके पान अथवा जल.
(४) सुवर्णमालनी वशंत (नं० ३३७) अनुपान सहत पीपर सहत अथवा शितोपलादि घी तथा सहत (५) लघुमृगांक रश (नं० ३३५) अनुपानसहत (६) कटकारी अवलेह (नं० २६२) श्वास हिचकीके संग हांफणी मिटावे (७) हरीतकी अवलेह (नं० २६४) श्वासकाशका वहोत आछा इलाज है, ऊपरलिखी दवाइयां पुराणा श्वासकासके ऊपर अछी फायदेमद है, उसमें भी १, ४ और ७ के अंकवाली दवायोसे वहोत वरसका पुराणा श्वासकासयाने हांफनीका रोग अछे भये हमारे अनुभवी इलाज है, इसवास्ते पूर्णविद्वान वैद्यके पाससे एसी दवा मंगाकरके वापरणा एसी हमारी शिक्षा है, (अंग्रेजी इलाज)-(नं० ४८४, ४८६, ४८७, ४८८, ४८९, ६३३, ६३४, ६३५, ६३६, ६३७) मिक्श्चर अवस्था तथा हांफणीकी वलावल जाति विचारके उपयोगमें लेना (विशेष पथ्य सूचना)-रोगीकू अछा खुराक वकरीका दूध अथवा चावलोंके दलिये घाटमे वकरीका दूध मुख्य खुराकदेणा तेल मिरच खटाई वगेरे सर्व तेज और दाहक और मादक पदार्थोका त्याग करणा वहोत वुखार होय तो ऊपर लिखे इलाजोके संग ज्वरहरदवाई तथा किनाइन देणा नाताकती जादा होयतो अंग्रेजीवाले

ब्रांडी देते है. देशी द्राक्षासव, आर्यलोंकोने कस्तूरी अंबर केशर दूधमे उकालकर गरीबने लोबानके फूलपानके रसमे या दूधमें गरमी कायम रखणी और ताकत.

खासी–उधरस–काश.

(शिक्षा)–श्वास तथा शरदीके संगकी खासी इनोका इलाज पहली लिखदिया है, ये सबमें फायदेमंद है, तोभी खासीका विशेष इलाज लिखते हैं, देशीशास्त्रमें खासी पांचप्रकारकी है, वायूकी १ पित्तकी २ कफकी ३ क्षत छातीमें जखम पडणेकी ४ और क्षयकी ५ इसमें पिछली दो असाध्य है, वृद्धअवस्था और मांसक्षीणकी भी खासी असाध्य है, आखरीका इलाज क्षत और क्षयका जाणलेना तीनों खासीका इलाज लिखते हैं.

कारण तथा लक्षण पहली जो कासश्वासमें लिखा है, वोही है.

(वादीके कासका इलाज)–(१) सूंठ धमासा काकडासींगी मुनका कचूर मिश्री इनोका चूर्ण तेलमें चाटणा (२) सूंठ भाडंगीजड पीपर कायफल कचूर इनोका चूर्ण तेलमें चाटणा मिश्रीभी मिलादेणी.

(पित्तकी खासी)–(३) अरडूसेके पत्ते गिलोय भूरींगणीका काथ सहतडालकर पीणा (४) दाख आंवला खजूर पीपर मिरच चूर्ण सहत तथा घीमें चाटणा (५) कचूर वाला रींगणी सूंठ तथा मिश्रीका काथकर पीणा (६) सूंठ दशमूल पींपर तथा दाखके काथमें उकाला भया दूध मिश्री डालकर पीणा (७) खजूर पींपर दाख मिश्री जव धाणीका चूर्ण घी तथा सहतमें चाटणा (८) भेंस बकरी तथा गऊके दूधमें इतनाहीं कचे आवलेका रश अथवा सूके आंवलेका उकाला मिलाकर उसमें घी पकाकर खाणा (९) दाख आंवला खजूर पींपर मिरच चूर्ण सहत तथा घीमें चाटना.

(कफजन्यखास) (१०) नागरमोथा तथा पींपरका चूर्ण सहत तथा घीमें चाटणा (११) बहेडेका चूर्ण घीमें मिलाय पत्तोंसे लपेट पुटपाकर मूंमें रखणा(१२) अरडूसेके पत्तेके रशमें सहत डालकर पीणा (१३) सूंठ पीपर तथा कुलथीका काथ (१४) कचूर अतीस मोथ काकडासींगी हरडे सूंठ इनोंका चूर्ण हींग तथा सींधा निमक मिलाकर छाछ पीणी.

(खासीका सामान्य इलाज) (१५) आदेका रस सहत गरमकर (१६) मिरच काळीका चूर्ण सहत मिश्रीमें (१७) त्रिकटूका चूर्ण सहत तथा घीमें (१८) पारा गंधक जवखार मेंचल ४ मिरच ५ इस भाग मुजब एकत्रकर आदेके रशमें खरलकर गोली करके देणी (१९) बहेडेकी छाल २ पींपलामूल १ भाग सहतमें चाटणा (२०) पींपर पींपरामूल सूंठ और बहेडेकी छाल चूर्ण सहतमें देणा (२१) लींग मिरच बहेडा सम भाग सबोंके बराबर खेरसार अथवा कत्था मिलाकर बबूलके छालके काथमें गोली करके चूसणी (२२) बकरीका मूत्रमें बहेडाकी छालकूं वाफकर सहतमें

चटाणा (२३) पारा १ गधक २ पींपर ३ वहेडेकी छाल ५ हरडेकी छाल ४ काकडा-सींगी ६ पीसकर वंवूलके छालमें कितनेक दिन घोटकर गोली करके देणी (२४) काली मिरच १ पींपर १ अनार विलायती छाल ५ जवखार ॥ इसके वरावर गुड मिलाकर गोली करणी (२५) लोंग १ पींपर १ जायफल १ काली मिरच २ भाग सूंठ ३२ भाग और सवोंकी वरावर मिश्री जलसें फक्की (२६) भीमसेनी कपूर १ भाग कसतूरी १ लोंग १ मिरच २ पींपर २ वहेडेकी छाल २ उपलेट २ दाडमकी छाल १ सवके वरावर खैर सार अथवा कत्था जलमें घोट गोलियें करणी (२७) रींगणी गिलोय सूंठ एरंडीकी जड अरडूसा इनोका काथ (२८) आकका फूल उसके सम वजन मिरच अथवा लोंग पीस गोली करके खाणी (२९) आदा सेर ५ गुडसेर ५ धाणेके पत्ते (कोथमरी) सूंफ लोहचूर तज तमालपत्र इलायची मोथ इनसवोंकी अवलेही वणाय चाटणी इससे अर्श खासी ज्वर पीनस शरदी गोली क्षय इन सवोंपर ये अवलेही फायदेवंद है, (२८) वकरीका मूत्र १०० तोला उसकूं मंद अग्निमें जाड़ाकर उसमें वहेडाकी चूर्ण ८ तोला डालणा तथा पींपर पींपलामूल लोहभस्म चार २ तोला भूरींगणीके फूलकी भूकी आठ तोला डालणी इसकूं दो मासेसें तोलाभरतक सहतमें चाटणा अथवा गरम जलसे पीणा इससे असाध्यवी खासी मिटती है. (३१) लोवान ४ कपूर १ भाग अफीम ॥ और नवसादर २ भाग सहतमें वाल २ की गोलिया करणी हमेस तीन टंक तीन गोली लेणी (३२) लोवानका फूल १ रत्ती अफीम पाव रत्ती कपूर पाव रती सहतमें एक गोली इस उनमानकी वणाणी हमेस दो तीन गोली खाणी.

इसके सिवाय इस ग्रथमें आगे हांफणीके रोगमें लिखे भये सवदेशी और अंग्रेजी इलाज खास रोगके प्रसिद्ध है, वडे रोगमें वो खासीके इलाज वहोत फायदेवंद है.

(विशेष सूचना पथ्य) खासीका इलाज नही करणेसें क्षय होजाता है, इसवास्ते जलदी इलाज करणा ठंडी शरदी और भीजी जगासे दूर रहणा जमीनपर सोणा नहीं ठंढा तथा कफ करणेवाला पदार्थ खाणा नहीं दिनका सोणा नहीं तेल मिरच खटाईका त्याग करणा रातकूं दही कभी खाणा नहीं पुराणे चावल घी सींधानिकम दरिया-वका निमक कुलथी तूरकी दाल मूंगकी दाल सोवा चंदलिया वगेरे पदार्थ खासी-वालेकों पथ्य है.

दम श्वास हांफणी.

(कारण) श्वासोच्छासकी क्रिया चहिये जिससे जादा चले उसकूं दमका रोग कहते हैं, श्वास जलदी चलणेका वहोतसे कारण है, दुसरे रोगकी निशानी तरीके ये रोग वहोतसे दरदोमें दिखाई देता है, जेसेके खासी फेफसेका सोजा क्षय रक्ताशयका रोग

वगेरे रोगोमें श्वासकी ह्याती देखणेमें आती है, लेकिन् इसके अलावा दमके मरज दूसरे स्वतंत्र कारणभी होता है, फेफसेमें हवा जाणेको छोटे छेदोंमें खेंच होणेसें हो है, खेंचताणके लिये ये छेद संकोचाते हैं, उसकरके जितनी चहिये हवा फेफसे दाखल नहीं होसकती तब उसकी एवजी पूरी करणेकूं दम जलदी २ चलता है दमका रोग होणेका मुख्य कारण इसतरेसे है, (१ फेफसेमें हवा जाणेकी रुकावट स्वर नली अथवा वायु नलीका संकोच अथवा कुछ दरद २ फेफसेमें दरद जेसे फेफसेका सोजा फेफसेका खाईज जाणा उसके पुडका सोजा वगेरे ३ रक्ताशयका रो जिसकर फेफसेमें चहिये जिससें जादा या कम खून जावे तेसें खून जादा निकलजाणे फेफसेका पोषण कम होय जेसेके पांडू रोग रक्तपित्त वगेरे मगजकी नाताकती मनक विकार हिस्टीरीया सांकडी और नाताकती छाती एसे रोगवालोंकों जरा ठंढीके हवाक फेरफार दमकूं पैदा करता है, ५ कितनीक खराब चीजोंकी दुरगंधी बदपरेजी अजीर्ण वगेरे कारणभी श्वासकूं पैदा करता है, ६ ये रोग ओलादमें भी उतरता है.

(लक्षण) श्वास जादा जोरसे चले ये श्वास रोगका प्रत्यक्ष चिन्ह है, पेटमें प्रथम वादी दस्तकी कबजी पेशाव जादा तेसें धीरे २ उतरता है, बहोत रोगोमें दम चढणेके दुसरे कोईभी चिन्ह अगाऊसे नही दिखता दमका जोर पिछली रातकूं चढता है, बहोत घभराट होता है दम जोरसे चलता है, तब दूर तक सुणाई देता है, रोगीका स्वरूप भयंकर दिखता है, जिसने आगे कभी श्वासके रोगीकूं नहीं देखा है, वो तो यही जाणता है की ये अभी थोडी देरमेंही मरजायगा वदनपरसे पसीनेकी बूंदे गिरती है, नाडी जलदी चलती है, मूं खुला रहता है, सो नहीं सकता चैन नहीं पडता एसा दमका जोर दो चार घटेसें वो एक दो दिनतक जारी रहकर पीछे कम पडता है, खासीके संग थोडा कफ गिरता है, श्वासबेठे पीछे थका भया रोगी नींदमें गिरता है, वायुनलीके संकुडाणेसें दम चढता है, और हवा अंदर जाती वखत तांती बोलती है, वो कानसें अथवा कर्ण नलीसें सुणाई देती है, दमके रोगमें अंदर श्वास ओछा होता है, बाहर श्वास लंबा चलता है, विना मुदत फेर दम उठ आता है, किसीकूं हमेस चढ जाता है, किसीकूं महीनेमें एक वखत किसीकूं वर्षमें एक वखत और किसीकूं बहोत वर्षोंमें.

(इलाज) (१) बेहेडेकी छालकूं बकरीके पेशाबमें पकाकर उसका चूर्ण सहतमें चाटणा (२) बडी दाख हरडेकी छाल नागरमोथा काकडासींगी तथा धमासा इनोका घी बगाकर सहतमें चाटणा (३) सरसूंका तेल गुडके संग २१ दिनोंतक चाटणा (४) सूंठ तथा भाडंगीका काथ पीणा (५) भाडंगी तथा मोलेठीका चूर्ण घी तथा सहतमें चाटणा (६) सूंठ मिरच पींपर हरडेका चूर्ण फाकणा (७) हलदी मिरच

दाख पींपर राखा सूंठ गुड इनसबोंकों नीवोलीके तेलमें चाटणा (८) आदेके रशमें भाडंगी तथा मांजूफल चाटणा (९) भूरीगणी हलदी अरडूसा गिलोय सूंठ पींपर भाडगी मोथ इनोका क्वाथ मिरच पीपरका चूर्ण डालकर पीणा (१०) मिश्री दाख पीपर इनोका चूर्ण नींवके तेलमें पकाकर खाणा (११) त्रिफला ३ भाग सोहागी भाग नागरवेलके रशमें घोट चिरमी जितनी २ गोलियां करके खाणी (१२) आककी जड लींडी पीपर सहतमे घोट झाड वेर २ जितनी गोलियां करणा (१३) गांजेकी राख सहतमे चाटणी (१४) आंधी झाडेका खार सहतमें (१५) अरडूसेका रश और पीपर (१६) कस्तूरी और मोलेठीका सीरा इसके सिवाय पीछे (नं० २६२) ४६६) २६७) ३३६) ३४४) ७२१) ७२२) ७२३) ७२४) का देशी तेसें हकीमी नुसकेस्वासके रोगमें प्रसिद्ध है.

(अमृतवटी) हमारे विद्याशालाकी श्वासकासमें अकसीर दवा है.

(अग्रेजी इलाज) (१) इपीकाक्यु आन्हा टार्टर इमेटीक बेलाडोना धतूरा अफीम गांजा इथर कलोरल हाईड्रेट पोटास आयोडाईट वगेरे मुख्य है. (२) नं० ४८४ ४८७ (६४०) ६४१ (६४२) वाली दवाइयां दमके रोगमें प्रसिद्ध है, पिचकारीकेवास्ते एरंडी तेल अच्छा है, रोगीके पांव गरम जलमें रखणा छातीमे दरद होय तो टरपेन्टाइन तथा गरम पाणीका शेक करणा छातीपर राई मारणी(४)रोगी दमसें वहोत व्याकुल होय तो उसकूं आराम देणेके वास्ते डाकटरके पास रखकर क्लोरोफोर्म इथर अथवा दोनोसंग सुघाकर वेहोसकरके सुवाणा (५) रोगीके कमरेकू वंधकर धतूरा बेलाडोना सोरा नवसादर गांजा वगेरे दवायें सलगाणा इनोंके धूंएसे रोगीके श्वासमें जाणेसें फायदा होता है. (६) वीडी अथवा चिलममें कितनीक दवाइयें पीणेसें दमेमें फायदा होता है, धतूरा बेलाडोना मोफर्या तमाखू गांजा सोराखार वगेरे लेकिन् इसमेंकी कितनीक दवाइयां तेज और जहरी है, इस वास्ते थोडी २ पीणी कारण इसमें एक औरभी है, ये दवाइयां किसी २ कूं फायदा और किसी २ कूं नुकशांन करती है, किसी २ कुं फक्त तमाखूकी वीडी पीणेसेंही फायदा होता है, और किसीकू काफी पीणेसेंही फायदा होता है, और किसीकू धतूरेके पत्ते सिलगाकर उसका धूंआ श्वासमें लेणेसें फायदा होता है.

होमियो पथिक इलाज (१) एकोनाइट) खंक अथवा सूकी शरद हवासें उठे दममें फायदा करता है, (२) आइपीकाक्यु आन्हा–दमका कारण मिल सके नहीं और कफ तथा हांफणका जोर होय तब जादा उपयोगी है, (३) कुप्रम) मानसिक नाताकतीसें दम उठे तब अच्छा है, (४) आर्सेनिक) वहोत बेचेनी धमणके

वगेरे रोगोमें श्वासकी ह्याती देखणेमें आती है, लेकिन् इसके अलावा दमके मरजका दूसरे स्वतंत्र कारणभी होता है, फेफसेमें हवा जाणेको छोटे छेदोंमें खेंच होणेसें होता है, खेंचताणके लिये ये छेद संकोचाते हैं, उसकरके जितनी चहिये हवा फेफसेमें दाखल नहीं होसकती तव उसकी एवजी पूरी करणेकूं दम जलदी २ चलता है, दमका रोग होणेका मुख्य कारण इसतरेसे है, (१ फेफसेमें हवा जाणेकी रुकावट) स्वर नली अथवा वायु नलीका संकोच अथवा कुछ दरद २ फेफसेमें दरद जेसेके फेफसेका सोजा फेफसेका खाईज जाणा उसके पुडका सोजा वगेरे ३ रक्ताशयका रोग जिसकर फेफसेमें चहिये जिससें जादा या कम खून जावै तेसें खून जादा निकलजाणेसें फेफसेका पोषण कम होय जेसेके पांडू रोग रक्तपित्त वगेरे मगजकी नाताकती मनका विकार हिस्टीरीया सांकडी और नाताकती छाती एसे रोगवालोंकों जरा ठंढीके हवाका फेरफार दमकूं पैदा करता है, ५ कितनीक खराव चीजोंकी दुरगंधी बदपरेजी अजीर्ण वगेरे कारणभी श्वासकूं पैदा करता है, ६ ये रोग ओलादमें भी उतरता है.

(लक्षण) श्वास जादा जोरसे चले ये श्वास रोगका प्रत्यक्ष चिन्ह है, पेटमें प्रथम वादी दस्तकी कबजी पेशाव जादा तेसें धीरे २ उतरता है, वहोत रोगोमें दम चढणेके दुसरे कोईभी चिन्ह अगाऊसे नहीं दिखता दमका जोर पिछली रातकूं चढता है, वहोत घभराट होता है दम जोरसे चलता है, तव दूर तक सुणाई देता है, रोगीका स्वरूप भयंकर दिखता है, जिसने आगे कभी श्वासके रोगीकूं नहीं देखा है, वो तो यही जाणता है की ये अभी थोडी देरमेंही मरजायगा वदनपरसे पसीनेकी बूंदे गिरती है, नाडी जलदी चलती है, मूं खुला रहता है, सो नही सकता चैन नहीं पडता एसा दमका जोर दो चार घंटेसें वो एक दो दिनतक जारी रहकर पीछे कम पडता है, खासीके संग थोडा कफ गिरता है, श्वासबेठे पीछे थका भया रोगी नींदमें गिरता है, वायुनलीके संकुडाणेसें दम चढता है, और हवा अंदर जाती वखत तांती बोलती है, वो कानमें अथवा कर्ण नलीसें सुणाई देती है, दमके रोगमें अंदर श्वास ओछा होता है, बाहर श्वास लंबा चलता है, विना मुदत फेर दम उठ आता है, किसीकूं हमेम चढ जाता है, किसीकूं महीनेमें एक वखत किसीकूं वर्षमें एक वखत और किसीकूं वहोत वर्षोंसें.

(इलाज) (१) वेहेडेकी छालकूं वकरीके पेशाबमें पकाकर उसका चूर्ण सहतमें चाटणा (२) वडी दाख हरडेकी छाल नागरमोथा काकडासींगी तथा धमासा इनोका घी वनाकर सहतमें चाटणा (३) सरसूंका तेल गुडके संग २१ दिनोंतक चाटणा (४) सूंठ तथा भाडंगीका काथ पीणा (५) भाडंगी तथा मोलेठीका चूर्ण घी तथा सहतमें चाटणा (६) सूंठ मिरच पीपर हरडेका चूर्ण फाकणा (७) हलदी मिरा

स्थानके वरमके लियें इस ग्रंथमें जो रोगोंका हिस्सा छांटा है, उसतरीकेपर इस रोगकूं छातीके दरदोंकी गिणतीमें धरा है.

(कारण) कफज्वरका कारण और सलेषमका कारण वोही इस न्यूमोनियाका कारण है.

(लक्षण) फेफसेका थोडा अथवा वहोत भाग सूजकर अंदर दाह होता है, सरूमें सलेषम होता है, अथवा थोडा बुखार आकर वेचनी होतीहै एकाध दिन रहकर ठंढके सग जोरसे बुखार चढ आता है, इसकेसंग थोडी खासी और कफ होता है, छातीमे दरद होता है, श्वास जलदी नाडी तेज अरुचि शिरदर्द पेसाव थोडा तथा लाल दस्तकी कवजी वहोत नाताकती भ्रम वकवाद किसी २ वखत छातीमें श्वासकेसंग कफ वोलता है, पहली५।७दिन बुखार १०४ १०५ डिग्रीतक वढजाता है, पसीना नहीं आता दरदका जोर कम भये पीछे अथवा दरद लंवाण पडे पीछै पसीना आणे लगता है, तोभी बुखार उतरता नहीं जीभपर सुपेद थर और रोगके जोर मुजव सूकी पडके फटती है, तथा कांटा २ पडता है, भूख विलकुल लगती नहीं इसवास्ते खुराक मुजव देणा पडता है, खासी किसीकूं कम किसीकूं जादा होती है, कफ पहली तो थोडा लेकिन् पीछेसें वढता है, वरमकी जगेपर दरद होता है, शूल होती है, सूनहीं सकता श्वासोच्छास ३० से ४० तक चलता है, नाडी १२० सें १४० तक वढ जाती है, पीछेसें कम जोर पडजाती है, बुखार पहली एक अठवाडे सख्त आकर नरम पडता है, लेकिन् रोगी नाताकत होजाताहै, जो वचणेका होता है, तो वेहोसीसें सावचेत होजाता है, बुखार उतार खाकर सव वदनमें पसीना आता है, दस्त पेशाव खुलाश आता है, जो रोग वढता है, तो त्रिदोषके सव लक्षण दिखाइ देता है, रोगी वेहोस गाफल होता है, नाडी क्षीण पडती है, गलेमें अवाज चलता है, मरजाता है.

(मुद्दत) इस रोगकी अवधी १२ सें ३० दिनकी है, जो रोग साधारण होय तो एक अठवाडेमें अला होजाता है, मध्य होय तो २४ दिन जोर होय तो एक महीनेमें अच्छा होय या मरजाता है.

इलाज—कफज्वरका तथा सन्निपात ज्वरका उपाय करणा भाडंग्यादि (न०१९६) वृहत्भारग्यादि (१९७) अभयादि (१९५) वगेर कायकी योजना अच्छी है, न० ६३८ तथा ६३९ का मिक्श्चर देणा छाती अथवा पीठपर जहां सोजन भया होय उस जगे अथवा पसलीमे शूल निकलती होय उस जगे अलसीकी पोटिस वेर २ वांधणी अथवा टरपेनटाइन लगाकर गरम पाणीका सेक जारी रखणा दरदवाले भागपर राईका पलाष्टर आधी घटे तक रखणा ताकत कायम रखणेकू खुराक हलका लेकिन् अच्छा रखणा आमोनिया वाली कोईभी दवासे वदनमें कांटा आता है, नाताकती वहोत वढजाय तो अनार्य लोक तो ½ से १ औंस ब्रांडी वरतते है, द्राक्षासव - मा

जेसा अवाज कफ–तब छातीके बीचमें आर्सेनिक देणा (५) दमका जोर शांत पडे पीछे फेर दमकु अटकाणेकुं नक्सवोमिका आर्सेनिकम आयोडाइन वगेरे.

(विशेष सूचना पथ्य) दमका रोग अजीर्ण और दस्तकी कबजीसें बेर २ उठजाता है, इसवास्ते खुराक खाणेकी बहोत सावचेती रखणी हजम नहीं होय एसा खुराक कभी खाणा नहीं हलका खुराक भी जादा पेटभर खाणा नहीं अच्छी हवा पाणीकी जगे फायदा करती है, इसवास्ते हवा बदल देणी चाहिये कुपथ्य–दालकी जात ठंढा पदार्थ दाहकरे एसा गरम पदार्थ लूखा पदार्थ वासी अन्न दही खांड खटाई वगेरे पदार्थोंकों त्यागणा–कितनेक मूर्ख लोक दम बेठाणेकूं बहोत गरम दवाइयां तथा गरम मसाले खिलाते हैं, उसमें उलटा नुकशांन होता है, खास श्वासरोगका जो पथ्य वोही दमके रोगका पथ्य समझणा.

उरक्षत–छातीका जखम–

(कारण) बहोत महनत करणेसें बहोत भार उठाणेसें उंची जगासें पडणेसें बहोत उंचे श्वरसें पढणेसें बोलणेसें बहोत दोडणेसें औरतोंमें बहोत आसकी रखणेसें और बहोत थोडा और लूखा खाणेसें छातीमें जखम पडता है. (लक्षण) क्षयके बहोतसे लक्षण देखाई देते हैं, क्योंकी उरक्षत रोगभी क्षयरोगका एक भेद है, छातीमें दरद होता है, चीरीजती है, पसवाडे सूकते हैं, अदमी धूजता है, वीर्य ताकत रंग क्रांतिका धीरे २ क्रमसे नाश होते जाता है, बुखार पीडा मनकी दीनता चिंता दस्त अग्निका नाश खासीमें खराब काला दुर्गंधवाला पीला गुंथा भया और बहोत खून मिला भया कफ बेर २ थूकता है.

(इलाज) खासी तथा क्षयका कितनाएक इलाज उरक्षतके भी कामिल है. जखमकूं भरे और खूनकूं रोके एसें स्तंभक इलाज करणा (१) अरडूसा) रश पुटपाक वगेरे खून बंधकर जखम मिटाता है, (२) अमृतवटी) इस रोगका सर्वोत्कृष्ट इलाज है, (३) इक्षुके रसमें घी उकालकर पीणा, (४) बेरकी अथवा पीपलकी लाख पुराणेके लेके रसमें पीस उसमेंसें २ तोला कल्कमें चोगुणा कोलेका रस डाल पीणा, (५) कुष्मांडावलेह (नं० २५६) तथा द्राक्षासव नं० २८६,

(६) रक्तस्तंभक दवाइयां पृष्ट ३१४ देखो) स्तंभन दवाइया (पृष्ट ३१२ देखो) रक्तपित्त रोगमें लिखीभई दवाइयां उरक्षतमें फायदा करती है, पथ्यापथ्य–खासी तथा रक्तपित्तके रोगमें लिखे मुजब.

न्यूमोंनिया–फेफसेका वरम–

निचार–छातीके फेफसेमें सूजन होणेसें भयंकर बुखार कफका त्रिदोष अथवा सन्नि पात ज्वर होता है, देशी वैद्यकशास्त्र मुजब ये एकतरेका त्रिदोष ज्वर है, लेकिन मर्म

(पाणीमें डूबणा)-(डाउनिंग)-पाणीमें डूबणेसें गलेमें फासी खाणेसें और प्राण-वायु बिगरकी खराब हवा श्वासमें लेणेसे श्वास रुककर अदमी गुंगलाकर मरता है, एसे अकस्मातोंमें कृत्रिम श्वासोश्वासकी क्रिया चलती करणेकूं बिलकुल देरी करणी नहीं पाणीमें डूबे भये अदमीके भीगे कपडे निकाल उसका शरीर पूंछणेका काम किसी दुसरे अदमीकूं सोंप पासमें खडे भये चालाक अदमीनें डूबे भये अदमीका श्वासोश्वास चलता करणेकी क्रिया सरू कर देणी जलदी डाकतरकूं बोलाणा तथा कंबल और सूके कपडे मंगाणे अदमियोंकों दोडाणा डूबे भये अदमीके इलाज करणेमें दो बातका खयाल जरूर रखणा. पहली तो श्वासोश्वास शरू कर देणा और श्वासोश्वास सरू भयाके बदनमें गरमी लाणी तथा खून फिरणेकी क्रिया सरू कर देणी.

(श्वासोश्वासकी क्रिया चलती करणेकी विधि)-१ श्वास नलीमें हवा आणे देणेकूं मूं तथा नसकोरे साफ करणा मू खुला करणा जीभकूं बाहर खेंचणा जीभ तथा हेड-बीचमें चिपिया अथवा चीकणी पट्टी लगाकर जीभकूं बाहर रखणी छाती तथा पेटपर तंग कपडा दूर करणा २ बेमारकूं अच्छी तरे सुलाणेकेवास्ते सीधी जमीनपर चित्ता सुलाणा और छातीके तरफका जरा भाग उंचा रखणा शिर तथा खंभोंके नीचे कपडा या गूदडेका बीटा देणा ३ श्वासकी क्रिया चलाणेकूं क्रिया करणेवालेनें शिरके आगे बैठके बेमारके हाथ कोणीके ऊपरसे पकडणा और धीमेसें लेकिन चालाकीसे उचकरकर शिरतक लाणा फक्त दो सेकडेतक गिणती होय तहांतक रखकर पीछा वो हाथ छातीकी तरफ लाकर बेमारके छातीके संग धीमेसें और मजबूतीसें दाबणा इस तरे डूबे भयेके हाथ छातीसे शिरके संग और शिरसे छातीके संग बर२ लेणा वो एसा जल-दीसें के ये क्रिया १ मिंटमें १६ वखत होय और बेमार स्वाभाविक रीतसें श्वास लेता

मालम पडै तब ये कृत्रिम क्रिया छोड देकर उसके शरीरमें गरमी लाणेकी क्रिया नीचेमुजब करणी.

(गरमी लाणी तथा खूनका फिराणा)–बेमारकूं धावलेमें या कंबलमें लपेटणा और उसका हाथ पैर नीचेसे दबाणा गरम फलालीन गरम पाणीकी शीशीका शेक गरम पाणीका कपडेका शेक गरम इंटोंका शेक इनके अंदरसे जो मिले उससे कोडीपर खंधे जांघ और पेरोकै तलियोंपर शेक करणा श्वास सरू भये पीछै गरम जल और सराप ब्रांडी तथा पाणी डाकदर लोक देते हैं, काफीका एक चमचा पिलाणा बेमारकूं नींद आवै तो लेणे देणा श्वासोश्वास फेर बंध होता मालम दे तो छातीपर और बगलके नीचै राईका पलाष्टर मारणा.

(मोतके निशाण)–पाणीमें डूबा भया आदमी मर गया होगा तो उसमें श्वास अथवा रक्ताशयकी क्रिया बंध मालम दैगा आंखोंके पडदे आधे मिच जाते हैं, आंखोंकी कीकी चोडी होती है, जबाडे करडे और टेढे होजाते हैं, अंगलियें आधी परधी छोटी पड जाती है.

(रक्तश्राव)–(ब्लीडींग)–शरीरके जुदे२ भागमेंसे खून गिरता है, उसकूं रक्त-पित्त देशी वैद्यकमें लिखा है, (देखो पृष्ठ ४५२) १ नाकमेंसें खून गिरणा देखो पृष्ठ (६००) २ जोकके डंकमेंसें खून गिरणा उसकूं बंध करणा चहिये, (इलाज)–ठंढा जल अंगली धरकर दबाणा फिटकडीका बूका दबाणा स्पिरिट वाइनमें डुबा भया कपडा डंकपर दबाके धरणा कास्टिकके अणीका डंकपर स्पर्श करणा (३ दांतमेंसें खून गिरणा)–दांत निकलवाणेसेंगिरणेसे चोट लगणेसें बहुत खून गिरता हैं, (इलाज)–लींटका अथवा नरम कपडेका एक गोटा दांतमें रखकर दांत भीड देणा शिर तथा दाढीकूं एक बंधनसें जकड देणा जिस करके मूं खुल नहीं सके इसतरे कितनेक घंटोंतक दोनों दांतोंके बीचमें वो कपडा दबा रहणेसें खून गिरते बंध होजाता है, (४ अंदरका खून गिरणा)–अंदरके खून नलियोंको इजा पहुंचणेसें या दरद होणेसें शरीरके अंदरके मर्म स्थानोंमेंसें खून झरता है, जैसें कफके संग खून पडै तब समझणाके फेफसेमें रक्तश्राव भया है, इसीतरे उलटीमें खून पडणेसें होजरीमें रक्तश्राव जाणना दस्तमें खून गिरे तो आंतरोंमें जाणना और पेशाबमें खून पडे तो मूत्राशयमें रक्तश्राव जाणना शिरकी खोपरीमें और मगजमेंभी रक्तश्राव होता है, इस सब तरेके खूनके झरणेमें रक्त पित्त रोगमें लिखे इलाज करणा.

(फफोला)–(विलस्टर्स)–चमडीके ऊपरके नीचेके पुडतके बीचमें पाणी भरके फफोला उठता है, उसकूं ब्लिस्टर कहते हैं,)–जोकोंके डंकसे अथवा दाहकारक जहरी वस्तूका लेप मारणेसें विलस्टर उठता है, बहोत छोटे फफोले इलाज करे बिगरनी सूक

जाते हैं, वडे फफोले हथियारकी अणीसें या सूईसे फोड जल निकाल डालणा लेकिन फफोलेकी सुपेद चमडीकूं निकालणी नहीं उसपर हमेस मलम पट्टी लगाणी और उसपर कोइ इजा या दबाव होणे नहीं देणा.

(वाहरका पदार्थ अंदर चले जाणा)–(फोरेलवोडीश)–नाक आंख कान वगेरोमें किसी२ वखत वाहरकी केइएक वस्तु अकस्मात् भर जाती है, तव अदमी वहोत दोडादोडी करते हैं विचारते हैं अव ये चीज डाक्टर विगर किसीतरे नहीं निकलेगी से निकालणेकी तजवीज लिखते हैं–(१ नाकमें गई चीज)–छोटे वच्चे खेलते२ नाकमें वाल चिरमी चिणे स्लेट पेनका कपडा पत्थरका टुकडा चोअन्नी पाई वगेरे वस्तु नाकके नसकोरोंमें डाल देते हैं. अथवा उडता जीव घुस जाता है, (इलाज)–एक नसकोरेकूं दवाकर दुसरे नसकोरेकूं जोरसे सिणकणा २ छींक लाणेकूं तमाखू वगेरेकी नास देणी ३ गरम पाणीसें नाकमें पिचकारी लगाणी ४ इस इलाजोंसें नहीं निकले तो राई तथा गरम पाणी पिलाकर उलटी कराणी और उलटी होते वखत मूंकूं हाथसे वंध करणा याने उलटीका वेग मूंसे निकलणेवाला नाकसे निकालती वखत नाकमें गये चीजकों वाहिर निकाल डालती है, ५ ये सव इलाज निष्फल जाय तो आखर वालका नाका अंकोडेकी तरे नाकमें गई चीजके ऊपर चढाकर खेंचणेसें निकल जाती है, अथवा छोटे चिमटेसें पकडकर निकाल डालणा लेकिन इस आखरीके इलाजसे अंदरकी चीज ऊपर नहीं चढजाय इसकी निगे रखणी.

(२ कानमें गई चीजका इलाज)–१ पिचकारी २ चींपिया ३ आंकोडा टेढा किया भया ४ तेल अथवा निमककूं जलमें डाल वो कानमें डालणेसें अंदर घुसा जीव निकल जाता है, अथवा अदमीकूं तकलीप कुछ नहीं देगा २ महीन और नरम वालकूं दोऊटा करके कानमें उतारणा पीछे वीचमेंसें उसकूं वाहर निकालणा जिस करके अंदर रही चीज वालके वीचमें होकर निकल जायगा इसतरे कानकी चीज निकाले पीछे रुई का फोआ दावणा नहीं तो कानमें सोजा या पकणेका डर है.

(३ आंखमें गई गई चीजका इलाज)–ऊपरकी भांपणी ऊंची करके नीचेकी भांपणीपर चढाणी पीछे दोनोंकों अलग२ कर देणा २ नाक वहोत जोरसे सिणकणा ३ आंख उघाडके रुमालकी कोर अथवा महीन वस्त्र आंखमें फेरणा ४ ऊपरकी भांपणी निपखेमे या पेनशिलमे उथला कर अंदर रही चीजकों जीभसें उठा लेणा.

४ होजरीमें गई चीजका इलाज–पैसा पाई काच वटन वगेरे वस्तु किसी२ वखत गलेमें उतर होजरीमें चली जाती है, उसकूं निकालणेका इलाज–पतला खुराक खाणा नहीं तव करड दस्तके साथ होजरीमेंसें आंतरमें उहांसें गुदामार्ग वाहर निकलती है,

गलणेवाली चीज पैसा वगेरे धातू होय तो खटाई बिलकुल खाणी नहीं नहींतो धातू उगटकर जहर पैदा करता है.

५ चमडीमें घुसी भई चीज–कांटा फांस सुई वगेरे बारीक चीज चमडीमें घुस जाता है, इलाज–१ चिपियेमें आयसके तो खेंचके निकाल डालणा नहीं तो सुइयेसें कुचर कर निकालणा २ एक दो दिन उसपर पोटिस बांधणा पीछै चमडी नरम पडणेसें नखसे या चींपडीसे खेंचलेणा.

औरतोंका रोग.

किरण १० मी.

इस किरणमें औरतोंके खास रोगोंके इलाज लिखे हैं, वेहोस इलाज सरू करणेके पहली संसारमें बदफैली और कुचालाजो नाजुक औरत जातकी शरीरकू विगाडता है, उस तरफ ध्यान बांचणेवालोंकों पहली देणा चाहिये सबसे बडा कुचाला तो छोटेपणमें जो व्याह करणा सोहे, सोले वर्ष पहले जो स्त्री मैथुनसे वेगी उसके प्रदरादिक अनेक रोग होणा संभव है, आगेभी ऋषियोके वाक्य है की ऋतु दान किया मतलब ऋतु आये बादही पुरुषका गमन होणा शंशार विधि सुधारक है. योगशास्त्रमेंभी एसा लिखा है समान कुल होणा याने गोत्री न होणा और द्रव्यमें बलमें सम होणा कन्यासे डेढी ऊमरका वर समान गिणा जाता है, कन्यासे अवस्थामें त्रिगुण जादा होय याने शोलेकी कन्या अडतालीस वर्षका मरद विषम रति होणेसें देणा निषेध है ये तो सामान्य नयवाद है, विशेष नयवाद एसा हैकी निरोग होय द्रव्यवान होय पूर्णवैद्यके आज्ञानुसार वर्त्तणेवाला उदार चित्तसे वाजीकरणादिक औषधीमें द्रव्य लगाकर खाणेवाला एसा पुरुष तिगुणेवर्षवाला पूर्वोक्त कन्याके योग्यवर माना जाता है, लडका वीस वर्ष पहिले मैथुन करेगा तो रोगी जन्मभर रहेगा किसी कवीने कहा है, (दुहा)–तिरिया जोवन ती सलग, वलध व हे दश साख, पुरसां जोवन सोलगे, सुखशंपत लुराक १ सब लोकोको मेरा उपदेश है के बाललग्नमें वहोत२ नुकशांन समझके लोकरूटीकों छोडणा अच्छा है किंवहुना.

(गर्भाधान)–(कन्सेप्शन).

पुरुष जो औरतकों ऋतुदान देता है, उसकू गर्भाधान कहते हैं, इसकी क्रिया वैद्यकशास्त्रमे तैसेंइ जैन सूत्रतंदूल वेयालीमें लिखा है, योग्य रीसे योग्य पतीनें अच्छा बालक पैदा करणा ये उसका हेतु है, इस विधिके लोक अजाण इसवास्ते शंतान पैदा करणेमें पतित होरहे हैं, इसवातकू उपयोगी समझके पहले वडे२ ऋषियोंने तथा ऋषन प्रभूनें आत्रेय पुत्रकू जो विधि सिखलाई सो इस जगे लिखताहूं इस बातकू देखके हमारे

जैनाभास परमार्थ शून्य वैराग्यके आडंबरी लौकिक लौकोत्तर शास्त्रोंके अजाण उपहास्य करेंगे लेकिन् इतना जरूर विचारणा चहिये की प्रथम तो जैसा पूर्वोक्त आत्रेय तथा ज्ञानार्णवोंमें लिखा देखा दुसरे विषय सेवणेकी आज्ञा धर्मशास्त्र देता नहीं औरन सम्यक् ज्ञानवंत जीव विषयमें प्रवृत्ति कराता यह तो अनादिकालसें जीवके विषय सकर्मीपणेसें सहचारी है, इसकी जयणा करणा ये शास्त्रका उद्देश है, ये वात छोटी मनुस्मृति जो की भृगुजीने वनाई उसमेंभी लिखा है, (यतः) न मांसभक्षणे दोषो, न च मद्ये न मैथुने, प्रवृत्तिरेषा भूतानां, निवृत्तिस्तु महाफला. १ परमार्थ इसका एसा है के न मांस भक्षणमें दोप है, न मदिरामें न मैथुनमें क्योंकी सव जीवोंकी ये प्रवृत्ति है, लेकिन् छोडणेमें फल है, १ अव इसके परमार्थमें हम सम्मती नहीं देते कारण जिसके करणेसे दोप नहीं उसके छोडणेसें फल कैसें हो सकता लेकिन् फक्त इसका तीसरा पद जो है सो यथार्थ दिखता है कारण अज्ञान कर्मोके वश जीवोंकी प्रवृत्ति इस कामोंमें है सो तो प्रत्यक्ष दीखभी रही है, मातापिता वा वो आप जो व्याह करते कराते हैं, उनका फल फकत शंतान उत्पत्तीका है अगर इस कर्त्तव्यकों छोडे तो अमरपद पावें ये चोथा पद अतीव श्रेष्ठ है किंवहुना.

शंसारी जीवोंका ये कर्त्तव्य है, दोनों पवित्र और प्रसन्नतासें वैद्यक शास्त्रके लिखे-मुजव सदाचारमुजव परदाराका त्यागी होकर पुत्र पैदा करे वो सुंदर सुघड और ताकतवर मुक्ति मार्गका साधक एसें पैदा करणा मनुष्यके आधीनताकी वात है, लेकिन् दुराचारी जोडा अज्ञान कर्त्तव्यसें महादुष्ट प्रजाकूं उपद्रव करणेवाला नरकादि गतीमें जाणेवाला शंतान पैदा करता है, इस अच्छी शंतान पैदा करणेमें लोक तदन अज्ञान है लेकिन् हम इस जगे संक्षेपसें लिखेंगे, पहले ब्रह्मचर्यका पालणा, जादा विषय सेवणेवालेके शंतान अच्छा नहीं होता ये वात दोनोंकों चहिये दुसरे ताकतवर औपधी जो हम आगे सातमें प्रकाशमें लिखेंगें उसका साधन दूधका साधन थोडे पानवीडे भीमसेनी कपूर कस्तूरी अंवर डाला भया सुगंध चंदनादि तेलका मालिस कराकर सुखोष्ण गरम जलसें स्नान पुष्पमालाका धारन ऋतुमुजव अतरादिक लगाया भया ऋतूका सातमा दिन या ५म इग्यारमा एसें एकीके दिन पुत्रीकेवास्ते, वेकीके पुत्रकेवास्ते, अच्छा मुहूर्त्त वलवान पुत्रकेवास्ते सूर्यस्वर, चंद्रस्वर पुत्रीकेवास्ते विशेष विस्तार पूर्वोक्त ग्रंथादिकसें देख लेणा.

(गर्भिणी स्त्रीनें इस मुजव नियम पालणा)–महनत मुस्यसमागम वोझा उठाणा दिनका सोणा रातका जागणा शोक करणा असवारी करणी डर डेढा झुकणा दस्त वगेरे वेगोंकों रोकणा इतनोंका त्याग करणा अच्छा सादा खुराक लेणा साफ हवामें रहणा आनंदमें रहणा अच्छी चाल चलणवाली औरतोंका पास रखणा साफ सुंदर

वढिया कपडे और गहणे पहरणा अच्छे२ उत्तम पुरुषोंकी तसवीर मूर्तिके हमेश दर्शन करणा उत्तम पुरुषोंके चरित्र तथा दानशील तपभावना जिन२ पुरुषोनें आचरण किया एसोंकी कथा वार्ता सुणनी और उसनेभी ये काम यथाशक्ति जरूर करणा मतलव गर्भावस्थामें जिस२ वस्तुका दर्शन स्त्री करती है, और जैसे२ पुरुषोंकी कथा सुणती है तैसा२ स्वभाव गर्भगत वच्चेका होता है, (प्रश्न)–तुम तो कर्मकूं प्रधान मानते हो फेर इत्यादि क्रिया करणे क्यों लिखी (उत्तर)–कर्म तो प्रधान हैही क्योंकी गर्भगत जीवका जैसा कर्म होगा वेसी वुद्धि और वेसाही कर्त्तव्य सव मातापिताके वण आता है लेकिन् हमारा स्याद्वाद पक्ष है, हम सव कामोंमें पांच समवाय संवंध मानते हैं, देखो दुसरा प्रकाश एकांत कर्मके भरोसे अगर रहे तो रोगादिकोंपर दवा अथवा और संसारिक कृत्य कुछभी करणा सिद्ध न होगा और होता प्रगट देखते हैं, किया जाय सो कर्म, तव तो अच्छी रीत मुजव करणा तव तो अच्छा शंतानादिक कृत्य होता अशुभ कर्मसें अशुभ शंतानादिक कृत्य कर्मका पक्ष किसी तरे हट नहीं सकता उद्यमकर्म व्यवहार नयसें दो दिखता है,निश्चय नयसें विचारो तो एकही है पहले जो निकाचित वंध जाते है वो शुभ वा अशुभ भोगणेसें छूटता है,प्रदेशादिक वंध शुभ कर्मके योगसें टूट जाते हैं निकाचित-भी तप कर्मसें जल जाते हैं इसका जादा विस्तार नयवाद ग्रंथोमें है, इहां ग्रंथ वढजाय इसवास्ते नहीं लिखते अच्छा शंतान जव पैदा होता है, दोनोंकी पक्की उमर वदन दोनोंका निरोग योग्य मोसम योग्य दिन और वखत दोनोंकी खुस वखती जिस करके मन प्रशन्न रहे एसे मकान सेज वगेरे सव सामग्री–(गर्भधारणेलायक पुरुषका वीर्य) फटिक जैसा साफ पतला चिकणासवाला मीठा सहत जैसा खुसवोवाला वीर्य शुद्ध गिणा जाता है वीर्य दुरगधवाला गांठोवाला और पीप जैसा होय तो अशुद्ध जाणना (गर्भके धारणे योग्य स्त्रीका रज)–खरगोसके खूनमाफक लाल लाखके रंग जेसा कपडेपर धोणेसे दाग नहीं रहे वो शुद्ध जाणना, मैलाफीका गांठोवाला और वदवो मारता एसे वीर्यसे गर्भधारण होय नहीं या रोगी पैदा होय या मर जाता है,)–(गर्भस्थानके वारीक नसों-मेसे दर महीने निकलणेवाले खूनकूं ऋतु कहते हैं तनदुरस्त हालतमें ये खून पतला होता है, रोगी हालतमें वंधकर टुकडा२ होजाता है और गिरता है, गर्भ रहता है तव ऋतु वंध होजाता है, और वो ऋतुका खून गर्भाशयमें जाके गर्भकूं पोषण करता है, जव पोषणकी जरूरी नहीं रहती तव स्वभावसे वाहिर गिरता है.

(गर्भ किसतरे रहता है)–पुरुष स्त्रीके समागममें स्त्रीके गर्भस्थानमें पतला खून पैदा होता है उसमें पुरुषका वीर्य जव मिलता है, तव कोइक जीव अपणे कृतकर्मानु-सार उहां आके आहार पर्याप्ति करके शरीर औदारिक वांध वढणा सरु करता है. (प्रश्न)–तुमने जीवके पहली आहारपर्याप्ति लिखी वाद शरीर लिखा ये कैसे सिद्ध

होवे शरीर विगर आहार जीव करे तो सिद्ध ईश्वरकूंभी आहार करणा सिद्ध होगा, (उत्तर) सिद्ध परमात्माके कोइभी शरीर नहीं है वे तो फक्त जीवका निज स्वभाव ज्ञान दर्शन-चारित्र अनंत गुण विराजित है, और गर्भावासमें आणेवाले जीवके दो शरीर संग है, एक तो तेजस १ जो खाये पीयेकुं हजम करे दुसरा कार्मण सूक्ष्म शरीर जिस शरीरसें दृष्टिमें आणेवाला शरीर रचा जाय इसवास्ते इस सूक्ष्म शरीरके होणेसे आहार पर्याप्ती पहली वीर्य और रजका आहार कर फेर स्थूल शरीर रचता है ये वात वेदांतीभी मानते है, कहते है परभव जाते जीवके सूक्ष्म शरीर रहता है.

(जोडेसे गर्भ पैदा होणेका कारण)–गर्भाशयमें पडा भया वीर्य वायुसें दो भाग होकर अलग२ होता है तव दो जीव पैदा होते हैं.

(नपुंसक होणेका कारण)–दोनोंका रज वीर्य सम वजन होय तो नपुंसक पैदा होता है.

(स्वप्नेमें रह जाय सो गर्भ)–ऋतुस्नान करे पीछै किसी २ औरतकूं पुरुषके संग सोवत करणेका स्वप्न आता है, उसमें जो गर्भ रह जाता है, उसमें वापके वीर्यके गुण विगरका मांसका गोला जैसा गर्भ वढ जाता है, औरतें, आपसमें समागम करणेसेंभी यही हाल होता है, ये प्रत्यक्ष तथा जैन ग्रंथोंमेंभी लिखा है,

(अंगोपांगमें हीन गर्भका कारण)–वादीके कोपसें गर्भावस्थामें औरतकुं चेष्टा करणेसें और गर्भणीके मनके पैदा भये भाव मुजव खानपानादिक काम नहीं होणेसें जिसकूं दोहद कहते है वो नहीं पूरा होणेसें जो वच्चा होता है, सो लूला पांगला काणा कूवडा होता है.

(जुदे२ रंगका कारण)–मा तथा वापके शुद्ध या अशुद्ध वीज और जादा करके माके आहारपर वच्चेके शरीरका रंग होता है, (समदिन)–वेकीका उसमें पुरुषका वीर्य जादा होता है जिस करके लडका होता है, एकीके दिनमें औरतका रज जादा होता है जिससें लडकी पैदा होती है)–माताकी चेष्टा वोही गर्भकी चेष्टा वोही चेष्टा वच्चा जणे वादभी करता है, माताके श्वासके संग वच्चा श्वास लेता है, और वोलते चलते सूते रोते जो जो चेष्टा जो क्रिया मा करती है, वो सव वच्चाभी करता है उसमें एसेही भाव वंधते है इसवास्ते गर्भवंतीने खराव चेष्टा करणी नहीं)–माताका पोषण वोही गर्भका पोषण)–गर्भकी सूंटीकी नाडी माके रस वाहनी नाडीमें वंधी भई होती है, जिससें मा जो जो खाती पीती है, उसका रस वालककूंभी मिलता है, माके पोषणका तीन हिस्सा होता है एक हिस्सा वच्चेकूं एक हिस्सेका स्तनमें दूध होता है, और तीसरे हिस्सेसें माका शरीर पोषण होता है, इसवास्ते गर्भणी औरतोंको अच्छा पोषण खुराक तथा पथ्य करणा चहिये गर्भणीका सव खानपान पथ्य कल्पसूत्रकी टीकामें देखणा, जैसें भगवान महावीरकी मातानें किया.

(गर्भ रहेकी पहचाण)–गर्भ रहे वाद तीन चार महीनेसें ये लक्षण मालम देते हैं स्तनपरकी वीटणीके आसपासकी जमीन काली पडती हैं, रूं खडे होते हैं, आंखका टमकारना वेर२ वंध होणा कारण विगर उलटी सुगंधदार पदार्थ अच्छा नहीं लगणा मूंमेंसे लार गिरैं और वदन कांपणे लगै,

(३ ओरतोंके सामान्य रोग)–

औरतोंके रोगके इहां तीन हिस्सा किया गया है, १ औरतोंके सामान्य रोग २गर्भावस्थाके रोग ३ जापेका सूतिका रोग और उसके रहे भये पुराणे विकार

(प्रदर)–(ल्युकोरीया)–स्त्रीके संवंध रस्तेके जुदे २ भागोंमेंसे कमलके और मूंमेंसें पाणी जैसा जरा२ चूणा तो हमेश होते रहता है, जिससे वो जगा हमेश गीली रहा करती है, जव कितनेक कारणोंसें ये झरणा वढता है, और प्रवाहकी तरे वाहर गिरकर कपडोंको खराव करता है तव उसकूं (प्रदर)–(वदनका धुपणा)–सुपेद गिरणा) इत्यादि नामसे कहा करते हैं,–(कारण) विषय भोगणेमें नियम नहीं रखणेसें वेर २ गर्भ रहणेसें ऋतूकूं वंध करे एसी चीजें वापरणेसें वच्चोंको वहोत वखततक चुंगाणेसें वहोत ऋतुधर्ममें खून जाणेसें गर्भ रहणेसें दुसरे रोगसें आई भई नाताकतीसें वहोत पुष्टिदार खुराक खाकर योग्य कसरत याने महनत नहीं करणेसें और सराप वगेरे गरमी पैदा करणेवाली वहोत चीजों वापरणेसें ये रोग पैदा होता है, (लक्षण)–पाणी जैसा अथवा जाडा और चिकणा सुपेद पीला या गूगला रसीका वहणा ये इस रोगकी प्रत्यक्ष पहचाण हैं, (धातु ये दोय रस्तेसें वहता है) संवंध मार्गमेंसें और गर्भस्थानमेंसें संवंध मार्गकी धातू पहिले तो पाणी जैसी होती है और वाहर आते उसका रंग दूध जैसा अथवा पीला शपर होता है वो खट्टी होती है, और तेज होणेसें किसी वखत उसके स्पर्शसें सुआली जगोंमें ललाई अंगार तथा खुजली आती है, इसतरेके धातु गिरणेमें अंदरके अवयवमें सोजन और दरद होता नहीं फकत कमर तथा पेडूमें जरा दरद और वहोत दिनोंवाद नाताकती मालम देती है, गर्भ स्थानकी धातु कमलके मूंमेंसें निकलती है, तव वो इंडेके अंदरके रस जैसी होती है, लेकिन् वाहर आते सावूके फेण जैसी और किसी २ वखत पीले रंगकी होती है, किसी २ वखत वहोत जाडी होती है, गर्भस्थान और कमलके मूंके सोजनसें ये रोग पैदा होता है, उसके सग शिरमें दर्द मंदाग्नि अरुचि पेटमें वायु थकेला श्वास जीभपर मैल फीकापणा दस्तकी कब्जी छातीमें धडका चक्कर वेहोसी पीठमें तथा दहिणे पडखेमें दरद और किसी २ वखत हिस्टीरीयाके लक्षण होजाते हैं, (इलाज)–प्रदरके वहोत इलाज है, योनिमार्गमेंसे जल गिरता है, उसमें वाहरका इलाज जल्दी फायदा करता है, और गर्भाशयके धातू गिरणेमें पुष्ट दवाइयां तथा योग्य प्रमाणोपेत आहारविहारके सेवनसें सुधारा हो सकता है, (वाहरका इलाज)–१ पेच-

वल्कलके पाणीसें धोणा या पिचकारी (औरतोंके वास्ते खास अलग पिचकारी आती है) २ त्रिफलाके पाणीकी या उकालीकी पिचकारी देणी फुलाइ भई फटकडी १० से ४० ग्रेण और पाणी १० औंस ४ सल्फेट ओफ झिंक और पाणी १० औंस, (अंदर पहराणेकी दवा)–५ मुलतानी मट्टीकी गोलियों करके पहराणी ६ टेनिक एसिड कत्था तथा मैण तथा सालिडका तेल इन सबोंकों बराबर बजनमें मिलाकर इनोंकी गोली कर पहरणी (अंदरका इलाज)–७ ऊपर लिखे जोजो कारण उसकूं पहली मिटाणा आहार विहारका जाबता रखणा अथवा सखत परेज रखणा बच्चा चूंगता होय तो छुडा देणा थोडी उन्मानमुजब कसरत या महनत कराणा खुली हवामें फिराणा क्षय वगेरे रोग होय तो उसका इलाज करणा तनदुरस्ती बिगाडणेवाले सब कारणोकूं रोकणा सुधारणे वाले कारणोंका आश्रय लेणा ८ प्रमेहके बहोतसे इलाज प्रदरपरभी चलते हैं, ९ सुवर्ण मालनी वसंत (नं० ३३७) गिलोय सत्व (रसायण चूर्ण (नं० २३४) जीरा-पाक (नं० २७४) चंद्रप्रभा (नं० २४४) कोला पेठेका मुरब्बा पक्केकेले खेरीगूंद खापरिया शतावर आसगंध मूसली तालमखाणा गोखरू गिलोय वगेरे सब दवाइयां प्रदर तथा धातू गिरणेकूं बंध करणेवाली हैं, (रक्तप्रदर)-खून गिरणा बहोतसी वखत औरतोंके योनिमेंसें खून गिरता है, इस रोगका इलाज जादा तो रक्तपित्त मुजब तथा प्रदरमुजब करणा बहोतसी वखत जादा ऋतुधर्मका खून गिरणा वोभी रक्तप्रदर कहलाता है, श्वेत और रक्त ये दोनोंही गर्भाशयका रोग होणेसें इलाजभी एकही है, (मूत्रमार्गका वरम) मूत्रके रस्तेमें सोजन जलणके संग होती है, सुजाकके चेपसें अथवा गरम पदार्थ खाणेसें सराप पीणेसें मलीनतासे और भोग वेहद्द करणेसें एसा रोग होता है, (लक्षण)–तणख दाह खुजली कमर तथा जांघमें दरद दस्त उतरते दरद अंदर पहली सोजन पीछे पीप झरणे लगे पुराणा पडे पीछे प्रदर होजाता है, (इलाज)–अफीमका डोडा तथा सोडा डाल उकाले भये गरम पाणीमें बिठलाणा २ गरम पाणीकी पिचकारी लगाणी ३ अफीम तथा स्युगरलेड दोदो वाल कोकमके तलमें मिलाकर उसकी चार गोली कर एकेक फूलके अंदर चलाणी ४ झिंक आकसाइड ४० ग्रेण एक्स्ट्राक्ट बेलाडोना १२ ग्रेण उनोकूं मिलाकर गूंदसे या सहतसे गोलिये कर पहराणी ५ प्रदररोगमें धोणेका तथा भीगा कपडा हमेस उपयोग करणा ६ ग्लीस-रीन तथा टेनिक एसिडके पाणीका कपडा भिगाकर अंदर डालणा ७ एक हलका जुलाब देणा दरद मिटे जहांतक सादा हलका खुराक लेणा गरम खानपान छोडणा (आर्तव याने ऋतुधर्म संबंधी रोग)–(कारण)–जवान छोकरियोंकी पकीऊमर होणेके पहली अथवा तनदुरस्त नहीं होय उसवखत विषयवासनामें लगादेणा इत्यादिक कारणोंसे औरतोंका वर्ग ऋतुधर्मसंबंधी रोगमें जा गिरती है, पहला ऋतुधर्म होणेके वखत जो बंदोबस्त

होणा सो नहीं होता है, जैसे ठंढी हवा भीगी जमीन ठंढे पाणीसे स्नान गीले कपडे वहोत वखततक खडे रहणा भारी मैदा वगेरेका खुराक वहोत महनत डर गुस्सा इन सब कामोंमें इसकूं अलग रखणा चहिये लेकिन विचारहित महा अज्ञान अपणे हठसें चलणेवाली औरतें ऊपर लिखे नियम न रखती न रखाती है, ऋतुधर्मकूं वंधकरणेवाली दवाइयोंके लेणेसेंभी प्रदरका रोग होजाता है, औरतें खानगी रोगोमें कोइ२ अज्ञान दाइयोंके हाथसें इलाज कराया करती है, उससेंभी रक्तप्रदर रोग होजाता है, इस्के संवंधी वात कची ऊमरमें सुणणेसें गर्भस्थान उस्कराकरभी प्रदर होता है, ऋतुधर्म जलदी आणेसेभी दस्तानका रोग होता है गर्भ रहे पीछै योग्य हुसियारी नहीं रखणेसें अथवा अधूरा जाणेसेंभी दस्तानका रोग होता है, गर्भस्थानका कोईभी विगाड दस्तानका कारण होता है.

(प्रकार तथा लक्षण)--१ ऋतुका वंध होणा २ ऋतुधर्म वहोत दरद होहो करके आणा३और वहोतही ऋतुधर्म चहिये जिस्से जादा गिरणा एसे ये तीन तरेसें दस्तानका रोग होता है, इन तीनोंका इलाज आगे लिखेत हैं, (नष्टार्त्तव)-(एमेनोरीया)(कारण) स्वभावसे अवयवका कमीपणा स्त्रीअंडका थोडापणा अथवा विलकुल नहीं होणा योनिके रस्तेका संकोच अथवा वंध कमलके मूंका वंध, होणा वगेरे कारणोंसें दस्तान पैदा होता नहीं अथवा पैदा होताहै,तो प्रतिवंधके लिये वाहिर दिखाई नहीं देता वहोत एसआराम आलस वहोत नींद खराव हवा और गीलासवाला घर येभी आर्त्तव रोगके कारण है, (लक्षण) हर महीने ऋतूके समय दस्तान वाहर आणेका यत्न करे लेकिन् वाहर गिरे नहीं उसकरके पेडू कम्मर तथा जांघोंमें दरद वदनमें धूजणी गलेमें गांठो किसी वखत आंखे दुखणी आवै प्रदर तथा नाक और मूंमेसें खून गिरे हिस्टीरीया छातीमें घभराट दम मंदाग्नि दस्तकी कब्जी येभी उसके लक्षण है, (इलाज)--कोइभी अवयवका विगाड होय तो उसकी दरियाप्त करणी (इलाज करणा)--१ दस्तकी कब्जी होय तो दस्त खुलासकी दवा लेणी २ गरम पाणीकी पिचकारी लेणी ३ गरम पाणीमें वैठाणा अथवा पेडूपर गरम पाणीका शेक करणा ४ एलिया तथा वीजा वोलकी वडी गोली पहराणी ५ एलिया लोह कवार पठा गूगल वगेरे दवायें दस्तानके रोगकूं मिटाती है, इसवास्ते वोइकेली अथवा दुसरी दवायोंके संग लेणी ६ एलिया ४ तोला वीजावोल २ तोला गुलकंद ५ तोला इन सवोंको मिलाकर दोदो वालकी गोली करके पाणीके संग पीणा एकेक गोली दर टंकमें ७ सुहागा १ वाल एलिया १ रत्ती मंदूर १ रत्ती गोली जलके संग ८ कुमारिकासव लोहासव लोह ऋतूका खुलासा करती है, ९ टिंकचर आफ स्टील १० से १५ वूंद १ औंस पाणीमें मिलाकर दोनों टंक पीणा १० सल्फेट आफआयर्न२४ ग्रेण कारवोनेट आफ पोटास १२ ग्रेण मर १२ ग्रेण एलिया ६ ग्रेण उसकी २४ गोलि

वणाकर दोदो गोली दिनमें तीन वखत लेणी ११ टंकण ३० ग्रेण लिक्वीड एक्स्ट्राक्ट आफ अरगट १॥ द्राम और कम्पाउन्ड डिकोक्सन आफ एलोइ ३ औंस उसका तीन भाग कर दिनमें तीन वेर पीणा.

(दरदसे ऋतुधर्म)–(डिसमेनोरीया)–(कारण)–शारीरक तथा मानसिक नाजुकपणा गर्भस्थानका वरम और ऋतूका झरणा वंध होणेका कोइभी मुख्य कारण ये सव इस रोगका कारण है, गर्भाशयमें खून जमणेसेभी ये रोग होता है, (लक्षण)- ऋतूधर्मके सरू होणेके पहले एक दो दिन दरद सरू होता है, कम्मरमें सख्त शूल शिरमें दरद पेडूमें गांठ जैसा जमाव तथा वोझा ऋतूका झरणा कम या जादा वंध होय और फेर आवै उसके संग दरद वधे घटे हिस्टीरीया डकार तथा दस्तकी कब्जी ये सब इस रोगके लक्षण है, कमलका मूं वंध पडणेसें अथवा अंदरका रस्ता संकडा होणेसेंभी ऋतु वंध होता है, (इलाज)–(दरद होय तव करणेका इलाज)–१ अफीम ४ ग्रेण कपूर ८ ग्रेण वारे गोलियें करके एकेक दो दो गोली तीन २ घंटेसे देणी २ अफीम तथा सुहागा मिलाया भया गोलियें इसी वजनसें फायदा करती है, ३ वेलाडोणेकी सोगठी पहरणी वेलाडोणा १२ ग्रेण जसतके फूल ४८ ग्रेण सहतमें घोटकर उसकी ४ सोगठी करके हमेस रातका पहरणी ४ गोफर्याकी पिचकारी लेणी और गरम पाणीमें वैठाणा गर्भाशयमें सोजा गांठ और गर्भाशय फिर गया होय तो उसका इलाज करणा. दरद मिटाणेका इलाज एसा करणा सो फेर जडसेंही मिट जाय ५ कुमार पट्टेका पाक कुमारिकासव अथवा उसका अवलेह ६ कोला पका केला मुरब्बा या अवलेही लोह कोडलीवर किनाइन ७ योगराज गूगल औरतोंके गर्भाशयके तथा ऋतु दोषके वास्ते सर्वोपरी इलाज है.

(अत्यार्त्तव)–(वहोत खून गिरणा)–(मेनोहेज्या)–ऋतुधर्म हरमहीने आनेके वदले थोडी२ मुदतसे आवे या जादा आवे तीन चार दिन दर महीने होणा चहिये सो जादा दिन तक दिखाइ देवें.

(कारण) शरीरके दुसरे रोग जैसेके रक्ताशय यकृत् प्लीह तथा फेफसेका रोग तथा पांडू वगैरे रोगोमें ये रोग होता है, २ गरमी तथा गरम खुराक ३ गर्भाशयके अंदरकी गांठ अथवा मस्सा ४ गर्भाशयका खिसणा तथा गर्भ अंड और कमलके मूंके वरमका दवाव ५ गर्भ धारण पीछे गर्भ सूकणेसें अथवा जाया भये पीछे पिछला माग रह जाणेमें ६ संभार मोगका अतियोग अथवा हीन योग (लक्षण)–दस्तान थोडा२ आया करे अथवा एक समवेपूर चलकर फेर वंध होजाय वदन खाली होजाय फीका पडे श्वास वदनपर पोथर उठती मंदाग्नि मनकी व्याकुलता और दस्तकी कब्जी (इलाज)– (उस रोगका इलाज)–१ ठंढे पाणीका पोता रखणा अथवा वरफ धरणा २ टेनिक

एसिडकी पिचकारी मारणी ३ फूलाई भई फिटकडीकी पिचकारी लगाणी ४ पंचवल्कल अथवा त्रिफलाके पाणीकी पिचकारी लगाणी या इससे धोणा (अंदरका इलाज)-श्युगरलेड ८ ग्रेण अफीम १ ग्रेण गुलकंद ५ ग्रेण मिलाकर ४ गोली कर एकेक गोली तीन तीन२ घंटेसे देणी ६ गेलिक एसिड १५ से २० ग्रेण इसकी तीन पुडी कर तीन२ घंटेसे देणी जलसे ७ ग्यालिक एसिड ४० ग्रेण लिक्वीड एकस्ट्राकट ओफ अर्गट ड्राम १॥ डिल्युट सल्फ्युरिक एसिड ४५ बूंद तजका पाणी ३ औंस मिलाकर दिनमें तीन वेर पीणा ८ एक ग्रेण अफीमकी २ गोलियें करके तीन२ घंटेसे खाणी ९ पाउडर आफ अर्गट १५ ग्रेण ग्यालिक एसिड २० ग्रेण उसकी ४ पुडी करके तीन२ घंटेसे देणी १० फिटकडी ३० ग्रेण डिल्युट सल्फ्युरिक एसिड ३० बूंद नवसादर १० ग्रेण पाणी १२ औंस चार २ घंटेसें तीन वखतमें पिलाणा ११ देशी दवायोंमें अफीम आंवले ईसब गुल सुहागी कोला गुंदपाक वीजाबोल चंद्रप्रभा वगैरे खूनकूं बंध करती है.

(हिस्टीरीया)-इस रोगकूं देशी वैद्यक शास्त्रवाले केइयक तो वादीके रोगोंमें और केइयक उन्माद चित्तभ्रमके रोगोंमें समावेश करते हैं, यूनानीवाले होलदिलमें और अंग्रेजीमें मानसिक याने मगजके रोगोंमें गिणते है, और वेकूब लोक इस रोगकूं सेतान लगा हुवा जाणके जंत्रमंत्र उतारा पलीता वगैरे इलाज भूत निकालणेका यत्न करते है, हमतो जंत्रमंत्र जो यथार्थ है, उसकूं झुट नहीं कहते लेकिन् दुनियाका जब ठगाई भरा ढंग देखते हैं, तब तो झूट कह सकते हैं, क्योंकी यंत्रमंत्र उसी आदमीका सचा है, जो इन बातोमें मजबूत हो अव्वल तो जिसका शील बिलकुल पूरा हो लेकिन् एसे मिलणे लखोंमें एकभी दुस्वार तोभी इसबातका जो प्रमाण मुजब नियम रखणेवाला हो पंचोंकी साक्षीसें धारण करी भई स्वदारा संतोषी हो धर्मके कायदे मुजब सदा सच बोलणेवाला हो परमेश्वरकी बंदगीवाला हो पराया दुख देखके करुणावाला हो इस बातोंवाला मन वचन कायाका स्थिरता रखके दृष्टि या पासादिक मंत्राम्नाय साधकके कर्त्तव्यताकूं धन्यवाद है, बाकी सब दुकानदारी है, वो दादा जिन दत्त जिन कुशल जिन चंद्र सूरजीकी तरे सब कष्ट साध्य रोगीकू मिटाणे समर्थ होता है जो कभी असाध्य पर दृष्टिपास या हस्तपासादिक अलक्ष्य मंत्रादिक क्रिया करे तो वो तो मरेही लेकिन् प्रतिकारके कर्त्ताकेभी तकलीफ होय हिस्टीरीया मन संबंधी रोग है, मनकी नाताकती शरीरकी नाताकतीसें होती है, तैसे मगजके विकारोंकी वदनपर वहोत बुरी असर होती है हिस्टीरीयेका रोग जादा करके औरतोकेही होता है, और किसी२ नाताकत मनके अदमीकूंभी होता है, (कारण)-गर्भाशयका रोग आर्त्तव दोष मगजकी नाताकती भय शोक महनतसें खेचल कामविकार हयरस वहोत तमासवीनी इत्यादि कारणोसें ये रोग पेदा होता है, नाताकतीमें उठती जवानीकी छोकरियोंका मन इस्क भरी प्यारकी और

विषयकी वातें सुणके या पढके तेर२के ख्यालोसे उमंगता है, कामविकारसे वो विकार पूरा नहीं होणेसें पुरुषके संग अणवणतसें अप्रीतिसें और ऋतुधर्ममें कीडे पडणेसेंभी ये रोग होजाता है, (लक्षण)–(इस रोगके अनेक लक्षण है)–वाइंटे खेंचाताण हसणा रोणा धुणना बूंम मारणी गोला चढणा बिलकुल बोलणा नहीं उलटी ओहीयां ओहीयां एसे शब्द करणा लंबी निसासे डालणा ये उसके सामान्य लक्षण है, हिस्टीरीयावाली औरतोंके सब लक्षण बहोत त्रासदायक होते हैं, और बहोतसी वखत जो बेमारी वो बतलाती है वो होती नही और बोभ मारती है जैसेके जलण नहीं लेकिन् कहती है, जलती हूं और पाणी मांगती है उसकूं वदवो आती है जीभ बेस्वाद गोला चढता है, और वो जाणे गलेतक भर गया है, अभी ज्यांन निकलही जायगी एसा जोर करता है, वदनमें गोटा चढता है दांत जकड जाते हैं, अवाज बैठ जाती है पेट वडा होता है, और महीने चढें होय एसा लगता है.

(इलाज)–इस रोगमें खास तोरपर एकभी दवा नहीं है, हिस्टीरीया होणेका जो मूल कारण होय उसका इलाज करणा इस कारणकूं निश्चै करणे वास्ते उसकी मिजाजका जाणकार पास रहणेवालेसें संसारकी सब स्थितीकी वाकबी होणी चहिये उसके व्यसन वगेरे सब निज खासितसें वाकब होणा चाहिये औरतोंके ये रोग जादा करके ऋतुधर्मके विगाडसें होता है, इसवास्ते ऋतुधर्मका जो विगाड होय सो पहली मिटाणा सुधी घरकी औरतोंने एसआराममें मसगूल होकर हरमद घरके अंदरही नहीं पडे रहणा खुली हवामें फिरणा चहिये माफकसर महनतभी करणा हिस्टीरीयावाली औरतका मन किसी तरेभी बिगडणे नहीं पावै इसवास्ते उसकूं हमेस खुस रखकर उसपर दया और प्रीती बताणी हिस्टीयाका जब दोरा हो उस वखत करणेका इलाज १ मूंपर ठंढा पाणी छांटणा और नाकके आगे आमोनिया दुसरा तेजनस्य धरणा जिससे होस आवै एसा इलाज करणा २ हाथ पैरोके तले अच्छीतरे मसलणा ३ बेहोस भये बिगर गोला वगेरे वादीका होय तो घीमे तलकर हींग निगलाणी गुडमें लपेटकर दस्त खुलासा आवै एसी दवा देणी ४ (दुसरे सामान्य इलाज लिखते हैं)–योगराज गुगल ५ रास्नादि काथ ६ बिल्वादि काथ नं० ५२३) ७ तथा ६६४ की अंग्रेजी दवाकी मिलावटें (८ नं० ७२३) तथा ७४४ हकीमी नुसके.

(गर्भाशय प्रदर)–(देखो प्रदरका वर्णन) पृष्ठ ६५५)

(गर्भाशयका वरम)–सुआवड (जापा) के बिगाडमेंसें गर्भाशय सूजकर उसमें बहोत दरद बुखार तथा दस्तकी कब्जी ऋतु तथा प्रदर बहोत जाता है, इस दरद-वाली औरतके गर्भ रहता नहीं वरम पुराणा होणेसें उसमें मस्सा रसोली वगेरे गांठे जमती है, और खून दस्तानमें बहोत गिरता है, (इलाज)–सोजनका सब इलाज

करणा जुलाब शेक पोल्टीस लेप २ गरम पाणीकी पिचकारी ३ पेडूपर अलशीकी पोटिस मारना अथवा आखर कमलके मूंपर थोडी जोके लगाणी ४ संसार भोगसें दूर रहणा खुराक हलका तथा सादा लेणा पुराणा वरम मिटणा मुस्कल होता है, ५ गर्भकूं सुधारणेवाली दवा खाणेसें सुधारा होता है, (फलघृत नं० २९०) वरम नीचेके भाग तरफ होय तो कासटिक लगाणा अथवा टेनिक एसिड या जसतका फूल कोकमके तेलमें मिलाकर अंदर चुपडणा इस वरमके सवव किसी२ वखत कमलका मूं वंध होजाता है, उसके गर्भ नहीं रह सकता और ऋतुधर्म अंदर भरा रहणेसें दरद होता है, (कमलमें जखम)–जखम होणेसें खून गिरता है, किसी वखत ऊपर छाला गिरता है, किसी वखत गहरा जखम पडता है, इस रोगसेभी वेटेमवे परमाण दस्तान आता है, कमरमें वहोत वेतरेका दरद होता है, धातू जाता है, खूनभी गिरता है, (इलाज)–व्रणका इलाज करणा पंचवल्कलकी अथवा त्रिफलेकी अथवा मांजूफलके पाणीकी पिचकारी लगाणी २ फिटकडी अथवा जसतके पाणीकी पिचकारी मारणी ३ टेनिक एसिडकी सोगठी पहरणी ४ कास्टिक लगाणा ५ ग्लीसरीन और टेनिक एसिडकी अथवा सुहागा और टेनिक एसिड लगाणा, (गर्भाशय ग्रंथी)–गर्भाशयमें गाठ होती है, ये गठ छोटी पारीसे वढकर कभी२ गर्भमें वढते२ वालक जितनी होती है और उसके लिये गर्भयानभी वढता है, गांठ छोटी होय तहांतक वहुत इजा नहीं करती जव वडी होती है, ो गर्भाशयमेंसे प्रदर जैसा निकलता है, उसकूं मिटाणेका इलाज करणा गर्भाशयके अंदरकी गांठ मिटणी मुस्किल है, क्योंके उस जगे शस्त्रका इलाज होणा मुस्किल है, जो मस्सा होय तोभी गर्भाशयमेंसें खून झरते रहता है, मस्सा वाहर होय तो डाकतर लोक कतरणीसे काट डालते हैं, अथवा डोरा वांधणा घोडेका वाल वांधणा मस्सा गिरपडता है, दवा लगाणेकी हमारेपास अर्शउन्मूलनार्क है उसके लगाणेसें मस्से खिर पडते हैं, गर्भाशयके अंदर मस्सा होय तो वादली धरकर कमलका मूंचोडा करके पीछै आंटा देकर या फासा देकर मस्सेकूं तोड डालते हैं, लेकिन् ये कर्त्तव्य डाकतरोंसें करवाणा, (गर्भाशय भ्रंस)–जैसे गुदामेंसे कांच वाहर निकलती है, ऐसें गर्भाशयभी नीचे उतर आता है, ये दरद वडी ऊमरकी औरतोंके होता है, वेर२ वच्चा जणणेसें वस्ति चोडी होणेसें गर्भाशय वाहर आता है, गर्भाशय सूज जाणेसें उसमें गांठ होणेसें करांजणेसे गर्भस्थान तथा योनिवंधन ढीला होणेसें गर्भाशय नीचे उतरता है, तपासणेसे जो उसके सग कमलका मू होय तो जाणनाके गर्भाशय नीचे उतरा भया है, कांचकी तेर कूं दावके उंचा चढाणा रालके लेपकूं करके खेंचकर पट्टा वंधवाणा औरतोंने उस ामेंविलोणा छोड वाहर जाणा नहीं ठढे पाणीमें वैठणा अथवा स्तंभक दवाकी पिचारी मारणी अथवा सोगठिये पहरणी जिससे वंधन सख्त होकर गर्भाशय नीचे उतर

सकेगा नहीं ताकत आव एसी दवा लेणी, (स्त्री अंडका वरम)–जैसे पुरुषोंके वीर्य पैदा करणेवाली वृषणकी गोलियें होती है, तैसें औरतोंकेभी रज पैदा करणेवाले दो अंड पेडूके दोनोंतरफ होते हैं, अंग्रेजीमें उसकूं (ओवरी) कहते हैं, उसमें वरम होता है, तो वाजूमें चमका होता है, पेसाव लाल होता है, ऊपरसे दवाणेसे गांठ जैसा लगता हैं, और दरद होता है, दस्त आते वखत दरद होता है, बुखार जीमित लाणा उलटी पेटमें हवा होती है, ये अंड पकते हैं, तव फूटकर पीप निकलता है, जादा करके बांये तरफ वरम होता है, (इलाज)–वरमके सव इलाज करणा गरम पाणीमें बैठणा अफीम तथा बेलाडोणेकी सोगठी पहरणी शेक तथा पोल्टिस पेडूपर दरदकी जगे मारणा पुराणा वर्म भये पीछे दरद नरम पडता है ऋतुधर्म थोडा और बहोत कष्टसे उतरता है, वेर२पेशाव होता है, प्रदर होता है, हिस्टीरीयाकी कितनीक निशाणियें मालम देती है, (इलाज)– पेट तथा पेडूपर गरम कपडा हमेश लपेटे रखणा उस वखत गरम पाणीमें बैठणा ठंढे पाणीका स्नान पुरुप गमन सर्वथा नहीं करणा ताकत लाणेवाली दवायें देणी, (स्तन छातीका सोजा)–बहोतसी वखत स्त्रियोंका स्तन पक जाता है दूध पैदा होणेकूं खूनका जोस चढ आता है उससें स्तन भर जाता है और बुखारके संग स्तनमें सोजन चढ आता है, एक या दोनोंमें होता है, तव स्तन भरा हुवा लगता है उसमें गांठे बंधती है, सखत वरम होकर चमडी लाल होती है, ठंढ देके बुखार आता है बेचेनी अनिद्रा और पकती वखत ठणका मारता है, बच्चेकूं वखतसर नहीं चुंघाणेसें अथवा भरे स्तनमें हाथोंको बहोत हिलाणेसें बहोत गरम खुराक खाणेसे तथा मनके आवेशके असरसेभी वरम होता है, (इलाज)–१ दरदके सरुआतमें थोडा दरद होय तो फुलालीनका अथवा अफीमके डोडोंके गरम पाणीका शेक करणा अथवा सावूका मलम (सोप लीनीमेन्ट लगाणा दाह होता होय तो ३ गुलाबजलका पोता धरणा अथवा ४ चंदन रगत चंदनका लेप वेर२ करना ५ वखतपर दूध खेंचलेणेका इलाज करणा दूध खेचणेकी शीशीयों आती है, वो नहीं मिले तो किसीसे चुवाकर निकलवा डालणा अथवा धतूरेके पत्ते और हलदीका अथवा कडवे तूवेका लेप करणेसें दूध खींचता है, एसा संभव है, दरद बहोत वदजाय तो शेक और अलसीकी पोटिस बांधणी ७ नींवके पत्ते वाफ कर बांधणा दस्त साफ लाणेकी तथा बुखारकी दवा देणी रोगी ताकतवर होय और दरद बहोत होते होय तो स्तनके सूजे भये जगेपर ८।१० जोंक लगाणी और पीछे शेक करना जो पकणेपर होय तो पकाकर फोडणेका और बाद भरणेका इलाज करना व्रण सुजव (फूलजाना)–कितनीक औरतें वदनमें फूल जाती है, बाद किसी२कूं गर्भ नहीं रहना ऋतूधर्मके दोपके अटकणेसे अंदर जमाव होते जाता है, जिस करके और तोंका पेट तथा पेडू फूल जाता है, किसी२के एकाध बच्चा होकर पीछे ये रोग होता है,

फेर बच्चा नहीं होता, (इलाज)–इस रोगपर दवा करते आहार और विहारका पथ्य जादा फायदे बंद है, खुली हवामें फिरना घरमेंभी शरीरकूं महनत पडे एसा कामकाज करना शरीरकी वादी और चरबी कम होय एसा इलाज जैसेके दस्त साफ लाणेकी दवा हरडे जुलाफा एलीया हींग वगेरे वादीके तथा दस्तके खुलासा वास्ते देणा ३ ऋतु खुलासा लाणेकूं गरम पाणीमें राई डालकर पग भीजाणा कमरपर शेक करना पेडूपर सींगडी या कपिंग (देखो पृष्ट ३७१) करणा इण इलाजोंसे पेडूका जमाव नरम पडेगा और जमा भया खूनका ऊपर खेंचाण होकर गर्भाशय खुला होगा ४ योगराज गूगल वायू तथा चरबीकूं कम करता है, वास्ते वहोत दिनोंतक सेवन कराणा गर्भाशयके दुसरे दोषोंभी दूर करता है, ५ त्रिफलेका काथ सहत डालकर पीणा ६ पाणी गरमकर ठारकर उसमें सहत डाल कर हमेस पीणा इससे चरबी गल जाती है,

(गर्भवंतीके रोग)–औरतोके गर्भ रह्यां पीछै हमलके खास रोग होते हैं, तैसें बुखार दस्त मरोडा वगेरे सामान्य रोगभी होते हैं, उसमें गर्भके कारणसे उनके इलाजोंमें कितनेक दवाओंकों छोडणा पडता है, जो इस बातका खयाल नहीं रखे तो नुकशान होणा ताजुब नहीं, (नाताकती)–दुबली और नाताकत औरतोंके गर्भ रहता है, तब उसकूं ताकतवर दवा और खुराक देणा चहिये जो नहीं दिया जायगा तो शंतानभी दुबला और नाताकत पैदा होगा थोडी ऊमर पायगा और जापेमें औरतभी मर जाय तो ताजब नहीं जोखमका काम है, (इलाज)–सामान्य इलाजोंमें दूध सर्वोत्तम इलाज है, गऊ या बकरीका मोलेठी तथा सूठके टुकडे तीन मासा अधसेर दूध और अधसेर जल डालके उकालणा पाणी जले बाद ठंढाकर थोडा बूरा डाल पिलाणा वहोत दिन पीणेसे ताकत आती है,और बुखार खासी वगेरे कुछभी तकलीप होती है, तो मिट जाती है, २ † वसंत मालतीका साधन दूध मिश्रीके संग देणा ३ गर्भ पोषक नामकी दवा हमारेपास है वो मा और बच्चेकूं निहायत फायदे बंद है, (बुखारका इलाज)– १ मोलेठी रगत चंदण वाला उपलसिरी और कमलके पत्ते इनोंका काथ मिश्री सहत डालकर पीणा २ रगत चंदण उपलसरी लोह तथा मुनक्काका काथ मिश्री डालकर पीणा ३ वकरीके दूधमें सूंठ ऊपर लिखे मुजब उकालकर पीणेसे विषम ज्वर याने वेटेग आणेवाला ठंढदेके आणेवाला ज्वर मिटता है, दस्तका इलाज–१ मजीठ मोलेठी लोद इन तीनोंकों पीस इनोका पाणीकरके मिश्री मिलाकरके पीणा २ आंवकी तथा जामुनकी छाल उकालकर मिश्री सहत डालके देणा इसमें चावलोकी लाईका सत्तू डाल खिलाणेसे संग्रहणी भी मिटती है, सख्त दवासे गर्भकुं नुकशान होता है, (उलटी)–१ धाणाकूं पीस चावलोंके धोवणमें छाण सहत मिश्री डालकर पीणा २ कलींजी)–इसका चूर्ण अथवा

† तोलेका बीस रुपया है, अनुपान इलायची बदलोचन मिश्री दूध ।

काय मिश्री तथा सहत डालकर देणा ३ सोडावोटर तथा बरफ पिलाणा ४ कलेजेपर राईकी पट्टी मारणी अथवा लाडेनम लगाणा खुराकमें सिरप दूध अथवा दूधमें कांजी चावलोंकी गरिष्ठ खुराक देणा नहीं, (अरुचि)–१ अजमोद सूंठ पींपर तथा जीरा गुडमें गोली करके देणा, (कब्जी)–गर्भवाली औरतकूं कब्जी बहोत रहती है, लेकिन् उसकूं जुलाब वेर २ देणेसे गर्भकुं नुकशान पहुंचता है, इसवास्ते देणा नहीं १ दूधसे दस्त खुलास आता है, २ एरंडी तेल दूधमें देणा ३ सख्त कब्जीमें एरंडी तेलकी पिचकारी मारणी.

(खासी)–वहुफलीकी जड वलबीजकी जड और अरडूसेका क्वाथकर पिलाणा इस क्वाथसे गर्भणीका सोजन श्वास कास रगतपित्तमेंभी अच्छा है, खेरसार तथा कत्थेकी गोली ३ शीतोपलादि चूर्ण सहतमें (हेजा)–१ सूंठ तथा वीलकी जडका क्वाथकर पिलाणा उसके संग जवकू शेक तथा दलके शेका भया सत्तू थोडा२ पिलाणा सख्त दवासे गर्भकुं नुकशान पहोंच जाता है, (शूल)–डाभ कांस एरंड तथा गोखरूकी जडकूं पाणीमें पीस वो डालकर पकाये भये दूधमें मिश्री सहत डालकर पिलाणा सख्त दवा वापरणी नहीं.

(मट्टी खाणेकी आदत) मट्टी खाणेकी आदत वहुत औरतोंकों रहती है, सो बुरी है, गर्भणीकुं जादे चाहियेके अच्छे २ पदार्थ इच्छा मुजव खाणेका वैद्यकशास्त्र लिखता है, लेकिन् एसी नुकशानकारी वस्तु खाणेकी इजाजत वैद्यक शास्त्र नहीं देता है, मट्टी नुकशांन करणेवाली चीज है, इसका सख्त वंदोवस्त करणा चाहिये लडकेभी इसी मुजव चूना मट्टी कोयला खाते हैं.

(छातीमें दरद)–स्तनोंमे दरद होय तो फुलालीनका अथवा पोस्तके डोडेका उकाला भया पाणीका शेक करणा सोजा होय तो शोजेका इलाज करना, (नींदका नाश)–हवा नहीं आवे एसी वंध जगेमें रहणेसें और गरम खानपानसें नींदका नाश होता है, इस कारणोंकों वंध करणा दस्तकी कब्जी होय तो एरंडतेलका जुलाव देणाचा काफी तथा सराप नींदका नाश करती है, इसवास्ते इनोंसे वचाणा दूध तथा वनस्पतीका सादा खुराक खिलाणा आखर जरूर पडे तो नींद लाणेवाली दवायें लेणी, (ऋतूका अरणा)–हमल रहे वाद ऋतूधर्म वंध होता है, तोभी किसी२ औरतके दिखाई देता है, उस वखत औरतका ऋतुधर्म वंध करणेमे मख्त इलाज न करते वहोत हि फायत रखणी चाहिये जैसे ठंडी हवा भीगी जगा उघाडे पैरोंसे चलणा भीजी जमीनपर वैठणा सोना ठंडा पाणीमें नाहणा वहोत देरतक खडे रहणा जादा खाणा जादा महनत डर गुस्सा तथा जुलाव ये सव खून गिरणेकूं वढाता है, इसवास्ते इन वातोंमें वचाणा मुडाये रखणी हलका खुराक देना.

(धातु गिरणा)–प्रदर गर्भणीके गिरता है, (इलाज)–१ स्वच्छता रखणी प्रदर रोगमें लिखा प्रक्षालन पिचकारी तथा पोता धरणा २ ताकतवर खुराक लेणा ३ प्रदर का ठंढा इलाज करना.

(वहुमूत्रता)–गर्भणीकूं वेर२ पेसाव होता है, (इलाज)–जवका जल पिलाणा २ एरंडतेल दे दस्तका खुलासा करणा ३ दरद होय तो पेडूपर फुलालीनके कपडेका सेक करणा ४ चंद्रप्रभा वगेरे मूत्रल और सारक दवायें देणी गर्भणी स्त्रियोंके कितनेक इलाज साधारण लिखे हैं, कुदरत स्वभावसे गर्भणी औरतोंके भारी वेमारी आती नही और गर्भ रहे पहले जो वेमारी होती है, वोभी दव जाती है, गर्भके रक्षणकूं पांचसमवा- योंके संबंधसे ये कुदरत वणती है, और कोइ२ गर्भणीके इन पांचो समवायोंके प्रतिकू- लपणेसें जव वडा रोग होता है, तो या वच्चा या वो आप मरती है, एसा हमने देखा है लेकिन् प्राय वडे रोग थोडे होते हैं, फेर वच्चा भये वाद पहलेके दवे भये रोग पीछा जोर करता है.

३ सुवावड और सुआरोग.

(स्वभावजन्य प्रसव)–आहार याने खानपानकी हुसियारी नहीं रखणेसें होजरी और आंतरोमें तरेके२ विकार होते हैं, उससे मलमूत्रके हमेस वेगोमें तरे२के उपद्रव होते हैं, गर्भाधान और प्रसव ये दोनोंही स्वभावादिक पांच समवायोंका धर्म है, और उस क्रियामें विवेक विचार और संभाल जो पुरुषकृत उद्यम समवाय अच्छा नहीं रहे तो प्रसवकी वखतमें समवायोंकी प्रतिकूलतासें केइ किस्मके विकार होते हैं, इसमें अचरजही क्या निरोगी आदमीकों दस्त जितना सहजसे होता है इतनीही सुख शांतीसे प्रसव होय उसकूं सहज स्वभाव प्रसव जाणना और कष्टसें वच्चा होय उसमें विगाड भया समझणा एसे विगाड पुरुष तथा औरतोंके विरुद्ध आचरणोसे होता है, सो विरुद्ध आहार विरुद्ध विहार विरुद्ध चेष्टासे वैठणा उठणा सोणा चलणा दोडणा टेढा झुकणा वगेरे इस सवोंसें पैदा भये विकार और रोगोंका समावेश होता है, ये सव विकार और रोग मनुष्यकृत है, स्वभावजन्य नहीं शरीर रचनाकी खोडोंकूं कितनीक स्वभावजन्य लोक केतेहैं, योगीतत्वदृष्टिसे देखे तो स्वभावजन्य नही कर्म और जीव दोनोंकी कुदरतने पदार्थ पैदा किया और उनोका स्वभावरूप समवायोनें उनोका धर्म पैदा किया है, इन पदार्थोंका योग होणेसें तरे२के पिंड और पदार्थ पैदा होणा ये समवायोसे पदार्थोंका कुदरती धर्म है, पदार्थ अपणे२ धर्म मुजव दुसरे पदार्थोंका मिलाप योग करलेता है, और पदार्थोंका पूरा२ धर्म केवली सर्वज्ञ जाणते हैं, तोभी उनोंका वचनरूप जो श्रुतज्ञान है, सो अपणे मतिज्ञानके क्षयोप- शम मुजव उस मति श्रुति ज्ञानसें मनुष्यभी यथाशक्ति जाण सकता है, उसमें अज्ञान कर्म के वश अनेक भूल और मिथ्या विपरीत योग याने आचरणोंमें जीवकुं लेजाता है, मनुष्यके

अज्ञान कर्मसें विपरीत वर्त्ताव प्रजाकी उत्पत्ति वगेरे दोनों भव साधनरूप धर्म नहीं पलता उस करके गर्भमेंभी विगाड अथवा दोष रहता है, धन्य है वो मनुष्य जिसने सम्पग ज्ञान पाया वो जन्म लेणेसें छुटता है, अज्ञानके वश विकारवाला दोषवाला शंतान पैदा होता है, धर्मशास्त्रमें लिखा है मनुष्यजन्म और आर्यकुल पंचेंद्रीय निरोग दया धर्म श्रद्धारूप निर्मल बुद्धि पुन्य विगर जीव नहीं पाता इसवास्ते मातापिताकी अच्छी आचरणा ये पथ्य ये सब पुन्यवंत शंतान पैदा करणेका एक वडा भारी उद्यम समवाय समझणा जादा क्या लिखें जिस२ कारणोंसे शंतानके शरीरमें गर्भमें विगाड होता है, वो वो कारण प्रसव समयमें और सूवा रोगरूप कष्टका कारणभी होजाता है, जैसें औरतोंकी अज्ञानताका विगाड है, तैसे२ पुरुषभी परस्त्री गमन मिथ्या भोगादि कोसें स्त्रीका शरीर विगाड देता है, फेर तो शंतानभी दुष्टही पैदा होते हैं.

कितनेक प्रशव तो सुख शांतिसे होते हैं, और कितनेक वडे कष्टसे इसवास्ते उसके २ भाग कल्पन किया जाय तो एक स्वभाव प्रशव १ वो तो जैसे दस्त वेसाब वगेरे शरीरके दुसरे वेगोंकीतरे ये शरीरका धर्म है, सो झट होजाता है, दस्त लगे इतनी देर लगती है, और थोडी नाताकती खेचल वगेरे और दुसरा कष्ट प्रशव २ सो दरद और दुसरे वेमारीकी संग वो अस्वाभाविक प्रशव २ पहला प्रशव तो पथ्यमें चलणेवाली स्त्री और निरोग पुरुषका वीर्य उनोंके होता है, १ दुसरा इनसे विपरीत चलणेवाली औरत तथा मर्दके संबंधसे होता है, २ गर्भवंती औरतें जिसतरे खानपान वर्त्ताव करे सोकल्प सूत्रकीटीकासें जाणना महावीर स्वामीके जन्माधिकारमें ग्रंथ वढणेके भयसे नहीं लिखा.

(देशी सुवावडका हाल)—अव्वल तो कची ऊमरमें रहा भया और रोगी हालतमें रहा भया अथवा पीछेसे कुपथ्य करके विगडा भया गर्भ वूरी हालतमें मा और बचेकूं डालता है, अपणे देशमें जापेवाली औरतकी सरवरा अथवा इलाज वहोतही वूरी हालतमें होता है, जिस काममें चतुराई और सब तयारी करणी चाहिये उस जगे मलीनता और सब तरेकी मुसीबतें धरी भई नजर आती है, याद रखणा चाहियेकी ये जोखमका काम है, और मनुष्यावतार नया प्रगट होणा है, क्यों के जिसकेवास्ते अदमी वहोत उमेदवारी धराते हैं. और जपतप योगी जतीका चरण सेवते हैं, जिस विगर औरत और मर्द अपनी जिंदगानीकूं निष्फल मानते हैं, तो एसे नररत्नकी पैदाशकी वख्त उसकूं तथा उसकी माताकूं कैसे दुष्ट हालतमें डालते हैं, (सो इस मुजब)—पहली तो एक अंधारी कोटडीमें एक उंडे खूणेमें उसका खाट डालते हैं, उसके आसपास मलीन और गंधी चीजोंका भराव रखते हैं, पुराणी मूंजका टूटा झोली जैसा खाट सुएवालीके वास्ते तइयार रखते हैं, फेर जूनी पुराणी फटी टूटी अनेक वेर सूआवडके काममें आई गई एसी एक गूदडी उसपर विछोणेमें आती है, जापेवालीकूं गंधे मेले फटे टूटे कपडे

पहिराणेमें आता है खाटके आसपास एसीही जुनी पुराणी गदी चीजे लाकर रखणेमे आती है ये लोक एसा जाणते हैं की जापेमें सब चीज मलीनही चहिये जिस बचेकूं जमीनका प्रकाश उजाला साफ हवा और सृष्टीकी सुंदरता धर्म वगेरे पुन्यके साधन वास्ते जन्म लेता है वो बालक जन्मते ही क्या देखता है अंधेरा गलीचपणा खराब हवा बचेके श्वासोश्वास वास्ते साफ हवा चहिये जिस्सें प्रफुलित रहे उसमें पूरी २ खलल पोहचणेका साधन पूर्वोक्त गंधापणा रखते हैं परम पवित्र परमेश्वर श्रीऋषभ देवने जो पवित्रताका धर्म ग्रहस्थोंकों सिखलाया विधि आत्रेयादि पुत्रकूं बताई उनोनें शास्त्रोके द्वारा प्रकाश किया वो अभीतक आर्य लोकोंमें चल रही है लेकिन् सोचणा चाहिये ये स्नान वगेरे जो शुद्धियां है वो किस कारणके वास्ते है जो इस बातकूं जाणते तो कभी किसीभी जगे अपवित्रता नहीं रखते स्नान वगेरे शुद्धिकी जो महिमा चली है वो लोकोंकूं दिखाणेवास्ते नहीं अथवा हम धर्म वहोत पालते है एसी जूठी गप्प मारणेकूं नही चली लेकिन् केवल मनके प्रफुलित और वदनकी सफाईवास्ते और इस स्नानसें वदन निरोग रहता है इसीवास्ते जैनियोके सूत्रोमें गृहस्थ श्रावगोंके वर्णनमें पहली स्नान और देव पूजा वाद किसीभी कार्यका स्वरूप लिखा है ये स्नानका स्वरूप ब्राम्हन जटाशंकरभी अपणे मासिक पत्रमें एसाही लिखा है जैनियोके सूत्रमे न्हायाकयवलिकम्मा अर्थ इस सूत्रका एसा है न्हाता कृतवलिकर्मा (भाषा) स्नान किया करी अपणे इष्ट देवकी पूजा (प्रश्न०) क्यों जी हमने तो देखा और सुणा है के जैन लोक तो वडे मलीन और स्नानमें पाप मांनकर वहोत लोकोंकों ढूढिये तेरा पंथी नामके साधू है वो वणियोको सोगन दिलाते हैं और तुमने जैनियोके सूत्रका पाठ लिखा— (उत्तर)—हे महोदय हम फक्त स्नानकू मुक्ति साधन रूप धर्म कब लिखते हैं और न ब्राह्मण जटाशंकर घरवेदूं ग्रंथमें धर्म लिखता है लेकिन् शरीर शुद्ध मन प्रफुलित होनेमें वाद देवपूजा गुरुवंदन ग्यान ध्यान जो किया जाता है उसमें धर्म है जहां वदन निरोग होगा उससे धर्म सधेगा वेमार धर्म नहीं साध सकता है दुसरे देहीकी अपवित्रतासे परमेश्वरका नाम जप जाप मुखसे प्रगट स्तवना कहणेसे निरफल और पाप जैन सूत्रोमें माना है ठाणांग सूत्र तथा टीका दसमे ठाणेमें देखणा स्वाध्यायकी मनाई है अपवित्रतामें, जैन मुनिका धर्म सुच है वो अपवित्रता रखते नहीं है स्नान सोले निपगारोगेंसे पहिला शृंगार है और जैनके मुनि शृंगारके वास्ते स्नान करते नहीं जो कोइ साधू उत्सर्ग मार्गमें चलता भया मैलका उपसर्ग सहता है तो भी क्रोध मान माया लोभसे रहित है इसवास्ते उनोका अतरंग आत्मा शुद्ध है इसवास्ते ऐसे परम पुरुषको मैला कहे सो मैला है लेकिन् जो क्रोध और अहकारके वस परमेश्वरके कहे शास्त्र न माने देवकी मूर्त्तिको पत्थर कहकर हीलना करे दया लाकर जो किसी दीन दुखीकों

अज्ञान कर्मसें विपरीत वर्त्ताव प्रजाकी उत्पत्ति वगेरे दोनों भव साधनरूप धर्म नहीं पलता उस करके गर्भमेंभी विगाड अथवा दोष रहता है, धन्य है वो मनुष्य जिसने सम्पग ज्ञान पाया वो जन्म लेणेसें छुटता है, अज्ञानके वश विकारवाला दोषवाला शंतान पैदा होता है, धर्मशास्त्रमें लिखा है मनुष्यजन्म और आर्यकुल पंचेद्रीय निरोग दया धर्म श्रद्धारूप निर्मल बुद्धि पुन्य विगर जीव नहीं पाता इसवास्ते मातापिताकी अच्छी आचरणा ये पथ्य ये सब पुन्यवंत शंतान पैदा करणेका एक वडा भारी उद्यम समवाय समझणा जादा क्या लिखें जिस२ कारणोंसे शंतानके शरीरमें गर्भमें विगाड होता है, वो वो कारण प्रसव समयमें और सूवा रोगरूप कष्टका कारणभी होजाता है, जैसें औरतोंकी अज्ञानताका विगाड है, तैसे२ पुरुषभी परस्त्री गमन मिथ्या भोगादि कोसें स्त्रीका शरीर विगाड देता है, फेर तो शंतानभी दुष्टही पैदा होते हैं.

कितनेक प्रशव तो सुख शांतिसे होते हैं, और कितनेक वडे कष्टसे इसवास्ते उसके २ भाग कल्पन किया जाय तो एक स्वभाव प्रशव १ वो तो जैसे दस्त वेसाब वगेरे शरीरके दुसरे वेगोंकीतरे ये शरीरका धर्म है, सो झट होजाता है, दस्त लगे इतनी देर लगती है, और थोडी नाताकती खेचल वगेरे और दुसरा कष्ट प्रशव २ सो दरद और दुसरे वेमारीकी संग वो अस्वाभाविक प्रशव २ पहला प्रशव तो पथ्यमें चलणेवाली स्त्री और निरोग पुरुषका वीर्य उनोंके होता है, १ दुसरा इनसे विपरीत चलणेवाली औरत तथा मर्दके संबंधसे होता है, २ गर्भवंती औरतें जिसतरे खानपान वर्त्ताव करे सोकल्प सूत्रकीटीकासें जाणना महावीर स्वामीके जन्माधिकारमें ग्रंथ वढणेके भयसे नहीं लिखा.

(देशी सुवावडका हाल)–अव्वल तो कच्ची ऊमरमें रहा भया और रोगी हालतमें रहा भया अथवा पीछेसे कुपथ्य करके विगडा भया गर्भ वूरी हालतमें मा और वच्चेकूं डालता है, अपणें देशमें जापेवाली औरतकी सरवरा अथवा इलाज वहोतही वूरी हालतमें होता है, जिस काममें चतुराई और सव तयारी करणी चाहिये उस जगे मलीनता और मन तरेकी मुसीवतें भरी भई नजर आती है, याद रखणा चाहियेकी ये जोखमका काम है, और मनुष्यावतार नया प्रगट होणा है, क्यों के जिसकेवास्ते अदमी वहोत उमेदवारी धराते हैं. और जपतप योगी जतीका चरण सेवते हैं, जिस विगर औरत और मर्द अपनी जिंदगानीकूं निष्फल मांनते हैं, तो एसे नररत्नकी पैदाशकी वख्त उसकूं तथा उसकी माताकूं कैसे दुष्ट हालतमें डालते हैं, (सो इस मुजव)–पहली तो एक अंधारी कोटडीमें एक उंडे खूणेमें उसका खाट डालते हैं, उसके आसपास मलीन और गंधी चीजोंका भराव रखते हैं, पुराणी मूंजका टूटा झोली जैसा खाट सुएवालीके वास्ते तइयार रखते हैं, फेर जूनी पुराणी फटी टूटी अनेक वेर सूआवडके काममें आई मई एसी एक गूदडी उसपर विछायेमें आती है, जापेवालीकूं गंध मेले फटे टूटे कपडे

पहिराणेमें आता है खाटके आसपास एसीही जुनी पुराणी गंदी चीजे लाकर रखणेमे आती है ये लोक एसा जाणते हैं की जापेमें सब चीज मलीनही चहिये जिस बच्चेकूं जमीनका प्रकाश उजाला साफ हवा और सृष्टीकी सुंदरता धर्म वगेरे पुन्यके साधन वास्ते जन्म लेता है वो बालक जन्मते ही क्या देखता है अंधेरा गलीचपणा खराब हवा बच्चेके श्वासोश्वास वास्ते साफ हवा चहिये जिस्सें प्रफुलित रहे उसमें पूरी २ खलल पोहचणेका साधन पूर्वोक्त गंधापणा रखते हैं परम पवित्र परमेश्वर श्रीऋषभ देवने जो पवित्रताका धर्म ग्रहस्थोंकों सिखलाया विधि आत्रेयादि पुत्रकूं बताई उनोनें शास्त्रोके द्वारा प्रकाश किया वो अभीतक आर्य लोकोंमे चल रही है लेकिन् सोचणा चाहिये ये स्नान वगेरे जो शुद्धियां है वो किस कारणके वास्ते है जो इस बातकूं जाणते तो कभी किसीभी जगे अपवित्रता नही रखते स्नान वगेरे शुद्धिकी जो महिमा चली है वो लोकोकूं दिखाणेवास्ते नहीं अथवा हम धर्म वहोत पालते हैं एसी जूठी गप्प मारणेकूं नहीं चली लेकिन् केवल मनके प्रफुलित और वदनकी सफाईवास्ते और इस स्नानसें वदन निरोग रहता है इसीवास्ते जैनियोके सूत्रोमें गृहस्थ श्रावगोंके वर्णनमें पहली स्नान और देव पूजा वाद किसीभी कार्यका स्वरूप लिखा है ये स्नानका स्वरूप ब्राम्हन जटाशंकरभी अपणे मासिक पत्रमें एसाही लिखा है जैनियोके सूत्रमें न्हायाकयवलिकम्मा अर्थ इस सूत्रका एसा है स्नाता कृतवलिकर्मा (भाषा) स्नान किया करी अपणे इष्ट देवकी पूजा (प्रश्न०) क्यों जी हमने तो देखा और सुणा है के जैन लोक तो वडे मलीन और स्नानमें पाप मांनकर वहोत लोकोंको ढूढिये तेरा पंथी नामके साधू है वो वणियोंको सोगन दिलाते हैं और तुमने जैनियोके सूत्रका पाठ लिखा— (उत्तर)—हे महोदय हम फक्त स्नानकूं मुक्ति साधन रूप धर्म कब लिखते हैं और न ब्राह्मण जटाशंकर घरवेदूं ग्रंथमें धर्म लिखता है लेकिन् शरीर शुद्ध मन प्रफुलित होनेसें वाद देवपूजा गुरुवंदन ग्यान ध्यान जो किया जाता है उसमें धर्म है जहां वदन निरोग होगा उससे धर्म सधेगा वेमार धर्म नहीं साध सकता है दुसरे देहीकी अपवित्रतासे परमेश्वरका नाम जप जाप मुखसे प्रगट स्तवना कहणेसे निरफल और पाप जैन सूत्रोमें माना है ठाणांग सूत्र तथा टीका दसमे ठाणेमें देखणा स्वाध्यायकी मनाई है अपवित्रतामें, जैन मुनिका धर्म सुच है वो अपवित्रता रखते नहीं है स्नान मेले सिणगारोमेंसे पहिला शृंगार है और जैनके मुनि शृंगारके वास्ते स्नान करते नहीं जो कोइ साधू उत्सर्ग मार्गमें चलता भया मैलका उपसर्ग सहता है तो भी क्रोध मान माया लोभसे रहित है इसवास्ते उनोका अतरंग आत्मा शुद्ध है इसवास्ते एसे परम पुरुषकों मैला कहे सो मैला है लेकिन् जो क्रोध और अहंकारके वस परमेश्वरके कहे मार्ग न माने देवकी मूर्त्तिको पत्थर कहकर हीलना करे दया लाकर जो किसी दीन दुखीकों

